आदिपर्वचित्र. १
वेदव्यास.
राजाजनमेजय
जनमेजय अश्व लेता है.
जनमेजय

आदिपर्व चित्र २
राजा जनमेजय
अश्वमेध करते हैं.
यज्ञ
ब्राह्मण.
शिवपार्वती.
गो.
पंचवृषभ

अथ

भाषा भारतसार.

आदिपर्व प्रारम्भः

श्रीगणेशायनमः ॥ नारायणंनमस्कृत्यनरंचैवनरोत्तमम् देवींसरस्वतींव्या-
संततोजयमुदीरयेत् ॥ १ ॥ कथाप्रारंभः ॥ कोईक समेकेविषे कृष्ण-
द्वैपायनमुनि कौरवनको राजा जनमेजय ताके देषिवेको हस्तनापुर आ-
वतभये. जहां जन्मेजय हूं. गंगातीर विराजमान हो तहां बेदव्यासमु-
निकों आये देषि राजा सन्मुख जाय चरणारबिंदनमें सिर धरि. प्रणा-
मकरि पाद्य अर्घ्य आसन देय पूजनकरि बिनती करतभयो. आज
मेरो जनम सफल भयो. मै कृतकृत्य भयो. मेरो राज्यभी धन्यभयो.
अब आपके पधारिवेको कारण जाणिवेकी बांछाहै. सो आग्या करि-
ये. तब बेदव्यास राजाकी राजसमृद्धि देषी तीनयोजनलों विशाल
सभा है. तामें तीन कोटि क्षत्रिय सर्वही तरुण, शूर शस्त्र अस्त्रविद्या-
में निपुण. वस्त्र शस्त्र अलंकारनकरि मंडित तिनके बीच रत्नसिंघास-
नपरि राजा ऐसो दीप्यो ज्यों देवसभामध्य इंद्रसोहै. ताकी विभूति
देषिके बेदब्यास बोले, हेराजा जन्मेजय! तेरो प्रभाव देषि हमारो
मन बहुत प्रसन्न भयो. यासमयमें तेरे तुल्य और राजा धर्मात्मा
धीर वीर दाता हैही नहीं. तातें प्रजान्कों पालन करो. नीतमार्गमें
चलो. ज्यों तेरो प्रताप बधैगो. ऐसे सुणि राजा जनमेय यूं बो-
ल्यो, हे विष्णुरूपमुने, तुम त्रिकालग्य हो. तुमसरीसे जिनकों उ-
पदेश करनेवालेहैं ते कौरव पांडव कैसे युद्धकरि नाश पाये? उ-
नकों युद्धतें तुम निवारण क्यों नकरे. द्यूतक्रीडामें द्रौपदीको
अनादर करवेवाले कौरव तिनकों ऐसे अपराध करतेनकों तुम
क्यों रोके नहीं? तब बेदव्यास बोले. कौरव पांडव मदोन्मत्तहोगये.

अरु होएहारकरि उनकी बुद्धि भ्रष्ट होइगई सो हमारो कह्यो मा-
न्यो नहीं अरु सुएयोहू नहीं. तब जनमेय बोल्यो हे महाराज!
पहिले जाएिकरभी नमान्यो याको कारण कहा. जब वेदव्या-
स बोले हेराजा जनमेय! होएहार ऐसोही बलिष्ठ है. सोनमा-
निवेदहै. तातें तोहूकों होएहार कहेंगे. सो तूंहूंनमानेगो. ताकों
एक दुष होयगो. जोतूं भलो चाहै तो हमारो बचन मानियो. तो-
कों दुषी देषैंगे तब हमकूंहूं दुष होयगो. ताके पहिलेही कहि-
वेकों आयेहैं. एक उतपात होइगो. तब राजा जनमेय बोल्यो,
आपकी आज्ञा होइंगी सोई करोंगो. परंतु कहां उत्पात होइगो.
अरु कैसी वाकी शांति होइगी ? सो आप कहिये. जब वेदव्यास
बोले. हेपुत्र जनमेय! भवितव्यकर तेरो शरीर बिगडिजाइगो.
छह महिनोकेभीतर यह वृत्तांत होइगो. तातें मैं सावधान क-
रोहों. परंतु तूं नमानेगो. उत्तरदिशातें एक अश्व आवेगो. ताकों
तूं षरीद मतिकरियो. अरु जो षरीदभी करै तो वाके ऊपर
सवारि मतिकरियो. जो सवारिहू करै तो बनमें सिकारको मति
जातियो. अरुशिकारकों जाये तो वा वनमें एक सुंदर नारि
नजर आवे. ताको अंगिकार मतिकरियो. कदाचित् अंगिकार
हूं करै तो वाको कह्यो मति करियो. अरु जो कह्योहू करै तो
वाके बचनतें अश्वमेध जग्यतो मति करियो. जो अश्वमेध हू
करै तो बालकनिकी बरणी तो मति करियो. अरु बालकनिकी
बरणीहूं करै तो क्रोधतो कदाचितही मति करियो. परंतु हे
राजन्! ये इतनी बात मे कहीहै. सो सबही होइगी. अरु तूं
करैगो. तापीछे तोकूं घोर दुष्ष होइगो. यह ऐसेही भवितव्य है.
तातें तूं मेरो बचन मानैगो पीछे तूं क्यूं यादि करेगो, तब मैं
तेरो संकट मिटाऊंगो. ऐसे कहिकरि वेदव्यास आपके आश्रम-
कों गये. तब राजा जनमेयहू वेदव्यासकों बचन मानि मनमें वि-
चारि ऐसे न करणो. यह कितनेक दिनलों बाद राजा यादि राषी.

ताపीछे. विस्मरण होइगयो. ऐसे रहते कोइएक समैमें घोडान-
कों व्योपारी आयो. सो सुणि राजा घोडानके देषीवेकों गयो.
तिनमें दोषरहित सर्वगुणसहित एक अश्व देष्यो. ताको राजा ष-
रीद्यो. अरु अश्वशालामें आयके सन्मुष बंधायो. ताको देषि
देषी बहोत प्रसन्न होइ. ऐसे रहिते कितेक दिन पीछे वाकी ग-
ति वेग देषिवेकों धनुषबाण धारि सवारि होइ. वनकों चल्यो.
तहां एक बराहकों देषि वाके ऊपरि बाणप्रहार कर्‍यो. ताके ल-
गतेही वाके उदरतें एक सुंदरी निकसी. ताकों राजा पूंछतभयो.
हे सुंदरि! तूं कोणहै? देवांगनाहै, के अपछराहै, अथवा किन्न-
रीहै, के ऋषिकन्याहै? तेरो सो रूप मैंने औरको देष्यो नहीं.
तब कन्या बोली- हे राजेंद्र! मैं राजऋषीकी पुत्रीहों. पिताकी
आज्ञातें पतिकी वांछा करी मैं तेरै देसमें आईहूं. तब राजा
बोले, तिहारे पिताकी कहा आग्या है कहो. जब कुमारी बोली.
जंबूद्वीपके मध्य हास्तिनापुरको राजा जनमेजय तेरो पति होय
गो. तातें तोसूं पूछोहूं. वह जनमेय तूंहीहै कहा. तब राजा बोल्यो,
जनमेजय मैंहीहूं. तूं तेरे पिताकी आग्यातें मेरी भार्या हो. क-
न्या बोली. हे राजन्, दोई बरदान दिये. मै तुम्हें बरूं. जब राजा
बोल्यो. कौनसे दोई बरहै? सो कहो. मैं निश्चै द्योंगो. तब कुमा-
री बोली, मोकों पटराणी करिये. अरु मोसहित अश्वमेधजग्य
करी. जब राजा अंगीकार करि गांधर्वविवाह करि अश्वपै चढा-
य पुरको आय महलनमें प्रवेश कर्‍यो. फेरि और राणीनकों
त्यागकरि वाहीकों पटराणी थापि वाके संग विहार करतभयो.
तब कितनेक दिन पीछे वह महाराणी बोली, मैं पटराणी तो
भई. पै अब अश्वमेधभी करो. तब राजा वाके वचनतें अश्व-
मेधकों आरंभ करतभयो. सबही वेदपाठी ब्राह्मणनकों देशांत-
रतें बुलाई बरणी करी आचार्यादिक सबही अपने कर्म कर-
त भये. ऐसे कर्म होतें राणी अश्वको उपस्थ हाथमें ले स्पर्श

करत भई. जब उपस्थकों फूलतो बधतो देषि बरणीके बालक ब्राह्मण हँसे तब उनके दांत निकसे.देषि राजा क्रोधकरि षड्गले. अठारह ब्राह्मणके मूंड काटि अग्निकुंडमें डारि दिये. जब अग्नि क्रोधसूं प्रज्वलित होई मंडप जारि हस्तिनापुरकों दग्ध कस्यौ. तब राजा पछितायो. मैजाणतेंहूं भूलिकरि कहा कुकर्म कस्यौ. पुन्य तौ गयो. पर ब्रह्महत्या लगी. याकों नजाणिये कहा फल होइगो. ऐसे चिंता करतेही राजाके गजचर्म होइ गलित कोढ भयो. होठ, नासा, कान, भौंह, हाथ, पांव, नष, केश सर्बही अंग गलिवे लगे. शरीरमें दुर्गन्ध होइगई. तब राजा अतिव्याकुल होइ बेदव्यासकों सुमरण कियो जब बेदव्यास आये. राजाकी दसा देषि बोले. इतिश्रीभाषाभारतसारचंद्रिकायां आदिपर्वणि प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

वेदव्यासउवाच हे जनमेजय तूं पापिष्ठहै. दुराचारी है. तेरो मुष देषणो योग्य नहीं. मै तोसों पहलेही कह्योहो. सोतैं मेरो बचन मान्यो नहीं. तब राजा बोल्यो हे व्यास देव मैं दुर्बुद्धि पापिष्ठहौं. गुरूनकों बचन मान्यो नहीं. और क्रोधकरि ब्राह्मणहू मारे. मेरे अपराधनकों तौ कहांताई कहौं. परंतु आप मेरो उद्धार करो. जब व्यास बोले नीलके रंगे अठारह बस्त्रनकों अंतरपट करि महाभारत सुणो अठारहपर्वनके सुणेसों अठारह हत्या जायगी. जो सत्य मानेगो तौ जो मेरी कही सत्य न मानैगो तौ नजाइगी. एक एक पर्व सुणेसों एक एक बस्त्र निर्मल होइगो. यहही प्रमाण जाणियो. ऐसे मानि बेदब्यासके मुषसों राजा भारत सुणत भयो. तब कथाको प्रारंभ करि बेदव्यासने यहहू कही. हे जनमेजय महाराज कुरुक्षेत्रके जुद्धमें भीमसेननें हाथी जो फेंके सो आकाशमें अद्याप भ्रमतेहैं. यह सुणि राजा जनमेजय सीस धून्यो. मनसें आई नहीं. जब बेदव्यास आकाशमें पौनको रोकी तब वे कितनेक हाथि गिरे. तिनसों हस्तनापुर

चूर्ण हुवो. सो देषि राजा बेदब्यासके पांवनमें गिस्यो अरु कही मैं अपराधी हों सो मेरो अपराध क्षमा करो. जब ब्यास कही. जो तेरी और हत्या तो नाश होगई. अर एक हत्या नाश जब होइगी तब मेरीसंग बद्रिकाश्रम चलेगो. सो राजा भारत सुणें पीछे बेदब्यासके संग बाद्रिकाश्रमकों गयो. वहां ब्राह्मणनके आगे ब्यास राजासहित बैठी निबेदन कस्यो. हे ब्राह्मणहो मेरी बिनती सुणो. ये सोमवंशी परीक्षितको पुत्र राजा जनमेजय है. सो याकी यह हत्या बाकी रहीहै. ताही तुम निवारण करो. ऐसे ब्यासके बचन सुणि उनब्राह्मणननैं यह हत्या तिल तिलभर अंगीकार करी. तब बलसों ताहि आपस्मेंसों नास करी. तोहूं एक बस्त्रमेंकों कछूक नील चिन्ह मिट्यो नहीं. तब बेदब्यास फेरि राजाकों हस्तिनापुर ल्याय सिंघासन बैठाय राज्याभिषेक कस्यो. अरु कही. तेरा हाथी, घोडा, रत्न, द्रव्य, धनधान्य पूर्व संचित है. जो है सो दान करि और भारतको पाठ करि भोजन करेगो. जब यह अवशेष हत्या मिटैगी. ऐसे कही बेदब्यास तो गये. सो सुणि राजा जनमेजय दसदिनमें पाठ होई तब भोजन करत भयो. या प्रकार राजाको कष्ट जाणि करि बेदब्यासमुनि भारतको सार काढि समुच्चयकरि वैशंपायनमुनि शिष्य है तिनकों देके राजापास भेजे. तब वैशंपायनकों राजा आवत देषि. हाथ जोडि अर्घ्यपाद्यनसों सत्कारकरि आसनपे बैठाय फेरि पूंछत भए. मैं आज धन्य भयो. कृतकृत्य भयो. आपके आगमनको कारण कहिये. तब वैशंपायन बोले तेरे नित्यपाठ करिवेके निमित्त भारतसारसंग्रह वेदब्यासने पठायोहै. सो याकों सुणि नित्यपाठ करो. तुम्हारे सर्व पाप मिटैगो यह निश्चै जानो. तब राजा बोल्यो मैं एकाग्र चित्त होइ सुणोंगो. आदि मध्य अंत्य पर्यंत भारतसारके अठारह पर्व हैं सो कहो. जब वैशंपायन बोल्यो भारतके श्लोकके एक चरण श्रवणतें. नरबदाके दरसनतें विष्णुके सुमरणतें सर्व

पातक नष्ट होतहै. तब राजा बोल्यो हमारे पूर्व पुरुष पांडव कैसे उतपन भए. अरु पांचनके द्रौपदी एकही भार्या भई याको कारण कहिये ॥ इति श्रीभाषाभारतसारचंद्रिकायां आदिपर्वणि द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥ ॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥ कोईएक समेमें श्रीमहादेव पार्वती, कैलासशिखरमें रत्नसिंघासनपैं बैठि बिनोद करत भये. तासमें पांच वृषभनसहित कामधेनु आई तब वाकों देषि पार्वती हंसिके शिवसों बोली. अहो देव याकों देषो. सब देव जाकों दंडवत करे. ऐसी यह कामधेनू पांचवृषभनकों संग लिये. फिरती. लजावे नहीं है. ऐसे हास्य सुणिके कामधेनुने पार्वतीकों सराप दियो. हे पार्वति तूं मेरो हास्य करेहै सो मनुष्य देहधारी तूंहूं पांचभरतानके संग विचरेगी. यह मेरो वचन सत्यही होइगो. तब पार्वती स्रापसूं दुःखित होई महादेव सों बोली. हे नाथ या स्रापसों शुद्ध होइबेको उपाय करो. जब महादेव मनमें विचार करि नंदीगणसहित ब्रह्मा पास गए. ब्रह्मा महादेवकूं आये देषि सतकार करि चारों मुषकरिके स्तुति करी. और एक मुषमेंसों षरकैसी अवाज निकसी. जब महादेव ब्रह्माकों दुष्ट जाणिवाकों पंचम शिर काट्यो. सो वह शिर हस्तमें लग्यो गिर्‍यो नहिं. तब महादेव ब्रम्हहत्याके भयकरिके कैलासकों आये. पार्वती दूरहीतें पतिके हस्तमें ब्रह्माके शिरकों रुधिर चुचावतो देषि कहै इहां मति आवे. तब पार्वतीहू अनादर कर्‍यो जाणि महादेव तीर्थयात्रा करत भए. ऐसे फिरते एक ब्राह्मणीघरमें गाय दूहवेकों आईही. तहां ब्राह्मण वत्साकों चूषत बीचहीमें पैंची बांधि दियो. जब वा बछडानें शींग कीदे वांको पटक दियो. तब वत्साकों ब्रह्महत्या लगी. जब बच्छा ब्राह्मणीसों बोल्यो. ब्रह्महत्याको दोष कहिवेमें आवे नहीं. बालहत्या एक जुगदहे. स्त्रीहत्या तीनजुग दहे. गायहत्या पांचजुगतांई दहे. ब्रह्महत्या कल्पांतपर्यन्त दहे.

पीछे रौरवनर्ककों पहुंचावै. सो यह दारुण ब्रह्महत्या मोकों लगी. तातें सुंदरक्षेत्रमें जाय याके धोवेको जत्न करोंगो. ऐसे उनकों संवाद महादेव सुणत्त भए. जब ब्रह्महत्या ब्राह्मणसों निकसी. वछ्राके सन्मुख दौडी ताकों देषि वछ्रा भग्यो. वाके पीछे हत्या भगी. सो वछ्रा दौडि वाराणसिकों गयो. वहां मनिकर्णिकामें पडि प्राण छोडि रुद्रलोककूं गयो. महादेवभी वा वछ्राके पीछे पीछे गये. तहां शिर हाथसों छूटि गंगामें गिस्यो. तब महादेवहू काशीमें प्रवेश कस्यो. हत्या बाहर रही. फेरि महादेव जब काशीसों बाहर निकसे जबही हत्या साथ आवत देषे. तासों फेरि नेम करि काशीहीमें वास करत भए. ऐसें रहते कितेकदिन पीछे तिपुरनासा दैत्य प्रगट होई तीन्यो लोक पिडत किये. जब सब देवता मिल ब्रह्मापास गये. जब ब्रह्मा कही. यह असुर महादेवहीसों मरैगो. सो सुणि देवता महादेवजीको तलास करिवेकों पार्वतीपास जाय पूछ्यो. महादेव कहां गये? पार्वती बोली. मनुष्य लोकमें तीर्थजात्रा करिवेकों गयेहै. सो तुमहू तलास करो. जब विष्णुसहित्त सब देव काशीमें आई शिवकों देषि प्रणाम करि चारो तरफ ठाढे रहे. तब शिव बोले. हे देवताहो तुम कोण कार्यको आये? सो सुणि देवता बोले. त्रिपुरासुर तीनूं लोक जीते तातें तुम कैलास चलो; अरु वाको मारो. ऐसे सुणि शिव सब समाचार विष्णूसों कहि कहि मेरी ब्रह्महत्या मिटै तौं चलों. वैशंपायन बोले शिवको सुध करिवेको विष्णु हत्याके पास जाय बोले हे हत्या तूं शिवके शरीरकों छोडि. और जो वर मांगे सोही धोंगो. तब हत्या बोली. अठारह अक्षौहिनी सेनाको रुधिर पान करावो तो त्रिपुर मारवे. तांई महादेवके सरीरकों पीडा करों नहीं. विष्णु बोले. द्वापरजुगके अंतमें चंद्रवंशमें अवतार ले तेरो मनवांछित रुधिरपान कराऊंगो. ९...

हत्यानतें हत्या शिवकों छोडि तब शिवदेव मंडलीसहित कैलासमें आई. सामग्री बणाई. त्रिपुरकों विध्वंस कस्यो ॥ इतिश्री भाषा भारतसारचंद्रिकाया आदिपर्वणि तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥ ॥

॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥ तापीछे देवता आपआपके स्थानगये. विष्णुहू वैकुंठ गये. ब्रह्मा महादेवसों बोले हे रुद्र तुम हत्यानाशकी उपाय करो. तब कल्याण होइगो. तब ब्रह्मा, महादेव विष्णुकेपास गये. महादेव बोले. हेनारायणदेव मैं मूढतातें दारुण कर्म कस्यो. अब यापापतें सुध होयवेकों प्रायश्चित्त बतावो. तब भगवान् बोले. हे महादेव तुम सन्यासीको रूपधारी बारहवर्षपर्यन्त पृथ्वीमें तीर्थजात्रा करो. ब्रह्माके शिरकूं हाथमें राषो. भिक्षा भोजन करो. ऐसे करते गौतमी गंगा पहुंचोगे तब शुद्ध होवोगे. जहां सीतेश विराजे है, वह तुम पवित्र होंगे. वा हत्याकूं वांछित रुधिरपान द्वापरमें मै कराऊंगो. विष्णुकी आज्ञातें रुद्र तैसेही करत भये. गोदावरीमें स्नान करतेही ब्रह्माको शिर हस्ततें छूटिपड्यो. शिव शुद्ध होई कपालेशनामक शिवलिंग स्थापन करत भये. कुंभराशीमें शनैश्वर, सिंहराशिमें बृहस्पति ऐसे योगमें ज्यो गोदावरीस्नान करे सो सर्वपापतें मुक्त होई. ऐसे गोदावरीस्नानतें शिवकूं शुद्ध देषि विष्णु बोले हे महादेव तुम पांचदेह धरिके पृथ्वीमें क्षत्रियवंशमें अवतार लो. हय वास करो. पार्वतीभी द्रुपदराजाकी कन्या होवो. ऐसो विष्णूको बचन अंगीकार करि महादेवहू निजस्थान आये. जितनै महादेव कैलास आवे. तापहले ब्रह्मा गंगाकूं गौरीकूंभी यह कथा कहि कहि महादेव गोदावरीको सेवन करै है. तुमारो अनादर करि दियो. तो हू तूम क्षमा करो हो. परंतु ऐसे पतिसूं क्षमा करणो योग्य नहीं. ऐसे उपदेस करि उन दोऊनके हृदयमें रोष करवाय दियो. महादेव मन्दिरमें आवतेही गंगा गौरी शिवसूं कलह करत भई. तब महादेवहू रोषकर पूर्णहोत्त भये. घृतकी आहुतिसे करि जैसे

अग्नि प्रज्वलित होय तैसे प्रचंड होइ करि गंगासूंतो यह बोले तुम तो पृथ्वीमे शंतनुराजाकी भार्या होवोगी. पार्वतीसूं कही. तुम द्रुपदकी कन्या होवोगी. ऐसे सुणि क्रोध छोडि पार्वती महादेवतें विनती करत भई. जहां तुम वसो तहांही मैं वसूं. ताइमें मोकूं सुष होई. तातें मनुष्यलोकमें तुमही अवतार धरो. यह भी योग्य है. तब महादेव बोले हमहूं पंचमूर्ति धरिके तुम्हारे भर्ता होय. मनुष्य लोकमें विहार करेंगे. गंगासूं कही तुमहू मेरो अंश शंतनुराजा है. जहां मानुषीरूप धारि हस्तिनापुरमें जाय वाकी सेवा करो. शिवके वचनतें गंगा दिव्य मानुषीरूप धारि गंगातीर आई तासमयमें चंद्रवंशी शंतनुराजाहु विहारके निमित्त आये. तहां सुंदरि नारीकूं देषि ताके रूपकरि मोहित शंतनूराजा पूंछत भये. तुम कोणहो ? कोणकारणतें यहां आई हो ? सो कहो. गंगा बोली मैं गंगा हूं. शिवके शापतें पृथ्वीमें आईहूं उत्तमवरकी वांछाहै. शंतनु बोले, मैं सकल राजानसे पूजित शंतनुनाम राजा हूं. मोहिकूं तुम वरो. गंगा बोली महाराज, तुमकूं वरूंगी; परंतु मैं मेरी इच्छातें जो करूं सोही करूं. ता कार्यकरतें जब रोकोगे तबही नहीं रहूंगी. शंतनुराजा कहेमाफक करार करि निजमंदिरमें लेगयो. और विवाह करत भयो. ताके संग विहार करते करते सात पुत्र भये. परंतु जो पुत्रभयो ताहीकों गंगाप्रवाहमें वहाय दियो. ऐसे सात पुत्र वहाये. तहां तांई संतनु क्षमा राषी. अष्टमपुत्रकूं वहाते मने करी. तबही गंगा अंतर्धान होई कैलास गई. पुत्रकों संतनु पालन कस्यो. गांगेय नाम धस्यो. वहही भीष्मनामकरि विख्यात भयो. संतनु बहोत वर्षपर्यंत भार्याविनु रहे. पीछे हरिदास कैवर्तकी कन्या मत्स्योदरीसों मै ब्याह नकरूं ऐसे भीष्म करार करिवाकूं प्रसन्न करि पिताकों विवाह करायो. ऐसे सुणि जनमेजय पूंछत भये. हरिदासकैवर्तकी पुत्री शंतनु राजा होय कैसे .

यह मेरो संदेह निवारण करौ. वैशंपायन बोले सुधन्वानाम रा-
जा देशांतरगयो. वाकी भार्या सुशीला घरमें रजस्वला भई तब
निज दासीकों स्वामीकेपास पठाई. सो सिकरीकों रूपधारि रा-
जाके पास गई. जब राजा दूनामें वीर्य घाल वाकों दियो.सो
लेके वह आयेहि. तहां मार्गमें एक और सिकारी आई. ज-
हां दोउनको जुध भयो. तब दोना यमुनामें छूटि पस्यो ताही
मांसके भ्रमसों मछी निगलगई. सो वह अंडकानाम अपछ
राही. परंतु ब्रह्माके शापतें मच्छी भई सो वीर्य निकलगई.
ताके प्रसूत भई सो अतिरूपवती कन्या भई. तापीछे वह
मच्छी तो अपने लोक गई. वा कन्याकों धीवर पालत भयो.
दोई वाके नाम धरे. मत्स्यगंधा १ सत्यवती २. तापीछे वह
हरिदास धीवर कन्याकों पाल बडी करि. एक नवका बणा
ई दिई. सो धर्मके अर्थ आयेगयेकों पार उतारत रहे. ऐसे
कोइक समैमें शिष्यनसहित पराशर मुनि आये. वा कन्यासो
कही हमकों पार उतार. तब वह मुनिकों नांवमें बैठाय पार
उतार भई. तहां मध्याह्न समै जमुनाके बीच वा तरुणीकों नां-
वमें इकली देषि मुनि बोले तो मैं संतान उपजावैंगे. जब वह
बोलीसब जन चारों तर्फसों देषेहै. अरु मैं कन्याहों. तब मु-
नि बोले. कोउहू न देषेगो. अरु तू प्रसूति भयेहू कन्याही रहेगी.
ऐसे कही चारों तर्फ अंधकार करि अंगसंगसों मच्छगंधाही
ताकों योजनगंधा करि गर्भधारण कराय मुनि गये. तब वहूहू
जमुनाके द्वीपमें वेदवेदांगपारंगत ऐसो पुत्र जनती भई. द्वीपि-
में जन्मे तातें द्वैपायन कहाये. सो द्वैपायन बोले जब विपदामें
तूं मोकूं याद करेगी तबहीमें आऊंगो. ऐसे कही वनमें तप
करिवेकों गये. मुनिके प्रतापतें. वह पुत्र जनमे पीछेहूं पहिलेही
तैसीही कन्या होइगई ॥ ॥ इतिश्रीभाषा भारतसारचंद्रिका-
यां आदिपर्वणि चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥ पुत्र प्रसूत भये पीछूं कन्याही रही. ऐसी जोजनगंधा ताहि राजा शंतनु देषि करि हरिदास कैवर्त- सें जाचना करी. तब हरिदास बोले यामें पुत्रहोई सोही रा- ज्य करै. यह करार करो तो कन्या द्यों. जब संतनु भीष्मकों ज्येष्ठ पुत्र जानि वाकों वचन सुणि पुरकूं आए. पें सत्यवती के रूपकूं सुमरण करत रातकों नीद न आई. प्रातही मंत्रीन- सों सबव्रतांत जाणि भीष्म हरिदासपास जाय पिताके नि- मित्त कन्या जाचत भए. तब हरिदास बोल्यो कन्या तोकों तो द्यों. तुमारे पिताकों नद्यों. तुम ज्येष्ठपुत्र हो सो तुमारो पुत्र तो राज्य पावै. अरु राजाके अब पुत्र होय सो राज्य पावै नहीं. याकारणतै तब भीष्म कहै मै राज्य हूं करों नहीं. अरु व्याह हूं करो नहीं. ऐसी प्रतग्या करि पिताको विवाह करायो. जब पिताहू प्रसन्न होई भीष्मकों स्वेच्छामृत्युकों बरदान दियो. ता पीछै वा जोजनगंधामें दोई पुत्र भए. एक को नाम चित्र, दूसरो विचित्र नाम ऐसे पुत्र भये. पीछू शंतनु परलोक गए. त- ब भीष्म सत्यवतीकों मातभक्ति करि सेवत भये. चित्रविचित्र- कूं तरुण देषि काशीके राजाकी तीन कन्या अंबा१ अंबिका२ अंबालिका३ ऐसी तीन कन्याही तिनकों स्वयंवरतें बलकरि लै आये. सो उन दोउ भ्रातानसों व्याह करत भये. तब अंबा बोली, मेरो मन शाल्वराजामें आसक्त है. जब वाकूं साल्व पास भेजी. अंबिका अंबालिकाकों व्याह चित्रविचित्र सो कियो. अंबा शाल्वकेपास गई ताहि देषि शाल्व कही भीष्म तोहि जीति लेगयो सो तूं वाहीकी भार्या है. मै तो व्याह करों न- हीं. तब वह भीष्मपास आई. कही. मेरो चित्रविचित्रसों व्या ह करो. जब भीष्म कही. तेरो चित्त औरमें आसक्त है सो हमारे कामकी नहीं. तब वह कन्या दोऊ तर्फसों भ्रष्ट भई जाणि मुनिनके पास जाय सन्यास धारणकी जाचना करि.

तहां मुनिमंडलीमें होत्र वाहन नाम राजऋषी याको नानो होसो याकों दुषी देषि बोल्यो हे पुत्री महेंद्र पर्वतमें परसरुाम हे. सो वे भीष्मके गुरुहे. तिनके पास जा उनको बचन भीष्म मानितो हि अंगिकार करेंगे. ऐसे वार्ता होते परसरुामके शिष्य अकृत ब्रण बोले प्रभात परसरुाम ह्यांही आवेंगे सो उनसों सबही मिलि वृत्तांत कहेंगे. ऐसे कहे वाकों वांही राषी. जब प्रभातही परसरुाम आये तब उनसों सब मिलि वृत्तांत कह्यो सो सुणि परसरुाम कही भीष्म मेरो शिष्यहे सो मेरो वचन मानेगो. तेरो मनोरथ सिद्ध करिवे कों कुरु क्षेत्र चलेंगे. ऐसे कहि अंबाकों संगले कुरुक्षेत्र गये. उहां भीष्म गुरुकूं आये देषि विधिवत पूजन कियो. तब परसराम कही. या अंबासों विवाह करो. जब भीष्म नट गये तब परसरुाम क्रोध करि जुद्धकों तयार भये. जब आत ताई गुरुसों जुद्ध करिवो धर्म हे जाणि भीष्महू सनमुष आये तहां दोउनकों अति घोर युद्ध भयो परसरुामके अस्त्र प्रहार करि भीष्म जबजब मूर्छित होय तबही गंगा गुपत आय आपके जलसों अभिसेख करि सचेत करे तब भीष्म फेरि जुद्धकों सन्नद्ध होइ होइ जुद्ध करत भये. ऐसे तेईस दिनलों जुद्ध भयो ताहि पीछे दोऊ ब्रह्मास्त्र जुद्ध करिकों तयार भये. सो देषि देवता आई दोउनकी स्तुति करी जुद्ध निवारण करायो. ऐसेहू आपको मनोरथ सिद्ध न भयो जाणि अंबा भीष्मके मारिवेकों तप करत भई. सो यमुना तीर वाको उग्रतप देषि महादेव आइ बोले वर मागि जब अंबा बोली मै भीष्मकों मारों. तब महादेव कही तेरी इच्छा जन्मांतरमें सफल होइगी. ऐसे कहि अंतर ध्यान भये. सो सुणि अंबाहू अगनिमें प्रवेस कियो. द्रुपद राजाहु पुत्रके निमित्य तप करे तहो ताहूकों महादेव वरदान दियो जो तेरे प्रथम पुत्री होय कछुक दिनमें वहही पुत्र व्हैजाइगो. ता वरदान तें अंबा द्रुपद

राजाके पुत्री भई. सो द्रुपदहू पुत्र पुत्र भयो कहि पुत्रकोसो सब उत्सव करयौ ताको दसार्न्य देसके राजा हिरण्यवर्माकी पुत्रीसों ब्याह करायौ तब या छलकों राजा जाणिसेनाले द्रुपदको नगर घेरयौ. तब वह कन्या भागिवनमें जाइ रुदन करत भई सो वहां स्थूलाकर्ण नाम जक्ष सब व्रत्तांत जाणि जुधनिवारणप र्यंत आपको पुरुषार्थ देत भयो तब वह कन्या पुरष होय मात पितासौं मिलि हिरन्य वर्माकों पुरसार्थ जिताय उपद्रव सांत क. रयो तापीछै वह जक्ष स्त्री होइ आपके भवनमें रहै हो. वहांकु बेर आये सो समीपहु आये जाणिवाने सत्तकार न करयौ तब कुबेरहू वृत्तांत जाणि वाकों श्राप दियो जब ताई वह जीवैगो तब ताई वह पुरसही रहैगो. तूं स्त्री रहैगो. ऐसे कहि कुबेर आ पके धामगए. वह जक्ष फेरी आपको पुरुषार्थ ले सक्यो नहीं वह कन्या भीष्मके मारिवे निमित्त सिषंडी भयो. तापीछै चि त्र विचित्र तरुण भये सो स्त्रीनके भोग विलासमें रहै. भीष्म पितामह माता की सेवामें रहै सो उनकों सेवामें रहते देषि चित्र विचित्र मनमें विचारत भये. जो यह भीष्म रात्रकूं सत्यवतीके पास रहै है सो या पापीको वध करणो. ऐसे मनमें धारि षडगले उनकी चेष्टा देषिवेकों रात्रकों गुप्त रहै. तहां उनकी सब चेष्टा देषी सो भीष्मकों तो पुत्रवत्त सेवा करत देष्यो. सत्यवतीकों मा तावत्त रहतै देषी. प्रभात भये लज्जित होय आपकों धिकार त भये. भीष्मकों बोले. जो माताकों वा ज्येष्ट भ्राताकों निरा पराधबध विचारै ताको कहा प्रायश्चित्त. तब भीष्म बोले जो माताकौं वा ज्येष्ट भ्राताकों बध विचारै ताको हजार ब्रह्म हत्या को पाप लगै. सो वह समीव्रक्ष वा पीपल पोलेमें प्रवेस करि दा ह करै जब स्वध होइ. ऐसै स्वणि वनमें जाइ दोउ वाही विधि सौं मरे. तब भीष्म स्रणि बहुत दुष्ष करत भये. जब सत्यवती वामात्रिन नें भीष्मसों बहुत कह्यै. प्रतज्ञा भंगके भयसों वि

वाह वा राज्य न करत भये. तब सत्यवती पूछ्यौ बंस कैसे रहै. जब भीष्म बोले बांध वनके वा ब्राह्मणनके वीर्य करि कुल रहै. ऐसे वेदमें कह्योहै. ऐसे स्कणि सत्यवती वेद व्यासको स्मरण करत भई. तब तहां वेदव्यास आये. तिनसों सत्यवती वा भीष्म दीन होइ विनती करीजो चित्र विचित्रकी भार्यानमें तुम संतान प्रगट करो. तब वेदव्यास अंगिकार करि अंबिकाकों एकांतमें बुलाई तहां वासों उनको तेज सह्यो नगयोजब आंषे मूंदि लीनी. तब रितुदानदे कै कही याको पुत्र अंधो होइगो. फेरि दूसरी अंबालिका कों बुलाई सो वाहूसों तेज सह्यो नगयोजब पांडुवर्ण होइ गई तब वाहूकूं ऋतु दानदे बोले याके पांडुवर्ण पुत्र होइगो. ता पीछे एक दासी कों ऋतु दान दियो अरु कही याके नैरोग्य बलवान धर्मराजको अवतार हरिभक्त. बिदूर. नामा पुत्र होइगो. ऐसे कहिके बेद व्यासतो गये. पीछु उनतीन्यौनके पुत्र भये. अंबिकाके प्रथम बडो पुत्र भयो ताको नाम धृतराष्ट्र दूजो अंबालिकाके भयो ताको नाम पांडु. दासीके भयो ताको नाम बिदुर इन तीन्यौनको भीष्म बहुत सनेह करि पाले. फेर बडे भये जब उनको व्याह करिवेको विचार्यो ताही समै स्कणी गांधार देसको राजा स्कबल ताकी पुत्री गांधारी सो महादेवको पूजन करि सो पुत्र होवेको वरदान पायो है. तब भीष्म जाय वा को देस धन रत्नदे गांधारीकों ल्याय धृतराष्ट्रको व्याह कर्यो. श्रीकृष्णको पितामह सूरसेन वाकी पुत्री प्रथा ताकों कुंति भोज राजाको धर्म पुत्री करवेको दीनी. वानेहू वाको कुंतीनाम करि पालन कर्यो अरु दुर्वासा मुनिकी सेवा मे राषी तासों दुरवासा प्रसन्न होइ एक मंत्रदेके कही या मंत्र को पढिजा देवताको स्कमरण करेगी सोही आवेगो. अरु तो में संतान पैदा करैगो. ऐसे कहि दुरवासा तो गये. कुंती महल में आय मंत्र पढी सूर्य देवको स्कमिरण कर्यो तहां सूर्य आये ति

न्है देषि कुंती भयभीत होइ कही हे महाराज, आप पधारो मोक-
न्याको अपराध क्षमा करो. मैंतो मंत्रकी परिक्षा लेवेकों यह प-
ढ्योहो. तब सूर्य बोले हमारो आइबो ब्रथा होय नहीं. तोमै एक
पुत्र प्रगट करैंगे. अरु तेरो कन्यापणहू न मिटैगो. ऐसे करिवा
के गर्भ राषिगये. ता पीछे कवच कुंडल सहित सूर्य समजाको
तेज ऐसो एक पुत्र भयो ताकों कुंती अपवाद भयतें सिंदूषमे
धरि गंगामे बहाइ दियो. आप कन्याही रही. सो राधा सहित-
अधिरथ सूत अपुत्र गंगासें स्नान करतहो तहां वाने सिंदूषदे
षी जब लैके वाको षोली तामें पुत्र देष्यो तब वाको कर्ण नाम करि
पुत्र करि राष्यो. वाकों तीसों राजा पांडुको विवाह भयो. दूसरी म
द्रदेन राजाकी कन्या माद्री ताकों व्याही. देवक राजाकी दासी
की पुत्री पारसवी कन्या विदुरकों व्याही. तामे सत पुत्र भये. ॥
॥ इतिश्रीभारतसारचंद्रिकायां आदिपर्वणिपंचमोऽध्यायः ५ ॥
॥ ॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥ तापीछे धृतराष्ट्रतो अंध विदुर
दासी पुत्र ऐसे विचार भीष्म पितामह पांडुको राज्य देत भये त-
ब पांडु धनुष विद्यामें निपुण भए सो यो धान्न सहित बनमे सि-
कारकों गये. राजा उहां जाइ अनेक जीवनकों मारि बडो हर्ष पा-
वत भयो. ऐसे सिकार करते वह दिन एक हून भयो तामें पाप
संचय नहोय सो एक दिन किंमद नामा मुनि दिनमे विहार क
र्यो चाह्यो सो स्त्रीसहित मृगरूप धारि वनमें विहार करत रहे
वाके पांडुने बान मार्यो तब वाने श्राप दियो जब तू हूं स्त्री संग
करैगो तबही मरैगो. या रीतिके श्रापसों पांडुहू बहुत संताप
पायो तापीछे राज्य भीष्मकों सोंपि पांडु दोउ स्त्री सहित गंध
मादन पर्वत कों गयो. उहां ऋषिनकी संगतितें संतोष पाय
शतशृंग पर्वत मे तप करत भये. तकों कुंतीसों कही तुम देव
तासों वा रिषिसों संतान पैदा करो तब कुंती दुर्वासाके दिये मं
त्रसों धर्मकों बुलाय पुत्र उतपात्ति कर्यो तास मैमें आकास-

वाणी भई जो यह युधिष्ठिर नामा मूर्तिवान धर्मही है. यह वृत्तां
त सुणिके गर्भवती गांधारी पेटकों कूटिके तूंबा एक जनत भई.
सो वेद व्यासकी आग्या सौं वा तुंबेमें ते सूक्ष्म रूप सत्त पुत्र औ
र एक कन्या प्रगट भये तिनकूं जुदे जुदे घृत्त कुंडनमें राषि पाल
न करे. सो दुर्योधन आदि सत्त पुत्र भये. दुःसला नाम कन्या
भई जासमें दुर्योधन भयौ वाही समय फेर कुंती पवन तें भीम
कों उतपन्न कर्यो ताके जन्म समय देववाणी भई यह भ्राता
को भन्त दस हजार हाथीनकौ बल धारैगो. वा भीम पुत्र कों
गोदमें लीये कुंती व्याघ्र भयतें उठी तब गोदमैंते गिर्यो सोकि
तनेक पर्वत चूर्ण भये तातें सत्यही भीम नाम भयो तापीछै
कुंती इंद्रकों बुलाई अर्जुन नामा पुत्रकौं प्रगट कर्यो वाकेज
न्मसमैं इंद्रादि देवता आइ पुष्पनकी वृष्टी करी. अरु देववा
णी भई जो यह बालक वैरीनके नास करिबे वालो इंद्र सम हो
इगो. ऐसे तीन पुत्र देषि पांडु कूंतीसों बोले तेरे अनुग्रहतें
माद्रीहू पुत्रवती होई. तब कुंती वह मंत्र जपि माद्रीसों कह्यो
कोई देवकों स्मरण करो जब माद्री आश्विनी कुमारकों स्म
रण कर्यो ता करि दोय पुत्र उतपन्न भये. ता समें देववाणी
भई ये नकुल सहदेव नामा अति सुंदर वैरीनकों नास करत्तो
होहिंगे. ऐसे पांच पुत्रकी बाल लीला देषि पांडु कों बडो आ
नंद भयो. तब कोईक समेमें वसंत ऋतु करि वनकी शोभा दे
षि पांडु कामातुर होई माद्री सौं संग करिवे लगे. वाही समें आ
पको फल पायौ. पतिकी पंचत्वकौं प्रापति देषि माद्री कूंतीसों
बोली इन पुत्रनकौ तौ पालन तुम करो. मोमें स्वामी को प्रेम
अधिक हो सो मो विना परलोक हूमें सुष न पावेंगे. तातें सह
गमन करौंगी. ऐसे कहि पतिके संग अगनि प्रवेश कियो. ता
पीछै स्नत शृंगवासी मुनि पांचो पुत्रन सहित्त तेरमे दिन कुं-
तीकों भीष्मके पास ल्याय पांडुकौ सब वृत्तांत कह्यो सो सुणि

अंतर पुर सहित भीष्म रुदन कर्‍यो पीछै उनकौ प्रेत कार्य सर्व क रायौ. तापीछै भीष्म धृतराष्ट्रके तौ सतपुत्र पांडुके पांच ऐसेए कसौं पांच पुत्रनकौं समानजाणि पालन करत भये. ॥ ॥
इतिश्री भाषा भारतसारचंद्रिकायां आदिपर्वाणिषष्ठोऽध्यायः ॥६॥ ॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥ तापीछै तहां पूर्वतपक रतैं सरधान मुनिकौ वीर्य उरबसीकौ देषि सरनके गुच्छमें गि- र्‍यौ. ताके दोइ विभाग भये. सो एकतौ कन्या. दूसरो कुमार सो संतनु राजा शिकारकौं वनमें गयोहै. तहां उनकौं देषि कृ पाकरिकै ले आये तातै कन्याको नामतौ कृपी अरु पुत्रको नाम कृप धर्‍यौ वे कृप सरधान मुनितैं बाण बिद्या मैं पारंगत भये जाणि भीष्म कौरव पांडवनकौं उनपैं बाण विद्या पढायवेकौं अर्पण करे. तिनपास सब प्रकारकी धनुषविद्या सीषे अरु बा लक्रीडाहीकरे तामे सबहीमें समान प्रीति रहै. भक्ष भोज्य सा मिलही करै चौपडहू षेलै. मल्लविद्याहू शीषे वन क्रीडा करै तामें भीम वृक्षनपै चढे बालक तिनकौं वृक्ष हलाय पटके. तहां कित नेकनके मुंड फूटि जाय काहूको हाथ पाउटूटि जाय ताको बडो को लाहल होत भयो ऐसै देषि दुर्योधन दुषपाय भीमके मारिवेकोउ पाइ कर्‍यो. गंगातट तामें प्रमाणकोटी नाम क्रीडा ऐक स्थान बणायो तहां सब क्रीडा करै भोजन करै ऐसै करतें एक दिन. भीमकौ विषकै मोदक षवाये तहां भीमकौ घोर निद्रा जाणि दु र्योधन आपके सारथि पास लतानसौं बंधाइ गंगामे पटकाय दियो वाके पडतेही पृथ्वी विदीर्ण भई सो वह नागलोककौं गयो तहां अनेक नाग रुधिर पान करिवेकौं वाकूं डसत भये. तिनके डसवेतें याको सरीर निरविस होय चैतन्य भयो तहां आर्यक ना म नागराज याके नानाको मित्रहो सो दौहित्र जाणि अमृत पान कराय वहां राष्यो इहां कौरव भीमकौं मर्‍यो जाणि हर्षित भये. भीष्म कुंती युधिष्ठिर दुषी भये. तहां कितनेक दिन भोग भोगा

ईनागराज जा मार्गतैं आयो हो ता मार्गतामार्ग होई गंगातीर प-
हुंचायो सो पुरमें आयो भीम ताकों देषि जो पहलें रूषपायो हो
सो तो दुषी भये. दुषीहै सो रूषी भये. ऐसें आपुसमें ईर्षा करत
परसपर सस्त्रनकों आधिक आधिक अभ्यास करत भये. ॥
॥ इतिश्रीभाषा भारतसार चंद्रिकायां आदिपर्वणि सप्तमो ऽध्या
यः ७ ॥ ॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥ भरद्वाजमुनिकोवी
र्य घृताची अपसराके दरसनतें चालित भयो ताही द्रूनामें राष्यो
तहां पुत्र उत्पन्न भयो जातें द्रोण कह्यो वे भरद्वाज मुनितें वे-
द वेदांग सस्त्र अस्त्रविद्या सीषत भये भरद्वाज मुनिकों शिव
ब्रह्मास्त्र दियो हो सोहू इनकों दियो. कृपकी भागिनी कृपी तासों
ब्याह भयो. ता कृपी में उच्चैश्रवा कैसी तरें गर्जना पुत्र पेदा भयो.
तातें वाको नाम अश्वत्थामा धर्यो ता पीछे द्रोण द्रव्यकी वांछा
करि परसराम पासगये. तासमें परसराम सर्वस्व दान किये
चुके है तब इनकों रहस्य सहित धनुर्वेद दियो अरु बाल्या अ
वस्थामें राजा प्रसकों बेटा द्रुपद भरद्वाज पास धनुर्वेद पढत भ
यो. तहांही द्रोण द्रुपद मित्र भये. जब द्रुपद यह प्रतग्या करि
कि मैं राजा होहुगो तब तुमकों आधो राज्य द्योंगो. सो द्रोणाचा
र्य कितनेक दिन पीछें द्रुपदकों राजा भयो सुणि हूं तप करत रहे
विचार्योके राजा सत्य प्रतग्या वान है जासों जाइंगे जब हमारो
आधोराज्य लै लेंगे. तहां अश्वत्थामा बालक हो सो एक दिन ऋ
षिनके जग्यमें जाइ दूध पीयो तापीछे मातासों आइ अतिहठ
करि दूध माग्यो तब माता जव भिजोई मसालि दूध ऐसो जल क
रि पायो जब इनकही यहतो दूध नही अरु बहुत रुदन कर्यो
सो सुणि द्रोणाचार्य विचार कर्यो जो आज ताई कपोतव्रत्य
करि निर्वाह करत है पै अब बालक ऐसे दूध वास्ते रुदन क-
र्यो सो दूध गायविनाहोय नहीं तातें द्रुपद पास जाय आधो
राज्य लेणो ऐसें विचार करि द्रुपद आये. द्वारपाल सों कही

राजासों कह्यो तुम्हारो प्राचीन मित्र आयो है. जब द्वारपाल जाय सभामें राजासों निवेदन करी तब राजा पूंछत भयो कहातरे है द्वारपाल कही चीर पहरे मृगछाला धारे दंडलीये भीक्षुक सो है. ऐसे सुणि राजाको क्रोध तो आयो परंतु ब्राह्मण जाणि क्रोध कों रोकिके बुलाइ अर्घ्य पाद्य करि आसनपें बैठाय पूजन करि भोजनकी प्रार्थना करी. सो सुणि द्रोणाचार्य कही में तेरो प्राचीन मित्र हों सो आधो राज्य देणो कह्यो हो सो देगो. जब भोजन करोंगो. तब राजा क्रोध करि भृकुटी चढाई कह्यो ऐसी बालक पणेकी बातनमें कहा है. तासों भोजन करि कछुक दिन काटणे होइ तो रहो. नहीं तो नमस्कार है पधारो जब द्रोणाचार्य बोले राजा तूं तो भूलि गयो परंतु जो में साचो द्रोण हूं तो तो कों मित्रताको फल दिखाऊंगो. ऐसे कहि वहां तें चले सो हस्तनापुरके वनमें आये. उहां कौरव पांडव बालक्रीडा करत है. सो उनकी गेंद कूपमें परी ताहि निकास न सके तब द्रोणाचार्य इसीकास्त्रके इसीकनसों बेधि वाकों निकासि बालकनकों दीनी. तब बालक प्रसंन होइ यह वृतांत भीष्मसों जाय निवेदन कर्यो सो सुणि भीष्म उनकों सर्व सरूप जाणि उनके पास आइ कही आप पधारो महाराज्य आपही को है इन बालकनकों अस्त्रसस्त्र बिद्या पढावो. ऐसे कही सत्कार करि पुरमें लेजाय सर्व सामग्री करि सहित सुंदर भवनमें राषे. तापीछे सुभ मुहूर्तमें बालकनके पढाइबेको प्रारंभ कर्यो. द्रोणाचार्य धनुर्विद्या पढावत सुणि सर्व देस देसके राजपुत्र हू पढिवेकों आये. तिनमें कर्ण हू आयो. और धृतराष्ट्रके वैश्यकी विवाहत कन्यामें भयो युयुत्सु नामा पुत्र सो हू अभ्यास करत भयो. उन सर्व बालकनमें कर्ण ऐसे सोभित भयो जैसे नक्षत्रनमें चंद्रमा और अर्जुन उनमें तेज करि सूर्जवत सोभित भयो. तहां और तो सब दिनमें अभ्यास करें. अर्जुन रात्रसमें अं

धकारहूमैं अभ्यास करै. जाकों सबद वेधी भयो तासों गुरुअ
ति प्रसन्न भये. अरु आपकी सर्व विद्याको भार धरवेलायकहै
अर्जुनके अश्वत्थामाहीके मानत भये. भीम दुर्योधन येदोऊ
गदा युद्धमे निपुन भये. षडग जुधमें नकुल. अश्वजुद्धमें युधि
ष्ठिर सहदेव औरहू नाना प्रकारके जुद्धन मे निपुन भये. तापी
एकलव्य नामा भिल्ल द्रोणाचार्यके पास बाण विद्या सीषवेकोंआ
यो ताहि भिल जाणि द्रोण नटगये. तब वह बनमें जाय मृत्य-
का मय द्रोणाचार्यकी प्रतिमा बणाय बाणविद्या सीषवे ल
ग्यो सो अभ्यास करत करत बाण विद्यामें पारंगत भयो एक
समै द्रोणाचार्यके शिष्य वनमें गये तिनके देषिश्वान भुस्यो तब
भीलने वाको मुष बाणनसों तरकस कैसी तरै भरि दियो जब
यह सफाई लाघवता देषिवेसब आश्चर्य मानिवासो पूंछ्योय
ह बाण विद्या कोण पास सीष्यो. तूं कौन है जब वह बोल्यो भी
लनको राजा हिरण्य धन्वा मेरो पिताहै. एकलव्य मेरो नाम है.
द्रोणाचार्य पास यह धनुष विद्या सीष्योंहों. यह सब स्रणिद्रो
णाचार्य पास आय वृत्तांत निवेदन कियो. तब द्रोणाचार्य अ
र्जुनको उदास देषिवा भील पास जाय गुरु दक्षिणामें दाक्षिण
अंगुठा लियो जब अर्जुन द्रोणाचार्यकी सेवामें बहुत रहत भ
यो एक दिन वृक्षपै कृत्यम भास पंछी बणाय सर्वही वाके ग-
लेको निसाण बणाय बाण मारैसो कोई सों विंध्योनही तब
वाकों अर्जुन वेधि सबसों अधिकता पाई तापीछे कोई दिन
द्रोणाचार्य गंगास्नान करेहै. तहां ग्राह चरण पकडी षैंचेजब
अर्जुन बाणन करि ग्राहके सरीरकों तिल तिल प्रमाण छिन्न
भिन्न करि छुडाये. सोदेषि गुरु प्रसन्न होइ बोले हे अर्जुन ते-
री बरोबर और धनुर्धर नहीं ऐसे कहि ब्रह्मास्त्रहू दियो या
प्रकारसों अर्जुन सर्व शिष्यनमें कृपापात्र अधिक भयो.॥ ॥
इतिश्री भाषा भा॰ सा॰ चंद्रिकायांआ॰ प॰ अष्टमोऽध्यायः ८ ॥.

॥ वैशंपायन उवाच ॥ ॥ ऐसैं सर्व बालकनकों सर्व विद्यानमें पारंगत जाणि उनकी परिछया लेवेकों विदुर पुरके बाहर रंग भूमि रचना करत भये. तहां चारों तरफ ऊंचे ऊंचे मंच धरे तिनपे धृतराष्ट्र भीष्म पितामह विदुरकों आदि सर्व राजा जथा योग्य बैठे ब्राम्हण वैश्यहू अपने योग्य स्थानमें बैठे तापीछे पुत्रसहित द्रोणाचार्य उज्जल वेष धारें आय देव भूमि पूजन सहित बलि विधान करत भये. तहां वीणा मृदंगादिक पटहादिक सर्व वाजा वजत भये. ऐसें. सोभित रंग भूमिमें सर्वही राज कुमार सस्त्र अस्त्र कवच धारण करि आय धरती सों हाथ लगाय द्रोणाचार्य कों प्रणाम करि सब युधिष्ठिरादिक आप आपकी विद्या दिषावत भये. भीम दुर्योधन दोउ गदा युद्ध दिषावत अंतः कर्णकों बैर स्मरण करि महा घोर जुद्ध करत भये. तब द्रोणाचार्य उनकों वैर जुद्ध जाणि अश्वत्थामाकों भेज्यों. सो पिताकी आग्यातें पर्वतवत जाय दोउनके वीच ठाढो भयो. उनको युद्ध निवारण कर्‍यों ता पीछें द्रोणाचार्यकी आग्यातें अर्जुन आपकी अस्त्रविद्या दिषावत भयो सो कभूंतो पर्वताकार दीषै. कभूक तेजमई. कभूक आकासमई कभूक पातालमें ऐसे करत भयो. ताहि देषि सर्व राजा अति अद्भुतता मानि चित्र लिषेसे होइ रहे. ऐसें अर्जुनकी विद्या देषि सर्व ही सराहि स्तुति करत है ताही समैं रंग भूमिके वाहर एक शब्द भयो वाकों स्रणि सर्वही राजादिक चकित होइ विचार करत भये. वह बज्रपातही है. वा भूकंप है वा अंतरिक्षही गर्जना करै है. अथवा प्रलै करणकूं समुद्रही गर्जना करै है. ऐसे विचार करतही पर्वत समान जाकों देह सरीर मइ कवच कुंडल धारें षंभ ठोकत कर्ण आयो वाको सूर्य समान तेज देषि सर्वही मारग दीयो. तब वह कर्न रंग भूमिमें आइ द्रोणाचार्य कृपाचार्यकों प्रणाम करि जैसैं अर्जुन विद्या दिषाईही तैसें ही वहहू दिषावत भयो अब वाको अर्जुन

के तुल्य जाणि दुर्योधन मित्रताकरि चंपापुरीको राज्य दियो तब अर्जुन बोले अरे या सूत पुत्रको चंपापुरीको राज्य क्यों दियो ऐसे कहि भीम अर्जुन धनुषबाण धारत भये. तब दुर्योधन हू धनुषबाण धारे इतने हीमें सूर्य अस्त भयो जब सबही राजा कौरव पांडव उठिउठि अपने स्थानकों गये. कौरवनमें दुर्योधन मुष्य भयो. पांडवनमें युधिष्ठिर मुष्य भयो तब द्रोणाचार्य सब हीको सामिल करि कही तुम हमकों गुरुदक्षिणा द्यो जब सबही बोले आप कहो सोही दें तब द्रोणाचार्य बोले पांचालराजा द्रुपदको पकडि गलेमे धनुष घाली इहां ले आवो. जब सबही जाय पुर घेर्यो तहां कौरव पहा तें गये हे तिनकों तो मारि चलाय दिये. तापीछे अर्जुन बाणनसों मारि बाकी सब सेना भगाइ गलेमें धनुष डारि पकडिल्याइ द्रोणाचार्यके हवाले कियो. तब द्रोणाचार्य हू बालकनको साहस देषि हांसिके द्रुपदसों विरोध छोडि वचन बोले हे द्रुपद तूं हमारो बालपणको मित्र है. सो आधे राज्य देवेकों कहि राज्यमद करि उनमत्त होइ वचन न मान्यों ताको यह फल पायो. सो अब तूं मेरो मित्र है अरु मेरे पिताके मित्रको पुत्र है तातें पहले वचन कहे तिनको पालन करि आधो राज्य मेरो है आधो तो कों द्यो हो सो तूं पालन करि ऐसे कहि द्रुपदराजाकों सिषदीनी तापीछे द्रोणाचार्यके तो फेर वैरकी वासना रही नहीं. अरु द्रुपद गुप्त वैरकों यादि राषि अर्धराज्य करत भयो. द्रुपदके जुधमें भीम अर्जुनकों अधिक देषे अरु प्रजाको हितहू इनपें जाणि दुर्योधन धृतराष्ट्रसों बोल्यो हे महाराज्य तुमारे कुलकी तो कथाहू नहीं रहत दीसे है. एक तो पांडव प्रबल दूसरे प्रजाहू इनको चाहे ताकों बाणावितपुरको राज्य दे इनको छलतें दूरि निकासों ऐसे पुत्र कह्यो सो धृतराष्ट्र अंगिकार करत भयो तब दुर्योधन पुरोचनसों बोले तुम जाइ बाणावतमें महल बणावो सो मुंजराल लाष बांस कांस सण घृत इन

सामग्रीको बणावो ऊपर शुस करिवेको सुंदर चित्र विचित्रकरि
सोकों जरूरि षबर करो तब पुरोचन वाही माफिक तयार करि
षवरी करी जब दुर्योधन धृत्तराष्ट्र सों कहाई पांडवनकों वारणा-
वत्त पुरको राज्य करिबेकों पठाओ. सोपांडवहू धृत्तराष्ट्र द्रोणाचा
र्य भीष्म पितामह कृपाचार्य इनको प्रणाम करि प्रस्थान करत
भये. तहां मार्गमें विदुर मिले सो मलेंछ भाषा करि पुरोचनको कप
ट युधिष्ठिरसों सबजताय दियो सुरंग षोदिवेकों एक बेलदार
संग दियो. तापीछे पांडवहू कुंती सहित दसवे दिन वारणावत पु
र पहुंचे. तहां पुरोचन सनमुष आय सनमान करि लाषा ग्रहमें.
प्रवेस करायो. तब पांडवहू पुरोचन कौतो अजाणता दिषाई अ
रु आप सावधानहोइ वहां बसे वेलदार पास सुरंग षुदावतरहे.
तब पुरोचनहू अगनि लगाईवेकों उनके पासही बास करत भयो.
तहां पांडव अनेक भिक्षुनकों अन्नदान करतरहे. ऐसे एक वर
स वितीत भयो पुरोचन को आग्नि लगा वे को अवकास पायो न
ही. एक दिना पांच पुत्र सहित निसादि भिक्षुकी आई वाकोंपां
डव अन्नदान दियो सोमन बंछित भोजन करि पुत्रन सहित अ
स होइ वहां सोइ रही तारात्रमें भीमसेन पुरोचनके चारो तर्फला
क्षा ग्रहके आग्नि लगाई आपकुंती भाईन सहित सुरंग होइ नि
कसिगये. अगनि लाष्या ग्रहको दग्ध करत मनमें बडो आनंद मा
न्यो जोधर्मात्मा पांडवतो बचे अरु अधर्मी पुरोचनको जलाउहूं
औसे विचार चट चटात सब्द करत संपूर्ण लाक्षा ग्रहको भस्म
करत भयो तासमें पुरवासी आय पंच पुत्र भीलनीको जलीदे
षि कुंती पांडव जलिजानि हाहाकार करत भये. दुर्योधनको
मित्र पुरोचन ताको पांडवनको दग्ध करताजानि जलेहू के म-
स्तक कों लातन करि कूटत भये. पांडवनके निकसि गये पी
छें वाष निकनें सुरंगके द्वारकों रज भस्म करिकै दाबि दियो
पांडव जलि गये सुणि धृत्तराष्ट्र दुर्योधनकों उपालंभ दे करि

रुदन करत भयो हे दुर्योधन तोकों निसकंटक राज करणोहोसो
अब हुवो. औरतो सबहीके दुष्ष भयो एक दुर्योधन विदुर ये
अग्यान करिके हर्षित भये. तापीछे धृतराष्ट्र उनको मृत्यु कार्य
सर्वही करावत भयो वे पांडवहू लाष्यागृहतें निकासि दक्षिणादि
साकों रात्रदिन सावधान होइ के गवन करत भये. ऐसे चलतच
लत गंगाजीकों उतरि गहन वनमें रात्रिको वटके नीचू वास कियो
तहां रात्रमे सर्व कौत्रिषालगी. तब भीमसों कही जल विना तोहमा
रे प्राण जातहैं जब भीम सरासनको सब्द स्राणि उहांजाय सरोव
रमै स्नान करि जल पान करि अंजुली भरिजलकों ल्यावत भयो.
सोउन सबकों निद्राकेवस सोवत देषि रुदन कियो जोये स्रुषस
थ्यानपें सोवत है सो प्रथवीमें ऐसें सोवेसें तासों दैवकोंहू धिकार
है. अरुमेरे पराक्रमहूकों धिक्कार है. इतनेहीमें हिडंब राक्षस भू
षोहो सोइनको मांस ल्यायवेकों हिडंबा बहन को भेजी. सो वह
आय भीमको सरूप देषि मोहित होइ गांधर्व विवाहकरि वासों
आयवेको सब वृत्तांत कहि भीमहीके पास रही उहां हिडंबा
कोन आई जाणि हिडंबहू क्रोध करि आयो तब भीम वासों जु
द्ध करि मार्यो तापीछु माता भ्राताकी आग्या पाई वा हिडंबा
कों भार्या करि नदी पर्वत बन वादिव्य स्थाननमें दिन दिनमे विहा
र करि रात्रकों भाइनके पास आवे ऐसे विहार करि रात्रकों भा
इनके पास आवे ऐसे विहार करतें भीमके वा भार्यामें दोयपुत्र
प्रगट भये. घटोत्कच, बर्बरीक नामा भये तापीछे हिडंबा राक्ष
सी वनकों गई. वे पुत्रहू भीमसों बोले काम पडैयादिक रोगे त-
बही आवेंगे. ऐसें कहि माताके संग वनकों गये. ॥ ॥ इ-
तिश्री भाषाभारतसार चंद्रिकायां आदि पर्वणि नवमोऽध्यायः
॥९॥ ॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥ तापीछे वे पांडव जटा ब-
लकल धार ब्रह्मचारीको सरूप करि माता सहित वनमें विचर
तभये. ऐसे फिरतें कोइक समें वनमे रात्रकों सबथकि गये. जब

भीमसेन माताकों पीठिपर धरि दोइ भाइनकों दोइ कंधानपैं धरे नकुल सहदेवकों गोदीनमें लेके चलत भयो. तब मार्गमें वेद व्यास याकों पर्वत समान आवत देषि बोले तुम सर्वही एकचक्रपुरीमें जाय वास करो. तब व्यासजीकी आग्यातें चक्रापुरी में एक ब्राह्मणके घरजाय सबही वसे. ऐसें बलवान हू वहां दिन दिनमें भिक्षा करि अन्न ल्यावें तामें सों अतिथ अभ्यागतकों दिये. पीछू बचे तामें सों आधोतो भीमकों दे आधोरहे सो सब षाइ वा नगरीके बाहर एक बक दैत्य वनमें रहे ताके भयतें पुरवासी एक आदमी और भक्ष भोज्य सामग्री नित्य घर घरतें पहुंचावें ऐसें होतें होतें ये रहे हे जा ब्राह्मणके घरकों वो सरा आयौ सो वह ब्राह्मण स्त्री पुत्र येती नही हे सो आपुसमें महा रुदन करत भये. उनकों रुदन करंतें कुंती गई उनकों सब वृत्तांत स्रुणि करुणा करि कही तुह्मारे एकही पुत्रहे हमारे पांच पुत्र हे सोमें एककों भेजोंगी. तुम भक्ष भोज्य तयार करो. जब वा ब्राह्मणने भक्ष भोज्य सामग्री ल्याय धरी तब भीम वह सामग्रीलेके बकासुरके संकेत पर्वतकी सिलापैं जाय भक्ष भोज्य सामग्री धरि वाकों बुलाय आपवा सामग्रीको भोजन करत भयौ. जब बकासुर आय वाकों भोजन करत देषि पहली तो मूकीनसों मार्यो पीछू ब्रक्षन शिलान करि मार्यो तोहू भीम कीतेक दिनको भूषो होसो भोजनही करवो कर्यो अरु वाके प्रहारनकों गिणे नहीं जब आप भोजनकर चुक्यो ता पीछू उठि षंभ ठोकि मल्ल जुद्ध करि वाकों पटकि मारी. नगरीमें आय ब्राह्मणसों बोले मेरे इष्ट देवनें बकासुरकों मार्यो ऐसें पुरवासिनसों कह्यो तापीछू आप आय भाईनसों कही. एकस्थान रहवो जोग्य नहीं इहां रहेसो प्रगट हो जाइगे. ऐसें कहि पांचाल देसकों गये. तहां मार्गमे फेरि वेदव्यास मिले. उनकों दर्सण करि पांडव आनंद पाय प्रणाम करत भये. तब व्यास हू आशीर्वा

द देकर बोले अबतुम द्रुपद राजाके पुरमैं जावो. वाकेहू यहप
एहै. जो मछ भेदे ताकों कन्याद्यौं. सो तुमजाय वाकौ पण पूर्ण
करि वाकी कन्या व्याहो. ऐसैं व्यास वाक्य सुणि आनंदित हो
इ द्रुपदके पुरकों चले. सो चलते चलते अर्धरात्र समैं गंगातीर
पहुचे. तहां अंधकार करि मार्ग दीस्यो नहीं तब अर्जुन जलतो
उल्मुकले मार्ग दिषावत चल्यो तहां गंगामैं अंगारपर्ण नामा
गंधर्वराज रात्रि विहार करै हो सो क्रोधकर रथपैं सवार होइ
अर्जुनसों जुद्ध करिवेकों मार्ग रोकि ठाढो भयो. जब अर्जुन
आग्नेय अस्त्र करि वाके रथको भस्म करी दियो तब वाकी स्त्री
कुंभीनसी कुंती युधिष्ठिरके सरण आई जब युधिष्ठिरके कहे
सौं अर्जुन वाकों अभय दान दे गंधर्वराज सों मित्रता करि अरु
वाकों आग्नेय अस्त्र दियो तब वाहूनें अर्जुनको विश्वदर्शनी
विद्या और पांचसें संग्राममैं अभेद्य असवार सहित अश्वदि
ये सो यादि करे जबही आणि हाजिर होइ उहांतैं चले. सो उत
कों चक्रतीर्थमैं आइ स्नान करी तप करते हुवे धौम्य मुनि
कों प्रोहित करे. जाके होम आहुति बलकरि सत्रुनकों त्रणवत
ही मानत भये. ऐसैं मार्ग चलतैं सोलवें दिन द्रुपदके पुरमैं पहुं
चे वहां जाय सामान सहित माताकों कुलालके घरमैं धरि स्व
यंवरकों गये. तहांजाय मंत्रमय मच्छ देष्यो रंग भूमिके मध्य
मंडप देष्यो और चारों तर्फ राजा मंचन पैं हैं तिनकों देषि युधि
ष्ठिर भाईनसों बोल्यो द्रुपद राजा पुरुसार्थ करि स्वर्गही भूमि
मैं उतारयो है कहा और देषैतो धुजा पताका सोभित है. स
र्व बाजा बजै है. देसदेसनके राजा ब्राह्मण आवे है. तासमैं
एहू ब्रह्मचारीको सरूप धारि ब्रह्म मंडलीमैं मंच पर जाय बैठे.
सो मंच अतिहि सोभित भयो जैसे पंच सिंघ न करि स्रुमेरु
को शिषर सोहै. अरु द्रुपद राजाहू अर्जुनकौं ही कन्या देवे.
विचारि मच्छ भेदीवेको पण लियो हो सो यंत्रमयी आकासमैं

मच्छ बणायो अरु तैसैही द्रढ धनुष बाणहूं रंग भूमिकी वेदी पर धरे. तहां द्रौपदीकू वस्त्र अलंकार धारण करि वरमाला हाथमैले वेदीपर आई सर्व राजा वाको देषि देषितो हर्षित होइ अरु धनुषकों देषि निस्वास भरे अरु द्रौपदी धनुषकों देषि वारंवार अर्जुनके भुज दंडनकों चिंतवन करै. तासमैमे धृष्टद्युम्न धनुषको पूजन करि भुज दंड उठाय सभाके मध्य वचन बोल्यो जो राजा द्रौपदीकी वांछा करै है सोया धनुषमै बाणधरि मच्छकों भेदो. ऐसे वचन स्रुणि कितनेक राजातो मौन गही. कितनेक धनुषउठाइ चढाइ नसके कितनेक चढाइके षैचिन सके कितनेक षैंचिके बाण सांधि नसके कितनेक बाण साधि लक्षिको निश्चैन करिसके कितनेक पूर्व जसके नासको भय मानि उठेही नहीं. ऐसी दसा देषि ब्रह्मचारी भेषतें भीमसहित अर्जुन मंचतें उठि धनुष पासचले इनको स्ररूप तेज लीला गत देषि कितनेक राजानकों म्हदोद बिगयो. श्रीकृष्ण भीष्म द्रोण इनकों देषिके विचार कियो ए भीम अर्जुनही हैं और राजाहू विचार करत भये. ए सूर्य चंद्रमाही है. सो पृथ्वीमें विचरे है. अथवा और अवतार धारि कृष्ण बलदेवहैं. गणेश स्वामिकार्तिक है. अथवा रघुवंशी राम लक्ष्मणही हैं. ऐसेरा जानको विचार करतही अर्जुन द्रोणाचार्यकों प्रणाम करिं धनुष सांध्यो तब हर्ष सो उनमत्त होय भीमसेन राजान सोंवचन बोल्यो अरे राजाहो तुह्मारे भुज दंडनमें बलहीन नही है तो द्रुपद राजाकी पुत्रीकी वांछा क्यों करोहो. अरु जो तुम वांछा करोहोतो तुह्मारे मंत्रीननें तुह्मारो पराक्रम जाणि तुमको इह्यां आवत मने क्यों न किये. भीष्म द्रोणतो वृद्ध हैं. दूसरे स्त्रीके निमित्त उठावतें लज्या होइ जासों धनुष सपरस न कियो अरु श्रीकृष्णके सोलह

आठ महाराणी हैं सो एक स्त्रीके लिये का हेकों

करै अरुहे कौरव मदांधहो तुमकों धनुष देषतें ही मद जात रह्यो कहां. अरु हे कर्ण तूं कुंडलनकों ब्रथा हलावै है यह धनुष कुंडीलत क्यों न कियो यह ब्राह्मण धनुष षेंचि मच्छ भेदि सबनकी कीर्ति लूटैहै सो तुम देषोहो ऐसे भीमके वचन सुणि संपूर्ण राजानके सिरनीचे भये. तब वाही समै अर्जुन लीलाहि करि मच्छकों भेदि पृथवीमें पटक्यो जब सर्वजन आनंदित होइ ताली बजाई देव दुंदुभी बजाई अरु द्रौपदी महाराज द्रुपदके कहे सों अर्जुनकों आइ वरमाल पहराई तब ऐसे देषी और राजा क्रोध करि सब्भले कही द्रुपद राजा कन्या तो ब्रह्मचारीकों दई. अरहमै बुलाइ अनादर करयो तातें याकूं मारेगे. तब भीम अर्जुन द्रुपदकी रक्षाकों तयार भये. सो अर्जुन तो धनुषकों चला चढायो भीम वृक्षनकों उपाडि राजानको मारत भये. तब कितनेनके शिरहाथ पाउ छिन्न भिन्न होइ गये सो रुधिर चुचावत भागिगये. ऐसें राजानकों भजाइ मल्लजुद्ध करि सल्यकों जीत्यो अर्जुन धनुषके टंकार करि कर्णकों मुष मलीन करयो और कितनेक कितनेक राजा जुद्ध करिवेकों तयार भये तब उनकों श्री कृष्ण कही यहां युद्ध करिवो न्याय नहीं ऐसे श्री कृष्णको वचन सुणि राजा अपने अपने स्थानकों गये पांडवहू द्रौपदी सहित कुलालके भवनमें आये तब उनको आये जाणि माताबोली जो तुह्मे प्राप्त भई सो पांचो समभागतें भोगो. जब एहू माताको वचन मानि वैसें ही विवाह करि वो विचारत भये. तापीछें कुंती राज पुत्रीकों देषि विचार कियो जो मै यह कहा कह्यो जब पांडव मातासों सब समाचार कहेहे. जबही श्री कृष्ण बलदेव आई कुंतीको समाधान करि गये. पीछे पांडव गांवमे जाय भिक्षा करि आये सो भीक्षा सबही मातापास धरी यह रचना देषि द्रौपदी मनमें संताप न पायो. सो सत्तीनके मनकी वात विचित्र ही है. ता पीछे

कूंतीके वचनसों द्रौपदी वह भीक्षाल्याये हे तामें सो पुरोहितभाग निकासि पीछे भिक्षुकनको भाग निकास्यो. बाकी रह्यो तामें सो आधो भीमको दियो आधेके छह भागकरे भोजन करि दर्भ सय्यामें दक्षिण दिसाको सिर करि सोये उनके शिरकीतरफ कूंती सोई पावनकी तरफ द्रौपदी सोई अरुये पांचो भ्राता सोवतहू सस्त्र अस्त्र युद्धहीकी वातें करत रहे सो धृष्टद्युम्न रात्रके समे कुलालके भवनके पीछे छीपिके सब चरित्र इनको देषि स्रुणि प्रभातही जाइ राजा द्रुपदसों सब वृत्तांत कहिकह्यो ये क्षत्री राजपुत्रही हें. सो स्रुणाइ राजाकी चिंता दूरि करी. जब द्रुपद इनकों रथ पठाइ बुलाइ भोजन कराय पूंछ्योजो तुम कोण हे. जब युधिष्ठिर सबकथा आदिसों कही. सो स्रुणि द्रुपद बोल्यो यह कन्यामें अर्जुनको द्योंगो युधिष्ठिर कही हम पांचनहीकी भार्या होइगी. यह स्रुणि द्रुपद संदेह समुद्रमें बूडयो. तबयाको संदेह दूरि करिवाको त्रिकालग्यदरसी वेदव्यास आये. ॥ ॥ इतिश्री भाषाभारतसार चंद्रिकायां आदि पर्वणि दशमोऽध्यायः १० ॥ ॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥ तहां वेदव्यास आय द्रुपदसों पूजा सत्कार पाय वाकी मूढता दूर करवे कों पूर्व कथा कहत भये. हे राजन् स्रुणो एकसमे पार्वती शिव सहित कामधेनुके संग पांच वृषदेषी हसी तब कामधेनु श्राप दियो तूंहू पांचकी भार्या होइगी. तब तब पार्वती कही या श्रापको निवारण कैसो होइ जब शिव ब्रह्मलोक गये ब्रह्मा स्तुती करी तामें पांचवें मुषसों षरकीसी धुनि भई तब वा शिरकों काट्यो जब ब्रह्म हत्यालगी. वह शिर शिवके हाथमें आयो तब शिव हत्यासों कही कैसे छुटै वाने कही अठारह अक्षोहिणीको रुधिर पान करावो सो स्रुणि विष्णु अंगिकार करि कही तुमतो पांचू पांडव वणो. पार्वती द्रौपदी होहु. सोये शिवहें. यह पार्वती हे ऐसें कही दि

न्य द्रष्टिदेके साक्षीसरूप इनकौं दिषाय संदेह दूरि कियो और सुणि द्रोणाचार्य तेरो अपमान कर्यो जब तै याज उपयाज दोउ ब्राह्मण कोंले गंगातीर यग्य कर्यो द्रोणाचार्यको बधकरै ऐसी संतान होहु तब वावेदीमें सों कन्यातो यह द्रौपदी भई कुंडमें सों पुत्र धृष्टद्युम्न भयो. अग्निको अवतार तातै एकेक दिनके क्रमसों इनको विवाह करिवो जोग्य है. ऐसे कहि वेदव्यास गये. पीछु राजा पांडवनकौं यथा क्रमसों पांचनकौं पांच दिनमें द्रौपदी व्याह दई. दुर्योधन धृतराष्ट्रसों आय द्रौपदी विवाह कौ वृत्तांत निवेदन करि कही सेना सहितजाय पांडवन कौं मारों ऐसो मेरो मनोरथ है. यह पुत्रको वचन सुणि धृतराष्ट्र भीष्म द्रोणसों मंत्र करत भये. जब भीष्म बोले द्रुपद कृष्ण तो सहाइ अरु आपहूं पांडव पराक्रमी सो कौनके वसके हैं. तातें उनकों इहां बुलाइ आधो राज्यदे अपजस दूर करो. ऐसे उनको वचन मानि धृतराष्ट्र पांडवनके बुलायवेकों विदुर कौं भेजे. जब विदुर उहां जाइ द्रुपदको समाधान करि कुंती द्रौपदीसहित पांडवनकौं ल्याइ धृतराष्ट्रके चरणारविंदनमें प्रणाम करायो तब धृतराष्ट्रहू युधिष्ठिरसों आशीर्वाद दे कही पुत्र आपुसमें विरोध होई तातै तुम पांडव वनमें वास करो ऐसे धृतराष्ट्रकी आग्या मानि युधिष्ठिरहू पांडव वनमें जाइ इंद्रप्रस्थनामो नगर वसाय वास करत भये. वहां श्रीकृष्णहू आइ पांडवनकौ तेज प्रताप सहित देषि प्रसन्न होई कछुक दिन वास करि द्वारिकाकौं गये. जब द्वारिकामें नारद मुनि कृष्ण सों आय मिले तब कृष्ण सतकार करि नारद मुनिसों बोले पांडवतो पांच अरु द्रौपदी एक है सो इनके स्त्री निमित्य कलेस नहोइ तातें तुमजाय आपुसमें पण करावो. सो सुनि नारद मुनि आय पांडवनसों मिली कथा कही. आगे सुंद उपसुंद नामा दोइ राक्षस वनमें महातप कर्यो जब ब्रह्मा आय कही

वर मांगो तब उननै वर मांग्यो जो हम दोउ भ्राता आपुसहीमें मरे औरके मारे मरे नहीं ऐसो वर पाइ देवतानकों पीडा बहोत करीज ब देवताब्रह्मा पास जाइ उनको वृत्तांत कह्यो. तब ब्रह्मा उरव सीकों उनके पास भेजी. सोवाको रूप देषि बडो भ्राताती क है यह मेरी भार्या है तेरी माता है. छोटो भाइ कहै मेरी भार्या तेरी पुत्रवधू है. ऐसे कहते क्रोधवस होइ दोउ युद्ध करि मरे. ता तै तुम पांच भ्रातानमें द्रौपदी एक भार्या है सो पण करो. जोए कके पास यह होइ तब दूसरो जाय नहीं अरु जाय तो बारह वर्ष तीर्थ यात्रा करे. ऐसै कहि नारद मुनि गये. तब पांडव वाही माफ क एक एक दिन रात्रकी प्रतंग्या करि द्रौपदीसों विहार करत भ ये ऐसे रहते कोई समैमें ब्राह्मणकी गाई चोरी जब वह ब्राह्मण फुकार करत आयो. हे कुंती पुत्रहो मेरी गाइ छुडावो वा समे यु धिष्ठिर सहित द्रौपदीजा महलमेंरही ताहीमे अर्जुनके शस्त्र अ स्त्र है. वातरफतो ब्राह्मणकी पुकार वातरफ पण करी सोजाइ नहीं यातें कैसे करो तब विचार करत करत अर्जुन जाय शस्त्र ले युद्ध करि गाइ छुडाय वा ब्राह्मणनकों संगले तीर्थयात्रा करत भयो. सो प्रथमही तो गंगाद्वार जाइ स्नान करि वेकों प्रवेस कर्यो वहां कोरव्य नागकी पुत्री उलूपी याकों देषि कामातुर होइ ना ग लोकमें लेगई उहां जाय कही मै तुह्मारी भार्या होउंगी. तब अर्जुन विचार कीयो अति अनुरागवती नारीकों सेवन कीये ब्रह्मचर्य भंग होय नहीं. अरु जो मैं अंगिकार न करूं तो यह प्राणन राषेगी. यह विचार वासों विहार करत भयो सो एक रात्र ही वासमें वाकों गर्भवती जाणि मुनिनसों मिलि सब वृत्तांत क हत भयो उहांतें पूर्वदिसाके तीर्थयात्रा करत करत समुद्रके किना रे किनारे होइ मणिपूरकों गयो वा पुरको राजा चित्र ताकी क न्या चित्रांगदा वाको रूप देषि अर्जुन काम मोहित भयो तब चि त्र नृपसों मिलि कन्या मांगी जब राजा बोल्यो हमारो आदि रा

जा प्रभंकर हो सो महादेवकी आराधना करी. जब महादेव प्रसन्न होइ वर दियो तिहारे वंसमें एकेक संतान होइगी. तातें मेरी कन्या वंस करिवेवारीहै. सो याको संतान होइगो सो मेरो है ऐसें कही राजा अर्जुनकों दई. तब अर्जुन तीनवर्षलों उहांरह्यो जब वामें बभ्रुवाहन नामा पुत्र भयो उहांतें दक्षिण दिशाकी तीर्थयात्राकों गयो. तहां सोभद्रतीर्थमें मुनिनें मनें कियो तोहू स्नानको प्रवेस कियो. तब ग्राहीनें पांव पकड्यो तब वाकों पकड आकासमें फेंकी. सो दिव्यनारी होइ बोली हम पांच अपसराहीसों एकतो धर्मा१ सौरभेई २ सामीरका ३ बुदिबुदिका ४ लता ५. ऐसें नामनकरि पांच सषीहीसों एक ऋषिके तप भंग करिवेकों पांचुंजाय आलिंगन कियो तब वानें श्राप दियो तुम ग्राही हो. जब हम वासों पूंछ्यो आपसों मुक्ति कब होइगी. तब उननें कही एक नर आय तुमकों आकासमें फेकेगो जब छूटोगी. तासों जैसें मोकों फेंकि आपसों मुक्ति करी तैसें हीउन चारिनकों करो ऐसें स्रुणि अर्जुनपंचतीर्थनमें पंच ग्राहीनकों उद्धार कर्‍यो तादिनसों अद्यापि वे पंचनारी तीर्थहीक कहावैहै. उहांतें गोकर्ण आदितीर्थ करत करत पश्चिम दिसा प्रभास तीर्थमें आयो. जब श्रीकृष्ण स्रुणि जादवन सहित मिलिवेकों आये. सत्कार कर द्वारकामें लेगये. उहां चातुर्मास वास करियो जब कोई समेमें कृष्णकी भगिनी सुभद्रा याकोमन मोहित कर्‍यो तब अर्जुन एकांतमें श्रीकृष्णसों विनती करी. ऐसें स्रुणि कृष्ण कही स्वयंबरमें वा बलात्कारसों विवाह होइ सोजसकों कर्ताहै. तातें तूं करि ऐसें कृष्ण कही जब सुभद्रा द्वारिकातें बाहर निकसी तब अर्जुनही तीर्थयात्रा करत्तोही वाकों रथमें चढाय इंद्रप्रस्थकों चल्यो सो स्रुणि बलदेवनें क्रोध कर्‍यो तब श्रीकृष्ण कही आप क्यों क्रोध करो. तुह्मारो मनोर्थ भीष्म पौत्र दुर्योधनकों देवेकोहो सो यह हू.

तूं मेरो सारथी होय मेरी बाण वर्षातैं कौरवनकौं भाजते
देषैगो ऐसै सुणि हर्षित उत्तर कुमार अर्जुनकी आग्या प्र
माण सारथी होय अश्वनकौं चलाये. अर्जुनकौं रथपैं अ
सवार होतेंही भूतनकी पंक्ति सहित हणूमान अर्जुनकी
धुजामैं आय प्राप्त भये तिनके दर्सनतैं अर्जुन हर्षित हो
इ पर्वतनकी गुहानकौं विदारत दिग्गजनके कर्ण ताल न.

कौ निश्चल करत सर्पनिके नेत्रनकौं मुद्रित करत देवदत्त संषको वजावत भयौ ताकौ सुणि भयपाय कौरव राजस कुनीसौं बोले स्त्रीतो रथीहै. बालक सारथीहै संषकी धुनि अति भयंकर कैसें होतहै. ऐसे सुणि सकुन बोल्यो गोध नकी हानी भयतें विराट राजा संधिकरिवेकौं कन्या भेजीहै ताकौं अंगिकार करिये. यथेच्छ विहार करिये. ऐसे वाकी नसौं हर्षित भये दुर्योधनसौं द्रोणाचार्य बोले हे दुर्योधन होणहार दारुण युधके कारण ऐसे अपसकुन होतहैं. उ ज्जल. सस्त्रतो मलिन भये उल्का परत है दिग्दाह निर्घात होतहै अश्वनके अश्रुपात होइहै वीरनके हृदयमें कंप आ कासतें रजोवृष्टीहोत सूर्ज निस्तेज होतहै तातें अर्जुन वि ना या सेन सागरके सन्मुष कोण आवे. यह क्रोध रूपीअ ग्निमें कुरुसेनाकौं पतंग करि डारेगो. किरात रूपी शिवकौ रव देषिवे बारे मदोन्मत्त निवांत कवचनके मारिवेवारे हिर ण्य पुरवासी अठ्यासीं हजार कालिकेय मतदैत्यनकौं वि दीर्ण करन वारे ऐसे अर्जुननके बाण युद्ध निमित्त नृत्यक रतहै ऐसे सुणि दुर्योधन भीष्मसौं बोले हे पितामह वि राटसौं युद्ध करतें आपन सौं युद्ध करिवेकौ अर्जुनके सैआ वैगो अरु आवैतो आपुनेकहा हानिहै फेरि बनवास करै गे. अरु रणके प्रारंभमें परकी स्तुति करे ऐसे गुरु द्रोणकू कहाकहै ऐसे सुणि भीष्म बोले हे दुर्योधन प्रतंग्याके वर्ष नतें एकमास अधिक वितीत भयौहै ऐसे संवाद होतेहीअ र्जुन देवदत्त संषकी धुनि किये पीछे मूर्छितउत्तरको समा धान करि दिव्यासनकौं ध्यानकरि धनुषको टंकारकीये सो सुणि भीष्म बोले यह अर्जुन युद्ध निमित्त गांडिव धनुष्य कौं सज्ज करि टंकार कियो है याकी धुजामें हनुमान बीरा जेहै सो सहाइ कहै तातें संधिकरि जगतकौं निर्भय करो

ऐसे स्रुणि दुर्योधन बोले यासौं संधितौ मै कदाचितही न
हीं करौं ऐसे वचन स्रुणि भीष्मदेव बलवान मानि बोले हे
स्रुभट हो तुम सावधान हो अर्जुनसौं युद्ध करेंगे. चतुर्थांस
सेना गोधनले पुरकौं पहुंचावो अरु तैसेही दुर्योधनहू चतु
र्थांस सेनाले जावो. सेवकनकों जैसे तैसे स्वामीकौं बचानि
मित्य युद्ध होय तावस्तुकौ रक्षणही रणमै विजय है अरुद्रो
णादिक वीरन सहित मै अर्जुनकौं रोकौंगो. यह स्रुणिदु
र्योधन भयभीत होइ तैसेही करत भयो. ताकौं वेगतें जात
देषि अर्जुन बोल्यो हे उत्तर भयपाय दुर्योधन गोधनले ह-
स्तनापुर जातहे इनके गये पीछे युद्ध व्रथा होइगो. तातैं या
कौं मार्ग रोकिवेकौं अश्वनकौं शीघ्र चलावो. ऐसे स्रुणिउ
त्तर कुमार अश्वनकौं शीघ्र चलाय दुर्योधनको मार्ग रो
क्यो तब अर्जुन दुर्योधनको भयभीत देषि बोल्यो हे दुर्यो
धन रणकौं तजि चंद्रवंसकौं कलंकित क्यौं करतहे. प्रथ
मतो गोहरण कियो अब जुद्धमै मोसौं भाजैहै सो जोग्य न
हीं मै धनुषधारी इकेलो तूं सतभ्राता बहु वीरन सहित तो
कौं ऐसो समय दुर्लभ है. ऐसेहू वचननकौं अनादर करि भा
जते दुर्योधनको मार्ग रोकि जुधकौं तयार अर्जुनकौं देषि
भीष्मादिक सकलवीर रक्षाकौं आये. तहां सकल कौरवन
कौ सामिल देषि हर्षित अर्जुन देव दैत्यनकौ कंप करि देव
दत्त संषकी धुनि करी. ब्रह्मांड मंडल विदीर्ण करतसो भा
सत भयो परवार सहित हनुमानकी गर्जनातें लोक प्रलय
ही मानत भयो तासमै अर्जुन धनुष टंकार कियो सो स्रु-
णि गोधन उर्द्ध पुच्छ करि अर्जुन सनमुष होइ विराट पुर-
कौं गयो अरु अर्जुन दुर्योधनकौं देषि द्रौपदीके केंस पै-
चिवेके रोसतें अपार बाण धारा वर्षत इंद्र नंदन इंद्रतुल्य
[illegible] दीख्यौ एकलौ अर्जुन सूर्य मंडलकूं ढांपिदे इननें

एानकौं वर्षै तिन वाएानकौ सकल कौरव वीरकाटिन सकै
वह इकलौ सकल कौरवनके बाएानकौं काटि वीरनके रथ अ
श्व गज योधानके अंगनमें ऐसैं कोऊन रह्यौ जाकौ अर्जुन
के बाएा व्यथानकरी अरु जैसें एकहीके शरीजो सिंघ अ
पार गज घंटानके मदकौ दूर करै तैसें एकही अर्जुन सक
ल वीरनकौ मदहीन करि भीष्मके मुखकौं देषि दोय बाएा
चरएानमें दीये पांच बाएा द्रोएााचार्यके चरएानमें दीये. ती
न बाएा कृपाचार्यके चरएानमें दीये. सोबाएा नहीं करि उन
कौं दंडोत करी और सकल वीरनकौं बाएानकरि व्याकुलक
रि गजनके कुंभस्थल विदीर्एा करि समर भूमिकौं मुक्ताम
य करि बाएा वर्षातें दुःसासना दिकनकौं बाएा प्रहारतें चि
त्रलिषेसे किये जैसे सूर्योदयतें तारा मंडल दुती हीन होइ
तैसें सबही वीर भये ऐसें पराजय देषि जयद्रथ आदि सर्व
ही वीर सामिल होइ अर्जुनसों जुध करत भये. इकलो
अर्जुन सकल वीरनकौं अनेक रूपधारि युध करत दीस
त भयो सबनकौ मरएामें निश्चै देषि अर्जुन करुएाा करि
संमोहनास्त्रसों सब वीरनकौं निद्रावसि किये तातें सकल
वीर वाहन तजि अधो मुष होइ पृथ्वीमें गिरे तब अर्जुनउ
त्तराकोवचन स्मरएा करि उत्तरकुमार सौं बोल्यौ हे राजपु
त्र, दुर्योधनके कदली रंग कर्एाके स्वर्एा रंग और वीरनके
अनेक रंगकी पागहैं ते उतारिल्यौ और भीषम सोवे नहीं
हैं द्रोएााचार्य कृपाचार्यहूको तैसेंही जाएिा नमस्कार करि-
यौ ऐसें सुनि उत्तरा कुमार रथतें उतरि सत्रु सेनामें जाय
वस्त्रहरएा करि फेरि आप सारथी होइ पुरके सनमुष चल्यौ
तापीछे सकल सेना सचेत भई जब भीष्म बाएा चलायेसो
देषी अर्जुन तिनके रथके अश्वमारि दुर्योधनके किरीटकौं
षंड षंड करि सस्त्रनकौं फेरि समी वृक्षमें धरि विराटपुर-

आये. ॥ ॥ इतिश्रीभाषाभारतसारचंद्रिकायांविराटपर्वणिचतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥ ॥ ॥

॥ ॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥ राजाविराटविजयकरि निज नगर आये तहां ब्रह्नटाकों सारथी करि उत्तराकुमार भीष्मादिक वीरनसों जुद्ध करिवेकों गयो सुणि दुष्यंत भये अरु कंक हर्षीत भयो तब राजा विराट पुत्रकी सहाइ करिवेकों सेना तयारकरे हो जितनेंही हलकारानें आयउत्तरा कुमारके विजयकी षवरदीनी तब राजा हर्षपाय नगरमें उत्सव कराय कंकसों चोपड षेलिवे लग्यो. तहां विराट बोले हे कंक सेनाविनाही उत्तर कुमार भीष्मादिकनकोंजीति गोधनकों ल्यायो सकल कौरवनसों विजय पायवे वारो उत्तर समान और वीरहैही नहीं. ऐसे सुणि कंकबोल्यो महावल पराक्रम जहांजाय तहां विजयमें संदेह कहा. ऐसे सुणि विराट कंकके लिलाटमें पासानकी दई तहांतें रुधिर धारा चली तब युधिष्ठिर विचारी मेरो रुधिर पातक प्रथ्वीमें देषि भीम वा अर्जुन याके कुलको नास करेंगे सो जाके घरमें एक वरसवसे ताके कुल नास नकरणो ऐसो विचारि हाथनमें रुधिरको धार्यो तहां मालनी शीघ्र आइ सुवर्ण पात्रमें कंकको रुधिर लीनो ताही देषि राजा विराट क्रोध करि मालनीसों बोले हे मालनी कंकको रुधिर सुवर्ण पात्रमें धारिवो जोग्यनहीं. तब मालनी वोली हे राजेंद्र वृथाक्रोध नकरणो याको कारण सुणो कंकको रुधिर जादेसमें गिरै तहां दुर्भिक्ष अनावृष्टि अकाल मरणभय होइ ऐसेकहि निजस्थान गई तापीछे नगरमें आवत अर्जुन उत्तरसों कही हमकों तीन दिन औरभी प्रगट होणो नहीं ऐसे दृढ शिक्षा देय उत्तरको रथीकरि आपसारथी होइ राजद्वार आवत भयो तापीछें द्वारपालके मुषसों

विजय करि वृहन्नटा सहित उत्तर कुमार कौं आयो सुणि दोउनकौं शीघ्र निकट बुलाये तब कंक कही मेरे सरीरतें रुधिर काढीवे वारेकौं कुटंब सहित जम लोक पठावे है याकार णतें ब्रहन्नटाकौं मतिल्यावो उत्तर कुमारहीकौं ल्यावो ऐसें सुणि द्वारपाल इकलेइ उत्तरकुमारकों सभामें ल्यायो तब कंकके लिलाटमें रुधिर देषि उत्तर कुमार पितातें पूछी. यह कर्म कोणनें कस्यो जब राजाके मुषतें पूर्व वृत्तांत सुणि बोल्यो हे राजेंद्र ब्राह्मणनको क्रोध करायवो जोग्य नहीं इनकों प्रणाम करि प्रसन्न करो ऐसे पुत्रवचनतें राजा कंककों प्रणाम कर प्रसन्न करत भयो. सकल लोकनकौ कोप करि भस्म करिवे समर्थ ऐसों कंकहू लिलाट मै पाटी बांधि क्षमावाननमें शिरोमणि भयो तब राजा कंकको रुधिरगुप्त कियो देषि वृहन्नटाहूकों बुलायो अरु पुत्रसों कही तीन्यो लोकनकों जीतिवेवारे ऐसे भीष्मादिक बीरनकौं तुम एकलेही कैसे जीते तब उत्तर कुमार कही हे महाराज कोई दिव्य पुरुष मेरे पुन्यके प्रभावतें सहाय करि सकल सत्रुनकोंजीते सो दिनतीन पीछे प्रगट होइगे सो सुणि राजा प्रसन्न भयो. ॥ ॥ इतिश्री भाषा भारत सारचंद्रीकायां विराटपर्वणि पंचमोऽध्यायः ॥ ५ ॥ ॥

॥ ॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥ तीसरे दीन प्रभातही स्नानादिक कर्मकरि निर्मल वस्त्र धारि राजा युधिष्ठिरकौं अग्यकरि भीमादिक चारों भ्राता विराटकि सभामें आय सिंघासनपें युधिष्ठिरकौंबैठाय आप आपकी ठौर सकल भ्राता बैठे यह सुणि राजा चक्रत भये जब उत्तर कुमारके मुषसों संपूरण व्रत्तांत सुणि सीघ्र आइ महाराज युधिष्ठिरके चरणनमै प्रणामकरि बोल्यो हे महाराज मेरे स्वामी माता पिता ईश्वर तुमही मो मूढ दोसके सकल.

अपराध क्षमाकरोगे. ऐसे कहि चरणनमें पत्यो ताविराटकों
भीमादिक चारों भ्राता उठाइ आसनपें बैठायो जब विराट
कही मेदसपुरी परवार सहित आपके संगतें पवित्र भयो
अरु अपराध क्षमा करायवेकों अर्जुनके निमित्य उत्तराक
न्याकों देतहों सौत्यो तब अर्जुन कहि आपकी पढाई कुमा
रीकों पुत्री समान मानतहों अरु तुमकों अतिही आग्रह-
होइतो यह कन्या मेरे पुत्र अभिमन्युकों दीजे ऐसे स्रुणि
ब्राह्मणतें विवाह लग्नको निश्चैकरि अभिमन्युके बुलाइवे
कों दूत द्वारीका भेज्यो सो शीघ्र श्रीकृष्णके द्वारजाइ पहुं
च्यो तब दूतको द्वारपालके मुषतें आयो स्रुणि श्रीकृष्णस
भामें बुलाय सकल वृत्तांत पूछत भये. जब दूत प्रणाम क
रि बोल्यो महाराज युधिष्ठिर भ्रातान सहितगौप्य वरस स-
मासकरि गोहरण समे दुर्योधनकों आदि दे सकल कौरव
नकों जीते जब विराट राजा उत्तराको व्याह अर्जुनसों क
ह्यो तब अर्जुन कही मे पढाई तातें कन्या समहे तब अ-
भिमन्युसो ठहराय तुह्मारे मोकों भेज्योहे यातें हे जगदी
श्वर स्रुभद्रा सहित अभिमन्युको भेजिये आप याके
मामाहो तातें विवाहको निमंत्रण पत्र तुमहूकों पठायोहे.
जासों आपहू परिवार सहित चलो उत्तराके विवाहमें प्रसन्न
अभिमन्युकों सौभाग्यमान देषो ऐसे स्रुणि श्रीकृष्ण सव
अंगिकार करि दूतको निजवस्त्र आभूषण उतारि दीनेंपी
छु विदाकियो अरु अभिमन्युको उद्धवतें नीति सीक्षा दि
वाय निपुणजाणि दिव्यास्त्र विद्या पढाय असंख्य अश्व ग
ज रथ पयादेन सहितसेना संग देय विराट पुरकों पठावत
भये सो अभिमन्यु आगमनि स्रुणि हर्षित होय विराट पां
डव सहित सकल सेना संगलेय कुमारके सनमुष गये. जव
अभिमन्यु महाराज युधिष्ठिरकों देषि तुरंगतें उतरिसाष्टांग

प्रणाम करि पीछै भीमादिकनकौं प्रणाम करी विराटकौंप्र
णाम करत भयो फेरि उत्तरसौं आलिंगन करि मिलत भयो
फेरि युधिष्ठिरकी आग्यातैं तुरंगपैं असवार होइ परमहर्षि-
त उत्सव सहित विराटको नगरतामैं प्रवेस करि पांडव सहि
त राज मंदिरमैं वास करत भये. तैसैही द्रूत सुषतैं स्रुणिपर
वार सहित सिषंडी धृष्टद्युम्न अरु सकल सेना संगलेय रा
जा द्रुपदहू आयो ताहूकों सनकारकरि राख्यो तापीछै भा
णेजके विवाहमैं अपार द्रव्य गज रथ तुरंग वस्त्र अलंकार
सामग्री देवेकों बलदेव उद्धव सात्यकी अक्रुरादिक मंडली-
सहित श्रीकृष्णहू आये तिनके सनमुष युधिष्ठिरादिक सर्व
राजाजाय परम आदरतैं मिलि राजायुधिष्ठिर सर्व वृत्तांतनि
वेदन करि नगरमै ल्याय विवाहको उत्सव करत भये. राजा
विराट गणपति पूजनादिक सकल कर्म करि स्रुभ मुहूर्तमैं
वस्त्र अलंकारसौं मंडित करि उत्तराको वर पूजन करि पा
णि ग्रहण करवायो तापीछै राजा विराट वस्त्र अलंकार गज
अश्व रथ धन रत्न दास दासी देय अरु वरकी साथि आये
श्रीकृष्ण बलदेव उद्धव सात्यकी द्रुपदादिकनकौं पूजि असं
ष्य भक्ष भोज्यादिकनसौ तृप्त करि स्रुंदर वर कन्याकौ संजो
ग देषि राजा विराट आत्माको कृतार्थ मानत भयो. तापीछै
अभिमन्यु सकल गुरु जननकों प्रणाम करि ब्राह्मणतैं आ
सीर्वाद पाय निजभवनमै आय स्रुभद्राकौ प्रणाम करतभयौ
स्रुभद्राहू बधू सहित पुत्रकौ हृदय मैंल गाय आनंद मान्यौ
द्रौपदीहू स्रुदेष्णा राणीतैं सनमान पाय द्रुपदके दियेवस्त्र
अलंकारनसों मंडित होइ पुत्रको वधूसहित देषि आनंद
सहित होय विप्रनकों अनेक दानदेत भई अरु नगरीमैं
गीत वाद्य उत्सव अपार होतभये. ॥ ॥ दोहा ॥ ॥
भाषा भारतसार यह पर्व विराट प्रमान ॥ रावचांद सिंघके

हुकम किये सुक विसुषदान ॥ ४ ॥ इतिश्री भाषा भारत सार चंद्रिकायां विराट पर्व णि षष्ठमोऽध्यायः ॥ ६ ॥ ॥

इति भाषाभारतसार विराटपर्व समाप्तम्.

भाषाभारतसार उद्योगपर्व. चित्र १.

अथ भाषाभारतसारउद्योगपर्व प्रारंभः

श्रीगणेशायनमः ॥ ॥ अथउद्योग पर्व लिख्यते ॥ ॥
वैशंपायनउवाच ॥ ॥ ऐसै अभिमन्युको विवाह करि पांचों
पांडव कृष्ण बलदेव. द्रुपद द्रौपदी मंत्र करिवे कों बेठे. तहां
युधिष्ठिर बोले हे कृष्ण तुम हमारे नाथहो हम बारह बरस
वनवास कियो एकवरस विराट नगरमें अग्यात वास करि.
प्रतंग्या पालन करी यह चौदहों वरसहै अब कहा करतव्यहै
बांधवकेसाथ विरोधसों जय पराजय में यह चंद्रवंस सूरवीर
नसों रहित होइगो. अरु उनकों जीते गेतो अपकीर्ती होइगी
जो धृतराष्ट्र हमकों पांच गांव भी देतो जुधमे कलेस काहेकों क
रै अरु यह प्रथवीकों तो बहुत भोगेहै यातों गणिका समान
है अरु भाग्य हीन पतिकों छोडि भाग्यवानसों रत होइहै ता
तै यामै प्रीति करि पातक क्यों करणों वेसो बांधव सुषी रहो
हम पांच दुषीही रहेंगे. ऐसे सुणि द्रुपद बोले. अचेतन काष्ट
हुमें अति घर सणतें अग्नि प्रगटहोतहै. अरु ऐसे अपमा
ने पाइ क्षमाकरे तिनकों नीतिको उपदेस कहा कहिये. अरु
नीतिके जाणवे वारेतो अपराधी गुरुनहूकों मारेहै. जैसे अ
ग्निहोत्री घरकों जलावतेहै. अग्निकों बुझावै यातें एक भी
महीकी गदा प्रहार करिवेतें वासि होइ ऐसे वैरीनपै तुमसरी
से धर्मात्मा विना क्षमा कोण करै ऐसे सुणि श्रीकृष्ण बोले
धर्मके सार वचनतो राजा युधिष्ठिर कहे सूरवीर ताके सारऐ
से वचन द्रुपद कहे. अबमें कहा कहो तोही सुणो पराक्रम
विनातो नीति रंडाहै अरु नीति विनापराक्रम निरर्थक है
ये दोउ कीर्ति रूपी भार्याकों प्रगट करैहै सूर वीर ता सहित

नीति सकल राजानके वस करिवेको कारण है तातें यहांनी
तिही करिये जो अंधके पुत्र नीतिकों अंगिकार करैतो ऐसे
श्रीकृष्णके वचन सुणि नेत्रलाल करि द्रौपदी बोली नीति
तुमारे सिरपैं पड़ौ बुधि नष्टहो मंत्र तुह्मारो पातालकों जावो
अरु सस्त्र तुह्मारे नासकों पावो अरु मेरे केंस वस्त्र सभामें
षैंचतें देषि क्षमा करी तातें तुह्मारो बलतो गयो पैं हृदय क्यों
नही फट्यौ तातें मानहीन राजा वैरीनसों संधि करि मैं तो
प्राणत्याग करिवेकों अगनिमें परोंगी ऐसे बोलती द्रौपदीके
निःस्वास पवनतें भीमकों क्रोधरूपी अग्नि प्रज्वलित भयो
तब भीम भ्रकुटिकों चढाइ होठनकों डंसत बोल्यो बाललीला
में मोकों उनने विस दियौ अरु लाक्षा ग्रहमें अगनि लगायो
सो मेरे हृदयकों अबलों दहैहै अरु द्रौपदीके केंस पकडे दे
षे पीछे अबलों निद्रा नहीं आवैहै जोलों दुःसासनके हृदय
के रुधिर नहीं पीवोहों अरु दुर्योधनकी जंघाकों गदासों
चूर्ण नहीं करोहों तोलों मोकों धिक्कार है. अरु क्षत्र कर्म-
करि मंदराजा जीतने संधि करै तितने गदासों मैं वैरीनके षं
ड षंड करि प्रथीमें पटकोंगो ऐसे कहि प्रथीपें हाथनकों पटकि
भीम गदाले उठ्यो तब बलदेव दोउ भुजानतें पकरि बोले हे
भीम तूं बल बुद्धि करि जगतकों जीतें तोहू वे छलिबली ऐसे
हैं सो जीते नहीं जांय अरु बडेनकी आग्याहू उल्लंघन करिवो
जोग्य नहीं तातें युधिष्ठिरके वचन मानिवो योग्य ही है अरु
वेहू तोही सरीसे गर्वितहैं संधिकों न मानैं हैं तातें रोसके वस
होणो योग्य नहीं रणके निमित्य सेना इकठी करणीं अरु
वैरीनके पास यथार्थवादी भृत -भेजणो. ऐसे सुणि सवही
विचारि करि संधि वा युध इन दोउ निमित्य द्रुपद पुरोहितकों
धृतराष्ट्र पास पठायौ अरु सेना संचय करिवेकी आग्या देक
रि श्रीकृष्ण द्वारिका गये. तब पांडवहू रण निमित्य राजानकों

बुलावत भये. तहां पांच पुत्रन सहित पांचौं जवाईनकीस
हाइता करिवेकों राजा द्रुपद एक अक्षौहिणी सहित आयो
अरु विराट राजाहू परवार सहित एक अक्षौहिणी संग
ले आयो. अरु सात्यकी यादव पहली दोय अक्षौहिणी
आईही तिनमें आपकी अक्षौहिणी मिलाय त्रिवेणीक
री. और धृष्टकेतु सिसुपाल पुत्र जरासिंधु पुत्र सहदेव
एक अक्षौहिणी लैके सामिल भये. और माहिष्मतीपति
राजानील केकय देसके राजा पांचो भ्राता दृढक्षेम पुत्र
अरु कुंतभोज श्रेणीमान सिविपौरव आदिले औरहूअ
नेकदेसनके राजा मिलि युधिष्ठिरकों सप्त अक्षौहिणीप
ति कियो अरु श्रीकृष्णके ल्यावेकों दुर्योधन अरु अर्जुन
दोउ एकही समैमें पहोंचे. तहां अंतः पुरमें श्रीकृष्ण
कों सोवत देषि दुर्योधनतो नकिया पास बैठ्यो अरु अ
र्जुन पांवनके पास बैठ्यो जब श्रीकृष्ण जागि बैठे भये त
ब पहले अर्जुनकों देषि तासों कुसल पूंछि पीछे तकी याके
कांधो लगाये. दुर्योधनकों देष्यो तहां दोउही जुधमें सहाय
करिवो मांग्यो जब श्रीकृष्ण दुर्योधनसों बोले हे कौरवेंद्र
तू पहले आयो पीछे अर्जुन आयो परंतु पहले दृष्टिमें आ
य अर्जुन सहायता मांगी. पीछे तुम मांगी. सो एकतरफ
तो जुद्ध विनामें अरु एक तरफ मेरी एक १ अक्षौहिणी से·
नासों दोउनमें सों एकल्यो ऐसें सुणि कृतवर्मा सहित
एक अक्षौहिणी सेनालेय दुर्योधन हर्षयुक्त हस्तनापुरआ
यो. अरु कृष्णने सारथी पणो कबुल कार्यो तब वैरीनकों
जीते मानि अर्जुन युधिष्ठिर पास आयो सैल्य पांडवनके
पास आवै हो ताकों दुर्योधन सनमान करि आपको पक्षपा
ती कीयो यह वृत्तांत कहिवेकों सल्य युधिष्ठिर पास आय
समाचार कहे. जुधिष्ठिर बोले तुह्मारी इच्छा होयजहांही

जावौ कौरवन पक्ष करतहू तुमनिंदा वचननकरि कर्णको तेजो नासकरो ऐसे अंगिकार करि सल्य दुर्योधन पासआयो अरु दुर्योधन पास औरहू राजा आये भीमासुरकोपुत्र भगदत्त. सिंधुराज जयद्रथ. अवंतीपति विंद १ अनुविंद १ दोउभ्राता सल्य मद्रपति कृतवर्मा कांबोजराज स्रुदक्षिण सोमदत्त पुत्र भूरिश्रवा ये सातो बांधव संबंधीन सहित सात ७ अक्षौहिणी सेनाले करि आये और सब राजामिली चारि ४ अक्षौहिणी सेनालेकरि आये ऐसे दुर्योधनके ग्यारह ११ अक्षौहिणी सेना भई तब सभामें बैठे धृतराष्ट्र ताको पास पांडवनको भेज्यो प्रोहित आय वचन बोल्यो हे धृतराष्ट्र राजा युधिष्ठिर यह कहीहै मैं द्यूतके करारके दिन वितीत किये. अब पृथ्वीको विभाग हमहूकों दीजे यह पृथ्वी मंडलको एकसो चारि १०४ भाईनसहित पालन कियो चाहतहो पृथ्वी एकसों भोगी जायनहीं कुलके होते और कौन भोगे ताते तुम बांधवनसों पूछि मनमें विचारि उत्तरद्यो ऐसे कहि प्रोहित सबनकी तरफदेख्यो तहां कोउ बोल्यो नहीं तब भीष्म बोले भुजबल करि सब विभजीति. विपति समुद्रको पार पांडवनने पायो यह आनंद भयो अरु महादेवकों भुजबलसों संतुष्टकरि वीर अर्जुन आयो ऐसे महापराक्रमी पांडव है तोहू वे संधिहूकों चाहतहे तातें उनके क्रोधाग्निमें पृथ्वीपति पतंगव्हेके नहीपडे तितनेही कुसलहे ऐसे भीष्मके कहतही कर्ण भृकुटी चढाइ बोल्यौ रणतें डरपे भीष मांगे ऐसे पांडवहे तिनते भय तुम हमकों क्यों करि कहोहो पृथ्वीमें औरहू अनंत वीर हे तोहू उन भिक्षुकनकी स्तुति करत लज्जा नहीं पावतहो असमर्थ पुत्र पिताको वा पितामहकों प्यारे होतहे तातें समर्थ कौरवनकी निंदाकरि पांडवनकी स्तुति करोहो ऐसे कर्ण.

बुलावत भये. तहां पांच पुत्रन सहित पांचों जवाई नकीस
हाइता करिवेकों राजा द्रुपद एक अक्षौहिणी सहित आयो
अरु विराट राजाहू परवार सहित एक अक्षौहिणी संग
ले आयो. अरु सात्यकी यादव पहली दोय अक्षौहिणी
आईही तिनमें आपकी अक्षौहिणी मिलाय त्रिवेणीक
री. और धृष्टकेतु सिसुपाल पुत्र जरासिंधु पुत्र सहदेव
एक अक्षौहिणी लैके सामिल भये. और माहिष्मतीपति
राजानील केकय देसके राजा पांचों भ्राता वृद्ध क्षेम पुत्र
अरु कुंत भोज श्रेणीमान सिविपौरव आदिले औरहू अ
नेकदेसनके राजा मिलि युधिष्ठिरकों सप्त अक्षौहिणीप
ति कियो अरु श्रीकृष्णके ल्यावेकों दुर्योधन अरु अर्जुन
दोउ एकही समैमें पहोंचे. तहां अंतःपुरमें श्रीकृष्ण
कों सोवत देषि दुर्योधनतो नकिया पास बैठ्यो अरु अ
र्जुन पांवनके पास बैठ्यो जब श्रीकृष्ण जागि बैठे भये त
ब पहले अर्जुनकों देषि तासों कुसल पूंछि पीछे तकी याके
कांधो लगाये. दुर्योधनकों देष्यो तहां दोउही जुधमें सहाय
करिवो मांग्यो जब श्रीकृष्ण दुर्योधनसों बोले हे कौरवेंद्र
तू पहले आयो पीछे अर्जुन आयो परंतु पहले दृष्टिमें आ
य अर्जुन सहायता मांगी. पीछे तुम मांगी. सो एक तरफ
तो जुद्ध विनामें अरु एक तरफ मेरी एक १ अक्षौहिणीसे-
नासों दोउनमें सों एकल्यो ऐसें स्रुणि कृतवर्मा सहित
एक अक्षौहिणी सेनालेय दुर्योधन हर्षयुक्त हस्तनापुरआ
यो. अरु कृष्णने सारथी पणो कबुल कार्यो तब वैरीनकों
जीते मानि अर्जुन युधिष्ठिर पास आयो सैल्य पांडवनके
पास आवे हो ताकों दुर्योधन सनमान करि आपको पक्षपा
ती कीयो यह वृत्तांत कहिवेकों सल्य युधिष्ठिर पास आय
समाचार कहे. जुधिष्ठिर बोले तुह्मारी इंच्छा होय जहांही

जावो कौरवन पक्षकरतहू तुमनिंदा वचनन करि कर्णको
तेजो नासकरो ऐसे अंगिकार करि सल्य दुर्योधन पासआ
यो अरु दुर्योधन पास औरहू राजा आये भौमासुरकोपु
त्र भगदत्त. सिंधुराज जयद्रथ. अवंतीपति विंद १ अनु
विंद १ दोउभ्राता सल्य मद्रपति कृतवर्मा कांबोजराज सु
दक्षिण सोमदत्त पुत्र भूरिश्रवा ये सातो बांधव संबंधीन
सहित सात ७ अक्षौहिणी सेनाले करि आये और सब
राजामिली चारि ४ अक्षौहिणी सेनाले करि आये ऐसे दु
र्योधनके ग्यारह ११ अक्षौहिणी सेना भई तब सभामें
बैठो धृतराष्ट्र ताको पास पांडवनको भेज्यो प्रोहित आय
वचन बोल्यो हे धृतराष्ट्र राजा युधिष्ठिर यह कहीहै मै द्यू
तके करारके दिन वितीते किये. अब पृथ्वीको विभाग हमे
हूकों दीजे यह पृथ्वी मंडलको एकसोचारि १०४ भाईनस
हित पालन कियो चाहतहो पृथ्वी एकसों भोगीजायनहीं
कुलके होते और कौन भोगे तातें तुम बांधवनसों पूंछि म
नमे विचारि उत्तरद्यो ऐसेकहि प्रोहित सबनकी तरफदेख्यो
तहां कोउ बोल्यो नहीं तब भीष्म बोले भुजबल करि सब वि
ध्नजीति विपति समुद्रको पार पांडवननें पायो यह आनंद
भयो अरु महादेवकों भुजबलसों संतुष्टकरि वीर अर्जुन
आयो ऐसे महापराक्रमी पांडव है तोहू वे संधिहूकों चाह
तहै तातें उनके क्रोधाग्निमें पृथ्वीपाति पतंग व्हैके नहीपडे
तितनेही कुसलहै ऐसे भीष्मके कहतेही कर्ण भृकुटी च
ढाइ बोल्यो रणतें डरपे भीष मांगे ऐसे पांडवहै तिनते भय
तुम हमकों क्यों करि कहोहो पृथ्वीमें औरहू अनंत वीर है
तोहू उनाभिक्षुकनकी स्तुति करत लज्जा नहीं पावतहै अ-
समर्थ पुत्रपिताको वापितामहकों प्यारे होतहै तातें समर्थ
कौरवनकी निंदाकरि पांडवनकी स्तुति करोहो ऐसे कर्ण.

भीष्म बोले हे राधेय कर्ण पांडवनकी स्तुति सुणि तूं संतापक रैहै राजाविराटके गोहरणमें अरु घोष जात्रामें युद्ध अर्जुनसों भयो तहां तेरो पराक्रम देष्यो तोहू तेरी निर्भयता धन्यहै ऐसे भीष्मके वचन सुणि सभासद सबहीहंसे तातें कर्णको मुष मलीन भयो जब धृतराष्ट्र बोले भीष्मपितामह जोवचन बोले है सो बंसाग्नि बुजायवे कोजलहै. पांडवनको तेज जगतको संघार करिवेको समर्थ है तोहू वेक्षमाकरै है सो योग्यहीहै अब याकों उत्तर देवेकों संजय जावो उनकों प्रसन्न करो ऐसे कहि पुरोहितके संग संजयकों पठायो तब संजय उपलव्य नामकपुरमें मंत्री मित्रन सहित राजा युधिष्ठिर ताके पास जाय आपको नाम कहि प्रणाम कीनो जब युधिष्ठिर कुसल पूंछी तब संजय बोल्यो जिनकी तुम कुसल चाहो ताकुलमें कैसे कुसल नहीं होय अब महाराज धृतराष्ट्र संदेस कह्योहै सो सुणो धूलिमई भूमिकी इच्छा करिबांधवनकों मारे ताकी कीर्ति कैसे रहे तातें तुम लक्ष्मी की वांछा करि कलह मति करो तुम धर्मात्माहो ऐसे सुणि युधिष्ठिर बोले मैं धृतराष्ट्रतें कबहू कलहकी वातहूनही करि तोहू मोसों ऐसो क्यों कहै है हालतो जुद्धकोमसंग हैही नहीं पहले वचन कहेहै ताधर्मतें बंध्यो ऐसो मेरो पिता धृतराष्ट्र पृथ्वी देहीगो अरुजो पुत्रनके ममततें परवस होय न देयतो या कार्यमें श्रीकृष्ण कहेंगे सो होइगो. ऐसे सुणि श्रीकृष्ण बोले जो धृतराष्ट्र राजायुधिष्ठिरकों पृथ्वीको विभाग देतो द्रौपदीके केसषैंचिवे आदि औरहू अपराधनको सहैगे. अथवा इंद्रप्रस्थ १ यत्रप्रस्थ २ माकंदी ३ बारबाणवत ४ येक और कोईगाम ये पांच द्यो इनको नद्योतो भीमकीगदा अर्जुनकेबा

ए करैंगे सो होइगो. ऐसे श्रीकृष्ण पांडवनको वचन सुणि संजय वेग करि धृतराष्ट्र पास आय सब वृत्तांत कह्यो जब धृतराष्ट्र संजयके वचनतें पांडवनको धर्म विवेक युत विचारि चिंता युक्त होय विदुरकों बुलाय समाचार कहे सो सुणि विदुर बोले हे महाराज, चिंता करि व्याकुल मतिहो संपति अनित्य है आत्मा नित्यहै वैरिकों दूरितें आयो देषि सनमुष जुद्धकों होड वेही शूर कहावतहै यह आत्मा कोईको हैनहीं मैं मेरो यह अग्यानिनको हठहै तातें पांडु पुत्र तुह्मारे पुत्रनकों सम द्रष्टि करि देषो जब धृतराष्ट्र कह्यो जो समदृष्टि करि देषो जब धृतराष्ट्र कह्यो जो समदृष्टि-ग्यानविना होय नहीं तातें ग्यानको उपदेस करो. ऐसेंसुणि विदुर सनत्सुजात मुनिको ध्यान कर्यो तब सनत्सुजात आय राजाको ग्यानको उपदेस कियो प्रभात सभाकरि दुर्योधनकों बुलाय संजयकों धृतराष्ट्र कह्यो पांडवनके समाचार सबही कहो तब संजय बोल्यो दुर्योधनसों राजा युधिष्ठिर तुमकों संदेस कह्योहै तुम पृथ्वी को भार धर्यो हम तीर्थनमे भ्रमें अब इतने कालतें तुमकों षेद भयो सो अब या भारकों छोडो हम पांच लेवेकों हाजिर हों. भीमकह्योहै जो तुम पृथ्वी नद्योगे तो मेरी गदाको भार सहो तुह्मारे पर छोडूंगो. अरु अर्जुन कही जो तुम राज्य भाग्य न देवोगेतो मैं कर्णको मारि तेरे पास आउंगो. ऐसे सुणि शिर धुनाय भीष्म धृतराष्ट्र सों कही द्यूतमें पांडवनको अपमान करि वनवास दियो तोहू तोकों लज्जा न भई ऐसे मर्यादा हीन तेरे पुत्रहैं तोहू पांडव तेरो मान राषिवेकों मर्यादा नहीं छोडत है. उनकेतो पांडवसो तूं अरु तूंसों पांडव ऐसे आपमें अरु तुममें भेदनहीं मानतहै. अबलों नीतिहीमें रत ऐसे पांडवनसों संधिही करिवो योग्य है अरु उनकों कौन जीति स-

कै जब भीम तेरे पुत्रनकौं मारेगो तब कर्णादिक कैसे राषेंगे. ऐसे भीष्मकेवचन स्रुणि कर्ण बोल्यौ ऐसें नसों मोनैं रक्षा नहीं यगी तौ तुमही कौरवनकी रक्षाकरौ. तुम अर्जुनके सरस ज्या मैं सोवैंगे. तबमैं जुध करौंगो. ऐसे कहि दुर्षतें धनुष धरि दी यौ. ॥ ॥ इतिश्री भाषाभारतसार चंद्रिकायां उद्योगपर्वणि प्रथमो ऽध्यायः ॥ १ ॥ ॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥

संजय गये पीछै राजा युधिष्ठिर कलह न होय जैसे तैसे संधि होय यानिमित्य दयायुक्त होइ श्रीकृष्णकौं कौरवनके पास प्रार्थना करि पठाये जबश्री कृष्ण चलतें द्रौपदीसौं कह्यौ राजा मोकौं संधिके निमित्य पठावैहै सो जाऊंहूं तब द्रौपदीबोली हाथमै केस गहि श्रीकृष्णकौं दिषाय बोली जब संधि करो तब इनकौं यादि करिलीज्यो ऐसै कह्यौ सो अंगिकार करि सैन्य सहित श्रीकृष्ण वृहत् स्थल पुरमै एक राति बसि हस्तनापुर पहुंचे तहां सैनाको बाहिर राषि हस्तना पुरमैं प्रथम विदुरके मंदिर गये. विदुर श्रीकृष्णको आये देषि हर्ष समुद्रमें मग्न होय बोल्यौ हे देवदेवेस दास पालनके निमित्य भलेही आये. योगेश्वर वा तपस्वी जाके दर्सनके निमित्य जत्न करैहै तोहू दर्सन नही पावैहै सो तुम मेरे घर आये. पुष्करादि तीर्थ. गंगादि नदीजाके नामतें पवित्र होय सोदेव तुम मेरे घर आये. इनचर्णनिके सपर्सतें मेरो घर पवित्र भयो. जन्मसफलभयो. आजि मेरे घर गोविंद आये तें पितर पितामह तृप्त भये. ऐसे विदुर विनती करि अर्घ देय पांव धोय चरणोदक सिरपैं धार्यो फेरि भगवानको स्नान कराय चंदनलगाय मिष्टान्न भोजन कराय तांबूल देय प्रणाम करि बोल्यौ हे श्रीकृष्ण आपतो जगतके नाथहो मैं निरधनहों आपकीप्रसन्नता लाइक कहां आतिथ्य करौं साकपत्र स्वाद अस्वाद जोहै सो अंगिकार करि क्षमाकीजे जब श्रीकृष्णबोले.

हे वीर मै तेरी भक्तितें बहुत प्रसन्नहौं साधूनके दर्सनतें सा
धु संतुष्ट होतहे. साधूनको दर्सन महा पुनीतहे साधू ती
र्थनहूतें अधिक है तेरे दर्सनतें मैं कृतार्थ भयो ऐसें स्रुणि
विदुर बोल्यो हे स्वामी मोकों ऐसे कहिवो जोग्य नहीं ब्रह्मा
दिक देव तुह्मारे चरण सेवेहे मै कीटक तुल्य जीव कहोज
ब श्रीकृष्ण बोले हे विदुर मै तेरी भक्तितें प्रसन्नहों जो चा
हे सोवर मोतें मागि तब विदुर बोले हे स्वामी मेरो चित्त आ
पके चर्ननमे जैसे अबहे तैसे सदा रहो. कदाचितहू न्यारो
मतिहो आपके चरणार विंदनमें अचल भक्ति सदा रहो
आपकी कृपाते और वांछाहेही नहीं जब श्रीकृष्ण प्रसन्न
होय तथास्तु ऐसे कह्यो तापीछे एक रात्रि विदुरके घर वा-
स करि प्रभातही विदुर सहित श्रीकृष्ण धृतराष्ट्रकी सभा
कूं गये. तहां पांडवनके पठाये विदुरके घर रहि आवत श्री
कृष्णकों जाणि दुर्योधन सनमुष नहिगयो. और भीष्म
द्रोणादिक सबही सनमुष आय समाधान करि श्रीकृष्ण
कों सभामे ल्याये. तहां श्रीकृष्ण सिंघासनपर बैठे विदुरपा
स बैठ्यो तब दुर्योधन बोल्यो हे कृष्ण तुम कहांतें आये रा
त्रकोनके घररहे अरु कहा काम आये सोसत्य कहो. तब
श्रीकृष्णबोले मै विराट नगरतें आयो विदुरके घर रह्यो
व्हांही भोजन कीयो. पांडवनको पठायो यह जानो जब दु-
र्योधन बोल्यो हे कृष्ण भीष्म दुर्योधनकों छोडि दासीपुत्र
विदुरके घर रहि कैसे भोजन कियो तब श्रीकृष्णबोले हे दु
र्योधन तूं भोजन पूंछेहे सो भोजनतो प्रीतिसों होतहे अरु
आदर अजर अमर होतहे और प्राण त्यागवोतो भ-
लो अरु मान षंडन बुरो प्राण त्यागिवेको दुषतो क्षणमा
त्रहे अरु मान षंडनको दुष्व जीवे तोलों रहे आदरतें
ल्याये साक पत्रतो अमृत समानहे अरु अनादरतें ल्या-

यो अमृतहू विषतें अधिक है और विना बुलाये घरजाय
विना पूंछे बोलै विना दिये आसनपें बैठे ते पुरस अधम
हिये. तातें अनादरके भोजनतें मृत्यु श्रेष्ठहै और हला
हल पानतें प्राण नास होइसोहू श्रेष्ठहै. परंतु कुटिल वि
मुष धनाढ्यके घर भोजन श्रेष्ठ नहीं. भोजनतें ब्राह्मण
संतुष्ट होतहै मयूर मेघ गर्जनातें साधु परकल्याणतें नी
च पर विपतितें संतुष्ट होतहै. अधमतो केवल धन चा
हतहै. मध्यम पुरुष धनमान दोउ चाहतहै अरु उत्तम
मानहीकों चाहतहै तातें उत्तम पुरुषनके मानही धनहै
ब्राह्मण क्षत्री वैश्य शूद्र इनहीमें विवेकही सारहै. कुल
करि धनकरि कहा कुलीन मूर्षहू निंदीहीहै. कुलहीन
डितहू पूज्यहै. कमलतें पैदा भयो ब्रह्मा तपतें उत्तम
तातें जाति कारण नहीं विश्वामित्र क्षत्रीके जन्मपाय तप
तें ब्राह्मण भयो ऋष्य शृंग हिरणीतें जन्म पाय तपतेंब्रा
ह्मण भये. मांडिक्य मुनि मिडुकीतें जन्म पाय तपतेंब्राह्म
ण भये. अगस्त वसिष्ठ कुंभतें जन्म पाय तपतें ब्राह्मणभये
ये. द्रोणाचार्य स्रुवर्णकुंभतें जन्मपाय तपतें ब्राह्मणभये
तातें जाति कारण नहीं ब्राह्मण क्षत्री वैश्य इनकों आ
चारही प्रथम धर्महै. अनाचारहै सोही अधर्म है औ
सत्य धर्मपरायणजे शूद्रहूहै तिनके घर भोजन करणे
तातें विदुर बहुश्रुतहै. याके घर भोजनको दोस नहीं जा
दिन दिनप्रति पतिके संग विहार करि अग्नि प्रवेस करे.
तास्त्रीकोभी पुन्य पापको लेपनहीं अरु यह पतिव्रता द्रौ
पदी पतिके संग विहार करि नित प्रति अग्नि स्नानकरै
है और परनिंदा नजाणे. विष्णु भक्तिमें परायण वि
मैथुन पैदा भये. ऐसे पांडुपुत्रहू पवित्र है. सत्यवादी
नवान इष्टव्रत सर्वशास्त्र वक्ता विदुरकों कोण उल्लंघन

करै जब दुर्योधन बोल्यो मान रहित राज्यवा जीवन वा धन आदि सब निरर्थक है घोरवनमें वास भिक्षाकरि भोजन पर ग्रह सेवा तातेहू मानहीन जीवन निंदितहै तब श्रीकृष्णबो ले हे दुर्योधन तू राज्यकों बहुत काल भोग्यो चाहै है तो मे रो कह्यो करि पांडव पांच ग्राम मांगै है सो उनकों दिये सं- धि होइगी. जो पांच ग्रामहू नदेगो तो यम लोकमें जायगो जब दुर्योधन बोल्यो ऐसें वचनसों मै डरों नहीं मेरेहू भीष्म द्रोण कर्ण सल्य दुःसासन आदि महाबली जोधाहै पांडव- नको बल द्रौपदीके वस्त्र हरणमें देषि लीयो तब श्रीकृष्णबो ले वे धर्मपर वसहोय क्षमाकरी तातें तुं जीयो अब राज्य भा ग नदेगो तो पांडव क्षमा न करैंगे. ऐसै सुणि दुर्योधन बो ल्यो इंद्रप्रस्थ गुरुकों दियो यवप्रस्थ कृपाचार्यकों दियो.वा रणावत भीष्मकों दियो. माकंदी कर्णकों दियो और हस्त ना पुरमें मै रहहूं तातें प्रथ्वीमें सूनो ग्राम एकही नहीं औ र तीषी सूईके अग्र भाग करि जितनी पृथ्वी विधे तितनी हू जुधविना द्योंनहीं. पांचों पांडववे एक भार्या रतहै सोम्लें छे तुल्य है उनकी वार्ता मोसों मति कहो. तब श्रीकृष्णबोले अंधको बेटा तूं अंधहीहै समीप आइ मृत्युको न देषत है. जिनको विनास आवै तिनकी विपरीत बुधि ऐसेही होतहै रामचंद्र स्वर्णको मृगरूपी राक्षस जाणि लीयो तोहू सि कार गये. राजा नहुष ब्राह्मणनको जाणि लिये. तोहू पा लखीमें जोये युधिष्ठिरहू द्यूत क्रीडामें छलकोंजाणि लि- यो तोहू भाइनकों हार्यो सो विपति आवणो हारहोइ तब सत पुरुषनहूकी बुद्धि विपरीत होइहै. तातें हे दुर्योधन रणमें बाणवर्षा करतें अर्जुनकों, गदा भ्रमावतें भीमकों देषैगो तब सर्व पृथ्वीकाकों देगो. ऐसै श्रीकृष्णके कठोर वचन सुणि दुर्योधन कही याकों बांधिल्यो यह अनर्थको-

मूलहै ऐसे सुणि श्रीकृष्णके मारिवेकों दुःसासनादिकस स्त्र लैके उठे तब श्रीकृष्ण विराटरूप दिषायो ताकों देषिकि तेक मूर्छित भये. कितेक गिरे कितेक के शिर फुटे कितेकनके प्राणछुटे जब भीष्म द्रोणादिक दुर्योधनसों बोले हे अंध पुत्र श्रीकृष्ण कहे हे सो सत्यहीहै. श्रीकृष्ण कालात्मा है. सोतूं नजाणेहे सुर असुर याके चरण पूजेहै लक्ष्मीया की भार्याहै पृथ्वीको भार उतारिवेकों असुरनकोनासक रिवेकों साधुनके पालवे निमित्य औतार धार्योहै श्रीकृष्ण जाकार्य आये सो नकरेगोतो सर्वकोनास होइगो. सर्वनास जाणि विवेकी आधो छोडतहै. आधेमें राज्यहूक है और जीवहू रहे सर्वनास भये राज्यहू जाय अरु प्राणहू नहीं रहै ऐसे भीष्मादिकनको वचन सुणि विदुर बोले यह राजा दुर्योधन पीले नेत्रनकोहै सो केवल कुलनासही नहीं करेंगो. सर्व क्षत्रीनको नासकरेंगो. ऐसे कहि विदुर द्रोण भीष्म संजय हर्षकरि श्री कृष्णकों देषत भये. और जे वैरभाव राषतहे जे मूर्छित भये देवता पुष्पनकी वृष्टी करी स्तुति करी कोप सांति कियो अरु श्रीकृष्ण उठि चले तब द्रोण भीष्म कृपाचार्य कर्ण विदुर सभाद्वार ताईं पहुंचायवेकों आये. जब श्रीकृष्ण औरनको सीष देय कर्णको हाथ पकडि रथमें बैठाय कुंतीके पास आय सीष मागि पुरके बाहिर कर्ण सहित डेरानकों गये उहां एकांतमें कुंतीतें जैसो कर्णको जन्म भयो सो सबही कह्यो सो सुणि कर्ण कष्ट युक्त होय बोल्यो मैं सहोदरनको जाणे विनादुष्ष दियो तातें मोकों धिक्कार है जो मैं पुत्रवधू तुल्य द्रोपदी की दुर्दसा देषि हर्ष पायो ताहूतें धिक्कार है अरु सहोदर बांधवनको छोडि उनके वैरीनको बांधवकरे. याहूतें धिक्कार है ऐसे कष्ट सहित कर्णकों देषि श्रीकृष्ण बोले हेकर्ण

हालहू आपेकी निंदा मति करे. बांधवनसों चलि मिलो युधि ष्ठिरादिक तेरी सेवा करेंगे. तूं बडो भ्राता राज्यासनपें बै ठेगो तब तेरी माता कुंती छहे पुत्रन सहित परम आनंद पावेगी. अरु तूं पांडवनमें मिलेगो तब दुर्योधनादिकक लह नहीं करेंगे जब सकल छत्री वंस जीवेगो यह पु न्य तोकों होइगो ऐसे सुणि निश्वास नाषि अंगराज क र्ण बोल्यो हे श्रीकृष्ण जुद्ध समय प्राप्त भयो भ्रातान सों कैसे मिलों. दुर्योधन एक मेरे भरोसेही उन बलीन सों वैरि कियोहै सो वाके रणको धोरी मैंही हों बालक पणको मित्र दुर्योधन है वाकों छोडते मेरो हृदय फटत है और दुर्योधन कों छोडि युधिष्ठिरसों मिले जगत भ्रष्ट मि त्र कहैंगे मोकों भ्रातानमें प्रीतिवान जाणि नीतिवंत स राहेंगे. परंतु मित्र विश्वास कहां रहैगो. बांधवतो लक्ष्मी के निमित्त विरोधहू करेहे अरु मित्र परम विपत्तिमेंआ लंबन होतहै जो मैं दुर्योधनको छोडों तो जगत मित्र विमु ष होइगो तब कौनको दुष्ष कौन दूरि करेगो ऐसे कर्णके वचन सुणि श्रीकृष्ण सराहि पीठि ठोकि विदा करि यु धिष्ठिरके पास आय जुद्ध जात्राको प्रस्थान करायो. ॥

॥ इतिश्री भाषाभारत सार चंद्रिकायां उद्योग पर्वणिद्वि तीयोऽध्यायः ॥ ॥२॥ ॥ ॥ ॥

॥ ॥वैशंपायनउवाच॥ ॥श्रीकृष्ण युधिष्ठि रसों बोले मैं अनेक युक्ति करि दुर्योधनकों समझायो प रंतु कहीं सूईके अग्रसों विधे इततीहू पृथ्वी विनाजुध्ध द्यो नहीं तातें जुधके निमित्त तयार हो ऐसे सुणि जुद्ध के लिये भूमिविचारत भये. तब श्रीकृष्ण अर्जुन दुर्योधनये तीन्यों जुधि भूमि देषिवेकों पृथ्वीमें फिरत हैं तहां एकदेस देष्यो तहां क्रूरजीव कठोरहृदय दया धर्म वर्जित अनाचारी

नुष्य न करि संजुक्त देसहौ तहां पितापुत्र हल फिरावत
तव पुत्रकों सर्प काट्यौ जव पिता हलके अग्र भागसौं पु
त्रकों पैंचिषेतके बाहर नाष्यो अर फेरी हल वाहिवे लगि
गयो यह कठोरता देषि तीन्यो आगे चले तहां सनमुष भो
जन लिये वा पुत्रकी स्त्री आवत देषी जब वासों तीन्योंही
पूछ्यो भयेतूं कोणहै कहां जायगी. तब वह स्त्री बोली मेरा
श्वसुर अरु भर्ता दोउ षेतीकरैहै तिनके लिये भोजनजलले
जाऊंहूं जब श्रीकृष्ण बोले तेरे भर्त्ताकोतो सर्पकाट्यो सो
रि गयो. जाको षेत वाहिर हलसों उठाइ तेरे श्वसुरने फें
दियो फेरिआप हलजोतिवेलगि गयो ऐसे वह स्त्री सुण
तहांही बैठिगई भर्तकि बंटकी सामग्री षाय जलपान क
वाकी सामग्रीही श्वसुरकोंदेय आपजेसे आईही तैसे
गई यह वृत्तांत देषि तीन्यो ही यह महा कठोर भूमि जुद्ध
ग्यहै ऐसे विचार जुध करिवो उहां निश्च्ये कियो तापीछे
रां आये तहां युधिष्ठिरके संग सेनामैं परवार सहित राज
राट सात्विकी यादव युधामन्यु, उत्तमौजा, पुत्र पौत्रादि
क सहित द्रुपद हिडिंबाके पुत्र, बर्बरीक और घटोत्कच
येसर्वही युधिष्ठिर महाराजाकी सेनामें मिलि कुरुक्षेत्रमे
आये अरु दुर्योधनहू सकल सेना सहित आयो तबतहां
युधिष्ठिर आयके सब जोधानसों बोल्यो कोन कोन कहाप
राक्रम करोगे सो कहो जबभीम कही दुर्योधन आदिसों
१०० भ्रातानकोतो मैं मारोंगो. अरु दुःशासनकों हृदय वि
दीर्ण करि वाको रुधिर पिऊंगो. तब अर्जुन बोल्यो जो छत्री
मेरे सनमुष लडेंगे तिनकों मैं निश्चेही मारोंगो तब सहदे
व बोल्यो जुध आरंभ होयगो ताके अठारवे दिन दुर्योधनम
रैगो. यह सुणि गुप्त हलकारा हेसोजाय दुर्योधनको सब
समाचार कहे. सो सुणि दुर्योधन भीष्मके पासजाय हा

थ जोडि बोल्यो मोको तुम पाल्यो है अरु पांडवनके अब यह सलाह भई है तासों तुम मेरी रक्षा करो जब भीष्म बोले हे राजा. दस दिनतो मै तेरी रक्षा करोंगो मै जितने धनुष धारी तितनै कालहू न मारि सकैगो ऐसे सुणि दुर्योधन द्रोणाच्यार्चके पास जाय पांडव भीष्म वचन बोले तिन सहित सब समंचार कहे जब द्रोणाचार्य कही मैभी चारि दिनलौं तेरी रक्षा करोंगो ऐसे सुणि कर्णके पास जाय द्रोणाचार्यके वचन आदि पीछले सब समंचार कहे तब कर्ण बोल्यो हे राजन् मैभी दोयदिन तेरी रक्षा करोंगो. ऐसे सुणि सल्यके पास जाय कर्णवचन कहे तिने आदि दे सब समंचार कहे तब सल्य कही एक दिन मैहूं रक्षा करोंगो जब दुर्योधन अगरवै दिनका रक्षा करिवेवालो जाण्यो भीनही तब मनमे व्याकुल होइ आपही जुध करिवो निश्चै कियो. सात अक्षोहिणी पतितो राजा युधिष्ठिर भयो और ग्यारह ११ अक्षोहिणीपति दुर्योधन भयो ऐसे मिलि जुधकी तयारी करत भये. ॥

॥ इतिश्री भाषाभारतसार चंद्रिकायां उद्योग पर्वणि कुरुक्षेत्र सैन्य समागमनो नाम तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥ ॥

॥ ॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥ ॥

दुर्योधन हस्तीना पुरते कुरुक्षेत्रकों चल्यो तब अपसगुन भये सो देषि सबने मनै कियो तोहु मानी नही.. तब विदुर कुंती सों कही कुरुक्षेत्रमे जुध होयगो तहां कौरव पांडवनके रुधिरकों पृथ्वी पान करेगी. ऐसे विदुरकी वाणी सुणि गंगा तीर सूर्यके ध्यानमै मग्न हुवो सो कर्णहो ताके पास कुंती गई जब वाको जप समास जानि कुंती बोली तूं मेरो कन्या समैको पुत्रहै अरु यह सूर्यही तेरो पिताहै ऐसै कहतेही सूर्यहु साक्षी भरी तब कर्ण आपकी माताजाणि प्रणाम करि बोल्यो हे माता तेरो स्तनपान करि मेरो सहो-

दर राजा युधिष्ठिर विश्व विजयी भयो ताते पैहूं धन्यहूं जो तूं स्तनके दूध करि मोकों सिंचेहै तब कुंती ऐसे बोलते कर्ण कों दोऊ हाथनसों गहि हृदयमें लगाय बोली हे पुत्र युधिष्ठिरादिक पांचों तेरे दासहै तातें तूं पांडवनसों मिलि. तोकों मिल्यो जाणि दुर्योधनहू जुध नहीं करेगो. तासों पांचो पांडव सोऊ १०० कौरव तेरे अनुग्रहसों जीवेंगे. ऐसे सुणिक र्ण बोल्यो हे माता मेरे विश्वाससों जुधकों तयार भयो जो दुर्योधन ताकों छोडि युधिष्ठिरसों मिलों तो सूर्यदेव कलंकित होइ और पांडवनके भयतें कर्ण दुर्योधनकों छोडि उनतेंमिल्यो ऐसे जगतमे उपहांस सुणि तूं वीर जननी है सो अवीर जननी मति होय में पांडवनकों जीति दुर्योधनकों विजय द्योंगो ऐसी प्रतग्या करी अब नाही कैसे छोडों और महा अभिमानी कृपाचार्य, द्रोणाचार्य, अश्वत्थामा, भीष्म ये महावीर जाकी सहाय कर्त्ता और क्रोध पुंज दुर्योधनहू हैसो विना जुध कैसे नाहीं करेगो. और हम तेरे छह पुत्र हों तैसेही दुर्योधनादिक १०० सोऊ तेरेही पुत्रहै तातें सों बांधवनकों छोडि पांचमे मिलों यह कौण विवेक ऐसे सुणि कुंती बोली तेरे धैर्यसे कर्म साक्षी सूर्य देव संतुष्ट होवो. तूं सत्यवादी वीर्यवान् मित्रनमे थिरहो तोहू तूं कनिष्ठ भ्रातानकों अभयदानदे. मैयह मांगों हों. तब कर्ण बोल्यो हे माता वृथा मोकों क्यूं जाचना करेहै. मेरे सहोदरनकों अभय हमकों भय यहतो श्रीकृष्णनें पहलेही दियोहै. हमारे पुरमें क्षणक्षणमें मृत्यु सूचक उतपात बहुत होतहै. चंद्रमातापकरेहै सूर्यसीतल लगेहै. भूकंप होत है मंदिरनिमें प्रतिमा चलेहै हसेहै. पसीना होतहै. रुधिर वमन करेहै उल्कापात होयहै. स्त्री गर्भिणीनके पसु आदि संतान होतहै. येक स्त्री में बहुत कन्या पैदा होय त-

तकाल हंसेहैं गावेहै नाचैहै च्यारों दिसानमैं दिग्दाह होत है ओर पांचौ छोटे भ्रातानको स्कप्नमें ऊंचे महलपैं चढे ज यलक्ष्मी सहित देषे अरु दुर्योधनादिकनकू ऊंटपे चढे दक्षिण दिसाकों जाते रक्त पुष्प आभरण सहित स्कप्नमें देषे युधिष्ठिरकों पर्वतपैं चढ्यो राज्यकरत देख्यो ओरभीम अर्जुन तहांही घृतषीर भोजन करत देषे. अरु नकुलसहदेव कौं स्वेत हाथीपैं चढे देषे ओरश्रीकृष्ण सात्यकीकों पालरवीमें चढे देषे ऐसे तेरी सेनामे सातनकों स्वेत माला स्वेत वस्त्र स्वेत चंदन लगाये देषे अरु दुर्योधनकी सेनामैं अश्वत्थामा कृपाचार्य कृतवर्मा ए तीन्यो तो पांडवनज्यौं ही देषे तातें सातता वे तीनये दसतो मृत्युके भयहीन होयंगे ओर सब मृत्युके ग्रास होइगे. ऐसे स्कणि कुंती बोली हे पुत्र ऐसे हैं तोहू तूतो भ्रातानको अभयदानदे तब कर्ण बोल्यो अर्जुनके मारिवेकी मे प्रतंग्या करीहै ताते अर्जुन विना चारोनकों अभय दान मे दीयो परंतु अर्जुन हूकों मरण भय मति करे याको कारण स्कणि पहले अस्त्रविद्या पढेता समयमे अर्जुनकी इर्षासो मे द्रोणाचार्यतें ब्रह्मास्त्र मांग्यो तब द्रोणाचार्य अर्जुन पक्ष करि मोतें बोले तेरे कुलको निर्णय नहीं तातें नहीं देंगे. यांअनादरतें महिंद्राचल पर्वत पै परसरामके पास मे गयो. तब मैं विचारि क्षत्रि वंसके वैरी परस रामहैं सो क्षत्री जाणि मोकों ब्रह्मास्त्र नदेंगे. याभयतें मायारूप ब्राह्मण होय भक्तितें संपूर्ण अस्त्र विद्या पाई तापीछे मदोन्मत्त होय वनमें भ्रमतें मेरे बाणतें कोई एक ब्राह्मणकी गाय मरी ताको स्वामी ब्राह्मण मोकों श्राप दियो जाकोतूं जीतिवेकी इच्छा करैहै तासो जुद्धमे तेरे रथके चक्रनको पृथ्वी गिलैगी. तब मैं वा ब्राह्मणसों बहुत विनती करी तोहूं वाको

क्रोध मिट्यो नहीं एकतो यह कारणहै दूसरे मेरीगोदमें शिर धरि गुरु निद्रा करतहे तासमें मेरी जंघामें अति पीडा भई अरु गुरुनकी निद्रा भयके भंगभयतें में सरीर कं पायो नहीं विद्याकों मानीनहीं तितनेही वज्रमुष अ ष्टापद कीट मेरी जंघाकों विदीर्णकरि निकस्यो तबही गुरु जागि मेरी जंघा रुधिर भईदेषि पूंछ्यों जबमें कीट दिषायो तब गुरुनके देषतेंही कीट भस्म होय दिव्य देह धारि प्रणाम करि बोल्यो मैं दैत्यहों भृगु ऋषिके श्रापतें कीटकी देह पाईही सो अब आपके दर्शनतें श्राप मुक्त होइ दिव्य देहपाई मैं जातहों ऐसेकहि अंतर ध्यान भयो तब गुरु कही अरे तूं ऐसेही प्रहारतें कांप्यो नहीं तासों क्षत्रीहै अ रु तैं कपटतें विद्या पढीसो निष्फल होयगी अरु कपट तैं ब्रह्मास्त्रकों सीष्यो सोहू तेरे मृत्यके दिवस वाकों सन्मुष उन करैगो. हे माता औरहू कारण स्रुणि मेरे कवच कुंड ल स्रुभावहीसों अभेद्यहै अरु इंद्र ब्राह्मणको रूप धारि तिनकी जाचना करीतब पिता सूर्य स्वप्नमें आय मनें कि यो तोहू ताहूनें कवच कुंडल दिये अब अर्जुनहूं कैसे जी तूं और जुधसे रुद्रकोंभी जीत्यौ अरु मे कवच काढि इं द्रको दियो जब इंद्र मेरे सत्वतें संतुष्ट होय एकवीर घा तिनी सक्ति दीनी. सोहू कृष्णके मंत्रतें निष्फलही दीसे है मै स्वभबलतें मेरी जुद्धमे मृत्युही जानोहों पैवचन अ न्यथा कैसे करों और अब जुद्ध यात्रा समें मे हे माता सर्व तीर्थरूप तेरे दर्सन पाये यातें मैं धन्यहों ऐसे बोलि प्रणा म करि यात्रा कुरुक्षेत्रकों करी जब चलतेही करणको कि रीट पृथ्वीमें गिस्यो औरहू अपस्रुकन अनेक भये तिन्हें देषि धीर्ज धरि कर्ण कुरु क्षेत्रमें दुर्योधन पास गयो तहां स कलवीर मंडली सहित दुर्योधनहौं तबजयद्रथमे सकल पांड

वनकों जीतोंगो. ऐसें रूणि जयद्रथकों सेनापतिकी अभि
षेक कियो जब पांडवनमें सात्यकी जादव सहदेव मगध
राज धृष्टद्युम्न विराट सिषंडी धृष्टकेतु चेदीश्वर ऐसांतन
कों युधिष्ठिरहू सेनापतिको अभिषेक कियौ ऐसे जुधरच
ना देषि मध्यस्थ बलदेव युधिष्ठिर सौं पूछि तीर्थ यात्राकों
गये तब तहां तुम मेरे सरण आवो मैं तुमकों विजय द्यूंगो
ऐसे बोलतो अक्षोहणी पति रुक्मी आयो ताकों युधिष्ठि
र दुर्योधन दोउनमें अंगीकार नकर्यो सो आपके पुरकों
गयो जब दुर्योधन जोद्धानसों बोल्यो ये पांडवनके सात
अक्षोहिणी सेनानकों कोणवीर कितेक दिनमें मारै तब
भीष्म द्रोणतो दिन ३० तीस कहे. कृपाचार्य ६० साठि
कहे. अश्वत्थामा दिन १० दस कहे. कर्ण दिन ५ पांच
कहे तब ऐसें रूणि दुर्योधन भीष्मसों रथी महारथी अ
तिरथीनकी संख्या पूछी जब भीष्म पितामह औरनकोंक
हतें कहतें कर्णकों अधरथी कह्यो तब कर्ण रूणि पूर्वप्र
तंग्या तुम सरसज्या सोवोगे जब जुध करों यह हठ करी.
जब ऐसें रूणि राजा दुर्योधनहू पांडवनकों भयभीत करि
वेको राजा उलूककों दूतकर्म करिवेकों पठायो. सो सभा
में विराजमान राजा युधिष्ठिरसों बोल्यो हे राजा युधिष्ठि
र तुम कोनके बलतें कुरु राजतें जुध कर्यौं चाहतहो यह-
द्यूतको षेल नही है जामें हारे पीछे भी स्त्री बांधवन सहित
जीवन जाइ जुधमैं तो सबके प्राण रहेंगे नहीं तातें जीवते
जाइ विराट भूपके घर रसोई दार भ्राता भीमके प्रसादतें
सर्वदा मिष्ट भोजन करो अर्जुनके धनुषकी प्रत्यंचाकी धु
णी रुई द्रोपदी कातवस्त्र वणवाय. विप्ररूपधारि तो कोप
हरावो ऐसेंहू निश्चिंत गादी तकिया तोकों हे ही मृत्युकी दूती
राजचिंताहै ताकों छोडो यह सात्यकी कृष्णादिकनकों का

लके कलेऊ मति करो अरु जो रथ पालकी हाथी घोडाच ढिवेकी वांछाहैतो सेवक नकौं कल्य हस राजा दुर्योधनहै ताकी दासता अंगीकार करि रहो ऐसे सुणि पांडवनके औ सकल योधानके लालनेत्र होय भृकुटी चढि शस्त्रा स्त्रउठिवे लगे. तब युधिष्ठिरकी भृकुटीकी संग्या करि उ लूक प्राण बचायवेके निमित्य भयभीत होय भागि दुर्यो धनके पास जाय सर्व समाचार कहे.

॥ दोहा. ॥

प्रगटपर्वउद्योगयह भाषाभारतसार ॥ रावसिंभुस्त केहुकम कीनो स्रकवि विचार ॥ १ ॥ ॥ ॥

॥ ॥ इतिश्री भाषाभारतसार चंद्रिकायां उद्योगपर्व णि उलूका गमनं नाम चतुर्थोऽध्यायः समाप्तः ॥ ४ ॥ ॥ ॥ श्रीकृष्णार्पणमस्तु ॥ ॥

इति श्रीभाषाभारतसार उद्योगपर्वसमाप्त

पांडवसेना
अर्जुन
कौरवसेना
पांडवसेना
अर्जुन

भीष्मपर्व चित्र २
भीष्मअर्जुनयुद्ध
भीष्म

अथ भाषाभारतसार भीष्मपर्व लिख्यते.

॥ श्रीगणेशायनमः ॥ नारायणं नमस्कृत्य नरंचैव नरोत्त मम् ॥ देवींसरस्वतिंव्यासंततोजय मुदीरयेत् ॥ १ ॥ ॥ ॥ ॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥ ऐसे कुरुक्षेत्रमें जुद्ध स्रुणि भरतषंडसें बालक वृद्धहीतो घरनमें रहे और सर्व वीर दोउ सेनामें पक्षपाती बणि बणि आये तब वेदव्या स मुनि धृतराष्ट्रसों आय बोले तोकों मैं दिव्य मंत्र दृष्टिसों तूया जुधकों देषि तब धृतराष्ट्र बोल्यो मैं आजलूं जन्म प्रजंत कछु देख्यो नही अब कुलको क्षयकैसे देषूं तातें सं जयकों दिव्य दृष्टि दीजिये यह सब देषि जुधकी वार्ता मोसों कहेगो. जब वेदव्यास संजयकों दिव्य दृष्टि देके गये. जब संजय जुध देषि राजाके महलनमें रहतही सब वृत्तांत क हत भयो हे राजा धृतराष्ट्र स्रुणो जो रणमें सिटावे ताकों मारणों नहीं ऐसे प्रतंग्या करि दोउ सेनाके वीर जुधकों त यार होयके चढे मातापिता गुरु ब्राह्मणनकों प्रमाणी न कों प्रणाम करि तिलक अक्षत पाय वीर कंकण धारि च लिवेकों तयार भये तहां स्रुभद्रा अभिमन्युसों बोली हे पु त्र मैं वीरकी पुत्री अरुवीर भार्यातोहूं पैंतु अब मोकोंवी रजननी हूकरि ऐसैंही औरहु माता पुत्रनकों आशीर्वा द देकरि विदाकरे तहां कौरवनकीसेनामें अग्रेस्रुरभी ष्म भये चांदीको रथ श्वेतवस्त्र कवच तिनकरि शोभाय मान स्रुवर्णमय पांच साषा संजुक्त तालवृक्षजुध करि प्रकासमान सेनापति भये तिनके आसपास द्रोणाचा र्य अश्वत्थामा कृपाचार्य ऐसैंच्यारित्तो अतिरथी भये क

र्ण, सल्य, सकुनी, शिव, उलूक, सोमदत्त, भूरिश्रवा, कलिंग राज, अग्निकेत, भगदत्त, विकर्ण, दुःसासन, जयद्रथ, दुर्योधन और हू महारथी भये. पांडवनकी सेनामें श्वेत अश्व सहित हनुमंत ध्वजामें जाकै ऐसे बडे रथमें महा अति रथी अर्जुन श्रीकृष्ण सहित असवार होय सबके आगे भयो ताके आस पास सात्यकी, विराट, द्रुपद, अभिमन्यु, भीमसेन, बर्बरीक, घटोत्कच, नकुल, सहदेव राजा युधिष्ठिर ऐतो अति रथी और पांचों द्रौपदीके पुत्र इरावान, अर्जुनको पुत्र, शिषंडी, धृष्टद्युम्न, संषस्वेत आदि लेर विराटके पुत्र ए महारथी भये सबनिके शिरोमणि श्रीकृष्ण जिनके प्रभावतें सर्व अतुल बल पराक्रमी भये और भीष्म द्रोणाचार्यके प्रभावतें कौरवनके हू जोधा अति बली भये तहां श्री कृष्ण बर्बरीकके हाथमें तीन बाण देषि हसते ही बोले. हे भीम हे अर्जुन या बर्बरीकको पराक्रम देषो. ऐसे जुधमें तीन बाण लेके आयो है इनकों छूटे पीछे काहेतें जुध करैगो. और सबतो अनंत बाण धारे है ऐसे सुणी बर्बरीक बोल्यो मैं एक बाणकरि सबनकूं घायल करि मृत्यु स्थानमें चिन्ह करोंगो. द्वितीयबाण करि सबनिके जीव हरण करूंगो. मैं एक बाण राषि निर्भय रहूंगो. ऐसो वचन सुणि श्रीकृष्ण बोले हम कों परिक्षा दिषावो तब बर्बरीक एकबाण सिंदूर रंजित करि धनुषपें धारि कान पर्यंत षेंचि आकासमें चलायो सो बाण सप्त लोकनिमें भ्रमि सबनिके मृत्युस्थानमें सिंदूर चिन्ह करि कृष्णके चरणमें प्रहार कियो तातें सबनिके प्राणनकों व्यथा भई दूसरो बाण संधान करिवे लग्यो तब श्री कृष्ण हँसिकरी बोले हे बर्बरीक तेरो पराक्रम अनूप देषि हम प्रसंन्न भये अब बाण संधान मति करै ऐसें.

कह बर्बरीककों प्रश्नकियो. तापीछे दूसरे दिन अंशफ नाषत श्रीकृष्ण पांडवनसों बर्बरीकके देषत बोले यह जुध भूमिअ ति बलवान पुरुष पस्फको बलिदान करि पूजणाहै और जो न पूजैंगे तो यह रण भूमि सब पांडवनकों षायगी. ऐसे स्फ णि पांडव बोले हमारे हितकर्ता तो तुमबिना औरहै ही नही तातो जाकों बलिदान किये बिजे होयसो तुमही बतावो. तब श्रीकृष्ण बोले जो बत्तीस लक्षण सहितजो धा निर्भय होय सोबलदान योग्यहै. तब पांडव बोले या सेनामे ऐसो होय ताकों तुमही बतावो ऐसे स्फणि श्रीकृ ष्ण रुदन करतही बोले. एकतो मैं दूजो बर्बरीक तीसरो अर्जुन इनतीननमें जो इच्छा होय ताकूं बलिदान करो. एक के मरेतें और सब जीवेगे. वैरी मात्र मरेगे ऐसे स्फ णि बर्बरीक हर्षित होय बोल्यो श्रीकृष्ण अर्जुन विनातो सब मरेही है तातें मेरोही बलदान करो. मेरे मरेते सब कों जीवन होयतो मैं धन्यहों तुम सब राज्य करोगे या. तै मेरो अधिक भाग्यकहा है. ऐसे कहि एक हस्तसों आपकी शिषा गहि दूसरे हाथतें शिरकाटि श्रीकृष्णसों हे कृष्ण हे कृष्ण पृथ्वीके भार दूरिकरिवेकों मनुष्य रूप धार्योहै मैं आपको आग्याकारी दासहों तातें मोको सर्व जुद्ध दिषाय मुक्ति परासकरो. ऐसे भक्त बर्बरीकको वच न स्फणि श्रीकृष्ण तथास्तु कही आपके चरननिमे पडेते बर्बरीकके मस्तककों दोउ हाथतें उठाई पर्वतके शिषर पै धारि बोले हे महावीर बर्बरीक जो जुध होयगो सोतूं देषि ऐसे कहि पांडवनको सोक दूरि करि जुधको आरं भ करावत भये. मार्गशीर्ष शुक्ल त्रयोदशी भौम वारमें कौरव पांडवनकों जुध आरंभ भयो. जुध समयमै दोउ सेनाकों तयार देषि अर्जुन श्रीकृष्ण सों वचन बोल्यो

मेरे रथकों दोउ सेनाके बीच स्थापन करो दुर्बुद्धि दुर्योधन
को हित करिवेकों जुधमें आये तिनकूं देषूंगो ऐसे अर्जुन
को वचन स्रुणि अर्जुनके रथको श्रीकृष्ण भीष्म द्रोणादि
कनके सनमुष स्थापन करि बोले हे अर्जुन इन कौरवनकों
देषि तब अर्जुन सेना देषी तामे पितृव्य, पितामह, आ-
चार्य, मित्र, स्रुहृदय, पुत्रपौत्र, सषा, श्वश्रुर, गुरु ऐ-
से दोउ सेनामे सर्व बांधवनकों देषि कृपा सहित दुष्वकरत
बोल्यो हे श्रीकृष्ण जुद्ध करिवेकों आये स्वजनकों देषि श
रीर दुष्व पावतहे सुष सूकत हे. रोमांच कंपादिक होत हे.
गांडीव धनुष हाथतें गिरे हे त्वचा जलेहे दाढौर हुदि सकू
नहीं मन भ्रमे हे. सकुन षोटे दीषेहे. तातें स्रुजनकों
मारि विजय स्रुष राज्य नचाहूंहों जिनके अर्थ राज्यभो
ग स्रुषचाहियेवे प्राणधन छोडि जुद्धमे आये आचार्य.
पितर पुत्र पितामह मामा श्वसुर साला संबंधी एमोकों-
मारै तोऊ मै त्रैलोक्यके राज्य निमितहू इनको नही मारौं
यह पृथ्वीको राज्य कहाहे धृतराष्ट्रके बेटानको मारेतें ह
मकों कहां स्रुष होय इन आतताईनके मारेतें पातकही
होय. तातें धृतराष्ट्रके पुत्रनकों मारणो जोग्य नहीं स्वजनके
मारे कहां स्रुष होय. यह लोभके मारे पुरुष कुलक्षय दोस
को मित्र द्रोहके पातककों नदेषेहे. पे हमतो या पातककों
नकरेंगे. यापातकते कुलको नास होइ कुल नास भये
कुल धर्म नष्ट होइ कुलनष्टभये अधर्म वधे अधर्मकीवृ
द्धितें कुलस्त्री भ्रष्ट होइ तव वर्ण संकर संतान होय वह
वर्ण संकर संतान होय पितरनकों पिंडदानदेके नर्कनमें
पटके ऐसे वर्ण संकरकी वृद्धितें जाति कुल धर्म नष्ट होय
धर्मनष्ट भये. मनुष्य नर्कहीमें पडै सोहम राज्यके स्रुष
लोभतें महापातक करिवेकों तयार होय स्रुजन हत्या

करिवे लगे अरु धृतराष्ट्रके बेटा सस्त्र चलावे तोहू थहू आडे न करैगें. अरु सस्त्रहू धारण करूंगो. जो धृतराष्ट्र के बेटा रणमैं मारि डारे तोहू कुसल होय ऐसे कहि अर्जुन धनुषबाण धारि सोकसौं व्याकुल होय रथमै बैठि गयौ. ॥ ॥ इति श्री भाषा भारतसार चंद्रिकायां भीष्मपर्वाणि प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥ ॥ ॥ ॥ ॥ संजय उवाच ॥ ॥ ऐसै करुणातैं रुदन करत विषाद सहित अर्जुनकों देषि हसतेही श्रीकृष्ण वचन बोले हे अर्जुन ऐसे रणमैं कायरतातोकों कहांतै आई कायरतातो नीचकौ धर्म है ऐसे कीये यालोकमैं अपकीर्त्ति होय. परलोकमै नर्क प्राप्त होय अरु तेरे मात्र वंस पित्र वंस दोउ सूर वीर है तातै तोकों नपूंसक पणों योग्य नही क्षुद्र जीवनकीसी कायरता छोडि उठिकै सस्त्र धारि जुद्ध करि तब अर्जुन बोल्यौ मैं कायरतासों जुधसौंन टौ नही जिन हमकों बालक पणे तैं पाले विद्या पढाई ऐसे भीष्म पितामह गुरु द्रोणाचार्य जिनसौं वाणीहीतैं जुध जोग्य नही तिनतैं बाणनसौं कैसे जुध करौं येतो पूजा करिवेकों जोग्यहैं. गुरूनकौं पितामहनकों मारि करि भोग भोगनो सोतो रुधिर पान है इनकों मारे विना भीक्षा करि जीवणो सोही श्रेष्ठ है राज संपति जिनके वास्ते चाहिये सो तो सवही प्राणधन छोडि जुधकरिवेको तयार भये या धर्म संकटमैं जुध करैसो अथवा भीक्षाकरि जीवेसो धर्म होय सो निश्चै करि आग्याकरो. मै आपको सरणागत शिष्य हौं तुमविना मेरो उद्धार करिवे वालो औरहै नहीं. ॥ ॥ संजयउवाच ॥ ॥ ऐसे दोउ सेनाके विचि विषाद करते अर्जुनसौं श्रीकृष्ण बोले हे अर्जुन सोच जोग्य नहीं तिनकों तूं सोचतहै पंडित नही अरु पंडितन कीसी बो-

ली बोलतहै पंडितत्तो मरेनकौ वाजीवतेनकौं नहीं सोचत
रूधर्म देषिके कायर पणो जोग्य नहीं अरु क्षत्रीनकों धर्म
करि प्राप्त भयो जो जुध तातें अधिक कल्याणको करिवेवा
लो दूसरो साधनहै नहीं ताते इश्वरकी इच्छाते मिल्यो बु
ल्यो हुवो स्वर्गको द्वारतो जुधहीहै सो अति पुन्यवंत क्षत्रि
य पावतहै. अब धर्मसो प्राप्त हुवो जुध नकरै गोतो स
धर्म वाकिर्ति छोडि नर्कनमें पडैगो चंद्र सूर रहैगे तब तेरी
अकिर्ति जगतमें रहेगी. प्रातिष्ठितकी अपकीर्ति मरणते
भी अधिकहै दयातें रणविमुष तूं भयो यह कोई नकहे गो
जे तोको बहुत माने है वे सत्रु तोकों तुच्छ जाणेंगे षोटे व
चन कहेगे. तेरे सामर्थताकी निंदा करेंगे. यातें अधिक
दुष्य कहाहै. जुधमें मरेगो तो स्वर्ग पावेगो जीते गोतो भू
मि भोगेगो. तातें जुधके निमित्त उठि रूष दुष लाभ अलाभ
जय पराजय येसब समान मानिजुध करि ऐसे किये पा
न लगेगो यह में बुद्धि दईहै सो करि मैकीयो मै भोग्यो ऐ
से कदाचितहू मत कहै ज्यो कर्म करेवा भोजन करै ज्यो
होमें ज्यो देवै ज्यो तपकरै सो मेरे अर्पणकरि कर्मतो करि
परंतु फलकी कामना मतिकरै सिधि समान जाणि फलका
मना छोडि क्षत्रीयको धर्म यहहीहै. ऐसो जाणि जुधकरि
पापतें लिपैगोनहीं ऐसो श्रीकृष्णको वचन रूणि अर्जुन
मोह छोडि जुध करिवेको उठ्यो सस्त्र धारण किये तास-
मयमे सर्ववीर सस्त्रास्त्र प्रहार करिवे लगे. वीरनके परस्प
र कोलाहल भेरी तुरी डमरू नगारे संष बाजा बजे तासम
यमें युधिष्टिर सस्त्र छोडि रथतें उतरि चल्यो ताकूं देषि क
ही राजा कहां जातहै ताके पीछे भीमादिक भ्रातादू पया
दे संग भये तिन सहित राजा भीष्म पास गयो ताकों दे
षि सर्व कौरव दुर्योधनादिक ऐसे विचारत भये यह युधि

र्ण भीमकौं तीव्र बाणनतें विदीर्ण कर्‍यौ . जब भीमहू क्रोधतें कर्णके रथ आयुध काटि अनेक राजानके शिरकाटे तब कर्ण और रथपै संवार होय भीमसों जुध करिवेकौं फेरि आयो तहां दोउनके घोर जुध भयौ ताके देषिवेकौं आये. जो देवतासोहू आश्चर्यतें शिर धुनावत भये. जब भीमहू दुर्जयनामा तेरे पुत्रकों मारि गदा प्रहारतै कर्णकौ रथ फेरि तोड्यौ अरु तहां आवते तेरे पुत्र दुर्योधनकौं बाणनतें विंधि व्याकुल कर्‍यौ तब कर्ण और रथपै सवार होय आय भीमके हृदयमें बाण मारे तिनबाणनतैं भीम क्रोध रूपी अग्नि प्रज्वलित भयौ जबकर्ण और राजानसों युधकरत भयो. तब भीमसेन दुर्मर्षण, दुर्मुह, जय, दुःसल, दुःसह इन पांच तेरे पुत्रनकों मारि रणमें गर्जना करते कर्णकों रथ आयुध फेरिकाटत भयो अरु ताकी सहाय करिवेकौं चित्र, उपचित्र, चित्रवर्मा, चित्रधन्वा, चारुचित्र, विचीत्र, बाण एतेरे सात पुत्र आये. तिनकौंहू भीम मारत भयौ तापीछे वारंवार हार्‍योहू कर्ण तेरे पुत्रनको मारे देषि अश्रुपातकरत अनिर्वेद संपत्तिको मूल है यहजाणि रथपै सवार होय फेरि आयो अरु भीमकौं बाण वृष्टि करि रुधिर मय कियो तब भीमहू बाणधारणकरि कर्णकौं मूर्छित कर्‍यौ ताकी रक्षाकौं चित्र, आयुध, चित्रासु, चित्रसेन, विकर्ण, सत्रु, सत्रुंजय, सत्रुंस, ये सात भ्राता फेरि आये तिनकौंहू भीम मारे. तब कर्णचेतपाय बाणनतें भीमकों विरथ कियो जबभीम अस्त्र चलाये तिनहूकौं कर्ण काटत भयो तब अस्त्र सहित भीमसेन अनेक हाथीनकौं भ्रमाय कर्णपें फेंके अरु भीमकौं बाणनतें विदीर्ण करि पृथ्वीमें पटकि धनुष कोटितें बांधत भयो अरु कुंतीके वचन तें मारणो नहीं

ऐसै जाणि अनादर करतही बोल्यौ. हे भीम तूं अस्त्र
विद्यामै निपुण नहीं तातैं बलवान नतैं युध करिवे लाइ
क तूं हैनहीं अर तेरो सरीर पुष्टहै अरु बहु भोजन क
रेहै तातैं रसोईदारको कर्म करिवेही जोग्यहै ऐसैकहि
कर्णवारंवार धनुषकी कोणतें प्रहार करत भयो तहांय
हदसा भीमकी श्रीकृष्णाके कहेतें अर्जुन देषि बाणव
ष्टि करि कर्णकौ व्याकुल कियो तब भीमहू मूर्छा छोडि
सात्यकीके रथमे सवार होइ अनेकवीरनकौं मारत भयो
॥ ॥ इति भीमप्रवेशः ॥ ॥ तापीछे अर्जुनक
र्णपैं बाण चलाये तिनकों अश्वत्थामा बाणनतै काटत.
भयो तब अर्जुनहू बाणनतैं अश्वत्थामाकौ भजाय अने
क वीरनकौ संघार करत जयद्रथके मारिवेकौं अतिशीघ्र
रथकौं चलाय पद्मव्यूहसौं युधकरत भयो तहां पद्मव्यू
हके वीरनकौं मारि तापीछे अनेक महारथीनकरि रक्ष.
त जयद्रथ सूचिव्यूहके एक देसमे गुसहो ताहू व्यूहमें
अर्जुन प्रवेश करि ताके वीरनसौं युधकरत भयो तहां
भीमहू गदाप्रहारतैं अनेक वीरनकौं मारत भयो अरु
सात्यकीहू क्रोधतें कौरवनकी सेनाकौं मारि हाहाकार
शब्द करावत भयो ता सात्यकीकौं देषि अलंबुष युधक
रिवेकौं आयो तासो युधकरि सात्यकी अनेक वीरनकौं
मारि अलंबुषको शिर काटि सिर पृथ्वीमै पटक्यो विष्णु
के चक्रते कट्यो राहुको शिरतैसे अलंबुषकौं देषि रा-
ज.मंडल दूषितभयो तापीछे सात्यकी पांचसें ५०० वीर
और मारे तिनकौ कोलाहल स्रुणि भूरिश्रवा युधकौआ
यो तब दोऊही मेघ समान बाण धारा वर्षतदोउ सेना
कौ व्याकुल करत अनेक सस्त्र अस्त्र मय युध करत भये.
तिनके युधकौं सर्ववीर परस्पर युध छोडि देषत भये.त

ब दोउनके बाण लक्षवेध करि पृथ्वीमें प्रवेस करत भये.
स्वामीकों मनो वांछित काम कस्यौ नहीं तातें कहा मुषदि
षावें ये लज्जातेंही मानो अंतर्धान भये ऐसें दोउनके बा-
ण प्रहारतें सारथी अश्व धनुष ध्वजा कटे तब दोउ षडग
युध करत भये तापीछें भूरिश्रवा सात्यकीकों पृथ्वीमें पटकि
कें सिरगहि षडगतें सिर काटिवे लग्यौ तब श्रीकृष्ण अ-
र्जुनसौं बोले हे अर्जुन तेरो शिष्य सात्यकी तोहकों जीतिवेला
यकसो सोमदत्तके पुत्र भूरिश्रवाके बसपस्यौ है यह कालकी
महिमादेषी ऐसें सुणि अर्जुन बाणतें भूरिश्रवाको भुज-
षडगसहित मूलतें काटत भयो. तब भूरिश्रवाबोल्यौ हे
अर्जुन तूं वीरनमें सिरोमणी होय यहकूट युध कोनपैतें
सीष्यौ सिव इंद्र अग्नि कृप द्रोण इनमें तौयह विद्याहै नहीं
यह श्रीकृष्णकी मित्रताको फलहै कहा ऐसें कहि भूरिश्र-
वा प्राणायाम करि योग धारणा करत भयो ताके सिरतें धू
मसहित अगनि निकस्यौ सो देषि और राजा अर्जुनकी
निंदा करत भये. तिनकों अर्जुन बोल्यौ अभिमन्युकों मा
रतें तो तुम धर्म देष्यौ नहीं. अब तुम धर्म देषोहो अरु मो
कों प्राणहूतें प्यारो शिष्य ताकी रक्षा करत मोहि अधर्मि
जाणि निंदा करौहो. सो तुह्मे जोग्य नहीं. ऐसें अर्जुनके व
चन सुणतही सात्यकी चेतपाय पूर्व वृत्तांत जाणे विनाप्र
थमही योगाभ्यासतें गतप्राणऐसें भूरिश्रवाकों षडगतें
सिर काट्यौ ताको देषि कित्तनेक वीर निंदा करत भये कित
नेक स्तुति करतभये. सूर्यास्त पर्यंत जयद्रथकी रक्षाकों इ
तनेवीर सन्नध्ध भये कर्ण कृप अश्वत्थामा दुर्योधन सल्य
वृषसेन वृषक इतने आय बाणनतें अर्जुनकों छाय लि
यौ. तब अर्जुन कोप करि बाण वृष्टितें सबनकों भगा-
ये तब फेरि आय अर्जुनकों सबननें चारयौं तर्फसें घेस्यौ

जब अर्जुन वृषककौं धनुष काटि सल्यकी पाग छेदनक
रि कृपाचार्य अश्वत्थामाकौ विरथ करि वृषसेनकौ कान
काटि दुर्योधनकौ मुकुट काटि सबनिके उरमैं बाण मारे.त
व सकल राजा अर्जुनके बाणनतैं व्याकुल होय बोले अब
सूर्यदेव आकासमैं विलंब क्यौं करतहै. शीघ्र अस्ताचल
कौं क्यौन जातहै ऐसै बोलि रोषसौं रक्तनेत्र न करि सूर्यकौं
देषत भये. तिनके रक्त नेत्रनतैं ही कहा मानो सूर्यहू रक्त
भयौ है जगतकौ उपकार करताहू सूर्य ताकौं अस्तकामी
उलूक चौरलौं कौरव चाहत भये फेरि सबनकौं बाणनतैं
मूर्छित करि अर्जुन जयद्रथके मारिवेकौ चल्यौ तब दुर्योध
न चारिसै हाथीनकौं वीचिकौं पठाये. तिनकौं भीम पकडि
उछाले ते पौन तैं तूल उडे ज्यौं उडि संवर्त्त वायुचक्रमैं पडे
जे भ्रमैहै तब तहां द्रोणाचार्य आय अर्जुनसौं जुध करत
भये. गुरु शिष्यकौ घोर जुध देषि श्रीकृष्ण उपाय कियौ
जब सुदर्शन चक्रतैं सूर्यकौं आवर्ण करि अस्त दिषायौ
तब जुध करते द्रोणाचार्य अर्जुनसौं बोले हे अर्जुन तू स
त्यवादी होय सूर्य अस्त भये तोहू युधक्यौं करतहै. प्रति
ग्या पालनतैं अधिक सूरनकौ और धर्म है ही नहीं ऐसैं
सुणि अर्जुन जुध तजि रथतै उतरि काष्ठकी रासिकौं अ
ग्नितैं प्रज्वलित करि तामैं प्रवेसकी तयारी करि सो सुणि
पांडव हाहाकार करत भये कौरवनसौं छल करतही श्रीकृ
ष्ण अर्जुनसौं बोले हे अर्जुन तेरो अपराध नहीं होणहा
र माफिक तेरे मुषतैं प्रतंग्या निकसी तातैं अब विलंब
न करो तोसरीषो मित्र मोकौं फेरि मिलेगो नहीं तातै मोसौं
एक वार आय मिल ऐसैं कौरवनकौं छलि रुदन करतही
अर्जुनसौं मिलि कानमैं कही हे अर्जुन तूं अग्निकी प्रद
क्षिणा करि जब जयद्रथ दीषै तबही वाकौ शिर काटि सं

ध्या करतैं वाके पिताकी अंजुलीमै नाषि वानै पुत्रकौं वर
दियौ हो जोतेरे शिरकों पृथ्वीमै नाषै ताको शिर तत्कालही
पृथ्वीमै पडैगो. ऐसै स्रुणि अर्जुन अग्निकी प्रदक्षिणा क
रत भयौ ताके देषिवेकों कौरव सरब आये यह वृत्तांत स्रु
णि जयद्रथहू देषिवेकों ऊंचो सिर निकास्यौ तब अर्जुन
अर्धचंद्रबाणतैं जयद्रथको शिर काटि करुवर्ष सीमामै
संध्योपासन करत याके पिता वृद्ध क्षत्रकी अंजुलीमैना
ष्यौ नेत्र मीचे ही वृद्ध क्षेत्र चकित होय वा सिर कौं पृथ्वी
मै नाष्यो तब ततकाल वाकोहू सिर पृथ्वीमै पड्यौ जब
द्रोणाचार्य सहित कौरव जयद्रथको देषि जितनेक अर्जु
नकी निंदाकरै तितनेही श्रीकृष्ण स्रुदर्सनकों अंतर्धान
करि सूर्यकौं दिषायो तब सबही कौरव आश्चर्य युक्त भ
ये. अरु अर्जुनहू सात अक्षोहणी सहित जयद्रथको
मारि गर्जना करत भयो ता गर्जनाकौ स्रुणि मदोन्मत्त
भीम हर्षतैं अपार नाद कस्यौ ताको स्रुणि युधिष्ठिरकै
आनंद होत भयो. व्यूह भंगतैं व्याकुल कौरवनकी से
ना दावानलतै व्याकुल गज घंटालौं चास्यौ ओर भ्रमत
भई जब अर्जुन कृपाचार्य अश्वत्थामाकौं बाणनतैं भगा
य अनेक वीरनके शिरकमलनतैं संध्याकौं पूजत भयो अ
रुसात्यकीहू युधमैं कर्णकौं जीति दारुक सारथी सहित
श्रीकृष्णके रथमैं सवार होय अनेक वीरनकौं मारत भयो
अरु तब भीमको अपमान कियो तातैं कोपकरि अर्जुन
कर्णके आगे वृषसेनके मारिवेकी प्रतंग्या करी वीरन कौं
मारत सात्यकी भीम सहित युधिष्ठिरकौं आय प्रणाम
कियो अरु युधिष्ठिरके आगै भीम सात्यकी अर्जुनके
रणकी प्रसंसा करत भयो तव राजा युधिष्ठिरतो श्रीकृ
अर्जुनतैं आलिंगन करि जय हेतु श्रीकृष्णहूकी स्तुतिक

त भयो. ॥ इतिश्री भाषा भारतसार चंद्रिकायां द्रोणपर्वणि चतुर्थ दिवस युधे जयद्रथवध वर्ननो नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥ ॥ संजयउवाच ॥ ॥

तापीछे दुर्योधन अंश्रु पातकरत द्रोणाचार्य पासजायबोल्यो हे गुरु आपजाकों अभय दियो हो सो जयद्रथ तुम्हारे देषतही मर्यो अब कहा करोगे ऐसे सुणि द्रोणाचार्य बोले हे दुर्योधन तेरे वैरीनकों मारे विना आज रात्रिमें कवच नषोलूंगो. ऐसे द्रोणाचार्यको वचन सुणि दुर्योधन सूरज अस्त भये पीछेहू सर्व वीरनकों तयार करि युधकोंचल्यो तहां अर्जुनहू श्रीकृष्ण सहित कौरव सेनाके सनमुष आवत भयो तहां द्रोणाचार्यके धनुषकी टंकारतें मांसभोजी जीवहू जुधके उत्सवमे आये हैते अर्जुनके रथकी धुजामें जो हनुमंत ताकी गर्जनातें त्रास पाय. भाजे हनुमंतके शब्दके प्रतिध्वनि ज्यों भीमं मुष कंदरातें निकसीजो ध्वनि सो सत्रु सेनाकों कंपाय मानकरी. तब दोउ सेनाके वीर परस्पर युधकरत रुधिरसूं रंजित भये. द्रोणाचार्य बाणनतें सहस्त्र गज दसहजार रथ. लक्ष पयादेनकों मारि राजा शिवकों शिरकाटत भये. अरु भीमसेन युधकरते कलिंग राजाके पुत्रकों मुष्टितें मारि अस्त वषेरे ते वाके भोगकरिवेलायक मानों पुन्यहे ऐसे दीषे विराटको रसोईदार जो भीम तानें कालिंगनकों मारि रण भूमिमे पटके ते मानो कालिकाकी व्याल निमित्य विंजनसें दीषे तहां कलिंग कुलकूं मरे देषि ध्रुवजयतर आये तिनकू भीम मुष्टि प्रहारतें मारि अरु कर्णकों युधमें व्याकुलकरि फेरि दुष्कर्ण, दुर्मद येतेरे पुत्रनकों मारि गाजत भयो तापीछे सात्यकी यादव सोमदत्तको पुत्र भूरिश्रवा ताको सहोदर सलजाकों मारि अनेक वीरनकों मारत भयो. तहां अश्वत्थामा आय सात्यकी-

कूं रोकि अनेक वीरनकों नास कीयो ताके सनमुख घटोत्कच घोर शब्द करत आय बाणनकी वर्षा करी तब अश्वत्थामाहू घटोत्कचकूं बाणवर्षातें व्याकुल करि व्याकुल करते घटोत्कचके पुत्र अंजन पर्वाकों मार्यो तापीछे राक्षसनकी सेनाकूं अश्वत्थामा भगाय अरु द्रुपदके आठ पुत्रनकों मारि पीछे कुंती भोजके दस पुत्रनकों मारि अनेक वीरनकों मारत भयो तब भीमहू बाल्हीकी राजाहू मारि प्रमाथी वीर जो नागदत्त दृढरथ, वीरबाहु आयोबाहु सुहस्त सुदृढ ऊर्णनाभ, कुंडसाई, एतेरे दस पुत्रनकूं मारे तबत्ता अवकासमें द्रोणाचार्य युधिष्ठिरके घोर युध होत भयो तब भीम सकुनीके सात भ्रातानके सिरकाटि आकासमें फेंके ते सप्त ऋषीनके हस्ततें पडते कमंडलुसे दीषे तब पांडुवनके पराक्रमतें सकलसेना व्याकुल देषि दुर्योधन कर्णपें जाय दीनवचन बोली विनती करी जब बाण वर्षत ही कर्ण बोल्यो हे दुर्योधन तुम भय मतिकरो इनतेरे वैरीनके पीसिवेको भार मोकों है आजि अर्जुनकों मारि तोकों निष्कंटक करोंगो. ऐसे बोलतेकर्णकों कृपाचार्य बोले हे सूतपुत्र, गोहरणमें अरु घोषयात्रा में तूं दीष्योहू नहीं ता तें अब यथाशक्ति युधकरो अरु वृथा गर्जना मतिकरो ऐसे सुणि कर्ण क्रोध करि षडग धारि कृपाचार्यसों बोल्यो जो तुम फेरि ऐसे बोलोगेतो षडगतें जिव्हा काटोंगो. तब मामाके अनादरतें कोपकरि षडग धरि अश्वत्थामा कर्णके सनमुष आय बोल्यो रेरे नीच तूं कैसे भूसे है तब ऐसे सुणि कर्णहू षडग लेय युद्धकों आयो जब दोउनके वीचि कृपाचार्य दुर्योधन आय निवारण करत भये. तापीछे कर्ण अश्वत्थामा दुर्योधन येतीनों आय पांडवनकी सेनाकों व्याकुल करि अनेक वीरनकों मारत भये. तहां वीरनके मुषतें मरे मरे है अरु नगं

ऐसो शब्द निकर्‌यो तब अर्जुन आयबाण वृष्टिकरि तहांकौ रवनकी सेनाके सरणों कर्णही होत भयो तब कर्ण अर्जुनके बाणनतैं आपकोरथ अरु मनोरथको भग्न भयो देषिद्रु पाचार्यके सरण गयो अरु अश्वत्थामा द्रुपदके पुत्रनकों मारि अनेकवीरनकों मारत भयो तब युधिष्ठिर भीम अर्जुनकों पार्श्चक्र रक्षक करि कौरवनकी सेनाके वीरनकों मारि व्याकुलकरत भयो सात्यकी युधकरि सोमदत्तकोमार्‌यो अरुअर्जुन द्रोणाचार्य दोउनके दिव्यास्त्र प्रकासतैं देदीप्यमानवह रात्रि ऐसी सोही जैसे रुद्रके नेत्राग्नि प्रकासतैं देदीप्यमान कालरात्री सोहै घोर अंधारमें वीर दीपिकानके प्रकासतैं युधकरत भये. दीपकनिके प्रकासतैं कहूं कहूं षंडित अंधकार वीरनके सस्त्र प्रहारनतैं षंडितसो दीष्यौ महावीरनके भल्ल प्रहारनतैं अनेक दीपिका कटि कटि पडी ते अंधकारकी चपेटनतैं मानों षंडि रात्रि ऐसीदीषी अरु बालिष्ठ दैत्यावतार.दुर्योधनकों देवतावतार युधिष्ठिर रातिकोंजीत्यौ यह सबनकों आश्चर्य भयो कर्ण अनेक वीरनकों मार तवशी भूत सहदेवको माताके वचनतैं छोड्यो युधिष्ठिर द्रुमसेन आदि राजानके सिरनतैं पृथ्वी छाय दीनी. तापीछेकर्ण द्रोणाचार्यहू युधिष्ठिरकीसेनाके वीरनकों मारि पृथ्वीकों ढांपि दई. धृष्टद्युम्न आदि वीरनकों भगाय पांडवनकीजय आसा सहित सेनाकों विदीर्णकरि अपारबाण धारावर्षत भये. सो देषिश्रीकृष्ण घटोत्कचसों बोले हे घटोत्कच महावीरहूतूं कऱ्यालों कैसे ठाढोहै अथवा युधनकरिजाणै तातेंही जुधकों बुधिनहीं करैहै कहा ऐसे स्रुणि घटोत्कच बोल्यो हे कृष्ण हे कृष्ण मैंतेरे दासकों दासहों अरु मेरोबल रात्रिहीमें है तातें दिवसमें जुध नकरोंहों अब तुह्मारी आग्यातें कौरव सेनाकों अबही यारात्रिमें अदृष्ट होयप

वैतनतें चूर्ण करोंगो ऐसे वाको वचन सुणि श्रीकृष्ण युधिष्ठिरसों बोले हे धर्मराज आपहू कौरव सेनाते युध करो ऐसो राजासों कहि घटोत्कच को उत्साह सहित करि युधकों पठायो जब घटोत्कच जठराग्नितें अगनि प्रगट होय नेत्र नासिका कर्ण मुष द्वारातें निकासि सस ज्वालान करि भयकरत पीतवर्ण केस डाढी मूछनकों धारि सिषर नमें दावानल ज्वाल सहित पर्वततलों दीष्यो ताको देषत ही कितनेक कायरतो नष्ट भये अरु सूर वीरनकों दृष्टितें गर्जनातें भगाय कर्णको सरजालतें आच्छादित कर्‍यो तब रत्न विचित्र दीर्घ धनुष धारे इंद्र धनुष सहित अंजन पर्वतसों दीष्यो तहां कर्णको व्याकुल देषि दुर्योधन अलंबुषको पठायो सो कर्णके आगे आय घटोत्कचसों युधकरत भयो जब घटोत्कच चारिसें ४०० हाथ प्रमाण रथमें सवार होय जय सुरके पुत्रसों युध करत भयो तहां दोउ पक्ष सहित पर्वततलों युधकरत भये. तिनके तुल्य जुधकों सर्ववीर देषत भये. तब घटोत्कच वाके रथकों आपके रथतें तोडि अलंबुषको वक्षस्थल धरि भुजानसों निचोड्यो ताके सरीरतें रुधिर धारान सहित प्राण निकसे. तबघटोत्कच वाके शिरकों तोडि दुर्योधनकों दिषाय बोल्यो ऐसे ही कर्णको सिर दिषाउंगो. सोतुम देषैगो. ऐसे कहि कर्णपें शीघ्रआय बाणनतें आच्छादित कियो तब कर्णहू असंष्यि बाणनतें वाको मर्म वेध्यो जब भीम पुत्रहू सहस्रारचक्र धारि कर्णकों आयो तब कर्ण वाचक्रकों बाणनतें काट्यो जब घटोत्कच रथ सहित आकासमें जाय माया युधि करि असंख्यात वीरनकों नास कर्‍यो अरु पृथ्वी अग्निकी ज्वालानतें जरत भई आकासतें बाण वृष्टि भई अरु दिसानकों अनेक राक्षसौनें रोकी जब कौरवनकी सेना भ-

हा संकट पायौ तब कर्ण दिव्यास्त्रतें माया निवारण करि लक्षावधि राक्षसनकों मारत रामचंद्रही तुल्य दीष्यौ जब घटोत्कच रुद्रको बणायो अष्ट चक्रन सहित वज्र ताकौंच लाय कर्णको रथ भंग कर्‍यौ तब कर्णहू बाणनतें वाकोरथ तोड्यो जब घटोत्कच पंजर हीन पक्षीलौं उडि आकासमैं गयो तहां जाय गर्जना करत मायावी अलायुधके सनमुष युधकों ठाढो भयो तब अलायुधहू भूमिमैं ठाढोजो भीम तासौं जुधकरैहै सो ताजि याके सनमुष आयो तव बकराक्षसको मित्र अलायुध भीमको पुत्र घटोत्कच इनके आकासमैं घोर युधभयो तिनकी गर्जनातें पर्वतनके सिषरहूफाटे ऐसे युधकरते अलायुधको शिरकाटि घटोत्कच भूमिमै नाष्यो सो पर्वतके सिषरकी समान कटे शिरकुं सर्ववीर देषि विस्मित भये ताअवकासमे कर्ण पांडुसेनामे प्रवेस करि वीरनकू मारतहो ताहि देषि घटोत्कच वाके रथकुं तोडि आकासमे फैंकि वृक्ष सर्पशिला अग्नि इनकी कौरव सेनामै वर्षा करत भयो तब कौरवसेना ऐसे भाजी जैसे पाजफूटे सरोवरको जल स्रष्क होत च्यारो दिसानमैं जाय तहां कितनेक वीर हाथी घोडानके सरीरमे धसत भये ऐसेजुधकरते घटोत्कचके सनमुष कर्ण बांणचलाये तब घटोत्कचहू कर्णपें बाण चलाये. जब दोउनके बाण संघटतें अग्नि प्रगट होय कौरवनकी सेनामैं दग्ध करत भई अरु तहां राक्षसनको राजा घटोत्कच सर्वजाति सस्त्र वर्षतभयो तातें सबवीर विव्हल होई हाहाकार करत भये तब घटोत्कच आकासमें किलकिला शब्द करत हर्षतें नृत्य करत भयो अरु कूदि कूदि हाथी घोडानको भक्षण करत भयो. अरु रुधिर नदिनतें अंजुली भरि भरि रुधिर पान करत भयो. ऐसे राक्षस रात्रिके जुधमैं दरसन

तैही कितनेकनके प्राणहरे कितनेकनको सस्त्र अस्त्रनकी
वृष्टितें मारे तायुधको देषिकौरव गजनकी घंटानतें शरीर
नकी रक्षा करत भये अरु युधकरते कर्णसौं दीन होयबो
ले हे कर्ण यह घटोत्कच रात्रिमें हम सबनकों मारैगो
तापीछें तूं इंद्रदत्त शक्तिसौं अर्जुनकौं मारि कहा करैगो
ऐसें स्रुणि संकट निमित्त राषि निधिलौं इंद्रकी दीनी एक-
वीर घातिनी सक्तिकौं कर्ण घटोत्कचपै फेंकी सोवह स-
क्ति विजली समान अंधकारकौं दूरि करत घटोत्कचके हृ
दयकौं विदीर्ण करि स्वर्गकौं गई ताके प्रहारतें प्राण रहि
त घटोत्कच पडि एक अक्षोहणी सेनाकौ चूर्ण कर्‍यो तापी
छै सब वीरनको राजा घटोत्कच ताकौं मर्‍यो देषि कौरव
हर्षतें नृत्य करत भये. तबश्रीकृष्णहू सर्वव्यापकता दि
षावत भये. जब अर्जुन श्री कृष्णसौं बोल्यौ हे श्रीकृष्ण
या दुष्षके समयमें तुम नृत्य करते भले नही दीषौहो यानृ
त्यकौ कारण कहाहे सो कहौतब श्रीकृष्ण बोले हे अर्जुन
यह तेजोमई मूर्ति कर्ण कौरवनको परम जीवनहे अरु एक
वीर घातिनी इंद्रकी दीनी सक्ति कर्णको परम जीवनही सो
वह सक्ति घटोत्कचकौं मारि किरणन करि हंसत अब तुह्मा
रो पुत्र कर्ण मर्‍यो यह सूर्यसौं कहिवेकौं गई. तातें हे अर्जु
न अब कौरवनको मरेही जाणो. अरु इनके स्वास आवे
है ते पोले वृक्षके पवनलौं जाणौं. अरु या शक्तितें अर्जुनकौं
मारियो ऐसें कौरव नित्य सिषावतहे परंतु मेरी मायाके
प्रभावतें वाकौं याद रही नही अरु एक लव्ध जरासंध
सिसुपाल आदि अस्त्र दुर्जय हे. तिनकौं मैं मारे तब हू-
ऐसौ जुध न देष्यो दुःसाध्य शत्रुनकौंतो मैं मारे. अब मै
किं दीन कर्ण आदि आदि सकल सत्रुनकौं तुम मारोए
से श्रीकृष्णको वचन स्रुणि सर्व युधिष्ठिर भीम अर्जुन

कौं आदिले वीर क्रुद्ध होय युद्धकौं चले. तब चिंता करते यु-
धिष्ठिरकौं वेदव्यास मिलिके बोले हे युधिष्ठिर तुम धर्मतें युध
करि चौथे दिन तेरो विजय होइगो. ऐसे कहि अंतरध्यान
भये. तापीछे घोर अंधकारमें वीर शब्द वेधी बाण प्रहार
नतें वीरनके मुष हृदय तिनकों विंधत भये. अरु अंधका
रमें अपनो परायो जाणें विनाही घोर जुध करत भये. अ
रु पर्वत सहित पृथ्वीकों उठावतेंही तिनकों षेद न होय ऐ-
सेहू वीर युधमें षेद पावत भये. अरु अर्जुनको कछुभी
षेद भयो नहीं तौभी करुणाकरि वीरनसौं कही एक क्षणमा
त्र तुम विश्रामकरो. सो सुणि सकलवीर अर्जुनको सराहत
हाथी घोडा रथनपैं चढेही दुष्ष दूर करवे वाली निंद्राताके
वस होय सोवत भये. सस्त्र अस्त्र सहित युधकौं सन्नध्ध
ऐसी दोउ सेना निद्राकरि निश्चल सोवत भई. तापीछे चंद्र
मा उदे भयो सो अमृत वर्षवे वाली किरणनकरि घायलवी
रनकौं सुषी करत भयो रुधिरकी नदीमें षंड षंड चंद्रमाके
प्रतिबिंब ऐसे दीषे मानो निजकुल नासतें चंद्रमा आपही
षंड षंड भयो. अरु चंद्रमाकी किरण स्परसतें दोउसेनावी
र जागि जुधकों विचार करत भये. तापीछे सूर्योदय भयो.
तब सकल वीर नित्य कर्म करि युधकौं सन्नद्ध भये. तबदु
र्योधन द्रोणाचार्यपैं आय कटुक वचन बोल्यो जब वाके वच-
नतें क्रोध करि द्रोणाचार्य दिव्यास्त्र प्रहारतें अस्त्र वि-
द्याकरि हीनहू. तिनहूकौं मारत भयो अरु द्रोणाचार्य
अषंड धनुष मंडलतें असंष्यात वीरनकौं मारि गज अश्व
नकौं छिन्न भिन्न करि रुधिरके प्रवाह वहाये. तिनमें
अनेक योधा बूडि बूडि मरे तापीछे द्रोणाचार्य जुधमें
आवते द्रुपदके पुत्र तिनकौं मारत भयो तब विराट
द्रुपदहू युधमें थिर ऐसे द्रोणाचार्य पैं बाण वृष्टी करी

जब द्रोणाचार्य नैं दोउनके सिर काटि पृथ्वीमैं डारे त
ब भीम धृष्टद्युम्नकौं आदिलै सब वीर युधकौं द्रोणके स
न मुष आये. तिनकौं कर्ण सकुनी वीर रोके तहां अने
कवीरनके समागममैं अति घोर युध भयौ अरु विदीर्ण
भये हस्तीनके कुंभस्थलतैं असंष्यात मोती पृथ्वीमैं प-
डे. अरु असंष्यात रुधिरकी नदी वही. तब द्रोणाचा
र्य पांडवनकी सात अक्षोहणी सेनाकौ मारत भये.ज
ब श्रीकृष्ण पांडवनसौं बोले हे युधिष्टिर जब तांई शस्त्र
धरैहै तब तांई द्रोणाचार्यकौ जीत्यौ जाय नहीं ता.तैं छल
करि इनके हाथतैं अस्त्र शस्त्र छुडावौ ऐसैं स्रुणि अ
र्जुन कान मूंदि अधोमुष भयौ अरु युधिष्टिर शोकतैं मू
क भयौ तापीछै भीमसेन मालव देसके राजाकौं अ-
श्वत्थामा नाम गज राजकौं मारि ऊंचे स्वरसौं अश्व
त्थामा हतो ऐसैं बोल्यौं तब लज्जा करि नम्र भयौ ऐ
सैं भीमके मुषतैं अति अप्रिय वचन स्रुणि अरु पुत्र
अश्वत्थामाकौं अजेय जाणि असत्य मानि युधही-
करत रहे तापीछै साति हजार पांचाल वीरनकौं मारि
दस लक्ष वीरनकौं ब्रह्मास्त्रतैं दग्ध करि चारिसैं वरषकौ
द्रोणाचार्य तरुणलो युधमैं विचरत भयौ तब अति क्रू
र कर्म करत द्रोणाचार्य भीमके वाक्यतैं संकित होय यु
धिष्टिरसौं पूंछ्यौ हे सत्यवक्ता युधिष्टिर भीम कही सो
सत्यहै कहा ऐसैं द्रोणाचार्यको वचन स्रुणि श्रीकृष्ण
राजा युधिष्टिरसौं प्रार्थना करी हे राजन् जो तुम सत्य-
ही बोलोगे तो पांडवन सहित जगत प्रलय होइगो.य
ह श्रीकृष्णकी प्रार्थनातैं युधिष्टिर अश्वत्थामा हतः य-
ह तो ऊंचे स्वरसौं भीमलौं कहिन रोवा कुंजरोवा यह
धीरे बोले. अरु जबही श्रीकृष्णनैं संष ध्वनि जो करी.

तातें राजा दूसरे कहे जो अक्षरसौं द्रोण सुणेही नहींत
व द्रोणाचार्य पुत्रके सोकतें क्षणमात्र व्याकुल भयौ ता-
पीछे पहले राजा युधिष्ठिरके रथके अश्व पृथ्वीकौं स्परस
करे विनाही चलें हे तेई अश्व राजाके वचन कहतही भू
मिमें कष्टसौं चलत भये. तब द्रोणाचार्यहू धृष्टद्युम्नकौं
जीति एक लक्ष वीरनकौं और मारे. ऐसें युध करतें द्रो
णाचार्यसौं भीम जाय बोल्यौ हे गुरु तुम ब्राह्मण होयरा
क्षसलौं हत्या करौहौ अरु पुत्रके मरणकौ दुष्पहू भूलि-
गयेहौ यातें तुमकौं धिक्कार हे ऐसे भीमको वचन सुणि
द्रोणाचार्य सस्त्र अस्त्र त्याग करि सकल जीवनकौं अ-
भय दान देय योगेंद्र द्रोणाचार्य योग आसन करि बै
ठ्यौ तिनके ब्रह्मांडतें ज्वाला निकसि प्राण मुक्त भये.
तापीछे धृष्टद्युम्न आय पांडवनके वरजत और राजा
नके मुषसौं धिक्कार शब्द सुणतहू केस पकडि गुरु
द्रोणाचार्यकौ शिर छेदन कस्यौ तापीछे सकल कौरवन
कौं भयभीत देषि पूछत भयौ जो अश्वत्थामा तासौं रु
दन करत दुर्योधन सकल वृत्तांत कहत भयौ सो सुणि
पिताके मरणनतें क्रोधजुक्त रुद्रके अंसतें प्रगट भयौ.
जो अश्वत्थामा सो भृकुटी चढाय रौद्र दृष्टितें प्रलय का
ललौं भयंकर रूपधारी हस्ततें हस्त पीसत क्रोधतें बोल्यौ
पिताकौ मरण सुणाय इन क्षत्रीन मोहूकौ मास्यौ मोकौं
जीवतेहीकौं मस्यौ मानि पिताके केंसषेंचे. आजन्मप-
र्यंत सत्यवादी धर्मपुत्रहू गुरुकौं मारि आपके जीवे नि
मित्त मिथ्या बोल्यौ तातें अब क्षत्री जातिकौ कहा वि-
श्वास परंतु पिताकौ दियौ नारायणास्त्र मोपै हे ताकरि
पांचपांडव श्रीकृष्ण हीन विश्व करौंगो. ऐसें कहि पवि
त्रहोय नारायणास्त्र धारि अश्वत्थामा गर्जत भयौ तातें

क्रूर अक्रूर सबही कंपित भये तब अर्जुन वा गर्जनातैं सेनाकौ व्याकुल देषि पश्चात्ताप युक्त होय राजा युधिष्ठिर सौं बोल्यौ हे महाराज आजन्म पर्यंत सत्य वादी तुम हौ यह निश्चै जाणि सस्त्रास्त्र त्याग करि योगाभ्यास में बैठे विनां अस्त्र ऐसे गुरुकौं मार्यौ ता क्रोधतें या द्रोणाचार्यके पुत्रकौं कौण मारे. और राज भोग वांच्छाहूकौंधिक्कार है जो या वृद्ध गुरु अस्त्र योगीकूं साक्षात मार्यौ ऐसे कुधतें अर्जुन कौ प्रलाप स्रुणि क्रोध युक्त होय भीम पृथ्वीकौं सब्दाय मान करत बोल्यौ हे अर्जुन तूं क्षात्रिय होय मुनि तुल्य वचन बोलत भलो दीषे नहीं क्रूर वैरीके मारिवे में न्यायको विचार कौण करे. अरु अब द्रोण पुत्र विकट धुनिकौं क्यौं करे है हम तुम श्रीकृष्ण ये युधकौं तयार ही है ऐसे भीमकौ वचन स्रुणि कोप युक्त धृष्टद्युम्न अर्जुनसौं बोल्यो हे महावीर अर्जन तुम स्रुणौ. यह ब्रह्म बंधु अस्त्रज्ञान हीननकौंहू ब्रह्मास्त्रतैं मारे यातें यह अधर्मी योधास्व छंदचारि है अरु मेरे पिताको वैरी द्रोण ताकौं मैं मार्यौ अरु वृद्ध पितामह तो भीष्म दूसरौ तुह्मारे पिताको मित्र भगदत्त इन धर्म योधानकौं तुमकैसे मारे ऐसे बोलतै धृष्टद्युम्नकौ अर्जुन धिक्कार करि कटाक्षसौं प्रेरणा करि सात्यकीकौं बुलायौ तब सात्यकी बोल्यौ हमकौं धिक्कार है जो गुरुकौं कपटसूं मार्यौ तब ऐसे स्रुणि धृष्टद्युम्न बोल्यौ अनसन व्रत धारि योगाभ्यास करते भूरिश्रवाकौं कौण मार्यौ तब यह स्रुणि सात्यकी बोल्यौ हे निर्दय दुराचार्य धृष्टद्युम्न ऐसे फेरि बोल्यौ तो तोकौं मैं मारौंगो ऐसे बोलि सात्यकी षडग लियो जब धृष्टद्युम्नहू षडग धारि युधकौं आयौ तब दोउनकौं युधकौं सन्नद्ध देषि श्रीकृष्णके वाक्यतें भीमसेन आय

रोके याअवकासमै अश्वत्थामाके चलाये नारायणास्त्रकी ज्वालानको दिसानमैं व्याप्त भई देषि अरुता अश्वत्थामा हीके अनेक सस्त्रनतैं सेनाकौं व्याकुल देषी अर्जुनसौं युधिष्ठिर बोल्यो सत्यजीतकौं आदिलैके महारथ मारे दग्धमुष अभिमन्युकौं छलतै मार्यो अरु दुर्योधनकौ अभेद्य दिव्य कवच दीयो ता गुरुमैं मरणतैं क्रोधकौ रोकि मध्यस्थ होणोही जोग्यहै सात्यकी हम द्युम्नये आपके घर जावौमैं अगनिमैं प्रवेस करौंगो. अरु कालतुल्य कृपा पुत्रकौ अब कोण जीतिसकै ऐसै युधिष्ठिरकै बोलतैही चतुर्भुज भगवान उर्ध्व भुज करि नारायणास्त्रकी ज्वालातै व्याकुल जे राजा तिनसौं बोलै जे सस्त्र अस्त्र रथनकौं छोडैंगे तिनकौं यह अस्त्र दग्ध नकरैंगो ऐसै सुणि सर्व राजा सस्त्र अस्त्र रथनकौं छोडि सिर भूमिमैं धरि प्रणाम करत भये. तब भीम राजानसौं बोल्यो हे राजा हो तुम भय नकरो मैं निर्दय अश्वत्थामाकौं गदातै मारौंगो. ऐसे कहि गर्जनाकरत भीम गदालैकै दौड्यो तब अश्वत्थामा यह मूर्ष है ऐसै हसिकै कहि बाणनसौं पूरत भयो अरु रथ आयुध हीन राजानकौं छोडि नारायणास्त्रकी ज्वाला मंडल भीमकौं छायलियो जब अर्जुन भीमकौं ज्वाला मंडलतैं व्याकुल देषि वरुणास्त्र चलायो सो वरुणास्त्र नारायणास्त्रकी ज्वालानमैं दग्ध भयो अरु अस्त्रके आतापकौं सहि युधकरत भीमकौं देषि देवताहू विस्मित भये. जब श्रीकृष्ण अर्जुनये भीमपास आये जोरावरी भीमकौ रथतैं उतारि अस्त्रहू भीममैं नाषे तब पांडवनके दुःख सहित अश्वत्थामाके मनोरथ सहित सब लोककी ताप सहित नारायणास्त्र सांति भयो सो देषि दुर्योधन अश्वत्थामासौं कही. याही अस्त्रकौ प्रयोग फेरि करौ तब अश्वत्थामा दिव्यास्त्र

दूसरे चलै नहीं ऐसै कहि युध करिवेकों दौड्यौ तहां सात्य की धृष्टद्युम्न दोउनकों सस्त्र वर्षातें जीति स्कदर्सन नामा पौरव राजकों मार्यो तब युधिष्ठिरकी सेनाकों व्याकुल दे षि अर्जुन अश्वत्थामाकों बाण वृष्टिकरि रोक्यौ तब अ- श्वत्थामाकों आग्नेयास्त्र चलायो ताकी ज्वालानतें अनेकवी र दग्ध भये धूम मंडलतें सूर्य मंद भयौ नक्षत्र मंडल दिनमें ही दीष्यौ एक अक्षोहुणी सेनाकों दग्धकरि वह अस्त्र श्री कृष्ण अर्जुनपें दौड्यौ ताकी ज्वालानकरि श्रीकृष्ण अर्जुन छाय गये. तब अर्जुन निज ब्रह्मास्त्रपें अश्वत्थामाके ब्रह्मा- स्त्रकों सांत करि रणमें देदीप्यमान भयौ पृथ्वीकों अपां डवी करे विनाही दिव्यास्त्रकों सांत देषि अश्वत्थामा दिव्या स्त्रकी निंदा करे हो. तब वा अश्वत्थामाकों वेदव्यास आय दर्सन दीयौ जब रथछोडि अश्वत्थामा मुनिकों दंडौत क रि बोल्यौ मेरे दिव्य अस्त्र श्रीकृष्ण अर्जुनमें निष्फल भ ये याको कारण कहाहै सोकहो. तब व्यास बोले हे पुत्र श्री कृष्ण अर्जुन नर नारायणहै यह जाणौ सात हज्जार वर्ष तप करि नारायण रुद्र सेवनतें वाकी तुल्य भये. तूं मूर्तिसे वातें रुद्रांस ताकौ प्राप्त भयौ यह श्री कृष्ण रुद्रस्वरूपहै तूं रुद्रांसहै रुद्र अरु श्रीकृष्ण अर्जुनये एक स्वरूपहै इ नके प्रभावसें संदेह सांति करि ऐसै बोलि व्यास अंतर ध्या न भये. तब अश्वत्थामा रुद्रकों प्रणाम करि श्री कृष्ण अ- र्जुनकों देवरूपजानि क्रोधकों सांति करि युधहू समाप्तकि यो तब सकल राजा सकल निज निज डेरानकों गये. ज- ब अर्जुनहू डेरानसें आवत मार्गमें श्रीकृष्ण द्वैपायन मु निकों देषि प्रणाम करि पूछ्यौ हे महाराज, युधमें शूल धारि विकराल रूप नर भूलकी ज्वालानकरि मेरे बाण प्रहारतें पहली सकल कौरव वीरनकों संहार करत प्रति

दिन दीषैहै सो कौण है? तब वेदव्यास बोले श्रीकृष्णतैं रूपातैं तोपै प्रसन्न भयौ. भक्तनकौं कल्पवृक्ष. पार्वतीपति रुद्रहै आत्मा अनात्मा ईश्वर अनीश्वर ज्ञान अज्ञान प्रिय अप्रिय सर्वरूप अरूप ऐसे रुद्रके ध्यानते तोकौं सर्व सिद्धि होयगी. ऐसे अर्जुनकौ संदेह दूरकरि मुनिअंतर्ध्यान भये वीर डेरानमैं प्रवेस करि अपने अपने यथा योग्य कृतकृत्य करत भये. ॥ ॥ ॥

॥ दोहा ॥

॥ द्रोणपर्वकी वचनिका भाषा भारत सार ॥ रावचांद सिंघ के हुकुम भयो सग्रंथ विचार ॥ १ ॥ ॥ ॥

॥ ॥ इतिश्री भाषा भारत सार चंद्रिकायां द्रोणपर्वणि पंचमोऽध्यायः समाप्तम् ॥ ५ ॥ ॥ ॥

इतिश्रीभाषाभारतसारद्रोणपर्व समाप्तम्

कर्णपर्वचित्र. १

दिन दीषैहै सो कौण है ? तब वेदव्यास बोले श्रीकृष्णतैं रूपातैं तोपै प्रसन्न भयौ. भक्तनकों कल्पवृक्ष. पार्वतीपति रुद्रहै आत्मा अनात्मा ईश्वर अनीश्वर ज्ञान अज्ञान प्रिय अप्रिय सर्वरूप अरूप ऐसै रुद्रके ध्यानतै तोकों सर्व सिद्धि होयगी. ऐसै अर्जुनकों संदेह दूरकरि मुनिअंतर्ध्यान भये वीर डेरानमैं प्रवेस करि अपने अपने यथा योग्य कृतकृत्य करत भये. ॥ ॥ ॥

॥ दोहा ॥

॥ द्रोणपर्वकी वचनिका भाषा भारत सार ॥ रावचांद सिंघ के हुकुम भयौ स्रुग्रंथ विचार ॥ १ ॥ ॥ ॥

॥ ॥ इतिश्री भाषा भारत सार चंद्रिकायां द्रोणपर्वणि पंचमोऽध्यायः समाप्तम् ॥ ५ ॥ ॥ ॥

इतिश्री भाषा भारत सार द्रोणपर्व समाप्तम्

कर्णपर्वचित्र. १
कर्णाभिषेचन
अर्धचंद्रव्यूह
अर्जुन
मकरव्यूह
कर्ण

कर्णपर्व-चित्र २
कर्णरथ भूमिप्रवेश
अर्जुन सेना
कर्ण सेना
कर्ण
ब्राह्मण भिक्षुक
श्रीकृष्ण

अथभाषाभारतसारकर्णपर्वप्रारंभः

॥ ॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥ तापीछे द्रोणाचार्य कौ मरण सुणि व्याकुल भये. धृतराष्ट्रकों कुरु क्षेत्रकों वृत्तांत देषि कहत भयो हे राजन् दुर्योधन राजने अश्वत्थामासों सलाह करि कर्णकों सेनापति कियो सो अंगदेसको राजाकर्ण मकरव्यूह रचि बाणवर्षा करत पांडवनकी सेनाकों कंपित करत भयो सोदेषि अर्जुन अर्धचंद्राकारव्यूह रचि युध करत भयो तहां दोउनके बाण वर्षातें सर्व वीर रुधिर मय होत भये. तब भीम गदाको प्रहार करि हाथीनकूं मारि २ कलूत राजकूं मार्यो अरु अर्जुन अस्त्र वृष्टि करि संसप्तक गणकूं मारि रुधिर मई नदी वहाई. अरु दंडधार दंड इस दोउ राजानकों मारत भयो. अरुपांड्य राजासूं युध करि वाहूकूं मार्यो तापीछे मलेछ राजाकी सेनाकों मारि अरु बाहुकूं मार्यो अरु कर्णहू अनेक वीरनकूं मारि गर्जना करत भयो ऐसे युधहोतें सूर्य अस्तकूं प्राप्त भयो. ॥ ॥ इति प्रथम दिवस युधः ॥ ॥ तापीछे कर्ण प्रभात समें दुर्योधनसों बोल्यो हे दुर्योधन तेरे अर्थ जे वीर प्राण त्यागकरे तिनको रिण उतारिवेकू समर्थहूं अरु अस्त्र सस्त्र पराक्रम इन करि अर्जुनतें अधिकहूं पें सारथी करि अर्जुन मोतें अधिकहै तातें कृष्णतें अधिक ऐसे सल्य राजाकूं मेरो सारथी करि मैं ताकों विजयद्यूंगो. ऐसे सुणि राजा दुर्योधन सल्यपें जाय कर्णके सारथी होवेकी याचना करी. सो सुणि सल्य क्रोध करि बोल्यो हे राजन् त्रिलोकीकूं जीतने वा-

रौ ऐसे मोकूं सूत पुत्र कर्णको सारथी करै है यो धिक्का
र है तब दुर्योधन बोल्यो हे वीर शिरोमणी ऐसै मति क-
है जो रथी तैं अधिक बली होय सोही सारथी होय है
अग्निके पवन जैसैं रुद्रके ब्रह्मा जैसे. कुंती पुत्र अर्जुनके
श्री कृष्ण जैसे तैसैही कर्णके सारथी तुमहौ ऐसै दुर्यो-
धनके मधुर वचनतें सल्य नम्र होय बोल्यो हे दुर्योधन
मैं तेरी आग्यातें सूत पुत्र कर्णकौं स्वच्छंद चारी सारथीहूं
गौ ऐसै कहि सल्य सारथी भयो तारथपै श्वेत वस्त्र धा
री कर्ण चढत भयो तहां कौरवनके योधा गर्जना करत
भये. तब कर्ण धनुष टंकार करि सल्यसौं बोल्यौ हे स-
ल्य अबमै अर्जुनकौं मारौंगौ अरु जहां श्री कृष्ण तहां
विजय यह वाणी मिथ्या होयगी अरु इंद्रहू मेरो प्रभाव
देषि पुत्रके सोकतें अंशुपात करैगो तब सल्य हसिकरि
बोल्यौ हे कर्ण ऐसी उन्मत्त कीसी नाहीं प्रलाप करत मे
रे आगे लज्जा नहीं पावैहै तेरो अरु अर्जुनको पराक्रम
गंधर्व युद्धमें अरु विराटके गो हरणमें कौन कौननें नहीं
देष्यौ कहा तब कर्ण सल्यसूं कही तूं आज मेरो प्रभाव दे
षैगो ऐसै बोलि आपके योधानसौं कहत भयो. हे योधा
हो इंद्र रुद्रके जीतवे वारो अर्जुन कहा है सो तुम देषो मे
रे बाणावासूं युध करिवाके रुधिर पीवेकी लालसा करै है.
जो मोकौं अर्जुन दिषावे ताकौं सत १०० ग्राम हाथी घोडा
दास रथ यथेच्छु द्यो ऐसो स्रुणि सल्य बोल्यो हे कर्ण तोकूं
अर्जुन आपही दर्सन देय अरु प्राण हरैगो. पण सेवा-
तें मिले ग्रासतें सरीर पुष्ट करि अरु राज्य भाग भोगवेवा
रे अर्जुन सूं स्पर्धा माति करै स्रुवर्ण कमलके भक्षिण करिवे
वारे मानस सरोवरके रहने वारे ऐसे हंसनतें उच्छिष्ट भो
जन करिवे वारे काग कैसे समान होय अरु हे अंगराज कर्ण

मृगकीसी नाहीं अंग कीं तब बताई नचायलै जब तांई. सिंह समान अर्जुन नही दीषैहै तबकर्ण क्रोधकरि बोल्यो मै अर्जुनकों जाणौहों अरु अर्जुन मोकों जाणै है हे सल्य तूं वचन बाणनतें मर्मछेदन करैहै तातें तूं मित्र मुष-शत्रु है अरु तेरे देसवासीनको यह स्वभाव है अगम्या गमन अपेयापान अभक्षाभक्षयों करैहै सो तिनको तूं राजा ऐसे कैसे नहि बोले तब सल्य बोल्यौ हे कर्ण तेरे स्त्री पुत्रनकों वेचैहै अरु मुषतें मैथुन करावै है सकल दुष्ट कर्म करिवे वालेहै तिनके राजामे सुबुद्धि कहांते आवै तातें हे मूर्ष मै हितकी कहौहों तूं क्रोध करै है सो अर्जुनतें युधकिये तेरे प्राणही जायंगे. तातें जुधमति करै ऐसै बोलि सल्य अनवनके मनजड करतही चलाये. तबकर्णहू अनेक बाणवर्षाय अनेक वीरनकों मारि दिव्यगतिकों पहुंचाये ऐसे बर्षाकरत हर्षयुक्त कर्णकों देषि मद्रनाथ सैल्य फेरि बोल्यौ हे सूत पुत्र तूं देषि यह अर्जुनके युधकी लीलाकों देष सत्त महारथीनके प्राणनकों नासकरैहै अरु अर्जुनके एक एक बाणन करि सात सात आठ आठ दस दस वीस वीस महारथी देहत्याग करि करि दिव्य देह धारि इंद्रलोककों जातेहैं सकल संसप्तक गणनकों मारि रणमें गर्जतो इंद्र पुत्रकों नके साध्यहै ऐसे सुणि कर्ण बाणवर्षान करि आकासमें बाण मंडलसों सूर्यकों छाय युधिष्ठिरकों विरथकरि दस हजार महारथीनकों मारि अरु युधिष्ठिरकों व्याकुल कियो. तब युधिष्ठिर विरथ सारथीहीन सस्त्रनकरि रहित कर्णके बाणनकरि पीडित कंपाय मान भयो ऐसे राजाकों देषि तहां भीम आय गदाप्रहारनसों अनेक वीरनकी घंटा षंड षंड करि नंद, उपनंद, क्रौंची, सुपर्वा, पासी, धनुग्रही, महा-

भुज, निर्देह, दीर्घात्मक. सन्निषंगी, काथ, जरासंधु येए
क दस दुर्योधनके भ्रातानकों मारि तिनकों देषि सर्व कौर
वनकी सेना कंपाय मान भई फेरि भीमसेन हाथी घोडा-
सितर सितर हजार मारि व्याघ्रदत्त आदि राजानकों मा
रि रण मंडलमें भयंकर यमतुल्य दीप्यौ तब कर्णहू पांड
वनके अनेक वीरनकों मारे ताकों देषि श्रीकृष्ण अर्जु
नसों बोले हे पार्थ वीरनकी भुजानकों छेदन करतो संग्रा
म सागरमें तिरतो कर्ण सिंहतो सरभाविना कौनके वसको
है ताते युधके निमित्त चलो ऐसै कहि श्रीकृष्ण रथकों
कर्णके सनमुष लेचले तहां मार्गमें भीम आय युधिष्टिर
को वृत्तांत कह्यो हे श्रीकृष्ण अर्जुन. अर्जुन राजा युधि
ष्टिर कर्णके युधमें विरथ होय बाणनके प्रहारतें वि-
दीर्ण होय सिबिरमें गयो सो सुणि श्रीकृष्ण अर्जुन यु
धिष्टिरके दर्सनकों गये. तब महाराज युधिष्टिर श्रीकृष्ण
अर्जुनकों आये देषी कर्णकों मारि आये ऐसे जाणि घा
यलहू हर्षतें सय्यातें उठ्यो तब नमस्कार करि दोउ बैठे.
राजाकों घावनतें पूरि देष्यो जब राजा श्रीकृष्ण अर्जुन
सों बोल्यो सेनाको मारिवेवारे परशुरामको शिष्य ऐसै
कर्णकों रणमें कैसे मार्यो तब अर्जुन बोल्यो हे महाराज
अश्वत्थामाके जीतिवेमें विलंब लग्यो तातें कर्णकों मार्यो
नहीं. रणभार भीमकों सोपि तुह्मारो वृत्तांत सुणि दर्सन
कों आयेहों. ऐसै सुणि क्रोध युक्त युधिष्टिर बोले हे
अधम तूं कूंतीके उदरमें क्यों आयो अरु मोकोंहु धिक्का
रहे जो तो कायरमें विजयकी आसा राषी. एक बांधवकों
रणमें छोडि कर्णते भीत होय इहां आयो तातें अब
यह गांडीव धनुष और कौऊ वलिको सोंपि जो वैरीनतें
हमकों राषै ऐसै सुणि अर्जुन क्रोधते षडगकी तर्फ दे

ष्यौ जब श्रीकृष्ण बोले हे अर्जुन गांडीव धनुष औरकौं देय हम कहै ताकों मारो यह तेरी प्रतंग्याहै सो षड्गकों विनाषेंचे ही बडेनकी निंदा करिवो है सो विनासस्त्र ही बधहै तातें राजाकी निंदा करि ऐसें स्रुणि अर्जुन युधिष्ठिरसों बोल्यौ. हे राजन् भयभीत पृथ्वी पति तोहिकौं देष्यौ अरु आप ऐसो होय औरनकों दुर्वचन कहै सोहू तोहीकों देष्यो ऐसें युधिष्ठिरकी निंदा किये पीछे ज्येष्ट भ्राता समझि अर्जुन आप मरिवेकों तयार भयो तबश्री कृष्ण फेरि बोले हे अर्जुन तूं तेरीही स्तुति करि सत्पुरुषनकों आपकी स्तुति आप करै सोही मृत्यु तुल्य है ऐसै स्रुणि अर्जुन बोल्यो युद्धमें रुद्रकौंमें संतुष्ट कियो इंद्रादिक निसौं अबध्य ऐसे निवात कवच दानवमें मारे तातें कालि कालके वीरनसें मेरी तुल्य अस्त्र विद्यामें और हैही नहीं जबराजा युधिष्ठिर आपकी निंदा अर्जुनकी स्तुति अर्जुन मुषतें स्रुणि क्रोधयुक्त भयो तासों श्रीकृष्ण बोले हे राजेंद्र क्रोध नकरो तुह्मारीतो निंदा अरु आपकी स्तुति अर्जुन विचारिकें करीहै ताकौंमयोजन पीछेजाणोगे तातें अब प्रणाम करैहै सो याकों विजय आशीर्वाद द्यो तो अर्जुनकों पायनमें प्रणामकरतो देषि राजा युधिष्ठिरहू विजयकों आशीर्वाद देयहृदयसौं लगाय विदा कियो. तब अर्जुन उहांतें चलतोही राजानके सिरनसौं पृथ्वीकों आच्छादित करतोही चल्यो अरु भीम गदा करि वैरीनकौ अरु राजा रथी सारथी हाथी घोडा रथ पयादानकों मारि सबनकों एकाकार करे यह भीमको पराक्रम देषि सब योद्धा भयभीत होइ संग्रामके मुषकों छोडि भागे. तब भीम दुःसासनको सारथी मारि रथकों तोडि हाथसों दुःसासनकों कंठ पकडी.

द्रौपदीके वचनतैं याके अपराधनकौं यादिकरि क्रोधतैं याकौं मारि गोदमै धरि आरक्तनेत्रनसौं च्यारौं तर्फ दे षि उंचे स्वरसौ बोल्यौ हे राजा हो तुम देषौ जो यह दुःसासन सभामे द्रौपदीके केंस वस्त्र षेंचि हर्ष मान्यौ हो. सो अबमे ताके वक्षस्थलकौं विदीर्ण करि रुधिर पान करौं हौं ऐसे कहि दुःसासनके विसाल वक्षस्थलकौं फारि अंजली भरि भरि बार बार रुधिर पानकरत आ स पासके राजानकौं देषत भयो ता पीछे षंभकौं ठोकत रुधिरसौं रंगे होठनकौं चाटत लाल नेत्रनकौं भ्रमावत रोमनकौं नचावत ऐसे भीमकौं देषि सकलवीर मूर्छित भये. वाकोपतें भीम जगतकौं कर्ण दुर्योधन करि कैंही नहीं करतो पें द्रौपदीके केंस बंध षोलिवेकौं यादि कर त रौद्र रसमें श्रृंगार रसयुक्त नहीहो तौ तौ ता अव कासमैं कर्णको पुत्र वृषसेन वीर अर्जुनके सनमुष आ वत मारगमैं अनेक वीरनकौं मारि नकुल सहदेव सात्य की इनकौं रणतैं विमुष कियो तब अर्जुन ऐसे देषिबा ण वर्षाकरत कर्ण पुत्रके हाथ नाक कान काटि शिर हू काट्यो तब कर्ण पुत्रको मरण स्रुणि धीर्ज धरि अ र्जुनसौं युधकौं तयार भयौ ताकौं देषि श्रीकृष्ण अर्जु नसौं बोले हे अर्जुन कर्णकौं देषि अनेक रत्नयुक्तर थमैं सवार है अनेक सस्त्र अस्त्रनकरि सोभित है सो तोसौं युधकरिवेकौं आवत है. अरु सल्य कर्ण सौंबो ल्यौ हे कर्ण अर्जुनके रथकौं देषि श्रीकृष्णतो सारथी है हनुमंत धुजामैं है अरु इंद्रको पुत्र अति बलवान् महारथी ऐसे अर्जुनसौं तूं युध कैसे करेगो. तब कर्णबो ल्यौ हे सल्य जाकी धुजामैं रुद्रावतार हनुमंत अरु सा क्षात नारायण जाकौं सारथी अरु नरावतार विष्णुतुल्य

अर्जुन संग्राममैं अजेयही है परंतु हे राजेंद्र सल्य अ
र्जुनके सनमुष मेरे रथकौं लेचलि अरु मेरो युध देषि ऐ
सैं स्रुणि सल्य कर्णके रथकौं अर्जुनके सनमुष ल्यावत
भयो. तब कर्ण अर्जुनके आजन्म पर्यंत जो मनोरथ हो
ता मनोरथके विचारि माफिकही जुध भयो तायुधके
देषिवेकौं देवता गंधर्व विमाननमैं बैठि बैठि आये अरु
देवता विजयकौ परस्पर विवाद करत करत ब्रह्मासौं
पूछ्यो इनमें दोउनमें कौनकौ विजय होयगो तब ब्रह्मा
शिव बोले जहां श्रीकृष्णहै तहां सदाही जयहै ता पीछे
दोउ वीर सनमुष आय संष नाद कर्यौ ताकौं स्रुणि वी
रनके हृदय कंपायमान भये. अरु ब्रह्मा दैत्यनके मा
रिवेकौं इंद्रकूं दियो. इंद्र राजानके मारिवेकौं परसराम
कौं दियो अरु परसराम कर्णकौ दियो सो विजय ना
म धनुषकौं कर्ण षैंचि टंकार करि बाण वृष्टि करत भ
यो अरु अर्जुनहू गांडीव धनुषकौं षैंचि टंकार करिबा
णवृष्टिकरि दोउनकी बाणवर्षातैं समीपके अनेक वीर
तो मरे अरु अनेक वीर भागे. ता पीछे कर्णके बाण अ
र्जुनके सरीरमै प्रवेस कियो अरु अर्जुनके बाण कर्णके
शरीरकौं भेदि पृथ्वीकौं विदीर्ण करि पातालकौं गये. अ
रु कर्णहू लाघवता करि अर्जुनको हाथमै बाण लेतही
काटे तिन बाणनकौं कटे देषि भीमसेन श्रीकृष्ण अर्जु
नसौं बोल्यो हे वीर अर्जुन षांडव वन दाह कालके यदा
नवसौं युद्ध किरात रूपी शिवके युधहू तें इहां अधिक
सावधान होय युध करो. ऐसे स्रुणि अर्जुन बाण धारा
नतैं आकासकौं छायदियो. अरु कर्णके रथकौं बाण
प्रहारन करि एक जोजनलौं पीछे धकायो. तब कर्णहू फि
र आय भार्गवास्त्रके प्रभावतैं सकल बाण मंडल का[illegible]

श्रीकृष्ण हनुमंत सहित अर्जुनके रथकों तीन पैड पीछै ध
कायौ तब देवता आकासतें करणपें फूलनकी वृष्टि करी.
ताकों देषि अर्जुन श्रीकृष्णसों बोल्यौ हे श्रीकृष्ण मैं क
र्णके रथकूं एक जोजन धकायो अरु कर्ण मेरे रथकौं ती
न पैड धकायौ सो देवता कर्णपें फूलनकी वृष्टि करी. या
कौ कारण कहा. जब श्रीकृष्ण बोले हे अर्जुन कर्णतो
सों भारी पराक्रम कर्यो जो तेरे संदेह होय तो मेरे मुषकों
देषि तब अर्जुन श्रीकृष्णके मुषमे सप्त द्वीप समुद्र पर्वत
वृक्षन सहित चराचर विश्व देष्यो तब ताके देषतें ही अर्जु
न मूर्छा पाइ जब श्रीकृष्ण बोले हे अर्जुन यह कर्ण सा
धारण सस्त्रतें जीत्यो जाय नहीं तातें दृढ होय युध करौ.
ऐसें सुणि अर्जुन क्रोध करि असंषि बाणनतें कर्णकों
रथ आच्छादित कियो तब कर्णहू आग्नेय अस्त्रतें अ-
र्जुनके बाणनकों दग्ध करि पांडवनकी सेनाकों दग्धकर
त भयो अरु आग्निहू प्रचंड ज्वालान करि पांडवनकेयो
धानके रथसस्त्र छत्र चवर धुजा पताकानकों जलावत भ
यो अरु सर्व सेना आग्निमई भई जब अर्जुन आपकी
सेनाकों व्याकुल देषि वारुणास्त्रतें आग्निकों सांत करि
कौरवनकी सेनाकों जल समूहमे डुबोई तब कर्णहू वा
य्वास्त्रतें मेघनकों उडाय वीरनकों आकासमैं चढावत
भयो सोदेषि अर्जुन वाके रोकिवेकों पर्वतास्त्र चलायो.
तातें पवनतो सांत भयो तब अर्जुन वा अस्त्रकों रुद्रास्त्र
तें षंडन करि अनेक वीरनकों मारि कर्णकी छत्र मुकु
ट पताकाकों काटत भयो. जब कर्ण क्रोधतें अर्जुनपें अ
र्धचंद्राकार बाण चलायो तब अर्जुन वा बाणको बीचिही
मे काट्यो तब कर्ण अर्जुनके हृदयमें पांच बाण मारे.
जब अर्जुनहू क्षणमात्र मूर्छा पाय तापीछै चार बाणनतें

कर्णके घोडा मारि रथकों तोडि सारथीके हृदयमें एक बाण मारि अरु एकबाण कर्णके हृदयमें मारि गर्जना करी. ऐसे कर्ण अर्जुनको युध देषी सर्ववीर आश्चर्यसंयुक्त भये. तब श्रीकृष्णकी आग्यातें पृथ्वी कर्णके रथ चक्रकों गिल्यौ जब कर्ण रथतें उतरि जितने रथकों उकासे तित नेही अर्जुन श्रीकृष्णकी आग्यातें बाण प्रहार करतभयो तब कर्ण बोल्यो हे पार्थ हे महाबाहु जितनेमें पृथ्वीतें चक्र निकासों तितने क्षणमात्र क्षमाकरि सो स्रुणि अर्जुन क्षमाकरि जब श्रीकृष्णबोले हे अर्जुन तितिने याकौ चक्र नही निकसे अरु दृष्टिहू नीचे है तितने तूं निःसंक प्रहार करि अरु छिद्र देषि प्रहार करेहै तेई जीते है. ऐसे श्रीकृष्णको वचन स्रुणि अर्जुन असंषिबाणनकौ प्रहार कर्यो अरु कर्णहू चक्रनिकसत नीचो मुखकिये यह जाणि श्री कृष्णकी आग्यातें मेरे मारिवे निमित्त अर्जुन प्रहार करेहै तबही श्रीकृष्णसों बोल्यो हे कृष्ण मै मृत्युसों डरों नही यह शरीर क्षण विध्वंसीहै तातें रण मै मरे तौ स्वर्गभोग मिले अरु जीवे तो लक्ष्मी पृथ्वी भोग मिले जातें मेरेतें चिंता कहा है तोहू जितनेमे चक्रकों निकासों तीतने क्षमा करो. अरु मे तो पृथ्वीमे स्थितिअर्जुन रथमे स्थिति तातें यह अधर्म युधसों विचारो. ऐसे स्रुणि श्रीकृष्ण क्रोधकरि बोले हे कर्ण यह तेरो वाक्य स्रुणि बडो आनंद भयो. भीमकौं विष मोदक देतें लाक्षाग्रहकों दाह करते अरु द्रौपदीके केस पकडि षेंचतें अभिमन्युको मारितें काहूने धर्म देष्यो नही अब तोकों धर्म यादि आयो. ऐसे श्रीकृष्ण कर्णसौं कहि कटाक्ष दृष्टितें अर्जुनकौं प्रेरणा करी जब अर्जुन बाण वर्षा करत भयो तासमयमें कर्णके मित्र दुर्योधनके घर

मै छोड्यो सोसर्प आय बोल्यो हे कर्ण तेरे तुल्य और.
वीर नहीं अरु मै तेरी सहाय करिवेकौं आयो हौं सो
तूं मोकौं बाणजीम धनुषमें संधान करि चलाय मै
मेरे परवार सहित जाय श्रीकृष्ण अर्जुनकौं बांधौं
गौ. तब कर्ण धनुषमै संधान करि चलायौ सोजाय
श्रीकृष्ण अर्जुनके अंगनपें बांधि मर्ममै डसत भयौ.
सो स्रुणि युधिष्टिर आय दोउनकी दसा देषी रुदनक
रत भयौ तब तहां नारद आय युधिष्ठिरसौं बोले हे रा-
जन् वृथा रुदन क्यौं करै है यहश्रीकृष्ण अर्जुन नरना
रायण है तातें इनकौं मृत्यु है ही नहीं सोअब श्रीकृ-
ष्णकौ वाहन गरुड ताकौ स्मरण करि तब ऋषीके वा
क्यतें राजा युधिष्टिर गरुडकौ स्मरण कियौ जब गरुड
आये ताकी पांषन किपौनतें कौरव पांडवनकी सेनाके
वीर उडि उडि आकासमें गये तेवीर कोलाहल शब्द कर-
त अधोमुष होय आकासतें हाथी घोडा पयादानपें
पडत भये. जब गरुड श्री कृष्ण अर्जुन पास जाय ठाढो
भयौ तितनेंही वाके गंधहीतें सर्व छोडि छोडि भागिपा
ताल कौं गये. अरु कितनेक भागते सर्पनकौं गरुड
भक्षण कियौ जब सर्पके बंधनतें छुटि श्रीकृष्ण अर्जुन
उठे तब गरुड बोल्यौ हे श्रीकृष्ण मोकौं आग्या करौ तो
कौरवनकी सेनाकौं भक्षण करौं अथवा कहौ तौ पक्षन
की पौनतें उडाइ समुद्रमैं पटकौं ऐसे स्रुणि श्री कृष्ण
बोले हे गरुड कौरव पांडवनकी सेनामैं मैही युध न क
रौं तौ तूं मेरो वाहनकैसे युध करैगो. तातैं मेरी आग्या
तैं तूं जा ऐसे श्रीकृष्णकी आग्यातें गरुड जात भयौ. ता
पीछे श्रीकृष्ण अर्जुन तयार होय जितने युधकौं आवै ति
तने कर्णवीरहू चक्र निकासि लीयो अरु रथपे सवार हो

य सब राजानके सुणतें अर्जुनसों बोल्यो हे अर्जुन तेरोबल
श्री कृष्णहीहै अरु देषितूं नागपास बद्ध भये तबमें अध
र्म जाणि एकहू बाण न चेलायो और तुमसेरे रथकोचक्र
गड्यो तब एक क्षण मात्रहू क्षमानकरी तातें तेरो पुरुषा-
र्थ कहा ऐसें सुणि मौन युक्त अर्जुन क्रोधतें बाणही
चलावत भयो तिन बाणनकों छेदत ही कर्ण युध करत-
भयो तासमें षांडव वन दाहमें अर्जुनने जा सर्पकी पूंछ
काटीसो बाण बणि कर्णके तरकसमें आय बोल्यो हे क
र्ण अर्जुनके मेरे वैरहै मोकों बाण करि चलाय सोसुणि
कर्ण धनुषमें धारि चलायो सो अर्जुनको किरीट काटिपृ
थ्वीमें गयो. ता सर्पको अर्जुन षंडषंड करिमार्यो. तबक
र्ण क्रोधतें अर्जुनके कंठछेदवेके निमित्य अर्ध चंद्राकार
बाण चलायो ता बाणकों अर्जुनके कंठ पास आयो देषि
श्री कृष्ण जोर करि एक ताल रथको पृथ्वीमें दाब्यो तब क
र्णको बाण अर्जुनके मुकुटकों काटिगयो ऐसे युद्ध करतें
कर्णके रथचक्रकों फेरि पृथ्वीने गिल्यो. अरु श्रीकृष्ण
की आग्यातें अर्जुन प्रहार करत भयो तब कर्ण अर्जुन
सों कही क्षणमात्र क्षमाकरि सो अर्जुन क्षमानकरीजब
कर्ण भूमिहीमेंते रथपें अर्जुनहो तासों युधकियो तब
अर्जुन आग्नेय अस्त्र करि कर्णकों रण मंडलमें पटक्यो
परंतु इतने कारण भये तब पड्यो सोजनमें जय सुणिपृ
थ्वी चक्र गिल्यो माताबाणहरे इंद्र द्विज ब्राह्मण होय कवच
हर्यो गुरु परसराम श्रापदीयो तातें अस्त्र फुरे नहीं श्री
कृष्ण छलकियो अर्जुन महावीर शत्रुभयो. इन छहका
रणतें एकलो कर्ण कहाकरे तोहू महा घोर युध करत क
र्ण पृथ्वीमें पड्यो. तब मरे पुत्रकोंही मानो सूर्य पश्चिम
समुद्र जलांजुली देवेकोंगयो. तब कितनेक वीरतो प्रसन्न-

भये. अरु कित्तनेक वीर मलिन मुष भये. जब कौरवनकी सेना भयभीत होय भाजी ताकौं दुर्योधन समाधान करतवी रथीकौं धारत भयौ. अरु पांडवनके वीर हर्षसौं गर्जना करत भये. जब अर्जुन श्रीकृष्णसौं बोल्यौ हे श्रीकृष्ण मैं महावी रकर्णकौं मारि धन्य भयौ ऐसौ गर्व सहित वचन अर्जुन कौ स्रुणि श्रीकृष्ण शिर कंपाय हंसिके बोले हे अर्जुन ऐसे गर्वके वाक्य कहिवेतें मै तोकौं मूर्षही जाणोहौं क- र्णके नासके छह कारण है. प्रथमतौ मै अरु तुम कूंती पृथ्वी, इंद्र परसराम इनछह कारणतें कर्ण षेतमें पड्यौ है हे इंद्रपुत्र अर्जुन पूर्वजन्ममें यह कर्ण वाली हो तब- हू ताकौं मै अधर्मतें मार्यौ अरु याजन्ममैंहू यावीरकौं ह म तुम अधर्मतें मार्यौ तातें आपकौ परकौ गुणदोषतें भेदन जाणै सो पुरुष अधमहै ऐसे श्रीकृष्ण अर्जुनसौं वात्त करते दुर्योधन कर्णपै जाय सोच करतही बोल्योहे महावीर तेरे पतनतै मै मर्यौ तातें तूंक्यों सूतो है. उठियु धिकरि मेरे पालनकी प्रतंग्या छोडी कहा. तो विना पांडव मोकौं मारेंगे तातै हे मित्र तूं उठि मो सरनागतको पालन करि हे कर्ण जैसे वेदहीनविप्र, मदहीन गज, जलहीन न- दी तैसे कर्णहीन सेनाहै. अरु जैसे पतिहीन नारी, चं- द्रहीन रात्रि, सूर्यहीन दिन, तैसे हे कर्ण तोहीन यह सेना है. अरु जैसे चंद्रहीनसो तारा मंडल वर्णहीन कुल प्रा णहीन देह नहीशोभै तैसें कर्णहीन सेनाहू नसोभै ऐ से दुर्योधन पडे कर्ण पास विलाप करि डेरानकौं गयो अ रु तहां जाय प्रभात सेनापति कौन होयगो यह चिंता क रत भयो. तापीछे श्रीकृष्ण एकलै कर्णकौं पड्यो देषि अर्जुनसौं बोले हे अर्जुन कर्णके धीर्जकी परिक्षा करिवे कौं मैतो वृद्ध ब्राह्मण वर्णोहौं अरु तूं बालक शिष्यवण

वहां चलिवाको धीर्य देषि मैं बर द्योंगो. यह महा भक्त महावीर सत्य शोच तत्पर जितेंद्रिय, सदा स्फुह ऐसो यह कर्ण मोकों अति प्रियहै ऐसे कहि श्रीकृष्ण वृद्ध ब्राह्मण रूप धारि शिष्य रूप अर्जुनके कांधे हाथ धरि पांवन तैं गिरत पडत कर्ण पास जाय बोले हे कर्ण महाबाहु तूं पृथ्वी तलमें सदा दाता विष्णुके प्रसाद तेनैं अनेक वर पाये अरु तेरो सरीर व्याधी रहित आधि रहित जाचिकनके मनोरथ पूरण करतसें कडन वरष जीवो. तेरो कल्याण हो लक्ष्मी स्थिर हो आयुष्य दीर्घ हो बल हो आरोग्य हो वांछित अर्थनकी सिद्धि हो तुह्मारे वंसमें सदाई हरि भक्ति हो लक्ष्मी गोविंदपें जायगी. पृथ्वी युधिष्ठिरपें जायगी अरु हे कर्ण तोकों स्वर्ग गये पीछें ये जाचिक कोण पास जायगे. ॥ ॥ वरंपक्षीवनेवासो वरं पर्वतमस्तके ॥ वरंचा पुत्रिणीमाता माजन्मयाचके कुले ॥ २७ ॥ तातें वन पर्वत वासी पक्षीनकों तो जन्म भलो नही. तृणाल्लघुतरं तूलं तूलादपिहि याचकः ॥ वायुना किं ननीतोसो मामपि प्रार्थयिष्यति ॥ २८ ॥ अरु हे कर्ण सबतें लघु तो त्रण है त्रणतें लघु तूल है अरु तूलतें लघु जाचक है ऐसें लघु जाचिककों जाचिवेके भयतें पवनहू अंगिकार नही करै है. गात्रभंगस्वरोहीनः प्रस्वेदस्के गलग्रह ॥ मरणेयानि चिन्हानि तानि चिन्हानि याचके ॥ २९ ॥ अरु सरीरमें वक्रता दीनस्वर प्रस्वेद गलग्रह ये जेते मरणके चिन्ह है तेते जाचिकमें नित्य रहते है. ॥ दग्धं पंचशारः पिनाकपतिनाते नाप्ययुक्तं कृतं ॥ दग्धा रावणपालिता हनुमता दिव्याचलंकापुरी ॥ दग्धं खांडवमर्जुनेन बलिना दिव्यैर्द्रुमैर्मंडितं दारिद्रं दुःखकारणं क्षितिपते केनापि दग्धं नवै ॥ ३० ॥ हे कर्ण महादेव कामको दग्ध कियो.

अरु दिव्य वृक्षन सहित अर्जुन षांडव वनकौं दग्धकि यौ रावण करि रक्षित लंकापुरीकौं हनुमान दग्ध करी इन सबननें यह अजोग्य कामही कीयौ अरु जगतकौ संतापकारी ऐसे दरिद्रकौं काहूहीने दग्ध कियो नहीं ताते हे कर्ण मेरे कन्या विवाहजोग्यहै अरु मेरे धन कछूहू है नहीं तातें मै तोपैं बहु स्वर्ण मागौंहौं ऐसें सुणि कर्ण बोल्यौ हे विप्र मै यह अवस्था पाय पृथ्वीमे सूतौंहौं पास कछूहू वित्तहै नहीं तातें तुम कृपा करि मेरी स्त्रीपास जाय जाचना करौ मै पतौ बताऊं हूं सोजाय कहौ तुमकौं बहुत धन देगी. ऐसें सुणि ब्राह्मण बोल्यौ हे कर्ण मेघसमै पाय वर्षै. वृक्षसमैमें फले है. अरु पृथ्वीहू समैहीमे फलदेतहैं गायहू समयहीमे दूद देतहै येतौ सर्व ही समैही पाय फलदेत है अरु हे कर्ण तू सदाही फल देत है. यह तेरी कीर्ति सुणि तोपै आयौहौं तू सर्वदा सवै दाताहै अरु सर्वदाही तेरो समयहै हमारे कर्महीनहै तातें तूंहू पृथ्वीमे पड्यौ है तब कर्ण बोल्यौ हे ब्राह्मण मेरे हीरामय दंत भार प्रमाण स्वर्णसौं बंधेहै सो येदंत उपाडि हीरा अरु स्वर्णल्यौ तब ब्राह्मण बोल्यौ हे कर्ण मै वृद्धहौं तेरे दांत उपाडिवेकी सामर्थ नही जब कर्ण बोल्यौ मोकौं पाषाण ल्यायदे तब ब्राह्मण कही पाषाणल्यायवेकीहू मेरे सामर्थ नहीं जब कर्ण आपही सरकि पाषाण लेय दांत उपाडि स्वर्ण हीरा देवे लग्यौ तब श्रीकृष्ण चतुर्भुज रूपधारि कर्णकौं हाथ पकडि बोले हे कर्ण हे महावीर तो समान पृथ्वीमें दानवीर कोउ है नहीं अरु तेरे याकर्मतें मै प्रसन्न भयो हे महाबुधिवान अबतूं मनवांछित वरमांग. तब कर्ण बोल्यौ हे श्रीकृष्ण जो तुम प्रसन्न भये होतौ यह वरदान द्यौ. ब्राह्मणके अर्थ धन

क्षय आपकी स्त्रीके अर्थ जोबनक्षय स्वामीके काममें प्रा
ण क्षय यहवर दान द्यौ अरु आसन्न तो पुत्रनसों संकीर्ण
मंदिर विप्रन करि संकीर्ण हृदय शास्त्र करि संकीर्ण अ
रु विप्र हस्तनतें तिलक मातके हस्ततें भोजन पुत्रह
स्ततें पिंड यह द्यौ ॥ ॥ दुर्भिक्षेचान्नदातृत्वं हेमदत्तं
स्फभिक्षके ॥ आतुरे अभयदातृत्वं देहिमेमधुसूदन ॥
॥ ४८ ॥ ॥ और दुर्भिक्षमें अन्नदान, स्फभिक्षमें हेम-
दान, आतुरको अभयदान, यह द्यौ ॥ ॥ मामतिः
परदारेषु परद्रोहेषु मामतिः ॥ परापवादिनीजिह्वा माभूदे
व कदाचन ॥ ४९ ॥ ॥ और परस्त्री परद्रोह इनमें बु
द्धि न होय, परनिंदाकों जिह्वा न होय ॥ ॥ सत्यंशौचं
दयादानं भक्तिरेकाजनार्दने ॥ दमनं दक्षताचैव देहि-
मे मधुसूदन ॥ ५० ॥ ॥ सत्य सौच दया दान दुष्ट द
मन साधु पालन यह द्यौ और जो मोपें प्रसन्न भये होतौ
व्याधिरहित देह आधि रहित मन स्थिर लक्ष्मी अरु हे
श्रीकृष्ण तुह्मारी नित्यभक्ति यह द्यौ और सर्व मनोरथ
सीद्धि धनधान्य वस्त्र सस्त्र शास्त्र दान शक्ति भोगसक्ति
भोजन सक्ति यह द्यौ ॥ ॥ यदातुष्टोसिमेदेव अ-
दग्धे दह्यतांमम ॥ इत्येवं प्रार्थितं यच्च विष्णुस्तं प्रददौ मु-
दा ॥ ५४ ॥ अरु हे श्री कृष्ण मोपें प्रसन्न भयो होतो अ
दग्ध भूमिमें मेरो दाह करो. जब श्रीकृष्ण प्रसन्न होय
वाकों मन वांछित वरही वरदान दियो अरु ऐसें वरदा
न दे ॥ उहांतें चले तितनेही कर्ण उनके चरण
स्पर्स करि प्राण तजे तब श्रीकृष्ण हू
सराहत भयो देवता पुष्पनकी वृष्टि करी
अर्जुन कर्णके दाह जोग्य अदग्ध भूमि
फिरे पै कहूं भी देषी. नहीं. सर्वत्र दग्ध.

भूमिश्च अदग्धानैव दृश्यते ॥ एकस्मिन् ऋस्थलेगत्वा भूमि प्रपच्छ केशव ॥ ५७ ॥ ॥ तव एक स्थानमै पवित्र भूमि देषि पृथ्वीसों पूछ्यौ हे पृथ्वी. यहां कोउ और हू दग्ध भयोहै जब पृथ्वी बोली हे श्रीकृष्ण तुम स्रुणौ ॥ ॥ श्लोक ॥ ॥ अत्र भीष्म शतं दग्धं द्रोणानांच शतत्रयं ॥ दुर्योधन सहस्त्रंच कर्ण संख्यानविद्यते ॥१॥ तदा कृष्णेन कर्णोसौ वाम हस्ते प्रज्वालित ॥ दक्षिणो बलि राजाय पूर्वदत्तस्तु हस्तकः ॥ ६१ ॥ ॥ ऐसैपृथ्वीकौ वचन ऋणिश्रीकृष्ण आपणे दक्षिण हस्तकौं बलके दान लेवेसो दग्ध जाणि कर्णके सरीरकौं वामहस्तमै दग्ध किया. ॥ ॥ दोहा ॥ ॥ कर्णपर्वकी वचनिका, भाषाभारतसार ॥ रावचांदसिंघ के हुकुम कीनी स्रुकवि विचार ॥ १ ॥ ॥ इतिश्री भाषाभारतसार चंद्रिकायां कर्णपर्वणि प्रथमोऽध्यायः ॥ ॥१॥

इति भाषाभारतसार कर्णपर्व

समाप्तम्

शल्याभिषेचन
शल्यसेना
शल्य

भूमिश्च अदग्धानैव दृश्यते ॥ एकास्मिन् स्थलेगत्वा भूमि प्रपच्छ केशव ॥ ५७ ॥ ॥ तब एक स्थानमै पवित्र भूमि देषि पृथ्वीसों पूछ्यो हे पृथ्वी, यहां कोउ और हू दग्ध भयोहै जब पृथ्वी बोली हे श्रीकृष्ण तुम सुणो ॥ ॥ श्लोक ॥ ॥ अत्र भीष्मशतं दग्धं द्रोणानांच शतत्रयं ॥ दुर्योधन सहस्त्रंच कर्ण संख्यानविद्यते ॥१॥ तदाकृष्णेन कर्णोसौ वाम हस्ते प्रज्वालित ॥ दक्षिणो बलि राजाय पूर्वदत्तस्तु हस्तकः ॥ ६१ ॥ ॥ ऐसैं पृथ्वीको वचन सुणिश्रीकृष्ण आपणे दक्षिण हस्तकों बलके दान लेवेसों दग्ध जाणि कर्णके सरीरकों वामहस्तमै दग्ध किया. ॥ ॥ दोहा ॥ ॥ कर्णपर्वकी वचनिका, भाषाभारतसार ॥ रावचांदसिंघ के हुकुम कीनी सुकवि विचार ॥ १ ॥ ॥ इतिश्री भाषाभारतसार चंद्रिकायां कर्णपर्वणिप्रथमोऽध्यायः ॥ ॥ १ ॥

इति भाषाभारतसार कर्णपर्व

समाप्तम्

शल्याभिषेचन
शल्यसेना.
शल्य

शल्य सेना
युधिष्ठिर सेना.
युधि
शल्यपर्व चित्र. २

अथ भाषाभारतसारशल्यपर्व प्रारम्भः

॥ श्रीगणेशायनमः ॥ ॥ श्लोक ॥ ॥ नारायणंनमस्कृत्य नरंचैवनरोत्तमं ॥ देवींसरस्वतिंव्यासं ततोजयमुदीरयेत् ॥१॥ हते भीष्मे हते द्रोणे कर्णेच निधनंगते ॥ आशा बलवती राजन् शल्यो जयति पांडवान् ॥ २ ॥ ॥ ॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥ तापीछे राजा दुर्योधन प्रातःकाल अश्वत्थामा कृपाचार्यके कहेसों सल्यकों सेनापति कियो जब सल्यहू रथपे सवार होय युधकों आयो ताकों देषि श्रीकृष्ण युधिष्ठिर सों बोले हे राजन् यह सल्य भीष्म द्रोण कर्णहूते अधिकहै अर्जुन युधतें श्रमितहै ताते यातें तुम युधकरो. ऐसेसुणि राजायुधिष्ठिर सल्यके मारिवेकी प्रतंग्या करी. जब सात्यकी दृष्टद्युम्न सिषंडी इन सहित राजा युधिष्ठिर युधकोंचल्यो तब सल्यहू ऐसें राजाकों सनमुषआवतो देषि सर्वतो भद्रव्यूह रचि युधकरिवेकों सनमुष आयो तहां परसपर घोर जुध करत भयो तहांसल्यहू अनेक योद्धानकों मारे. तब सल्यकी सेनाके योद्धानकों सात्यकी धृष्टद्युम्न सिषंडी मारत भये. अरु भीमसेनहू गदा प्रहारनतें अनेक हाथीनकों मारि वीरनकों मारि रणभूमि रुधिर मई करी. अरु सत्यसेन ऋसेन कर्णसेन इनतीन्यो कर्णके पुत्रनकों नकुलमारि गर्जना करत भयो ऐसो पांडवनको पराक्रम देषि सल्यबाण धारानकरि पृथ्वी आकासको बाणमई एकाकार कर्यो ऐसो सल्यको प्रभाव देषि दुर्योधन बोल्यो

मे भीष्म द्रोण कर्णादि वीरनकों वृथाही मराये प्रथमही सल्यको सेनापति करते तो निश्चैही विजै होतो ऐसैस्फ णि सल्य गर्वतें भीमपैं अनेक बाण प्रहार कीये. जब भीम क्रोधते सन्मुष आय गदा प्रहारतें सल्यके रथकों चूर्ण करि सल्यकों विरथकरि दोउ गदायुध करत भये. जब युध करत करत दोउ मूर्छित होय पृथ्वीमे पडेतब दोउनके सेनाकेवीर अनेक जलसों सचेत करि रथनपैं धरि आपनी आपनी सेनामेले गये. जब फेरि सल्यसा वधान होय युधकों आयो ताकों देषि राजा युधिष्ठिरस न्मुष आय क्रोधतें अनेक बाण प्रहार किये. तब तहां दोउनके अति घोर युध भयो जब युधिष्ठिर सल्यकों वि रथ कियो अरु सल्यहू युधिष्ठिरकों विरथ कियो. जबदो उ विरथहू घोर जुध करत भये. तब युधिष्ठिर सक्तिल ई सोवह सतघ्नी शक्ति विश्वकर्मा वणाय महादेवको अर्पण करीही सो महादेव मयकों दीनीही मयसो रा जा युधिष्ठिरको दीनी. तासतघ्नी सक्तिकों राजा सल्यके हृदयमें प्रहार कियो. तातें सल्य विदीर्ण हृदय होय पृ थ्वीमे पड्यो ताकों देषि सल्यको कनिष्ट भ्राता विचित्र कवच आयो ताहूकों राजा युधिष्ठिर बाण प्रहारन तेंय मलोक पहुंचायो तापीछे भीमसेन गदा प्रहारन करि अ वसेस वीरनको संघार कियो तापीछे स्कसर्मा कृपाचार्य हारदिक्य अश्वत्थामापें सब मिलि आज युद्ध समाप्त करणो. ऐसे विचार घोर युध करत भये. तहां रजोंध कारकरि सर्ववीर एकाकार भये. आपणो परायेकोंग्या न रह्योनहीं सो ऐसे कहत भये. कहा कृत ब्रह्मा कहां अश्वत्थामा. कहां दुर्योधन कहां शकुनी ऐसे बोलतपां डव अनेक वीरनको मारे और जैसेन महाबाहु घोर

दुर्विषह सह वि विंसति दंडधार समंसह, सुवर्चा सुजात श्रुतवान वातवेग भूरिबल ऐसें त्रयोदस तेरे पुत्रनकों भीम मारि रुधिर स्नान कियो अरु सुसर्मा राजाकों पुत्र भ्राता सहित अर्जुननें मार्यो और भीम तेरे सुदर्शन नामा पुत्रकों मार्यो सकुनीपूठि की तरफ सों प्रहार करै हो ताहि सहदेव मार्यो अरु सकुनीकों पुत्र उलूक सेना सहित होताहूकों मार्यो औरहू वीर जयलेवेकों उपाय करै है तहां सात्यकी मोकों पकडि बोल्यो संजय मेरे हाथ लग्यो है जब धृष्टद्युम्न कहि याहूकों मारो. तब सात्यकी मारिवे लग्यो तहां वेदव्यासें आय प्रतक्ष दर्सन देय मोकों छुडायो तबमें एकादस अक्षोहणी पति दुर्योधनकों सहाय करता विना पयादो देख्यो और तारणमें अश्वत्थामा कृपाचार्य कृतवर्मा और एकादस अक्षोहणी सकल वीरन सहित समास भई. पांडव हर्षित भये. ॥ ॥ इतिश्री भाषा भारत सार चंद्रिकायां शैल्यपर्वणि प्रथमोऽध्यायः ॥१॥

इति भाषाभारतसार शल्यपर्व

समाप्तम् ।

गदापर्वचित्र. १
दुर्योधन
राजाधृतराष्ट्र
पुत्रदुर्योधन
मातागांधारी
दु०
युधि०
श्रीकृष्ण
दुर्योधननग्न
मातागांधारी.

गदापर्वचित्र २
भीम
दुर्योधनजलप्रवेस
सरस्वती
बल
श्रीकृष्ण
पांडव
कौरव
भीम
दुर्योधनवध

अथ भाषाभारतसार गदापर्व प्रारंभः

॥ श्रीगणेशायनमः ॥ ॥ वैशंपायन उवाच ॥ ॥

तापीछै दुर्योधन संग्राममै मरे सल्यकौं रुदन करि अश्वत्थामा कृपाचार्य कृतवर्माकौं भाज्ये जाणि धृतराष्ट्र पास जाय प्रणाम करि बोलत भयो हे पिता इन पांडवन सौं मेरे प्राण वचै सो उपाय कहो. प्रभात पांडवनसौं माकौ युध करणौ पडैगो. जब धृतराष्ट्र रुदन करते दुर्योधनकौ दीनवचन स्रुणि कही हे पुत्र मै उपाय जाणौं नहीं तूं तेरी मातासौं पूछि तब दुर्योधन मातापै जाय प्रणाम करि बोल्यो हे माता तूं पतिव्रतानमें मुख्य है सो मो पुत्रकी पालना करि प्रभातमैं पांडवनसौं युध करौंगो. तामै मेरो प्राणनास नहोय सो उपाव बताव अरु अग्यान षठ मूर्ष दरिद्री वंसनासक पापिष्ट हिंसक ऐसै पुत्रहीकी माता रक्षा करै है ऐसै पुत्रको वचन स्रुणि गांधारी बोली हे पुत्र मेरे वचनतें तूं युधिष्टिर पास जाय वाके चरणनसौं सिर लगाय ऐसै कहि मै सरणागत हौं तूं ज्येष्ठ भ्राताहै तातें मेरी रक्षा करि अरु वह तेरा हितकौ उपदेस कछु नकहै तब ताई वाके पांवनमैंतें सिर मति उठावै अरु वाके कहेकौं अन्यथा मति मानें ऐसे माताको वचन स्रुणि दुर्योधन युधिष्टिर पास जाय प्रणामकरि बोल्यो हे धर्मराज धर्मात्मा मैं सरणागत हौं मेरि रक्षा करि अरु दीन षल मूर्ष इनकौ साधुही पालन करैहै ऐसै दुर्योधनको वचन स्रुणि राजा युधिष्टिर बोल्यो हे दुर्योधन हे महावीर तूं मानी सूर

कौरवनकौं राजा बांधवनको पालक. ऐसो तूं होय इकलो ही कैसे आयो अरु राजा एकलो रणमें विचरे नहीं तातें तूं महाराज होय एकलो ही कैसे आयो अब तूं तेरे घरजा ऐसो युधिष्ठिरको वचन सुणि दुर्योधन बोल्यो हे राजन् अबतो मेरे माता पिता बंधु हितकारी तूं हीहै अरु मर्मकों छेदन करै ऐसैवाक्य अब तुमकों बोलिवो योग्य नहीं तुम धर्मात्माहो शत्रुमित्रनको समान जानते हो अरु तू अजात शत्रु है मैं जात काल युध करौंगो. अर सहदेव मेरी मृत्यु अठार वैदिन कही है वाको वचन अन्यथा नहीं ता भयतें तुमकों रक्षक जाणि मैं सरण आयौ हौं माताहू कही तेरे ज्येष्ट भ्राता पासजा.तासों मेरो मरणान होय ऐसो उपाय बतावो. ऐसे सुणि युधिष्टिर इतउत देषि अश्रु पटकत बोल्यो हे भ्राता जो मेरो कह्यो करैगो तो तेरो मरण नहीं होयगो.जासों अब तूं नग्न होय बालककी सी नाई माताके सनमुष निःसंक ठाढो रहि सर्व अंग दिषाय वाकी दृष्टिमें जो तेरो अंग आवैगोसो सर्वही वज्र तुल्य होयगो. तातें हे दुर्योधन तूं अबशीघ्रजा मेरो कह्यो करि कार्जमें विलंब मतिकरी. ऐसैही करैगो तो तेरोनास कदाचितहू नहीं होयगो. ऐसे सुणि दुर्योधन युधिष्टिरकी परिक्रमा करि हर्षसहित होय वस्त्रसों शरीर ढांकि उहांतें चल्यो जब मार्गमें विश्वात्मा सर्वज्ञ श्रीकृष्ण सनमुष आये. शरीर ढांके मौन करि जाते दुर्योधनकों हे राजेंद्र ऐसे कहि वाकी बुद्धि भ्रष्ट करतही हँसिके श्रीकृष्ण बोले हे दुर्योधन महावीर युधिष्ठिरसों तैं कहाहित पूछ्यो उनतोसों कहा कह्यो. अवरणमें आय वीरनकों देषि युधिष्टिर विकल भयो है अश्वत्थामाहतः ऐसे सत्य वचन बोलि

गुरु द्रोणाचार्यके सम्भुपटकाये. तब वाही समै विप्र द्रोणाचार्य साप दियो हे दुष्टात्मा मेरे प्राण लेवेकों तूं कपटतें असत्य बोल्यो तातें हे पापिष्ठ अबतूं विक्लहो. ऐसे श्रापदिये पीछे युधिष्ठिर मिथ्याही बोलेहै. ऐसो जाणतहू वाके सरणतूं क्यों गयो तोहू वानें तो. कौं निंदत कर्मही बतायो होयगो. सोतूं हमसौं कहि उचित अनुचित विचारिके हमतो सौं कहैंगे. ऐसे नाना प्रकारके वचनतें दुर्योधनकी बुधिकों भ्रमाय शिर कंपाय दांतनवीचि अंगुली दाबि करुणा सहित श्री कृष्ण वचन कह्यो सो स्रुणि दुर्योधन बोल्यो हे श्रीकृष्ण युधिष्टिरको वचन मेरे मन आछ्यो लग्यो नहीं तातें करूं वानकरूं यह संदेहहीहै अरु वे वाक्य औरकौं कहतें भी मैं लज्जितहोतहौं तुमकौं बांधव दयाल जाणि कहौहौं तुमहू मेरो युधिष्ठिरको संवाद औरसौं कहियो मति ऐसे बोलि इत उत देषि दुर्योधन युधिष्ठिरको वाक्य श्रीकृष्णके कानमे कह्यो सो स्रुणिश्री कृष्ण हसतही बोले हे वीर शिरोमणि तोकौं वा विकलकौं वचन करणोही है नहीं. ऐसे कहि कहि हाय युधिष्ठिर तेरी बुधि कैसे भ्रष्ट भई ऐसे पश्चातापकरते श्रीकृष्णसौं दुर्योधन बोल्यो हे महाबाहु श्री कृष्ण अब कहाकरणो. तातें मेरो हितहोय सो तुमही कहो मेरी इच्छातें युधिष्ठिर पें नहीं गयो. माताके पठाये तें गयो. यही मेरो अपराध है नहीं. जब गांधारीको पठायो युधिष्ठिर पास गयो स्रुणि वाके पातिव्रततें संकित होय श्री कृष्णबोले हे महाराज दुर्योधन माताके वचनतें जोतूं युधिष्ठिरपास गयो तो युधिष्ठिरको कह्योही करि परंतु भोलाकारके घरजाय. पुष्पनकी कहनी वणाय वासौं गोप्य.

अंगनकौं ढांकि माताके पासजा अरु मेरोवाक्य मातासौं
नहीं कहएगो. जोतूं जैसेमे कही तैसे करैगोतो माताकौ
वा युधिष्ठिरको वचनहू पालन होयगो. अरु तूंहू कृत
कृत्य होयगो. जोमेरो कह्यो न करैगो तो निर्लज्ज कहा
वैगो. ऐसे श्रीकृष्णके वचनतें गुह्य अंगनकौं ढांकि
माताके आगे गाढो होय बोल्यो हे माता युधिष्ठिरके व
चनतें मै तेरे निकट आयोहौं ऐसे तो कह्यो अरु
मार्गमे श्रीकृष्णसों संवाद भयो सो नहीं कह्यो जबए
से सुणि माता बोली हे पुत्र तें युधिष्ठिरको कह्यो स
र्वही कर्योहे तब दुर्योधन कहीमे सर्वही कर्योहे अब
तूं मोकों देषि ऐसे पुत्रको वचन सुणि गांधारी भर्ताको
चरण स्मरण करि वस्त्रसों बंधे जे नेत्र तिनकों कष्ट
तें षोलि दुर्योधनके अंगनकों देषत भई तब अंगमें पु
ष्पनकी कछनीकूं देषि नेत्रमीचि दुर्योधनसों बोली हे
मतिहीन पुत्र मार्गमे कपटि श्रीकृष्ण मिलि तेरी मति
हरि कहा तब दुर्योधन बोल्यो हे माता तूं सत्यही कहैहे
मार्गमे श्रीकृष्ण मिलि मेरी बुधिको हरलीनी. जब माता
बोली हे महामूढ तें श्रीकृष्णके कहेतें मरणके नि
मित्यतें गुह्य अंगनकों ढके तातें यामें मेरो कहा. वस
भवतव्यहे सोही होयहे अब औरतो तेरे अंग सर्वमे
रे देषिवेतें वज्रमई भये अरु जो फूलनकी कछनीसें
ढके सोही कोमल रहे तातें अबतूं अंतकालमे वीरध
र्म मति षोवै या मर्मस्थानकौं बचाय युध करि ऐसे मा
ताको वचन सुणि उदास होय रणमें आय विचार क
रत भयो. अब मेरो जीवन उपाय पातालवासी दैत्यन
तें स्थंभन विद्या सीषीही सोहीहे नापीछे ऐसे विचार
जलस्तभंन करि द्रहमें प्रवेस कियो अरु तापीछे अयु-

स्थामा, कृतवर्मा, कृपाचार्य ये तीन्यौ महारथी महाराज दुर्योधन कहांहै ऐसे विचारि तलास करत फिरत है. तिन्है देषि संजय दुर्योधनके समाचार कहे तब वेहू वनमें जाय विश्राम करत भये. जब युयुत्सु दुर्योधनादिकनकी स्त्रीनकों युधिष्ठिरकी आग्यातें हस्तनापूरलेगयो. अरु राजा युधिष्ठिर चिंतातें आतुर होय कही वैरको मूल दुर्योधन कहांगयो ऐसे कही दूतनकों तलास करिवेकौं भेजे अरु अश्वत्थामा कृतवर्मा कृपाचार्य येतीन्यो महारथी रात्रवाकी रही तामें दहके तट जाय बोले हे वीर दुर्योधन तूं निकसि अरु हमारे संग होय अर्जुनादिक वैरीनकों जीति ऐसे सुणि दुर्योधन तिनकों सराहि बोल्यो. हे महारथी हो मै श्रमित हों तातें तुमहू जाय एकांतमें विश्रामकरो. प्रभातही वैरीनकों मारेंगे ऐसे सुणि तीन्योही गये. तहा इनको संवाद भयो सो एक भील वनमे छीप्यो सुणतहो सो भीमसों जाय. कही. दुर्योधन जलस्थंभ करि दहमे छीप्यो जब यह वार्ता भीम मुषसो सुणि राजा युधिष्ठिर हर्षित भयो तब सब परिवार श्रीकृष्ण सहित राजा युधिष्ठिर दह. च्यारों तरफसों घेरि श्रीकृष्णके कहेतें युधिष्ठिर बोल्यो हे दुर्योधन तूं दहमें प्रवेस करि जयकों क्यों धोवे है. अरु अभिमानहू सदा तेरे हृदयमे रहै है सोहू दहके प्रवेसतें तोकों छोडि दियो कहा तातें हे राजन् अब दहतें निकसि कर्तरूपी दर्पनको संग्राम रूपी रेणुतें मांजि उजल करी. अरु क्षत्रीनको संग्रामहीचिंतामणि है अथवा चिंतामणिहूतें अधिक है क्षत्रीतो एक पृथ्वीकी वांछा करि युध करै है सोयुध करकेतोपृथ्वी देय अथवा स्वर्गदेय ऐसे भीमबोल्यो अरे दुर्योधन

तूं रणमैं त्रास पाय जलकों प्रवेस कियो अरु भीष्म द्रोण
कर्ण सल्य एकोनसत ९९ भ्राता इनकों मराय अनेक वी
रनकौं नास कराय अब जीवेकी क्यों तृष्णा राषैहै तूं सोम
वंसी क्षत्रीनके वंसमें जन्म पाय ऐसे पामरता करि जलमैं
क्यों बैठि रह्योहै अरु क्षत्रीनके जसही है तातें अबानि
करि जुध करि ऐसें स्रुणि दुर्योधन बोल्यो हे राजा युधिष्ठि
र ऐसे दुर्वचनतें कहा फलहै मेरी उच्छीष्ट पृथ्वीकों भो
गि जब युधिष्ठिर बोल्यो अब पृथ्वी दान करि वेतें प्रयोज
नही कहाहै सूचीकी अणीतें विधे इतनीहू पृथ्वी पांडव
नकों द्यों नहीं ऐसे बोली अब सकल पृथ्वी दान करिवो
कहत है सो प्रतंग्या भंगतें तुह्मे लाज क्यों नहीं आवे
है तातें निकासिके जुध करो. जुधतें पृथ्वी तेरी हो अथवा
मेरी हो. अरु तोकों मोकों जीवते रहे दोउनहीके मनमें
विजयको संदेह रहैगो. सो संदेह मति रहो ऐसे स्रुणि
दुर्योधन क्रोध करि बोल्यो हे राजा युधिष्ठिर मैं एक ए-
क सौं गदा जुध करि तुम सबनकों मारोंगो ऐसे वचन
स्रुणि युधिष्ठिर प्रसन्न होय बोले हे दुर्योदन हममें सों
एकहूकों तेरे वांछित सस्त्रतें जुधमैं जो जीते तो सकल
पृथ्वीको तूं राज्य करि ऐसे स्रुणि गदा धारि दुर्योधन द-
हमैंतें निकस्यो ताको देषि युधिष्ठिर बोल्यो हे राजा अभि
मन्युको तुम बहुत न मिलि मार्यो. तैसे हम तोको नहीं
मारैंगे ऐसे कहि सिरस्त्राण कवच दुर्योधनकों दियों अरु
कही हे दुर्योधन हम पांचोनमें जो सों तोकों जुध रुचै
ताहीसों करि तबश्री कृष्ण क्रोध करि युधिष्ठिरसों बोले
हे मूढ फेरि यह द्यूत क्यों करैहै यह तो सों युध करै तोक
हा गति होय यह त्रयोदश वर्षलौं बलदेवजीतें गदा युध
सीष्योहै तातें भीमहू यातें जीते अथवा नहीं जीते एसें

बोलतेही भीम उठि बोल्यो हे श्रीकृष्ण ऐसे मति कहो.
मै एक क्षणमें गदाकरि याके प्राण हरोंगो. जब दुर्यो-
धन गर्जना करि भीमसों बोल्यो हे भीमसेन तूं जरासंध
भगदत्त कीचक मेघनाद हिडंब बक कर्मीरये मेरे मित्र
ते मारे और दुःसासन आदि भ्रातानकों तें मारे ताते
अब सबनसों अनृणी यहोवेकों मै तोकों मारोंगो अरुमे
रो एकहू गदाप्रहार सहैगो. तब तोको सूरवीर जाणोंगो
ऐसे बोलि सिंहनाद करि दोउवीर परस्पर गदा युध कर-
त भये. ताही समै तहां सरस्वती तीर तीर्थयात्रा करते
बलदेव नारद वाक्यतें दोउ सिष्यनकों युध करते देषि
वेकों आये तिनकों देषि श्री कृष्ण पांडव उठि प्रणाम
कियो सीमंत पंचक सिद्ध क्षेत्रमे भीम दुर्योधनकों युध
देषिवेकों सरस्वतीकें दक्षिणतीर बलदेवको वीचिलेयस
ब बैठे जब भीम दुर्योधन दोउ गरजना करत जुध करतभ
ये. तब दोउनकी वज्र मई देहमे पडती गदानतें स्फुलिंग
उछत भये. जब दुर्योधन गदा फिराय भीमके वक्षस्थल
मै प्रहार कियो तब भीम मूर्छित भयो फिरि क्षण मात्रमे
भीम संग्या पाय दुर्योधनके उरमै गदामारी तबराजाहू
क्रोधते भीमपें गदा प्रहार कियो ऐसे प्रहार करते करते
दुर्योधनकीसों १०० गदा भग्न भई जब फेरि दुर्योधनभी
मकों गदा प्रहार करि पृथ्वीमे पटकि रुधिर मई कियो.
तब भीमहू रुधिरकों पूंछि फेरि युध करत भयो जबफेरि
दुर्योधन गदा फिराय भीमके उरमै मारि ता प्रहारतें भीम
पृथ्वीमे पडि मूर्छित भयो ताकी दसादेषि दुर्योधन गर्वसों
मै जीत्यो हों ऐसें बोल्यो तब भीमकों मृतक जाणि रुदनक
रत पांडव श्रीकृष्णसों हममरे ऐसे बोले तबसोक करि
पीडित पांडवनकों देषि श्रीकृष्ण हसतेही बोले हे पांड-

वहो मेरो वाक्य सुणो यह भीम जीवेहै. उठिके गदाप्र
हार करि वैरीके प्राण हरैगो. ऐसो श्रीकृष्णके बोलते
ही भीम उठि गर्जना करत दुर्योधनसों बोल्यो हे वीर मो
कों पृथ्वीमे नाषि कहां जायहै एक गदा प्रहार मेरोहू तो
सहि ऐसे सुणि दुर्योधन सनमुष आय बोल्यो हे भीम
तुम मोपैं गदा प्रहार करि तब सर्व बलसों भीम गदाभ्र
माय दुर्योधनके कांधे में प्रहार कियो ता प्रहारकों दुर्योध
न पुष्प प्रहार समान मानि कांप्योहू नही अरु भीमके
उरमें गदा प्रहार मार्यो ता प्रहारतें भीम घूमत भयो.
तब ऐसे युध देषि युधिष्ठिर श्रीकृष्णसों पूंछी इन दोउ
नमें कौन बली जब श्रीकृष्ण बोले हे राजन् भीम बली
है दुर्योधनतो शीक्षातें अधिक है. तातें सीक्षामें अधि
कहोय सोही युधमें जीते अरु छलतें युध करि याको
ऊरु भंग करिवेतें भीम जीतेगो. ऐसे श्रीकृष्ण युधिष्ठि
रको संवाद करतेही भीमकों चैतन्य सहित देषि जब
श्रीकृष्ण भीमकों आपकी जंघा दिषाय ताडन करी तब
भीमहू तासंग्याकों जाणि आपकी प्रतंग्या स्मरण करी.
दुर्योधनकी ऊरु भंगके निमित्य नाना प्रकारसों युधकरत
भयो. तोहू जंघा प्रहारको अवकास पायो नहीं जब दु
र्योधनहू भीमके प्रहारनतें आपकी देहकों वचाय भी
मके हृदयमें गदा प्रहार करी. ता प्रहारसों भीमकों मू
र्छित जाणि दुर्योधनने फेरि प्रहार न कर्यो अरु जो प्रहा
र करेतो भीम जीवैही नहीं. परंतु गदा प्रहार करिवेकों
दुर्योधन ठाढो जब मूर्छाके अंतमें उछलि भीम दुर्योधनके
ऊरुमें गदा प्रहार करी. जंघा भंग करी. तब ऊरु भंगहो
तेही दुर्योधन हाहाकार करि पृथ्वीमें पड्यो जब पडन
ही बोल्यो मैं श्रीकृष्णको मार्यो पृथ्वीमें पड्यो हों ऐ

सै बोलत दुर्योधनके मुकुटमै भीमचरण प्रहार करि बोल्यो हमकूं छल करि द्यूतमै जीति जीत द्रौपदीकौंगो कहीही सो धर्म युधतै हम मारि उनकौं गउगउ कहैहै ऐसै बोलते भीमकौं युधिष्ठिर निवारण कर्यो तोहू भीमदुर्योधनके शिरपैं चरण धर्यो जब युधिष्ठिर रुदन करतोही दुर्योधनसौं बोल्यो हे बांधव दैव बलवान है पांडु धृतराष्ट्र दोउ भ्रातानके पुत्रनकौं वैर कुलको नासकारी भयो जब युधिष्ठिरको वचन सुणि बलदेव बोले अरे भीम तूं छलतै राजाकूं पृथ्वीमें पटकि अब चर्णतैं क्यौ स्पर्श करै है ऐसै कहि बली बलदेव क्रोधतैं भीमपैं दौडे तहां श्रीकृष्ण आडे आय बोले हे तात गदा युधमैं कटिके नीचै प्रहार नकरणो पै भीम प्रतंग्या याकौं पालवेकौं सभामै करीही है दुर्योधन तूं द्रौपदीकौं जंघादिषाय बैठिवेकौं कहैहै सो याही जंघामैं गदा मारि तेरे प्राण हरोंगो. ताप्रतंग्या उरू भंग कर्यो है और याकै याकै ऊरू भंगमै मैत्रेयमुनिकौं श्रापहू कारणहै ऐसै बोलि बलदेवको कोप सांति कियो अरु भीमसौं श्रीकृष्ण बोले हे भीम तूं अनिति युधनकरि एकादस अक्षौहिणीके पतिकौ शीर चरणसौं स्परस करणो योग्य नही ऐसै भीमकौं वरजि फेरि बलभद्रसौं बोले हेतात तुम बडेवीरहो तुह्मारे आगे पांडवमैं पृथ्वीतल वासी सर्व नरदेव लोकनके इंद्रादिक देव पातालके सेषादिक नाग विष्णु संकर ब्रह्मा इनकौं आदिदे महाबली तुमसौं रणमैं स्थिर होवेकौं कोऊ समर्थ नहीं एक भीम कहा पदार्थहै ऐसै बोलि पांडव सहित श्रीकृष्ण बलदेवके चरणनमैं पडत भये जब बलदेव हू श्रीकृष्णकौं जगदीश्वर उत्पत्ति स्थिति प्रलय कर्ताजाणि तिनकौं प्रणाम करते देषि लजित भये. तब बलदेव

कौं लज्जित जाणि मानी दुर्योधन बोल्यो हे गुरु बलदे-
व वृथावाद न करणो. काकादिक जैसे पांवतें सिरस्पर्स-
करै है तैसे भीमहू चरणतें सपरस कर्यो याकी मेरेगि
णतीनहीं तब ऐसे दुर्योधनको वचन सुणि बलदेव कही हे
श्रीकृष्ण तुम अरु पांडव बडे धर्मयोद्धाहो ऐसे कहि द्वा
रिकाकौं गये. तब पांडव हर्षित होय श्रीकृष्णके चरणन
मे प्रमाण करि स्तुति करत भये. हे श्रीकृष्ण तुमही ह
मारे स्वामी हो तुह्मारी कृपातें ही अमृत्युजय संपत्तिह
मकों प्रापति भई है. जब धृष्टद्युम्न सिषंडी आदि सब
ही भीमसौं बोले हे भीम आज बडी वधाई है तुमयादु
ष्टके शिरपें चरण धर्यो ऐसे कहि भीमकी बहुत स्तुति
करी जब श्रीकृष्ण बोले यह आपने पापनतेंही मर्यो ता
कौं वचनतें क्यो मारो हो तब दुर्योधन नितंब टेकि भुजा
नतें पृथ्वीकों आश्रय लेय सुषऊंचो करि ललाटमें भृकु
टी चढाय क्रोधतें श्रीकृष्णसौं बोले रे कंसके दास हम
आपके अधर्मतें मरें अरु तेरे वताये अधर्मनतें धर्मयो
द्धा पांडव नमरे कहा भीष्म भूरिश्रवा द्रोण कर्ण अरुमैं
इन सबनकौं तुम पापीननें अधर्मतेंही मारे अरु हम-
तो वैरीनके शिरपें पांव धरि प्रबल राज भोग्यो अब-
पांडव हम विना उच्छिष्ट राज्य भोगो ऐसे बोलते दुर्योधन
पें देवताननें पुष्पनकी वृष्टि करि तापीछे अर्जुनहू रथतें
उतर्यो तवही हनुमानतो अंतर्ध्यान भये. अरु अर्जु
नको रथ अश्व सस्त्र अस्त्रनकी रासीइन सहित सर्व.
दग्ध भयो ऐसे देषि अर्जुन श्रीकृष्णसौं वोल्यो यहक
हा भयो जब श्रीकृष्ण बोले हे अर्जुन भीष्म द्रोण कर
ण इनके अस्त्र ज्वालानतें तेरो रथ पहलेंही दग्ध हो
तो पै इतने काल परयंत तोमें राख्यौ हो सो यह अब दग्ध

भयौ ऐसै सुणि श्रीकृष्णकी सबही स्तुति करत डेरानमैं प्रवेस कियो जब श्रीकृष्ण बोले हे राजन् अब सरस्वती नदीकी तीर जयंती देवीहै ताको पूजन करिवेकों चलौ ऐसै कहि डेरानतैं श्रीकृष्ण सात्यकी सहित पांडवनकौं लेगये. तापीछै हे धृतराष्ट्र तेरो पुत्र दुर्योधन परम पीडित होय मोसों बोल्यौ हे संजय तूं देषि पांडव मेरे शिरपैं पांव देय मान षंड कियो अरु अब मेरे वृद्ध माता-पिता भगनी दुःशीला ये अनाथ है सो कहा दसा भोगैंगे ऐसै कहि दुर्योधन रुदनकरत भये ताकों देषि वृक्षहू रुदन करत भये जब और जीवनकी कहा कथा तापीछै दुर्योधनको रुदन सुणि अश्वत्थामा कृतवर्मा कृपाचार्य ये आय रण भूमिमैं रुधिरसों लिप्त रजसों मलिन ऐसे दुर्योधनकों देषि अश्वत्थामा राजाके केंस विषरेहै तिनकौं सवारत अश्रुयुक्त होय बोल्यौ हे राजन् तूं एकादस अक्षोहणीतैं सकल पृथ्वी मंडलकों व्याकुल करि ऐसी दसाकों कैसे प्राप्त भयो अरु तेरे छत्र चामर कहां गये. गजपैं चढे जाको स्त्रीजन हर्षतैं देषतही ताकौं रजमैं पडेकों भोजन करिवेके अर्थ हर्षसों शिवा देषतहैं जो येक क्षण मात्र संगीत गान विना नरहत हो सो अब अमंगल सिवा धुनि सुणैहै अरु जाकौं इत उततैं आय वीर भट जीव जीव कहतहे ताकौं अब मांस भोगी मरि मरि ऐसै कहत है जब ऐसै सुणि दुर्योधन बोल्यौ हे अश्वत्थामा मैं चक्रवर्तीपद भोग्यौ अरु अर्थी और वैरीनतैं विमुष न भयो गोब्राह्मणनकौं पूजन कियौ सज्जन दुर्जननको यथा योग्य सत्कार अपकार कियौ अरु भीमके सनमुष कुरु क्षेत्रमैं देह त्याग कियौ तासौं मेरो राज्य करबो और मरण ये दोऊही उज्वल भये.

युध रुपी महा प्रलयमें ब्रह्मा विष्णु रुद्र तुल्य तुमतीन्यों कौंही जीवते देषेतातें उत्साह नासकसो नकरौ ऐसैबो लि दुर्योधन मौन गही ताकौ देषि अश्वत्थामा लालने- त्र करि हाथ पीसत बोल्यौ हे राजेंद्र मेरे पिताको म- रण अनुचित पांडवन कीयो तबहू मेरे ऐसो क्रोध न भयो तैसो तेरी दुर्दसा देषि मेरो मर्म छेदन होय हैता तें अब पंच पांचाल पंच द्रौपदी पुत्र पंचपांडव इन सबनकों पंचत्व प्राप्त करोंगो. तातें मोकों आग्यादो और सेस सेनाहूको नास करोंगो ऐसैं सुणि दुर्योधन प्र सन्न भयो जब कृपाचार्यकों आग्यादेय सरस्वती जल सूं अश्वत्थामाकौं सेना पत्याभिषेक कियो. तब सूर्या स्त समै राजाकों आसीर्वाद देय अश्वत्थामा कृपाचार्य कृतवर्मा सहित येतीन्यों सिवरी समीप रहत भये. ॥

॥ दोहा ॥

गदापर्वकी वचनिका भाषाभारत सार ॥ राव चांद स्यंधके हुकुम कीनो सुकवि विचार ॥१॥ ॥ इतिश्रीभाषा भारत सार चंद्रिकायां गदापर्वाणि प्रथमोऽध्यायः ॥१॥

भयो ऐसे सुणि श्रीकृष्णकी सबही स्तुति करत डेरानमें प्रवेस कियो जब श्रीकृष्ण बोले हे राजन् अब सरस्वती नदीकी तीर जयंती देवीहै ताको पूजन करिवेकों चलो ऐसें कहि डेरानतें श्रीकृष्ण सात्यकी सहित पांडवनकों लेगये. तापीछे हे धृतराष्ट्र तेरो पुत्र दुर्योधन परमपीडित होय मोसों बोल्यो हे संजय तूं देषि पांडव मेरे शिरपें पांव देय मान षंड कियो अरु अब मेरे वृद्ध माता-पिता भगनी दुःशीला ये अनाथ है सो कहा दसा भोगेंगे ऐसे कहि दुर्योधन रुदनकरत भये ताकों देषि वृक्षहू रुदन करत भये जब और जीवनकी कहा कथा तापीछे दुर्योधनकों रुदन सुणि अश्वत्थामा कृतवर्मा कृपाचार्य ये आय रण भूमिमें रुधिरसों लिप्त रजसों मलिन ऐसे दुर्योधनकों देषि अश्वत्थामा राजाके केंस विषरेहे तिनकों सवारत अश्रुयुक्त होय बोल्यो हे राजन् तूं एकादस अक्षोहणीनें सकल पृथ्वी मंडलकों व्याकुल करि ऐसी दसाकों कैसे प्राप्त भयो अरु तेरे छत्र चामर कहां गये. गजपें चढे जाको स्त्रीजन हर्षतें देषतही ताकों रजमें पडेकों भोजन करिवेके अर्थ हर्षसों शिवा देषतहै जो येक क्षण मात्र संगीत गानविना नरहतहो सो अब अमंगल सिवा धुनि सुणैहै अरु जाकों इतउततें आय वीर भट जीव जीव कहतहे ताकों अब मांस भोगी मरि मरि ऐसे कहत है जब ऐसे सुणि दुर्योधन बोल्यो हे अश्वत्थामा मैं चक्रवर्तीपद भोग्यो अरु अर्थी और वैरीनतें विमुष न भयो गोब्राह्मणनकों पूजन कियो सज्जन दुर्जननको यथा योग्य सत्कार अपकार कियो अरु भीमके सनमुष कुरु क्षेत्रमें देह त्याग कियो तासों मेरो राज्य करबो और मरण ये दोऊही उज्वल भये.

युध रूपी महा प्रलयमें ब्रह्मा विष्णु रुद्र तुल्य तुम तीन्यों कौंही जीवते देषतातें उत्साह नासकरो नकरो ऐसें बोलि दुर्योधन मौन गही ताको देषि अश्वत्थामा लालनेत्र करि हाथ पीसत बोल्यो हे राजेंद्र मेरे पिताको मरण अनुचित पांडवन कीयो तबहू मेरे ऐसो क्रोध न भयो तैसो तेरी दुर्दसा देषि मेरो मर्म छेदन होय है तातें अब पंच पांचाल पंच द्रौपदी पुत्र पंचपांडव इन सबनकों पंचत्व प्रास करोंगो. तातें मोकों आग्यादो और सेस सेनाहूको नास करोंगो ऐसें स्रुणि दुर्योधन प्रसन्न भयो जब कृपाचार्यकों आग्यादेय सरस्वती जल सूं अश्वत्थामाकों सेनापत्याभिषेक कियो. तब सूर्यास्त समें राजाकों आसीर्वाद देय अश्वत्थामा कृपाचार्य कृतवर्मा सहित येतीन्यो सिवरी समीप रहत भये. ॥

॥ दोहा ॥

गदापर्वकी वचनिका भाषाभारत सार ॥ राव चांदस्यंधके हुकुम कीनो स्रुकवि विचार ॥१॥ ॥ इतिश्री भाषा भारत सार चंद्रिकायां गदापर्वणि प्रथमोऽध्यायः ॥ १॥

अश्वस्था
माभिषेच
न
कृपाचार्य
कृतवर्मा
अश्वत्थामा
कागपक्षी
रात्री
महारुद्रप्रसंन

कृपाचार्य
अश्वत्थामाद्रौपदीपुत्रशीरछेद
अश्वत्थामाशीरल्यायाहे
कृतवर्मा
कृपाचार्य
दुर्योधनहरकशोक
श्रीकृष्ण
अर्जुन
मणिहरण अश्वत्थामाकी

अथ भाषाभारतसारसौप्तिकपर्व प्रारंभः

॥ श्रीगणेशायनमः ॥ ॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥ऐसै संजयतैं वृत्तांत स्रुणि धृतराष्ट्र मूर्छित भयो तब तहां वेदव्यास आय धृतराष्ट्रको समाधान कियो तापीछे धृतराष्ट्रं संजयकों रात्रिको वृत्तांत पूंछत भयो तब संजय बोल्यो हे राजन् अश्वत्थामा सेना पत्याभिषेक पाय तापीछे कृपाचार्य कृतवर्मा अश्वत्थामा ये तीन्यो विशाल वट नीचे गयो तहां अश्वत्थामाकों वैरीनके मारिवेके चिंतानतैं निद्रा आई नहीं वे दोउ सोवत भये तहां एक उलूक आय सूते कागलानको मारे. जब तिनको कोलाहल स्रुणि अश्वत्थामा विचार कियो जैसे उलूकनै सूते वैरी काकनकों मारे. तैसेंही सूते वैरीनकों मारणों ऐसे निश्चै करि सूते कृतवर्मा कृपाचार्यकों जगाय कही. अबही उलूक आय सूते कागनकों जैसे मारे तैसेंही सूते वैरीनकों मैंही मारोंगो. तब कृपाचार्य बोले शस्त्रकवच रहित सूते वैरीनकों मारिवे वारो नर्कगामी होय है ताते श्रमदूरि करिवेकों अबतो निद्राही करे प्रभात धृतराष्ट्रकों पूछि वैरीनके सनमुष चलैंगे. ऐसें स्रुणि क्रोधतें रक्तनेत्र करि अश्वत्थामा बोल्यो तुम कहीसो सत्य है परंतु भीष्म भूरिश्रवा कर्ण द्रोणाचार्य दुर्योधन इनसबनकों अधर्मतै मारिवे वारेनकों मारिवेमें कौन धर्म देषैगो. अरु मेरे पिताकों युधमें युधिष्टिर झूठ बोलि मार्यो ताको श्रवण करतें मोकों तुमारी नाई निद्रा कैसे आवे अरु वीरनकों तोजो प्रतंग्या करी ताकों पालनही करिवो धर्म हैजि

नके मारिवेकी मै प्रतंग्या करी ताप्रतंग्याके पालन करिवेमें मै तुमकों नहीं पूंछौगो तातें अबमैतो सूतेही वैरीनकोंमा रौंगो. माकों धर्म अधर्मतें कहाहै. ऐसेबोलि रथपें सवार होय अस्वत्थामा चल्यो ताके पीछे कृपाचार्य कृतवर्माहू चले तहां जाय अस्वत्थामा पांडवनके सिबिर द्वारपें एक विसाल मूर्ति पुरुष देष्यो रुधिर तें रंजित अनेक हस्तनमें अनेक सस्त्र धारें जाके नेत्रनतें मुषतें अग्नि ज्वाला निक षे मुंड माला गजचर्म धारें माणियुक्त अनेक सर्पनकेआ भर्ण धारें सैंकडों सूर्य चंद्रमा समान तेज जाको ताकों दूरि करिवेकों अस्वत्थामा अनेक सस्त्र प्रहार किये. ते सर्व निष्फल गये. तब अस्वत्थामा विचारत भयो वृ द्ध कृपाचार्य कृतवर्माको वचन मान्यों नहीं तातें यहआ पत्य पाई अब महा रुद्रको आश्रय करौं ऐसो विचार करि कुंडमे आग्नि प्रज्वलित करि शिवको ध्यान स्तुति करि अग्नि कुंडमे पडिवेकी तयारी करी. जबही महा रुद्र हासिकेबोले हे अस्वत्थमा श्रीकृष्णकी आग्यातें युधिष्ठिरकी सेनाकी रक्षा करिवेको मै ऐसो रूप दिषा यो. अब तेरी भक्तितें प्रसन्न भयो तातें वर देत हों अरु यह षडग देतहों सोतूं वैरीनकों जीति ऐसे कहि षडग देके शिव अंतर ध्यान भये. जब अस्वत्थामापी छुसों आये कृपाचार्य कृतवर्मा तिनसों बोल्यो तुमया द्वारपें रहो जोकोऊनिकसे ताकों तुम मारो. ऐसें कहि अस्वत्थामा अमार्ग होय शिवरमें प्रवेस कियो तहां जाय शिबिरके मधि रूपसों सूतो जो धृष्टद्युम्न ताकों चरण प्रहार करि जगाय उठतेके केस पकडि मारिवेल ग्यो तब धृष्टद्युम्न बोल्यो हे अस्वत्थामा तूं मोकों शस्त्र ते मारि जब अस्वत्थामा कही मेरे सस्त्र गुरु द्रोहीकों.

स्पर्सनहीकरै ऐसैकहि अश्वत्थामा धृष्टद्युम्नकों यज्ञके पसूकेसी तरह मार्यो तैसेही उत्तमौजाकों मार्यो तापीछे रथमें सवार होय और जागे जेवीर तिनकों अनेक सस्त्रनतें मारि युधामन्युकों और सूते वीरनकों एकही मुहूर्तमें मारत भयो. तापीछे रथतें उतरि षडगतें पांचों द्रौपदीके पुत्रनकों मारि सिषंडीकों मारि द्रुपदके पुत्रपौत्र सुहृदय मत्स्य इनकों मारत भयो और द्वारिपें ठाढेजे कृपाचार्य कृतवर्माते आग्नेय अस्त्रकी ज्वालाकरि निकसते भागतेजे वीर तिनकों दग्ध करत भये. तापीछेअश्वत्थामा कृपाचार्य कृतवर्मा इनके मारेजे सेनाके योधा ते ऐसैं पुकारत भये हमकों कौन मारैहै तब रक्त वस्त्र पहरें रक्त अंग रंगलगायें रक्त माला पहरें रक्ततें रंगी पास हस्तमें तापासतें अनेक वीरनकों नास कर्त्ता कालरात्रि समान कालीकों अश्वत्थामाके आगे विचरतीकों सुपनमें देषीही ताहीको अंत समयमें वीर प्रत्यक्ष देषत भये. ऐसैं सकल वीरनको नास करि अर्धरात्र पीछे तीनौ मिलि कथा करत द्रौपदीके पांचों पुत्रनके शिर लेय. रण भूमिमें पड्यो जो दुर्योधन ताके पास गये. तहां ताकों रक्तमें लिप्त संग्याहीन ऐसे देषि तीनो सोचत रूदन करत बोले हे दुर्योधन श्रीकृष्ण पांडव सात्यकी येतो बचे. और सब तेरे वैरी मारे गये येउनके सिरहै सोतुमे संग्या होयतो सुणौ अरु देषो तब दुर्योधन हर्षतें उठि उनसौं बोल्यो भीष्म द्रोण कर्ण इनजो पराक्रम नकियौ सो पराक्रम तुमकियो तातें मैं प्रसन्न भयो फेरि बालकनके सिर देषि कही ए बालक नकेहै पांडवनके नहीं तातें परलोकमें जल अंजुली भी मिलेगी नहीं यह सोक भयो तातें अबमें प्रसंन्न तासौं प्राण छोडत हौं तुह्मारो ह-

मारो मिलाप अब फेर स्वर्गमै होयगो. ऐसै बोलि दुर्यो
धन प्राण छोडेसो देषि अर्जुनके भयतें तीन्योंही चले
सो कृपाचार्य तो हस्तना पुरगयो कृतवर्मा द्वारिका गयो
अश्वत्थामा व्यासाश्रम जानेकी यह संपूर्ण कथा क
ही तापीछे संजय धृतराष्ट्रसो दुर्योधनकों देहत्याग
कह्यो ॥ ॥ वैशंपायन उवाच ॥ ॥
तापीछे पांडव जयंती देवीकों पूजन करि मार्गमै आवत
है तिनके सनमुष धृष्टद्युम्नको सारथी दैव जोगतें कृत
वर्माके अस्त्रतें वचोहो सो जाय युधिष्ठिरकूं रात्रिकों च
रित्र सब कह्यो ताकों स्त्राणि राजा युधिष्ठिर मूर्छापाय
पृथ्वीमै पड्यो ताकों भीमको आदिदै भ्राता और श्रीकृ
ष्ण सात्यकी इन सब मिलि चेत कराये जब राजा अश्रु
नाषित बोल्यो हे श्रीकृष्ण हमारो विजयहू हमारे नास
को कारण भयो अरु द्रौपदीकू भ्राता पुत्र इनकेसो
कमैं मग्न भई ही ताको समाधान करिकों नकुलकों
आग्या देय आप युधिष्ठिर सिवरि सोधनकों गये.तहां
राजानको बांधवनकों मरे देषि राजा मूर्छित भयो. तब
फेरि श्रीकृष्ण युधिष्ठिरको समाधान करत भये. अरु
तहांही मरे पुत्र भ्राता तिनके सोकतें विलाप करती
द्रौपदीकों देषि राजा अधिक व्याकुल भयो तब द्रौप
दी बोली अश्वत्थामाकों मारिवाको शिरोमणि दिषावो
जब भोजन करों ऐसे कहि द्रौपदी अनसनव्रत लि
यो तापीछे भीमसेन द्रौपदीकी प्रतंग्या स्त्राणि नकुल
को सारथी करि अश्वत्थामाके सनमुष चल्यो ताको दे
षि श्रीकृष्ण अर्जुनसों बोले हे अर्जुन मैं द्रोणाचा
र्यके पुत्रकों क्रूर जाणि ब्रह्मास्त्र दियो नहीं तुमव
नवासकों गये जब अश्वत्थामा द्वारिका आय मोसों

चक्र माग्यौ तब मैं वाकौं चक्र देवे लग्यो सोचक्र अश्व
त्थामा दोउ हाथनतें उठायवे लग्यौ जब उठ्यौ नहींत
ब वह मोसों बोल्यौ हे श्रीकृष्ण चक्र धारिवेकी मेरीसा
मर्थ नहीं अरु जोचक्र धारिवेकी मेरी सामर्थ होती.
तौ मैं तुमहीसौं जुधकरतौ सोचक्र जुधमे तोमैं तुम
हीसौं जुध करतौ सोचक्र जुधमे तोमें असमर्थ हौं
तातें ब्रह्मास्त्र हीद्यौ जबमैं वाकौं ब्रह्मास्त्र दियौ अरुस
भावहीतें कायर, क्रोधी यह अश्वत्थामा है सो मनुष्य
नमैं नहीं अस्त्र जाणै तापै यह ब्रह्मास्त्र चलावोजोग्य
नहीं. तोहू यह अश्वत्थामा भीमपै अस्त्र चलाय मारै
गो. तातें याके रक्षा निमित्य चलो ऐसें कहाणि युधिष्ठि
र श्रीकृष्ण अर्जुन भीमके पीछे गये. तापीछे भीमसेन
अश्वत्थामाकौं व्यासके आश्रममे व्यासके पास आले
वस्त्र धारें जलकी तीर ठाढौ देषि भीम बोल्यौ रे क्रूर ब्र
ह्म बंधु ठाढौ रहि ऐसें कहाणि अश्वत्थामा रथ सेस्त्र
हीनहू बाम हस्ततें इसीकालेय ब्रह्मास्त्रतें मांत्रि यह वि
श्व अ पांडवहो ऐसैं संकल्प करि चलाई जबश्रीकृष्ण
अर्जुनसौं बोले हे अर्जुन यह अश्वत्थामा तुमारोनास
करिवेकौं ब्रह्मास्त्र चलायोहै तातें तूंहू ब्रह्मास्त्र चलाय
दोउ अस्त्रनको संघार करि तब ऐसें कहाणि अर्जुनहू ब्र
ह्मास्त्र चलायो सो दोउ अस्त्रनकी ज्वाला करि पृथ्वीआ
कास छायो देषि प्रजा प्रलय मानत भई जब अर्जुन श्री
कृष्णकी आग्यातें अस्त्र दोउ समेटि अश्वत्थामाकौं पक
डि द्रोपदीपै ल्याये. तब वाके शिरकी मणि काढी सीष
दीनी. जब श्रीकृष्ण बोले या अश्वत्थामाके अस्त्रतैंउ
त्तराकौं गर्भ दग्ध भयो ताकौं मैंने तप करि जीवायोहै
तातें यह अश्वत्थामा पातकी मलिन तातें राधि लोही

के दुर्गंधतैं सहित भ्रमत रहैगो. कहूं सत्कार पावैगो न
हीं पृथ्वीमैं यह स्रुणि आये. वेदव्यास तिनहू तथास्तु
कह्यो. वह मणि भीम द्रौपदीकौ दीनी. द्रौपदी युधिष्ठिर
कौं दीनी. जब राजा कांतितें सूर्य समान विजय देनवारी
ऐसी वा मणिकौं जाणि मुकुटमैं धरी ता पीछे पांडव कु
टंब नासतैं तो दुषी. अरु अश्वत्थामातैं विजय पाय स्रु
षी भये. ॥ ॥ दोहा ॥
॥ सौसिक पर्वकी वचनिका भाषा भारत सार ॥ रावचांदसिं
हके हुकुम कीनी स्रुकवि विचार ॥ ॥
॥इतिश्री भाषाभारतसार चंद्रिकायां सौप्तिक पर्वणि प्रथ-
मो ऽध्यायः समाप्तः ॥१॥ ॥ इति सौप्तिकपर्वस-
माप्त ॥ ॥ श्रीकृष्णोजयति ॥ ॥

इति भाषा भारतसार सौप्तिकपर्व.

समाप्तम्.

अथ भाषाभारतसारस्त्रीपर्व प्रारंभः

॥ श्रीगणेशायनमः ॥ ॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥
तापीछे वीरनकों मरे सुणि धृतराष्ट्र गांधारी दुर्योधना-
दिकनकी और राजानकी स्त्री रण भूमिमें आप आपके
भर्ता बांधवनको रणमें पडे देषि विलाप करत भई जब
धृतराष्ट्र गांधारीहू दुर्योधनके सरीरकों देषि रुदन करत
बोले हे पुत्र दुर्बुद्धितैं साधु पांडवनकों वृथा पीडा करि ता
तैं यह दसा पाई अब उठि घर चलि हम बूढे आंधे अ-
नाथनकी पालना तोविनाकौन करेगो. ऐसें विलापक
रतें द्रोउनकों देषि युधिष्ठिरके पठाये श्री कृष्णजायदो
उनकों समाधान करत बोले हे राजा धृतराष्ट्र हे गांधा
री कालकी गति बडी गहन है अरु पांडवहू तुमारे पुत्र
हीहै अरु मैंहू सकल सकल यादवन सहित तुह्यारो
आग्या कारी हौ तातें तुमसोंच माति करो. ऐसें श्रीकृ
ष्णको वचन सुणि गांधारी बोली हे कृष्ण तेरे कपट
तैं मेरे पुत्रनकों अरु कुटुंबको नास भयो तातें तूंहू छ
त्तीस वर्ष पीछे तेरे सर्व कुटुंबको नास देषैगो. ऐसें
श्रापदे मूर्छित होय गांधारि पृथ्वीमे पडी ताकों समा
धान करि श्रीकृष्ण बोले हे गांधारि तुम उठो अरु यु
धिष्ठिरको पुत्रकी नाइ पालन करो शिवरीमे चालि भोज
न करो तोकों भोजन किये विना पांडव भोजन नक
रैगे. तब गांधारी बोली हे कृष्ण मेरे पुत्र मरे तातें मैं
भोजन करौं नहीं अरु सबहीको संग्रह छोडि वायु भ
क्षण करौंगी. ऐसें कहि गांधारी जडी भूत भई ताहि

धृतराष्ट्र
गांधारि
श्रीकृष्ण
दुर्योधन
मरणादुःख
नकु. स. अर्जु.
भीम
युधिष्ठिर
धृतराष्ट्र
गांधारी

श्रीकृष्ण
धृतराष्ट्र
पांडव
लोहमईभीम
स्वस्वपतिसहितदग्ध

देषि श्रीकृष्ण कौतुक निमित्त क्षुधाकौं आग्या करितूं गांधारीके सरीरमै प्रवेस करि जब क्षुधातैं गांधारी विव्हल होय इत उत देषत भई तहां एक आम्रको वृक्ष देष्यौ ताके फल पके हूहै अरु विना पकेहूहै तब गांधारी फल भक्षणकी इच्छा करी. तब उठि एक फल तोडिवे लगी सो फल हाथ आयो नहीं जब पुत्र दुर्योधनकी छातीपैं पावदेय तोडिवे लगी. तोहू दोय आंगुल फल ऊंचो रह्यो तब सब पुत्रनकौं भेले करि उनकी सीढीबनाय ऊंची होय फल लेवेकौं उद्योग कर्यो जबही आम्रको वृक्ष अंतर्ध्यान भयो. तब श्रीकृष्ण आय गांधारिसौंबोले हे गांधारी तूं ऊंचीक्यों भई ऐसे स्रुणि गांधारि लज्जित भई तासौं श्रीकृष्णबोले. ॥ कष्टही पुत्रमरणं कष्टात् कष्टतरं क्षुधाइति ॥ अर्थ. सब कष्टतें अधिक कष्टतो पुत्र मरण. ताकष्टहूतें अधिक क्षुधा तासौं हे गांधारी स्रुणि सत्ययुगमे तो प्राण अस्थनमैं रहेहै. त्रेतामै मांसमै रहेहै द्वापरमे मज्जामै रहेहै अरु कलिजुगमैं केवल अन्नहीमैं रहेहै. तातें अन्नब्रह्मकी नित्यही सेवा करणी. अन्नहीके अर्थ सर्व प्राणी पराई सेवा करैहै. अरु छल छेद्र कपट द्रोह घात पात आदि अनेक अनर्थ प्राणी अन्नके अर्थ करैहै ऐसे श्रीकृष्णके वचन स्रुणि गांधारी मान छोडि धृतराष्ट्र सहित युधिष्ठिरके पास शिवरिमे आई जब राजा युधिष्ठिरहू रणमै मरे शृगालादिकनि करि भक्षित ऐसे वीरनको दाहजलांजलि संस्कार करायो. कितनेक वीरनकी स्त्री पतिनके सरीरकौं आलिंगन करि करि दग्ध भई ऐसे वीरनको संस्कार कराय युधिष्ठिर गांधारि धृतराष्ट्रके चरणनमैं प्रणाम करि बोल्यौ हे तात इतने बांधवनकौ नास भयौ तातैंमैं

हूं दुष्षितहौ अरु तुमहू दुष्षितहौ तातें अब मोसौं आ
ग्या करो सोही करौं तब धृतराष्ट्र बोल्यौ हे युधिष्ठिरजो
भव तव्य हो सो भयो. अबतू राज्याभिषेक अंगीकारकरि
अनाथ प्रजानकौ पालन करि ऐसे आग्या पाइ युधि
ष्ठिर तथास्तु कही चरणनमै प्रणाम करि श्रीकृष्ण सात्य
की और भ्रातानकेहू नामलेले प्रणाम निवेदन करे. अ
रु धृतराष्ट्र आपके पुत्रनकौं मारिवे वारो ऐसो भीमसेन
कौं मनमै कपट राषि बुलायो जबश्रीकृष्ण वाके मनकौक
पटजाणि पहलेही लोहमई भीम बणाय राष्यौहो ताकौं
सनमुष कियौ तब धृतराष्ट्र वाकौ हृदयतें लगाय भीम-
के भ्रमतें वा लोह मईकौ चूर्ण कियौ तापीछे धृतराष्ट्र
रुधिर वमन करत पृथ्वीमै पडि कपटतें रुदन करतबोल्यौ
मोहतें व्याकुल होय मध्यम पांडव भीमसेनकौं मारि चू
र्ण कियौ सो याके मरणको दुष्य मेरे पुत्र मरणतेंहू अ
धिक भयो ऐसे विलाप करते धृतराष्ट्रसौं श्रीकृष्ण बो
ले हे महाराज भीमतो मर्‍यो नहीं तातें तुम चिंता म
ति करो. अरु तुमारो कपट जाणि प्रथमही लोहमईभी
म वणाय राष्यौहौं सो तुमनें वाकौ चूरण कर्‍यौ अरु
तुह्मारो बल अप्रमाण जाणि अयुत गजबली भीम
कौं मिलायो नहीं ऐसे सुणि राजा कपटसौं हर्षित भयौ
जबश्रीकृष्ण बोले हे राजन् इष्ट मित्रको वचन मान्यौ न
हीं तातें तुमारे पुत्रनकौं तुमही मारेहे भीमपे क्रोधक्यौं
करोहो ऐसे श्रीकृष्णके वचन सुणि राजा निज अप
राधसौं पुत्रनकौं मरे जाणि हांसिके श्रीकृष्णसौं बो
ल्यौ हे श्रीकृष्ण पुत्रनके सोक समुद्रमें बुडते मोतें भी
मकौं वचाय तुम मेरो उद्धार कियौ ऐसो कहि धृतराष्ट्रयु
धिष्ठिरकौं आशीर्वाद दीयौ. तब फेरि राजा युधिष्ठिर भी.

म आदि भ्रातान सहित गांधारिकों प्रणाम कियो. जब गांधा
री बोली हे युधिष्ठिर मेरे पुत्र आपही अन्यायतें मरे पैं भीमसे
ननें दुर्योधन दुःशासनकों कुमृत्युतें मारे. यह मोकों महा दुष
है. तब भीमबोल्यो हे माता मैं अकृत्य कियो सो क्षमा करोमा
ता होयसो अपराध भरे पुत्रहूकों मारे नहीं. अरु द्यूत स
भामैं दुर्योधन द्रौपदीकों जंघादिषाय बैठिवेकों कही जबसैं य
ह प्रतंग्या करिही तासों जंघा छेदन करि अरु दुःसासनके रु
धिरकी धारा मेरे होतपारनहीं भई ऐसे स्हाणि गांधारी बोली ध
र्मात्मा धर्मपुत्र कहांहै तब युधिष्ठिर बोले हेमाता तेरे पुत्रनको
मारिवे वारो यह पापी मेंहूं सोतूं अब मोकों आपदेय स्क्रुध-
करि ऐसे स्हाणि गांधारी बोली नहीं अरु अपने कुलको स्व
ल्प जाणि युधिष्ठिरकों आपहू नहीं दियो ऐसे गांधारिको
समाधान करत द्रौपदी सहित पांडव कुंतीकूं प्रणाम करत
भये. जब कुंती पुत्रनकों वा द्रौपदीकों पायनमें प्रणाम कर
ते देषि. समाधान करत भई. तापीछे कुंती द्रौपदी सहित गां
धारीकों प्रणामकरी तिनकों देषि गांधारी बोली हे कुंती
हे द्रौपदी तुम अश्रुपात क्यों करोहो अरु द्रौपदीकों मेरो
बंधु पुत्रहीन भयेकोही समागम विधाता लिष्यो सो भयो. गं
गाके तरणमें रणके मरणमें सोचन करणो. तातें युद्धमें मरे
नकी सद्गति विचारि सोचन करिये ऐसे कुंती द्रौपदीकों समा
धान करि गांधारी वेदव्यासतें दिव्य दृष्टि पाइ रण मंडल दे
षत भई अरु तैसेंही वेदव्यासकी आग्यातें धृतराष्ट्र युधि
ष्ठिरादिकहू देषत भये. तहां अनेक मांस भोजीनकरि पू
र्ण विलाप करती कामिनीनके कोलाहल युक्त ऐसे रण मंडल
कों देषि गांधारी श्रीकृष्णसों बोली हे श्रीकृष्ण रण भूमिमें रु
धिरके सरोवर भरेहैं तिनमें वीरनके मुष करचरण तिरतहैंसो
मानों यमराजके पान निमित्त अरुण मदिराके कमल युक्त

पात्नही भरेहै वीरनके सिरनपैं दंडहीन छत्र पडेहै तेमानों
निज मित्रनके मिलिवेकों अनेक पूरण चंद्रही सोचतें आ-
लिंगन करतहै अरु रुधिर समुद्रनमें वीरनके शीर तिरत है
ते मानो यम किंकरनके वालकनके तिरण सिषायवेकों सजे
भये तुंब फलहीहै. ऊंचे मुषकरे रथपडे ऐसे दीषैहै मानो
स्वर्ग गये. रथीनके संगजावेकों उत्कंठित होय रहेहै मांसभ
क्षणतें तृषित निसाचर नषनतें विदारत मृतकनके नेत्ररू
पी जलधारा पान करेहै राक्षसनकी स्त्री भर्तानके पहिरायेआ
तनके हार धरि रुधिरको अंगरागकरि मांस भक्षणतें तृप्तिहो
य नाचती मुंडनकी गेंदनसों क्रीडा करती अर्जुनके पराक्रम
कों गान करैहै रोम रोममें बाणनसों विंधेजेवीर तिनके अंग
भक्षणकों आयेजे जंबुक जेबाणनतें डरि घ्राण करि करिनि
रास होय गमनकरतहै कितनेक प्रहारनतें सतषंड भयेवीर
नकों सृगाल बांटि बांटि कुटंब सहित भोजन करत है अरु
हे श्रीकृष्ण कितनीक नायका चिन्हनतें निज भर्तानिकों पहिचा
नि ऐसे बोलतहै हे स्वामी तुम मोतें विरक्त भयेकहा. मोकों
देषिके हरण श्रीके कुच तुल्य गज कुंभनतें कर दूरि न करत
हो ऐसै बोलत युध भूमिमें पडे दुर्योधनकों देषि गांधारी मू
र्छित भई फेरीचेतपाय श्रीकृष्ण सों बोली हे श्रीकृष्ण मे-
री तेरो वचन नमान्यो तातें दुर्योधन यादसाकों प्राप्त भयो.
अब रणमें पडे दुर्योधनको रज लिप्त सरीरकों याकी स्त्री भा-
नमती नेत्रजलसों धोवतहै औरहू मेरे पुत्रनकी स्त्री पतिन
के अंगकों आलिंगन करि विलाप करैहै. और यह विराट
पुत्री उत्तरा स्वामी अभिमन्युके सरीरकों गोदमें धरि तेरे मुषकों
देषि ऐसे बोलैहै हे श्रीकृष्ण तुम्हारे भगनीको पुत्र रूपमें वि
नयमें नयमें जयमें तुम्हारे तुल्य सो यह तुम सर्व व्यापीके
देषत अनेक वीरननें छलसों इकेलेकों कैसे मार्यो ऐसैकहि

स्वामीके मुषकों चुंबन करि फेरि बोलै है हे प्रिय तुम युधमैं
जात समैंहू मोकों पूंछ्यो नहीं तातें अपराधवती जाणि अबहू
बोलत नहींहो जातें मैं जानतहौं तुम वक्षस्थल देवांगनाकों
दीनो तोहू विलाप करती मोकों जो क्रोधतें निवारण करोतो
आनंद होय. अथवा मोसौं मधुर वचन बोलतहे ता अ-
भ्यासतें क्रोधकों भूले तानें यह दसा पाई अरु जो क्रोधको
लेसहू राषते तो वैरी कैसे मारि सकते. ऐसे विलाप करतीउ
त्तराकों विराटकी राणी रूदेष्णा हाथ पकडि विराटपास आ
य रूदन करि अचेतन वृक्षादिकनहूकों रूदन करावत भई
ऐसेही द्रुपदकी स्त्री द्रुपदके पास विलाप करेहै. अरु द्रोणाचा
र्यकी चितामें कृपी पडिवेकों तयार भई. ताकों षेचि ब्राह्मण
युधिष्ठिरको अपजस गावत द्रोणाचार्यको संस्कार करि गंगा
को गमन करतहै अरु सत्य जिव्हातें कर्णकों तेजोवध करे
हौ तापातक मिटायवेको मांस भोजी पक्षी जठराग्निमें ता
जिव्हाकों होम करेहै और मेरी पुत्री दुःसिला पतिके शिरकों
हृदयमें लगाय बोलैहै हे प्रीय यह भूमिमें आतपहै तातें
घरकों चलो और भूरिश्रवाकी पंच भार्या रणमें सूते पति-
सों इर्षा छोडि तुल्य बोलै है हे स्वामी तेरो एह हाथ वहहैजो
ब्राह्मणनकों यग्यनमें सहस्रावधि गोदान दीये अरु संग्रा
ममैं वैरीनकों मारे. अरु विहारमे स्त्रीनके नाभि उरजंधनस्प
रस करे. सो अब रणमें यह दसा पाय छिन्न भिन्न पड्योहै
और वृषसेनकी जननी रण भूमिमें आपके स्वामी कर्णकों
आलिंगन करि विलाप करत है यह सकुनी पड्यो है जाकेकु
मंत्रतें मेरे १०० सत पुत्रनकों युधिष्ठिर इंद्र पद लाभके निमित्त
भीमके क्रोधाग्निमें होमे ऐसे पुत्रनके दुष्यनतें व्याकुल गांधा
री श्री कृष्णसौं बोली हे श्रीकृष्ण ऐसैंही छत्तीसवे वर्ष ३६
तुमहु तुह्मारे कुलकी दसा देषोगे. तबश्री कृष्णहू हसतही.

बोले हे गांधारी सर्व जगत जाको निवारण नही करि सकै ऐसी
अषातोकौं बाधा करतहै तो गंगाकौं चलि तूं पुत्रको जलांजलि
तो अश्रुपातनतें देतहै पैं तेरी तृषा गंगाविना मिटैगी नही
ऐसे बोलतें ही श्रीकृष्णकी इच्छातें तृषा गांधारीकौं बाध क
री तब गांधारी लज्जित होय बोली पुत्र सोकतेंहू तृषा दुःसह
है. तातें कहा करौं धृतराष्ट्रको पुत्र युयुत्सु सबनके रूपातें
मेरे वीरनकी संख्या पूछी जब दिव्य दृष्टि युधिष्ठिर बोल्यो अड
षट कोटि एक लाष वीसहजार एतेतो अति दुःसह वीरमरे.
और सात हजार पांचसे राजनके राजा इंद्रहूकौं जीतिवेवा
रे तेमरे. और चौदालाष चौदा हजार एते विकट सुभट मरे.
और जिन रणमें अंग होमें इंद्र तुल्य भये. अरुमरणोही यह
निश्चै विचारि युद्धमें मरेते गंधर्व भये. भाजते मरेते गुह्यकभ
ये. स्वामिभक्ति कीर्ति जय सर्व इनकी वांछा विनावीर धर्मतें
मरेते ब्रह्मपद गये. और वीरत्वतें गर्जना करत युधमें घायल
होय रुधिर समुद्रमें पडि मरेते उत्तर कुरुदेसमें गये. यहतीर्थ
यात्रामें लोमसके अनुग्रहतें दिव्य दृष्टि पाय युधमें मरे तिनकी
यह गति देषी ऐसे कहि युधिष्ठिर विदुर संजय इंद्रसेन इनकौं
मृतक संस्कार की आग्या दीनी तबश्री षंड अगर इनतें चितार
चि दग्ध करे तापीछे राजा युधिष्ठिर धृतराष्ट्र जाय सबनकौज
लांजलि दीनी याक्षेत्रमें जे क्षत्रीमरे तिनकौं यह जल अक्षय
तृप्तकारीहौ ऐसे कहत जलांजलि दीनी. जब कुंती युधिष्ठिरकौं
सूर्यतें कर्णकी उत्पत्ति कही. जलांजलि दिवाइ तब आपको
ज्येष्ठ भ्राता जाणि युधिष्ठिर अति पश्चात्ताप करत भयो. ॥
॥ दोहा ॥ ॥ स्त्रीपर्वकी वचनिका भाषाभारतसार ॥ रावचां
द सिंधके हुकुम कियोसुकविविचार ॥ १ ॥ इतिश्री भाषाभार
तसार चंद्रिकायां स्त्रीपर्वणि प्रथमोध्यायः समाप्त ॥ १ ॥ ॥

राज्याभिषेक.
रा.युधि.
शांतिपर्वचित्र २
भी.
धर्म.
श्रीकृष्ण
वेदव्यासादि मुनि

अथ भाषाभारतसारशांतीपर्व प्रारंभ.

श्रीगणेशायनमः ॥ वैशंपायनउवाच ॥ तहांगंगातीर नारदादीक मुनि आये जलांजलि देय संताप युक्त राजा युधिष्ठिर हौ तासौं बोले हे राजा युधिष्ठिर युद्धमे कष्टतें वैरीनकौं मारि राज्यलाभ भयो अब चिंताक्यौं करौहौ जब युधिष्ठिर बोले जिनके सुषके अर्थ राज्य चाहिये ते सर्व बांधव मरे माताके वचनतें युद्धमें मारिवे योग्यभी हमतिनकौं वाने मारे नहीं ऐसे त्रिलोक विजई सहोदर भ्राताकर्ण कौं मैमार्यो लोभ चांडालके योगतें मैंहू चांडाल वतहूं नहीस्प र्स करिवे जोग्य भयो तातें अर्जुनादिके राज्य करो मे कछूहू- चिंतवन करौंगो वनमे जाय जीर्ण पर्ण भक्षण करि एकाकीव सौंगो. ऐसे सुणि अर्जुन बोल्यो जगत जोवस्त मिले नहीं तामें प्रीति राषैहै सब वस्तु समर्थ होय तब तो वैराग्य चाहे सीतमैंता पचाहै ग्रीष्ममें सीत चाहे जैसैहीहे महाराज तुमहू वनमें रहेहे. जबतो राज्यचाहतहे अब राज्य मिल्यो तब वन चाहत हो ऐसे- कियेसे तुमकौं जगत उनमत्त मानि हंसैगो. ऐसे सुणि भीमहू बोल्यो हे महाराज जाचना करै नही जलहीकौं अहार करे जटा वलकल धारै सीत तापसहे ऐसे वृक्षकीसी तरे भयेविना कृता र्थ होतहे कहा. औरतो हममें सर्वही गुणहे. एक तेरे कनिष्ट भ्राता भये तासौं सर्वगुण गये. जब ऐसे सुणि नकुल सहदेव बोले हे महाराज, सुणो ब्रह्मचारी वानप्रस्थ सन्यासी एसब ग्रहस्ततें जीवेहे अरु एतीन्योंही विष्णुकी आराधना करेहे सो विष्णुहू ग्रहस्थतें जग्य भागकी बांछा करतहे तातें हेराजें द्र आये राज्यको पालन करि प्रजानके सुकृतकौ छटो बटभा गो तब ऐसे सुणि द्रौपदी बोली वैरीनकौं मारि तुह्मारी प्रसन्न ता चाहतें ऐसे भ्रातानकौं दुष्य दियेतें तुम कृताघ्नि होहुगे. अरु वज्रलेप पातकतो धुपे म्लेच्छहू पवित्र होयपै कृतघ्नीकी सुद्धता नहीं तातें तुह्मारे राज्यके आनंदतें इन भ्रातानकोअ

मसफल होय. आनंद पावै सोकरो. ऐसै इन सबनके वचनतैंहू युधि
ष्ठिरके मनको दुष्यताप सांत नही भयो. यहजाणि वेदव्यासआ
य बोले हे राजेंद्र जाको मृत्यदेवतें जैसे भावी होय सो तैसैही
होय मरे. अरु गजराजहू अपनी इच्छातें मसकहूकों नमारि
सकै तातें मेरे कुलकेनकों मारे यह संतापन करियै विश्ववजई
भीष्मादिकनकों उनके कर्म विना कौन मारि सकै और स्रुणो
मार्गमैं जलपौके स्थानमें पंथ चलवे वालेनकों जैसे क्षण मात्र स
मागम होय तैसैही कुटुंबीनकों समागमहै उनको वियोग भये
कहा सोक करणौ. यहकालतो इंद्रजाल वालेनकीन्नाई सर्व प
दार्थनकों क्षण क्षणमें और औरही दिषावैहै तातें कौणकौण
को हर्षसोक करियै तासों हे राजा युधिष्ठिर कालके छाये बांधवन
कों वृथाशोक क्यों करै है और देषि त्रिलोकीकी रचना करिवे
वारेनकों भी कालबली निगले है तातें तूं सोच मरेनकों नकरि
अबतो यहसमै प्रजापालन करिवेहीको है राजानको प्रजापाल
न करिवेतें अधिक धर्म वनमें नहींहै. जीवतें बांधवनको रा-
ज्यके विभागतें पालन करि मरेनको ब्राह्मण भोजनतें तृप्त
करि अरु हे राजन् तेरे दुष्यतें इन दुषीनकों अधिक दुषीक्योंक
रैहै ऐसे वेदव्यासके वचन कहे पीछै श्रीकृष्णबोले हे राजा
युधिष्ठिर विवेकी पुरुष होय सोजासों परिवारके दुष्पित होय. ऐ
सौ सोच करै नहीं और सोच करैसो मरे मिलै नहीं अरु मरेपी
छै उनके निमित्त सोक करै सोवे जाणे नहीं दूर गये बांधवनकों
ऐश्वर्य स्रुणतें आनंद होयहै तैसैही देवभोग जोगतें तेरे बांधव
भीष्मादिकनक्यों सोच करैहै अरु देषी यह मृत्युतो गजकीसी
तरैहै श्वास रूपी जीवनकों करमें धरि लडावैहै जब रुचि होय
तबही भक्षण करैहै तातें मरेनकों सोच कोण करै. और स्रुणो
जगतके प्रतिपालक श्रीराम भरतादिक भ्राता भयेहैकै नहीपरं
तु मरेनको ऐसो संदेह यह तुमको कालकरावैहै. तातें यहजीव

नहै सोकल्पवृक्षलौं चतुर्वर्गको दाताहै याकौं कायर सोक करि वि फल करै है. तातैं हे पृथ्वीनाथ सोक छोडि राज्य करि अश्वादिकविला सकरियो. ऐसे श्रीकृष्णके वचन सुणि सोकयुक्त युधिष्ठिरबो ल्यौ हे श्रीकृष्ण सहस्त्र जन्म प्रजंत अग्निमें सरीरकौं होमकरौंतौ हू भीष्म घातको पातक कैसे मिटै. ऐसे सोक करि आतुर विलापकर ते राजासूं वेदव्यास मुनिबोले हे राजन् युधमें सस्त्र प्रहार करते गुरुनकौं हू न मारैसो क्षत्री क्षत्रधर्मतें भ्रष्ट होतहै. जो सनमुष श स्त्र प्रहार करते वैरीनको मारे अथवा मरे वाकौं देवताहू पुष्पवर्षा नतेंपूजेहै यातें हे महाराज. तूं निष्पापहै तातें प्रजापालन करि जो मिथ्या संकाहै तिनको अश्वमेध यज्ञतें दूरि करि नीतिसौं रा ज्य अंगिकार करि प्रजानको संग्रह करि पुनि प्रश्न करवेकौं स रसय्या साई भीष्म गुरुहै तिनकौं पूंछि ऐसे कृष्ण द्वैपायन मुनि और श्रीकृष्ण इनकौं उपदेस सुणि धृतराष्ट्रको आगेकरि हस्त नापुरमें परवार सहित प्रवेस कियो उहां बडे उत्सव करि सभामंडप सोंभित कियो. तहां आये सौम्यादि असंख्य ब्राह्मणनकौं युधिष्ठिर पूजत भयो. जहां दुर्योधनको मित्र त्रिदंडी मुनि वेषधारी राक्षस चार्वाक आय बोल्यो हे पाप मंदिर हे वंसकी अग्नि युधिष्ठिर तोकौं धिक्कार है ऐसे वाक्य सुणि वाकौं चार्वाक जाणि सभाके ब्राह्मणनहू कारन करि दग्ध कर्यो जबश्रीकृष्ण राजा युधिष्ठिरकौं ब्रह्म हत्याको भय जाणि वासौं बोले हे युधिष्ठिर यह राक्षस चार्वाक ब्रह्मकोप वि ना महारुद्रहूको मार्यौ नमरतो भेष मात्रतें ब्राह्मणहै तातें याकी हत्याको संताप नकरो. ऐसे सुणि राजा युधिष्ठिर प्रसन्न भयो. ता पीछे सर्वही ब्राह्मण मिलि राजाकौं प्राचीन राजाके बिराजवेके सिं घासनपै द्रौपदी सहित युधिष्ठिरकौं विराजमान करि चारौं वेदनके मंत्रनकरि सर्व तीर्थनके जलन करि राज्याभिषेक करत भये. तबयु धिष्ठिरहू जैसे सक्ति युक्तशिव तैसेही गांधारि सहित धृतराष्ट्रकौंवि राजमान करि पूजत भयो तापीछे भीमको भीमके जोग्य राज्याभि

षेक करायो. विदुरको मंत्र कर्ममें राख्यो अर्जुनकों जयके उद्योगमें
राख्यो संजयकों लाभ षरचमें राख्यो नकुलकों सेनाकी रक्षामें धौम्य
प्रोहितकों द्विजानिकी पूजामें सहदेवकों समान मित्रनके सनमान
के अधिकारमे राख्यो और मंत्रीनकों जथाजोग्य स्थापन करि राज्य
श्रीकृष्णको निवेदन कस्यो तापीछे भीमकों दुर्योधनकी महलदीयो
अर्जुनकों दुःसासनको महल दियो. और कौरवनके स्थान सर्व बांध
वनकों देत भयो अरु श्रीकृष्णकी आग्यातें यथावत राज्य पालन
करत भयो ऐसे युधिष्ठिरको राज्य करतो देषि सर्व प्रजामे आनंदभयो
तापीछे भीमको आदिदे सर्व भ्राता आपने आपने पराक्रमकों गर्व
करतभये. तासों आपसमे ईर्षावधी कोउकहे मेरे पराक्रमसों युधि
ष्ठिरकों राज्य मिल्यो और सर्व झूंठी गर्जना करतहे. ऐसे भीम अर्जु
न नकुल सहदेव ये सबही परस्पर बोलिवेतें ईर्षावधी युध करिवेकों
सस्त्र धारणकरे. तब तिनको गर्व दूरि करिवेकों श्रीकृष्ण हसतही
बोले हे भीमादिक वीरहो तुमसबही रणमें घोर पराक्रम कियोता
सों अब गर्वतें कलह मति करो अबजो तुमकों पराक्रम जाणिवे
की इच्छाहेतो सत्यवादी युधसाक्षी बर्बरीकको शिर पर्वतके सिष
रपैहै वापें चलों जाकों वह कहे सोही अधिक पराक्रमी अरुआप
के मनतें तो गर्व सर्वही जीवनके होतहे परंतु और कोउ साक्षीहो
य सो सत्य है ऐसे सुणि भीमसेन सर्व भ्राता अरु श्रीकृष्ण स
हित बर्बरीकके शिरपास गये. तहांश्रीकृष्णबोले हे बर्बरीक हेमहावी
र हे पांडवनकों जय देनवारे तेरे देहत्यागन करिवेतें पांडवराज्यपा
यो तातें हम तोसों पूछत हों तूं साक्षीहे सो सत्य कहो अरुजो सा
क्षी होय मिथ्या बोले तो स्त्रीजो महिनाके महिना रुधिर श्रवेहे सो
वाके पितरनकों पान करिवेकों मिले. ऐसे श्रीकृष्णको वचनसुणि
बर्बरीक बोल्यो हे श्रीकृष्ण दुष्ट नासनमें तो युधमें एक कृत्यादेषी
अरुके तुह्मारे हाथतें चलतो एक सुदर्सन चक्र देष्यो सोचक्र नैंतो
सबनके शिरकाटे अरु कृत्याने सबनको रुधिरपान कियो तातें मैंतो

दोउ सेनामें ऐसोहू देख्यौ अरु इनहीकौ पराक्रम देख्यौ और भीमा
दिक द्रोणादिक वीरननें तो वृथाही गर्जना करीहै ऐसै सुणि भीम
नें पुत्र बर्बरीकके शिरकौं समुद्रमें नाषिवे वास्ते चरणसौं ठेकरदी
नी. ताठेकरसों वह शिर तिलमात्रहू हल्यौ नहीं जब श्रीकृष्णहसि
तेही बर्बरीकके शिरकौं उठायो तब तानैं चंचला समान तेज निक
सि श्रीकृष्णके मुषमें फैंकि बोले यहशिर श्री महादेवजीकी रुंडमा
लकौ सुमेरहो ऐसै कहतही नंदीगण आय शिरकौं लेगयो. सोजा
य रुद्रकौं निवेदन कियो जब रुद्रहीने वाकौं रुंडमालाकौं सुमेरकि
यो यह चरित्र देषि भीमकौं आदिदे सर्व भ्राता गर्वतजि इर्षा छोडि
सांत चित्त होय निजस्थानकौं आये. अरु सर्व पराक्रम श्रीकृष्ण
हीकौ मान्यौ ऐसै रहतें कोई समय अर्जुनके मंदिरमें विराजमान
जो श्रीकृष्ण तिनके पास राजा युधिष्ठिर गयो. तहां श्रीकृष्णकौं
ध्यान युक्त देषी राजा युधिष्ठिर बोले हे श्रीकृष्ण सर्व योगीजनतो
तुमकौं ध्यावें है अरु तुम कौणकौ ध्यावौहो सो कहो. जब श्रीकृ-
ष्ण बोले हे युधिष्ठिर जो मोकौं ध्यावैहै ताकौं मैंहू ध्यावौंहौं अरु
अबारतो सर सय्यामें भीष्म मेरो ध्यान धरैहै ताके दरसनकी ला
लसा मोकौं लगि रही है ऐसै सुणि युधिष्ठिर बोले हे श्रीकृष्णय-
इ मनमें है तो परवार सहित चलि भीष्मकौ दरसन दीजे ऐसै सु-
णि श्रीकृष्ण पांडवन सहित वेदव्यास नारदादि मुनि मंडलीयुक्त
सवारि करि भीष्मपास गये. तब भीष्महू परवार सहित श्रीकृष्ण
कौं आये देषि मनसौं पूजन करत भये. हे श्रीकृष्ण तुह्मारी भक्ति
नें संसारमें मग्न जीवहै सोहू मुक्ति होतहै ऐसे तुमकौं मैं प्रणामक
रतहौं ऐसै भीष्मको वचन सुणि श्री कृष्ण सात्यकी युधिष्ठिर भीम
अर्जुन आदिदे रथसौं उतरि भीष्मकौं प्रणाम करि आगे बढे तब
श्रीकृष्ण व्यथातें आतुर भीष्मकौं देषि बोलेहै भीष्म ब्रह्मज्ञान
मय तेरो सरीरहै सो बाणनतें भिन्नतो न भयोहै तब भीष्म बोले हे
श्रीकृष्ण विश्वरूप जो तुह्मारो ध्यान तामें लीनजो चित्त ताकौं अति

कठोर वज्र मई बाणनकी सय्या अथवा अति कोमल हंसनके पक्षमई सय्यापें दोउही ताके समान है ऐसे सुणी श्रीकृष्ण बोले हे भीष्म तोस रीके ब्रह्मवेत्ता वीरकों धारण करती यह पृथ्वी इंद्रके लोककूं कों हसे है ऐसे कहि श्रीकृष्ण भीष्मकों अमृत मई दृष्टि करि विथा रहितकि यौ तहां देवता श्रीकृष्ण भीष्मपें पुष्पनकी वृष्टि करी. जब श्रीकृष्ण बोले हे भीष्म जो तुह्मारे सरीरमें विथा नहीं है तो प्रभातसों युधिष्ठिर कों धर्मोपदेस करोगे. ऐसे सुणि भीष्म बोले हे श्रीकृष्ण तुह्मारे अ नुग्रहतें जो युधिष्ठिर पूंछेगो सोही कहोंगो. ऐसे सुणि श्रीकृष्ण बोले हे भीष्म तुम धन्य हो ऐसे कहि श्रीकृष्ण पांडवन सहित हस्तनापुर आ ये. फेरि प्रभातही पांडवन सहित श्रीकृष्ण पूर्ववत भीम पास गये. त ब भीष्म बोले हे श्रीकृष्ण तुह्मारी कृपातें मैं समर्थ हों जो धर्म धर्म पूंछेगो सोही कहूंगो. पै यह राजा युधिष्ठिर क्षत्रीके करिवे जोग्य कर्म तैं क्यों लज्जित होत है. प्रसन्न चित्त होय पूंछो जब राजा युधिष्ठिर श्री कृष्णकी आग्यातें भीष्मके चरणनमें प्रणाम करि राजधर्म पूंछत भयो. जब भीष्म श्रीकृष्णकों धर्मकों ब्राह्मणकों प्रणाम करि राजधर्म कहत भये. हे राजा युधिष्ठिर राजा जो है सो पुन्यनकी पूजातें दयातें नी तितें सोभा पावत है और कंकण हार बाजू इनतें नट विट सोभा पावत है राजा नहीं अरु जा राजाकों सील हास्यमें अधिक रत होय जाके शिरकों सेवक चूर्णसों स्पर्स करै है जो राजा आपके सरीरकों त्याग करिके भी गोब्राह्मणनको पालन करै सो सर्व धर्म जीते है और रा- जा तेजतें सूर्य तुल्य कीर्तितें चंद्रमातुल्य क्रोधतें काल तुल्य कहूं सां त कहूं क्रोधी कहूं भयंकर इन लक्षन युक्त राजा होय ताकों कोण जी तिसकै अरु यज्ञनमें जो ब्राह्मण श्री पतिकों अग्निकों सेवै है तिनकों क्रोध युक्त न करै और ब्राह्मण प्रसन्न होय तो लक्ष्मीकों देत है. क्रोध करै तो वंसकों दग्ध करै है. अरु आचारतें भ्रष्ट ऐसे एकहू पुरुष पें क्षेमान करणो. ता पुरसको पाप सर्व जगतमें व्याप्त होय है. अरु चारों वर्ण जा राजाकी आग्यामें रहै मर्यादा नहीं छोडै सो राजा ईश्वर ही है.

और राजा यग्या मृत करि देवनकों नहीं वर्षे तो भूषे देव देवलोमें अ-
मृत कूपषोदे कहा अरु जो राजा सत्यवादी दीननकी रक्षा नहीं करेतो
उन दुषीनकी स्वासा अग्नितें राजानके भाग्य आयुष्य दग्ध होतहै.
औरजोराजा आप सदा आचारमें रहै जाको परिवार हू सदा आचा
रमें रहै ऐसे राजाकौ सब संपदा सेवैहै. जारा जाको प्रोहित धर्मजाणिवे
वालो होय मंत्री नितिमें निपुन होय जोद्धा स्वामी धर्मी होय होता सत्य
वादी होय सो राजा सूर्यसमान राजैहै अरु जाको मंत्र गुप्त होय सो
राजा विश्वके जीवायवेमें मारिवेमें समर्थहै अति विश्वासी राजाके ल
क्ष्मी नही अति संकित राजाकों सुष नहीं. तातें अति विश्वास अतिसं
का राजानहीं राषे और दुष्टनकौं दंड दीननको पालन ब्राह्मणनकौ
पूजे दानदे विष्णुको सेवन एच्यारि राजानकौं राज्यलक्ष्मीकों वृद्धिका
रणहै. कोपको कारण होयतोहू प्रगट कोप न करै विपत्तिहूमें निर्लो
भरहै हर्षहूमें निर्विकार रहै ताराजाको लक्ष्मी कदाचितहू छोडै न-
हीहै. और नीति वरती राजा प्रजानकौं पालन करै ताराजाकौ प्रजा
नके छटे बठको धर्म प्राप्त होतहै.॥ ॥ इति भा० शां० प० राजधर्मप्र
करणंनाम प्रथमोऽध्याय. ॥१॥ ॥ ऐसे राजा युधिष्ठिर राजध
र्म सुणि आपत्तिसौं क्षीण ऐसे राजानके धर्म पूछे जब भीष्म बोले
हे युधिष्ठिर आपत्तिसौं क्षीण राजा होय तब वैरीनमें प्रवेस करिक
ला कलासौं वधिके निज लक्ष्मी फेर पावे. आपको मित्र बल अस्त
होय सत्रुको उदय होय जब आपको प्रजाको संकोच करि दुर्गकौ
आश्रय करि कालक्षेप करै औरमित्रबल दुर्बल ये नहोयतो बलवा
न सत्रुसौंहू जुध करै. तामें जीतेसो पृथ्वी भोगे. मरैतो इंद्रलोकजा
य औरहे राजन् राजाज्यौंत्यौं करिदेव ब्राह्मण इनकौ धन छीवे न-
ही नीतिसौं कोस हीको संचित करै वासें सर्व विपत्ति टलै अरु सं
पत्तिवानकौ अरु आपत्तिमें भी सेवक छोडै नहीं निरद्रव्यकौं सह
जहूमें सेवक छोडि देतहै तातें सर्व जगत आसाकी फांसिसौं बं
ध्यौहै सोजातें आसा टूटै ताकौं छोडै और राजा विपत्तिमें देस.

स्थान स्त्री पुत्र लक्ष्मी इन सबनकौं छोडि आपके प्राण राषै प्राण रहैतो ये कोईक समैमें फेरि सर्वही होय. और जो बहुत वैरी आपकौं घेरै तौ बुधिवान होय सो सर्वतें अधिक बली एककौ आश्रय करी सबनकौं मारै जो आपको द्रोषी होय प्रिय वचनहू बोलै तोहू वाकौ विश्वास न करियै जैसै सिकारीनकौ गान मृगनको प्राणहारीहै तैसैही दोषीनको प्रिय वचन जाणो और प्रबल सत्रु होय ता सौं वैर गुप्त करि वैसे जब समय पावै तब वैर प्रगट कर प्रहार करै.और राजामैं वा मंत्रीमें इतनै गुण चाहिये. बुगला सरीसो कपटी सर्प सौं कुटिल सिंह समान पराक्रमी. कागलावत संकित गृध्र कैसीतरै दीर्घदर्शी सदा रहै निर्लोभ गुणी सूर वीरनके गुणकौ ग्रहण करै उज्जल रहै ऐसो राजावामंत्री होयंतो आपत्ति न पावै. ॥ इतिश्रीभा० शां०प० आपत्ति धर्म विवरणोनाम द्वितियोऽध्यायः ॥२॥ ॥

ऐसै सुणि राजा युधिष्ठिर फेरि मोक्ष धर्म पूंछ्यो जब भीष्म बोलेहे युधिष्ठिर अग्यानीजीवहै ते नष्ट होते धनको सोच करत है सो वृथा. और आयुष्य क्षीण होतहै ताकौं नहीं सोचतहै यह आयुष्य कैसी कहै त्रैलोक्यकौ ऐश्वर्य दीयेहू जाकौ एक लव पावै नही अरु अहंता ममताहू दुषकौं मूलहै इनकौं छोडै सोसदा आनंदहीमें रहै. आपकी बांधवनकी आयुष्य घटै ता सालिग्रहको उत्सव करि आनंद पावतहै. अरु जो आयुष्य पदार्थ नहीतो आयुष्य समाप्त भये. सोच करेसो मूर्षहीहै और जो बंधुके देहहीमें स्नेह होयतो मरेक्यो दग्ध करै जो आत्मामें सनेहहै तौ वह सदाहीहै तातै श्व आयुष्यहूकों स्वर्ग मोक्षको उपायकरै सोही फलहै ताउपायकों मूर्षहैसो नहीं करैहै. अरु तृष्णारूपी कनात करि आत्माकों आनंद ढक्योहै ज्यौंज्यौं तृष्णा मिटै त्यौंत्यौं आनंद वधै और जे जोगरूपी दीपक सो मोहरूपी अंधकार दूरि करैहै. ते आत्मतत्व देषैहै तेही कृतार्थ मुक्त होतहै. ॥ इतिश्री भाषा भारत सार चंद्रिकायां शांतिपर्वणि तृतियोऽध्यायः ॥३॥ ॥

अथ भाषाभारतसार अनुसा० पर्व प्रारंभ

॥ वैशंपायनउवाच ॥ ऐसैंसुणिराजा युधिष्ठिर फेरि बोल्यौ हे पितामहरा ज्यके अंतमें नर्क होयहे ऐसे जाणतहूमे कुलघात कर्‍यौ तातें मोकों धिक्कारहे. तिनमाको आभरण पहिराय सोभित करि गोदमे राख्यौमैंता ताकों बाणनतें मार्‍यो और वैरीनको नास करिवेकों जिनमोकूं सस्त्र विद्या पढाई मैंवासस्त्रविद्यातें उनहीकों मारे औरतांबूल रसलेवेकों ने मते जाकी फेंटी पकडि उच्छिष्ट तांबूल षाते तापितामहकों हमानिर्दय ननै मार्‍यौ तिनकी सद्गति कैसी होयगी. ऐसे चिंता करतें राजा युधिष्ठिरसों भीष्मबोले हे पुत्र ऐसे वृथा शोकाग्नितें विवेक वल्लीकों दग्धन करि अरु हमकों तूं मृत्यु काल इननें नहीमारे. इम हमारेकर्मन करिही मरेहे. अरु तें तो तेरे क्षत्रधर्म हीतें युध कर्‍यौ तातेंनिर्दोषहे अबतूं धर्म सेवन करि तेरो कृतार्थ होयगो. इंद्रियनकोंजीति यथोक्त दान श्रद्धाकरि रितुकालमें स्त्रीसेवन करि और श्रीकृष्णको सेवन करि यह साक्षात् परब्रह्म हे. अरु स्वर्गमें देवता मनुष्यलोकमें मनुष्य पातालमें राक्षस दैत्य दानव सर्वही या श्रीकृष्णकों सेवें हे. अरु ब्रह्म विष्णु रुद्र रूप सृष्टि स्थिति प्रलय कर्ता यह श्रीकृष्णहीहे. यातें याहीकों भजो. कार्तिक माघ स्नान करो. एकादशीशुक्ल पक्षकीमें जागरण करो. द्वादसीमे विष्णु पूजन ब्राह्मणनको भोजन करावो. औरहरिकी कथा सदा श्रवण करो वेद पाठ पुराणपाठगीता सहस्रनाम पाठसदा करणो. और कार्तिक शुक्ल एकादशीसों पूर्णमासी पर्यंत श्रीकृष्णको उत्सव करणो. और श्रीकृष्णं राज्यदाता मुक्तिदाता जयदाता. भक्ति प्रति पालक यातें येही मेरो तुह्मारो उद्धार करेगो. ऐसैं बोलतही सूर्यउत्तरायण आयौ सो जाणि भीष्म नेत्रनकों फेरि युधिष्ठिरसों कही हे पुत्र धृतराष्ट्रकी अवग्या मति करियौ ऐसे बोलि श्रीकृष्णको ध्यान करि प्राणायाम पूर्वक श्रीकृष्णकी धारणाकरि बाणनसों विंधे सरीरको त्यागकर्‍यौ ताही समे भीष्मको ब्रह्मांड फोडि तेज निकसी श्रीकृष्णसें लीन भयो तब दिव्य सिबिका बणाय युधिष्ठिर

छत्रधारि भीम अर्जुन चामर धारि चंदनकी चितामें प्रासिकरि दाह कियो भीष्मको शरीर दग्धजाणि युधिष्ठिर परिवार सहित गंगामें स्नानक रि जलांजलि दीनी जब गंगाहू विलाप करत भई हे पुत्र मसक तुल्य सिषं डी पूर्वस्त्री होसो तोकों कैसे मास्यो हाहा यह मोकों बडो षेद है. ऐसे रु दनकरती गंगासों श्रीकृष्ण बोले हे गंगे तेरो पुत्र इंद्रादिकको मास्योहू नमरै. सोस्वेच्छाहीसों मस्यो है. ऐसे स्रुणि गंगा प्रवाह बंधकरि निश्च ल भई तापीछे युधिष्ठिर गंगाको प्रणाम करि परिवार सहित हस्तना पुर आये जहां आय प्रजाकों पुत्रवत पालन करत भयो. अरु श्रीकृष्णहू अष्टादस अक्षोहणीनको संघार कराय युधिष्ठिरको निष्कंटक राज्य देयके प्रसंन्न भये. ॥ जनमेजयउवाच ॥ हे मुनि ऐसे वीर भीष्मादि क आपको मृत्यु बताय बतायकेसे मेरे. अरु दुर्योधन एकादस अक्षो हणीपति सस अक्षोहणी पतीनकों नहीजीत्यो अरु कैसे मस्यो जो दिनमे सोवे नही. सदावीरनके संग रहे रात्रमे दध भोजन करैनही अरु गर्भणी स्त्रीसों संभोग करैनहीं नित्य त्रिकाल संध्योपासन करै रजस्व लासों स्परस करै नही ऐसेहू दुर्योधन भीमतें अनादर पाय कैसे मस्यो ॥ वैशंपायन उवाच ॥ हे जनमेजय धर्मतें जय होयहै. अधर्मतें पराज य होयहै यह वेद सास्त्र कहै है अरु युधिष्ठिर कुरु क्षेत्रमे युद्धय ज्ञकियो तामे आप दीक्षित यजमान भयो युद्ध भूमिकों बेदी मानी. भी मको आदि दे च्यारो भ्रातानको ऋत्विज माने. अरु श्रीकृष्णकों कर्मको उपदेस कर्ता आचार्य माने और कौरवनकों पशुमाने राजानके रुधिरकों घृतमान्यो अरु द्रौपदीको दुष्य शांति ताको फल मान्यो अ रु दुर्योधनको पूर्णाहुतिको श्रीफल मानि ताकों होमि सकल यग्यकोफ ल श्री कृष्णको अर्पण कियो. ऐसैजो कर्म कियो ताकों धर्मही मान्यो. अरु कौरव लोभतें युधकिये ते अधर्मी भये. तातें विजय पायो नही.

श्लोक. धर्मोजयतिनाधर्मसत्यंजयतिनानृतं ॥ क्षमाजयतिनक्रोधो विष्णु र्जयति नासुरः १ धर्मेणैवास्थितंराज्यंधर्मेणैवास्थितंकुलं ॥ अधर्मनिरता येच तेनश्यंत्याचिरान्नृपाः २ ब्राह्मणेषुचयेक्रूराः स्त्रीषुवालेषुगोष्वथा ॥

फलानिवृततोयुद्धत्तद्धत्तेक्षिपतंतिच ३ पापद्रव्येन पुष्ठानि वाहनान्यायुधानिच युद्धकाले विशीर्यंते वापुनाच धनंयथा ४ नाविषंविषमित्याहुर्ब्रह्मस्वं विषमुच्यते. विषमेकाकिनं हंति ब्रह्मस्वं पुत्रपौत्रकं ५ अुद्धे ईजेकृतमये यजलंसमुद्रे नारायणो पिनिहितः सकलत्रपुत्रः उन्मूलितंस्फरवरस्यरहस्यालिंगं को ब्रह्म शापनिहतोनि धनंनयाति ६ यातें अधर्मीब्रह्म द्रोहीकौरव नष्टभये. ॥ इति भा० भा० अनु० प० प्रथमोऽध्याय ॥ १ ॥ ॥

अश्वमेधपर्व चित्र. १

राजापरीक्षितजन्मोत्सव.
परीक्षित्
ब्राह्मण
अश्वमेध
ऋषि

अथ भाषाभारतसार अश्वमेधपर्व प्रारंभ.

वैशंपायन उवाच ॥ राजायुधिष्ठिर राज्य पायेमै भीष्मादिकनकूं अधर्म तै मरायै ऐसै विचार सोक समुद्रमै मग्न भयो तब श्रीकृष्ण धृतराष्ट्र वेद व्यास नाना प्रकारकी युक्तन करि सोक दूरि करायो तब युधिष्ठिर पूछी हे पूज्य मेरी गोत्रहत्या कैसै मिटै तब श्री कृष्ण वेदव्यास बोले हे राजा अश्वमेध यज्ञतें तेरी हत्या मिटै ऐसै सुणि युधिष्ठिर बोल्यो मेरै धनहू नही और सहायहू नहीं अश्वमेध यज्ञकैसै होय. तब श्रीकृष्णबोले हे राजा मरुत्त राजाके यग्यको सेष धनहीमाचलकी भूमिमै गड्यो है अरु जा धनसूं ब्राह्मण तृप्त होय छोडि गयेहै. सोवह धन भूमिमें है अरु भूमिके धनको धनी राजाही है. सोवह धनल्यो. तब युधिष्ठिर बोल्यो हे श्रीकृष्ण राजा मरुत धन्यहै जाके यज्ञमें ब्राह्मण तृप्त होय इतनो सुवर्ण छोडि गये. अब वो ब्रह्मस्वमै कैसै मंगावूं जा धनतैं दोउ लोकनमें दुषहोय और बंधूहत्यातैं एक लज्जा तो मोकूं हैही अरु ब्रह्मस्वमंगाय ब्राह्मणनकूं देतै दूजी लज्जा और होय ऐसै व्यास बोले हे राजा ब्राह्मण जब धन छोड्यो तबही उनको स्वामित्व गयो जैसै परसुराम पृथ्वी काश्यप ऋषीकूं दीनी काश्यपतैं दैत्यननें लीनी. उनकूं जीति क्षत्री लेत भये. तातै राजा वाधनमै ब्राह्मणनको स्वामित्व नहीं तातें हे युधिष्ठिर वोह धन तेरोही है तब राजाबोल्यो हे गुरु या यग्यमै ब्राह्मण कितने अरु दक्षिणा कितनी अरु अश्वकैसो चाहिये सोकहो. तबवेदव्यास बोले हे राजा ब्राह्मणतो वीस हजार अरु दक्षिणा येक येक ब्राह्मणकूं हाथी १ रथ १ येक अरुसुवर्णके आभरण युक्त अश्व १ गऊ १ हजार अरुयेक प्रस्थ प्रमाण रत्न येक भार सुवर्ण ऐसी दक्षिणा चाहिये. और सर्व दोष रहित चंद्रमा समान जांको वर्ण अरु एक कर्ण जाको स्याम ऐसो अश्व चाहिये. और चैत्रकी पूर्णमासीकूं वाकूं छोडणो अरु वर्ष पर्यंत वीर जाकी रक्षाकरे यजमानको पुत्रवा भ्राता जाकी रक्षाकों जाय अरु यज्ञमान भार्या सहित असीपत्रव्रत करै अरु अश्व जहांमल मूत्र करै तहांब्राह्मण हवन करै राह अगो दान करे अरु अश्वके लला

टमें स्वर्णको पत्रबांधै तामें यजमानकौ नाम लिखेमे अश्वमेधकेनिमित्य यह अश्वछोडयोहै जो बलवान होयसो याकौ पकडौ मेरो भ्राताबा पुत्र या कूं छुडावैगो. ऐसैछोडै अश्वकूं जो ग्रहणकरै तातें छुडावणो. याविधि अश्व पृथ्वीकी प्रदक्षिणा करि आवे तातें अश्वमेध होय. अरु हे राजा तेरे सहाय श्रीकृष्ण भीम अर्जुनादिकहै तातें यह यग्य तोसूंही बणै ऐसे सुणि राजा युधिष्ठिर सकल यग्य सामग्री सिद्ध कराय शुभदिनशुभ मुहूर्तब्राह्मणनके साथ अश्वको पूजनकरि अश्वके ललाटमे स्वर्ण को पत्र बांधी अरु वाकी रक्षाकूं वीरनकूं लार देय अश्वकौं छोडयौं सो- वह अश्व गमन करत राजा यौवनाश्वकी पुरीमें गयौ. सो दस अक्षौहणी सेनाको स्वामी राजा यौवनाश्व पकरि यत्नसूं पालना करि तब यह षवरि राजा युधिष्ठिर सुणि भीमसेनसौं आग्या दई तब भीम बोल्यौ मैं वा अश्वकौं ल्याऊंगो. अरु यौवनाश्वकूं जीतूंगो. अरुजो- नर वासुदेवको चिंतवन करि कर्म करै है सो सिद्धि होत है. यामें संदेह नहीं अरुजो मनुष्य वासुदेवके ध्यान हीन कर्म करै सो निष्फल होत है. तातें मैंहू अश्वकू ल्याऊंगो. अरुजो नहीं ल्याउंगो. तो घोर दुर्गतिकूं प्रासहूं ऐसे भीमकी प्रतंग्या सुणि युधिष्ठिर बोल्यौ हे भीम इकलो तूं भद्रावती पुरीको कैसे जायगो. अरु यौवनाश्वहू सदाबलीहै ताके सेवकहू तैसेहीहै. तिनकूं जीते विना अश्वकू कैसैं ल्यावेगो. ऐसे सुणि वेदव्यास बोले हे राजन् वासुदेवके वचनतें सर्व कार्य होयगो. ऐसैकहि व्यासतो गये. अरु युधिष्ठिर श्रीकृष्णसौं बोल्यौ हे कृष्ण मे गोत्रहत्यारूपी समुद्रमें मग्नहूं तातें मेरो उद्धार करो. तब श्रीकृष्ण बोले हे राजन् तेरो कायिक वाचिक मानस पातक है सो संकल्यकरि मेरे हस्तमें धरिसे वाको नासकरूंगो. तुम शुद्ध होवोगे. ऐसे सुणि राजा युधिष्ठिर बोलै हे श्रीकृष्ण तुह्मारे हस्तमें कछू स्वल्पहू देहै सो अक्षय होत है. तातें मैं अश्वमेध यज्ञकरिवाकौं फल दीयो. चाहूहू तातें अश्व आवै- तो अश्वमेध यज्ञ संपूर्ण होय ऐसे सुणि श्रीकृष्ण भीमको अगवल्यावेकी आग्यादीनी. तब वृषकेतु मेघवर्ण भीमसेन येतीन्यौ श्रीकृष्णकी

आग्यातें यौवनाश्वकी नगरी भद्रावतीकौं गये. तहां नगरीके बाहरपर्वत पैं बैठे जब भीम सेनबोल्यौ आपुन तीन्यौ या सरोवरमें जबलौं यौवनाश्व- को अश्व जलपान करिवेकौं आवे तबलौं या शिषरपैं रहैं ऐसैं निश्चैक रि तीन्यौही पर्वतकी सिषरमें रहे ताही समें में अनेक वीरनसौं रक्षित अश्व जलपान करिवेकौं तहां आयौ. ताकौ देषी मेघवर्ण बोल्यौ हे भी- म मैं मायाकरि या अश्वकों इहां ल्याऊं हू तुम सेनासौं युध करो. ऐसैक हि मेघवर्ण माया मई अंधकार करि अश्वकौं पकडि पर्वत पैल्यायो जब वा अश्वकी रक्षा करिवे वाले वीरनकौं कोलाहल सुणि वृषकेत भी मसेन युधकों आये. जब तिनकों देषि कितनेक तो युधकौं तयार भये. कित नेक भाजि यौवनाश्वपैं आय बोले हे राजेंद्र कोउ वीर अंधकार करि अ- श्वकौं पर्वतपें लेगयौ. और दोय अपूर्व योद्धा युद्धकौं आयेहें ऐसें से- नाके वीरनको वचन सुणि यौवनाश्व सेना सहित युध्ध करवो निश्चैक रि युधकौं आयौ. ताकौ देषि वृषकेत सनमुष आय बोल्यौ हे राजन् तूं वृद्ध है तातें वृथा प्राण मति छोडे योधान सहित नगरकौंजा. ऐसें सुणि राजा न मानी तब वृषकेत बाणनतें विंधत भयो जब राजाहू वृषकेतपें सेना सहित मिलि बाणनकी वर्षाकरी तब वृषकेतहू तिन बाणनकौं का टि और अनेक बाणन करि राजाके रथ अश्व गज सहित वीरनकों मा रत भयो. अरु वृषकेतके भयतें सर्व सेनाहीन यौवनाश्व बोल्यौ हे वृष- केत तूं धन्य है. पहलें तूं मोपे प्रहार करि अरु तूं बालक है तातें मैं पहलें प्र- हार करौं नहीं. जब वृषकेत कहे राजा तूं वृद्ध है मेरो प्रहार सहे नहीं. तातें तूं प्रहार करि तब राजा वृषकेतके हृदय दसबाण मारे. जब वृष केतहू तिनबाणनकौं बीचहीमें काटि राजाके हृदयमें दसबाण मारत भयो तेबाण राजाके हृदयकौं विदीर्ण करि पातालकौं गये. ता पीछे अर्ध चंद्र बाणतें राजाको धनुष्य काट्यो जब राजा और धनुष ले वृषकेतके साठिबाण मारे ते बाण वाके सरीरकौं बेधि रुधिरपान करत भये. तब वृषकेत क्रोधकरि येक बाण. राजाके हृदयमें मार्यो तातें तूं मूर्छित भयो तहां राजाकौ पुत्र सुवेग अरु भीमये दोऊ गदा

युध करतहै तिनके गदा प्रहारनकों शब्द स्रुणि राजा मूर्छा छोडिउठ्यो जब राजा वृषकेत सों बोल्यो हे वृषकेत तूं मेरो प्राणदाताहै तातें मेरो यह राज्यतूंले तें मो मूर्छितपें प्रहार कर्यो नहीं. तातें यह राज्यतेराही है. अरु तेरो अनुग्रहतें मैं श्रीकृष्णकों देषोगो. अब भीमकों तो पहलीदिषाव ऐसें कहि दोउ चले. तहां जाय देषे तो स्रुवेग अरु भीम ये दोऊ गदाके परस्पर प्रहारनतें मूर्छित है तबही भीम मूर्छा छोडि उठ्यो जब राजा ताकों प्रणामकरि बोल्यो हे भीमसेन यह मेरो राज्य तेरोहीहै तातें तुम मेघवर्ण वृषकेत सहित मेरी पुरीमें प्रवेस करो ऐसें कहि राजा तिनसहित पुरीमें आय परम सतकार करि कितनेक दिन राषि पीछें पुत्र सेना सहित तिनके संग योवनाश्व हस्तनापुर आयो. जबराजायुधिष्टिर अश्व सहित तिनकों आये स्रुणि सेना समेत सनमुष आय योवनाश्वकों सत्कार करि पुरीमें प्रवेस कर्यो तहां योवनाश्व श्रीकृष्णकों दरसनकरि परमहर्षित युधिष्टिर सों बोल्यो हे युधिष्टिर हमतेरे सेवकहैं ऐसें कहि तहां रहे. ॥ इ॰ भा॰ अश्वमेघप॰ प्रथमोऽध्यायः १ ॥ वैशंपायन उवाच ॥

तापीछें श्रीकृष्ण युधिष्टिर सों बोले हे राजेंद्र चैत्री पोर्णमासी गई अब यज्ञको प्रारंभ समय दूरिहै तातें मैं द्वारिका जाऊंहूं तुम योवनाश्वसहित अश्वकी रक्षाकरो. अरु यज्ञ सामग्री संचय करो. तुह्मारे निमंत्रणतें यज्ञके प्रारंभसमयमें आवेंगे. ऐसें स्रुणि श्रीकृष्णकों राजा आग्या दिनी. जब श्रीकृष्ण बिदाहोय रथपें सवार भये. तासमयमें उत्तरा अश्वत्थामाके ब्रह्मास्त्रकी ज्यालानतें दग्ध भई विलाप करत आई तब ताके गर्भमें श्रीकृष्ण प्रवेस करि ब्रह्मास्त्रकी ज्वाला शांत करी जब बालककों जन्म भयो ताकों मृतक देषि कूंती स्रुभद्रा विलाप कर्यो. तब तिनकी करुणातें श्रीकृष्ण अमृत वृष्टि करि बालक जिवायो जैसें मेघवृष्टितें भेषकों जीवावें अरु क्षीणकुरु वंसमें जन्मलियो तातें श्रीकृष्ण याकों परिक्षित नाम धरि द्वारिकाकों गये. जब हर्षयुक्त राजा युधिष्टिर वाको जन्मोत्सव कियो अरु वेद व्यासकी आग्यातें यज्ञ सामग्री अज्ञातें संचय करत भयो. तहां स्रुवर्णमय कुंड मंडप

की रचना करी और सर्व सामग्री सिद्ध देषि वेदव्यास युधिष्ठिरसौं बोले हे राजन् अब श्रीकृष्णकौं बुलावौ ऐसे स्रुणि युधिष्ठिर भीमसौं बोले हे भीम तूं द्वारिका जाय श्रीकृष्णकौं कुटुंब सहित ल्यावो सो स्रुणि भीम द्वारिका गयो तब भीमकौ आयो स्रुणि श्रीकृष्ण भोजन करतहे तहां भोजन करतही भीमकौं बुलाय अनेक विधिके कौतुक करत वाकौ हू भोजन करायो . तापीछे तांबूल देय आसनपैं बैठाय कुसलपूछी तब भीम कुसल निवेदन करि बोल्यो हे श्रीकृष्ण युधिष्ठिरके यज्ञमें आप परिवार सहित चलो ऐसे स्रुणि श्रीकृष्ण वस्रुदेव बलदेवकौं द्वारिकाके रक्षाकौं राषि आप दुंदभी बजवाय सकल पुरवासीनकौं हस्तिनापुर चलिवे की आग्या देय प्रस्थान करवायो अरु आपहू सोला हजार एकसौं आठ पटराणी सहित और पुत्र बांधव सेना सहित तहांतें चलत चलत गंगातीर आय डेरा किये . अरु राजा युधिष्ठिरकौं षबरि कराई जबस्रुण तही राजा सर्व वीर मंडली सहित अश्वकौं आगेकरि सनमुष मिलिवेकौं आयो . तहां यादव पांडव सर्वही यथाजोग्यामिले . तब सत्यभामा देवकी सहित उत्साहतें श्रीकृष्णसौं बोली या यग्यके अश्वकौं हमसर्व स्त्रीजन पूजेंगी . सोसत्य भामाको वचन श्रीकृष्ण युधिष्ठिरसौं कह्यो जब युधिष्ठिर बोले हे सर्व वीर हो तुम तयार होय अश्वके चारों तरफ होय यादवनकी स्त्री अश्वकी पूजन करेंगी . अरु धौम्य मुनि पूजा करावैंगे . तब राजाकी आग्यातें सर्व वीर तैसेही रक्षाकरत भये . तहां सत्यभामाकूं आदिदे . सर्वस्त्रीजन अश्वको पूजन करत भई . तापीछे उच्चस्थानमें बैठि नृत्यकरते अश्वकी शोभा देषतही . ताही समयमें अनुसाल्व पाछिले वैरकौं यादिकरि मायामय अंधकार करि अश्वकौं हरिले गयो . तब श्रीकृष्ण पांडवनकौं चिंतातुर देषी युधिष्ठिरसौं बोले . हे धर्मराज याअनु साल्वकौं मरायतुह्मारे अश्वकौं मंगावौगो . चिंता मतिकरौ . ऐसैकहि श्रीकृष्ण हस्तमें तांबूल लेके बोले हे वीरहो तुममें जोकोई अनुसाल्वकौं मारि अश्वकौ ल्यावे सो यह तांबूल ल्यो . तब ऐसे स्रुणि प्रद्युम्न उठि श्रीकृष्णके हस्ततें तांबूल लेय बोल्यो हे महाराज मैं अनुसाल्वकौं मारि अश्वकौं ल्यावोंगो . मेरो पराक्रम दे-

चौ. फेरी श्रीकृष्ण तांबूल हाथमैं लै बोले. अब जोकोऊ प्रद्युमनकी सहाय करिवेकों समर्थ होय सोयह तांबूल ल्यौ. ऐसे स्रुणि वृषकेत श्रीकृष्णके हस्ततैं तांबूल लेयबोल्यौ हे श्रीकृष्ण जोमैं अनु साल्वकौं पकडि नहिंल्यावौं तौ रुद्र ब्राह्मणी गवन करै जा गतिकौं पावै तागतिकौं मै पावौं. ऐसैकहि वृषकेत प्रद्युम्नके साथ युध करिवेकों अनु साल्वकीसेनामैं प्रवेस कियौ जब अनुशाल्व प्रद्युम्नकौ देषि बोल्यौ हे प्रद्युम्न तपस्वीनमैं जितेंद्रिय पुरुषनमें पतिव्रता स्त्रीनमैं तेरो पुरुषार्थ चलैनहीं. अरु अविवेकी पुरुषनमैं तेरो पुरुषार्थ चलैहै ऐसे स्रुणि प्रद्युम्न पांच बाण चलाये. तब अनुसाल्व तिनबाणनतैं छेदी अरुयेक बाणतैं प्रद्युम्नको ह्रदय विदीर्ण कियो. जब प्रद्युम्न बाण वेगतें भ्रमत श्रीकृष्ण के समीप पडि मूर्छित भयो. ताकों पड्यो देषि श्रीकृष्ण लाज्जित भये. तब श्रीकृष्ण प्रद्युम्नको चरणतें ताडना करि बोले रे मूढउठियह द्वारिका पुरी नहीहै यह महा दारुण स्थानहै यामैं निद्राकरणौ जोग्यनहीं. ऐसे स्रुणि प्रद्युम्न चैतन्य युक्त भयो. जब भीमसेन प्रद्युम्नसहित अनु साल्वसों युद्ध करिवेकों गयो. तहां भीमसेन गदाप्रहारनतैं अनुसाल्वकी सेनाकों मारि रणमें गर्जना करत भयो. तब अनुसाल्व एक बाण प्रहारत्तें भीमकों श्रीकृष्णकेपास पटकत भयो. जब श्रीकृष्ण भीमके पडवेतें क्रोधयुक्त होय युधकों गये. तहां जाय तीनबाण अनुसाल्व पैं चलाये. तब अनुशाल्व तीन्यो बाण छेदि हसिके श्रीकृष्णसोंबोल्योहे श्रीकृष्ण मेरो बाणहू छेदिवेकी तेरी सामर्थ नहीं अरुजो सूरहै सो मेरो एकही प्रहार सहि ऐसैकहि एकहि बाण प्रहारतें श्रीकृष्णकोंमूर्छित कियौ जब दारुक सारथी श्रीकृष्णको रथ दौडाय युधिष्ठिर पासलै गयो. तब श्रीकृष्णको मूर्छित देषी पांडवनकी सेना हाहाकार करि भाजिवेलगी अरु रुकमणीकों आदिदे स्त्री विलाप करत भई. जब सत्यभामा क्रोधसैं श्रीकृष्णसों बोली हे नाथ तुम प्रद्युम्नके चरण प्रहारदै अनुसाल्वके प्रहारतें कैसे व्याकुल भये. अरु तुमको ऐसे देषि सर्ववीर भजेहै तातें मैं चंडीहोय अनुसाल्वके मारिवेकौंजाऊंहों. ॥ इ० भा० अ० द्वि० ॥ २ ॥

॥ वैशंपायनउवाच ॥ ऐसे सत्यभामाके वचन सुणि श्रीकृष्ण मूर्छा छोडि क्रोधकरि अनुसाल्वसौं युध करिवेकौं फेरिगये. तब वृषकेत अनेक प्रकारकौ युध करि केंस पकडि अनु साल्वकौं श्रीकृष्णके चरणमैं पटक्यौ. जब श्रीकृष्ण प्रसंन्न होय वृषकेत सौं बोले हे कर्ण पुत्र तूं धन्यहै तो विना अनु साल्वकौं ऐसै कौण ल्यावै. ऐसै कहि श्रीकृष्ण सरणागत अनु साल्वकौं अभय दान दे पांडवनकौ सेवक काहाय गीत वादित्रधुनि सहित हस्तना पुरमैं प्रवेस कियौ. तापीछै जग्य सामग्री सिधि देषि चैत्र पूर्णमासी निकट जाणी राजानकौ जथा जोग्य अधिकार दियौ अरु युधिष्ठिर द्रौपदी सहित पौर्णमासीके दिन यग्यकी दीक्षा लीनी. तापीछै युधिष्ठिर द्रौपदी सहित असिपत्रव्रत धारि ब्राह्मणनकौ वर्णधारि पौर्णमासीके दिन वेदव्यासकी आग्यासौं अश्वकौं पूजि अलंकृत करि राजा बोल्यौ श्रीकृष्णके प्रसादतें यात्रा निर्विघ्न हो हे अर्जुन युधमैं पित्रहीन बालकनकौं वृद्धनकौं रोगीनकौं भागतेनकौं नहीं मारणौ ऐसे सुणि अर्जुन श्रीकृष्णकौं अरु युधिष्ठिरादिक बडेनकौं प्रणाम करि चल्यौ जब वह अश्व नीलध्वज वीर करि पालित ऐसी माहिष्मती पुरीकौं गयो. तहां नर्मदानैं जल पान करते अश्वकौं नीलध्वज पकड्यौ तब अर्जुन नाना प्रकारके युधकरि पुत्र पौत्र सहित नीलध्वजकौं अरु वाके जामाता अग्नि ता सहितकौं जीत्यौं जब ऐसे सुणि जनमेजय बोले हे मुनि नीलध्वजके कौण कन्या भई अरु अग्नि कैसे जामाता भयौ. तब वैशंपायन बोले हे राजन् नीलध्वजके ज्वाला नाम भार्यासैं स्वाहा नाम कन्या भई ताकौं नीलध्वज पूछ्यौ हे पुत्री तोकौं कौन वर रुचै है जब कन्या बोली हे तात मोकौं अग्निही स्वामी रुचै है ऐसै कहि कन्या अग्नि स्वामी प्राप्ति निमित्त तप करत भई. तब अग्नि संतुष्ट होय विप्ररूप धारि नीलध्वजपैं आयो तब ताकौं नीलध्वज पूंछी हे विप्र तूं कौण कामना निमित्त आयौ जब विप्र बोल्यौ हे राजा मैं सांडिल्य गोत्रकौ ब्राह्मण कन्यार्थी हौं तातें तेरी सुंदरी कन्या है सो मोकौं द्यौ तब राजा बोल्यौ हे विप्र यह कन्या अग्निकौं वरवर्यौ है. जब विप्र बोल्यौ हे राजन् मोकौं विप्र वेष धारे अग्निही जाणौं. तब

मंत्री बोले यह कन्याके लोभतें ब्राह्मण आपकों आग्नि कहेहै ऐसे कहणात-
ही ब्राह्मणके मुषतें ज्वाला निकसी सो मंत्रीनकों दग्धकरे तहां कितनेक
भागिबचे कितनेक मूर्छित भये. ऐसे ता समयमें महा विनोद भयो जबकन्या
की मौसी राजासों बोली हे महाराज याब्राह्मणकों कन्या नही देणी. यह-
कोई ब्राह्मणको वेष धारें इंद्रजालीहै. तब राजा बोल्यो हे कल्याणी या
ब्राह्मणकों तूं तेरे घरले जाय तहां याकी परिक्षाकरि तबब्राह्मणकों संगले
आपके घर गई. तहांजाय ब्राह्मणसों बोली हे ब्राह्मण तुह्मारीपरिक्षामो
कों दिषावो. जब आग्नि क्रोधकरि तत्कालही वाको मंदिर दग्ध कियो अरु
ताके वस्त्रहू दग्धकिये. तबवाने राजासों कही हे महाराज यह निश्चै आग्नि
हीहै जब राजावाकों कन्या व्याह दीनी ऐसे जामात आग्नि भयो. अरु ता
दिनसैंही नीलध्वज राजाकी सहाय करत भयो ऐसे नीलध्वजको सेनावा
सहाय करता आग्नि सहित अर्जुन जीत्यो. तापीछे नीलध्वजकी भार्या
ज्वाला नामही सो अर्जुनपें क्रोध करि गंगातीर जाय दग्धहोय बाणकोरूप
धारिबभ्रुवाहनके तर्कसमें रही. सोइ ज्वाला गंगाके आपतें अर्जुनकेनास
को कारण भई. ॥ इ० भा० अ० तृति० ॥ ३ ॥ ॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥
तापीछे नीलध्वजके पुरतें अश्व आगे चलत एक जोजन प्रमाण महाशि
लादेषि तासों सरीरकों घर्सण करत भयो तासिलाके स्परसतें वह अश्व
जडीभूत भयो. तब अनेक वीर वा अश्वकों षैच्यो तोहू हल्यो नही जब-
अर्जुनसों यह वृत्तांत कह्यो सो सुणि अर्जुन चिंताकरत भयो. तापीछे-
अर्जुन च्यारों तरफ देषत एक आश्रममें विराजमानसो भरि मुनिकोंदेषि
तिनपासजाय प्रणाम करि अश्वकों जडीभूत होवेको कारण पूछ्योतब
सौभरि मुनि बोले हे अर्जुन उदालिक मुनिके बाद्रि नाम भार्या भईसो
वाकों पति आग्याकरतो ताकौं ताजि विपरीतचलती सोएकसमै वा मु-
निके पिताको श्राद्धहो तादिनही तीर्थ यात्राकरते हुवे कौंडिन्य नामा मु-
नि सिष्यन सहित आतिथआये. तबउदालीक मुनि उनको पूजन कर-
वा आपकी स्त्रीकों सर्ववृत्तांत कह्यो जब कौंडिन्य मुनि उद्दालकसौंका-
नमें कहीहे मुनि तुमकोंजाकामकरणोंहोयसो यास्त्रीकों विपरीत कह्यो. जब

तुह्मारे सकल काम सिधि होयंगे. अरु मैं गौतम मुनिसों मिलि प्रभात तुह्मारे पास आउगो. ऐसे कहि कौंडिन्य मुनि गये. जब उद्दालक मुनि चंडिसों विपरीत बोली सकल श्राद्ध सामग्री सिधि कराइ आपहू श्राद्ध करि प्रसन्न भये. तापीछे कौंडिन्य मुनिकों उपदेस भूलि भार्यासों बोले हे चंडी इन पिंडनकों गंगामें प्रवेस करावो. तब चंडि उन पिंडनकों मलमूत्रस्थानमें नाषे. जब उद्दालिक क्रोध करि चंडीसों बोले हे दुष्ट चंडी तूं शिला हो. अरु अर्जुन आय स्पर्स करैगो तब तेरी मुकती होयगी. तातें हे अर्जुन तूं याकों स्पर्स करि यह चंडी तो उद्दालकके सापतें मुक्ति होयगी. अरु तेरो अश्व चलैगो. ऐसे स्रुणि अर्जुन वा सिलाकों उद्धार कियो. तब अश्व उहांतें चलि हंसध्वजकी चंपकपुरीमें गयो. तहां राजा हंसध्वजके स्रुरथ, स्रुबल, स्रुमति, स्रुदर्स, स्रुधन्वा ये पांच पुत्र हे तिन साहित राजा अश्वकों पकरि युद्धकों तयार भयो. अरु एक कडाहकों तेलसों भरि ताकों अग्निसों तस करि राजा यह आग्या करि जो युद्धमें विलंब करि आवैगो ताकों यामें नाषेगे. ऐसे स्रुणि सर्ववीर सीघ्रही आये. तिनमें स्रुधन्वा विलंब करि आयो ताकों जुधमें चलते वाकी भार्या बोली हे पति मैं रति स्नाता हों तातें मोकों रुतुदान दे कै जावो अरु जो रितुदान विना जावोगे तो ब्रह्म हत्याको पाप होयगो. ऐसे स्रुणि रितुदान देयके जुद्धकों आयो. तब हंसध्वज विलंब करि आये पुत्रकों बुलाय संष लिषित हे दोउ धर्मसास्त्री हे तिनकों बुलाय राजा वृत्तांत कह्यो तब ये दोउ स्रुधन्वाकों तस कडाहमें नाषिवेकों लेगये. जब स्रुमति नाम मंत्री राज पुत्रसों बोल्यो हे राजपुत्र मे राजाकी आग्याके आधीन हों तातें मेरो दोस है नहीं. ऐसे स्रुणि स्रुधन्वा स्नान करि दिव्यवस्त्र धारण करि तुलसीदलकी माला पहरि हरि नाम संकीर्तन करतेकों वा कडाहमें नाष्यो. जब वह तेल वाके पडतही सीतल भयो सो स्रुणि राजा हंसध्वज आय पुत्रकों हरिनाम संकीर्तन करत कडाहमें तिरत देषि संष सास्त्रीकों बुलाय कही यह कहा है. तब संष बोल्यो हे राजन् यह तेल अति तस नहीं भयो. अथवा तेरे पुत्रपें मनि मंत्र औषधी है. तातें तेल परिक्षा लेवेकों यामें नारेल नाषो. ऐसे स्रुणि नारेल कडाहमें नाष्यो. तब वाके दोय-

टूक भये. सोएक टूकतो संष सास्त्रीके लिलाटमैं लग्यो. अरु दुतीयटूकलि षत सास्त्रीके लिलाटमैं लग्यो. तातें दोउही मूर्छित होय पृथ्वीमैं पडे.॥
इ० भा० अश्व० पर्व० चतुर्थोऽध्याय॥ ४॥ ॥ वैशंपायनउवाच॥ ॥
तापीछे सुधन्वा स्नानकरि जुधमैं आय अर्जुनकी सेना बाणतें विदीर्णक रि जब दोउ सेनाके घोर जुध भयो तब अर्जुन सुधन्वाकी बहुत सेनामारि धनुषमैं सो बाण संधानकरि तिन्है सुधन्वा हसतही काटि अर्जुनके हृदयमैं दस बाणमारे अरु सत सहस्र अयुत प्रयुत बाणवर्षा करि अर्जुनकों आ च्छादनकर्‍यो जब अर्जुन क्रोधकरि आग्नेय अस्त्र चलायो तो सुधन्वा मे घास्त्र करि सांत कर्‍यो फेरी अर्जुन पवनास्त्र चलायो ताकों सुधन्वा पर्वता स्त्रसौं निवारण कियो तब अर्जुन इंद्रास्त्र चलायोजब सुधन्वातीन बाणन सौं छेदन कर्‍यो तब ता संकटमैं अर्जुन श्रीकृष्णकों स्मरण कियोजब- ही श्रीकृष्ण रथमैं आयस्थित भये. तब सुधन्वा बोल्यो हे अर्जुन तूं श्रीकृ ष्णके आगे प्रतंग्या करि सो सुण अर्जुन बोल्यो हे सुधन्वा तीन बाणतैं ते रे सिरकों नहीं पटकोंतो मेरे पितृ सुरनरकमैं पडो. अरु तूंहू प्रतंग्याकरिज- ब सुधन्वा बोल्यो हे अर्जुन तेरे तीन बाणनकों नकाटोंतो घोर गतिकों पा वों जब श्रीकृष्णबोले हे अर्जुन तै वीर सुधन्वाको पुरुषार्थ देषे विना प्रतिग्या प्रमादतै ही करी. अरु तीनही बाणनतें यह कैसे मरेगो तातें यह साहस ही कियो. ऐसै सुणि अर्जुन धनुषपैं कालाग्नितुल्य बाण धर्‍यो ताकों देषि श्री कृष्ण निजपुण्य बाणमैं धरतबोले गोवर्धन धारणतैं मैं गायनकी रक्षाकरी तापुण्यतें यह बाण अर्जुनको मनोरथ सिद्धि करो अरु तिनको युधदेषिवे कों आकासमैं देवताहू आये. तासमयमैं अर्जुन धनुषकों षैंचि बाण चला यो ताहि सुधन्वा एक बाणही करिकाट्यो. तब दुतीयबाण चलायो सोहूका ट्यो. ताहि देषि अर्जुनकी सेनामैं हाहाकार होत भयो. जब अर्जुन तृतीयवा ण साध्यो तावाणके पाश्चिम भागमैं ब्रह्माअरु अग्र भागमैं रुद्रकों स्थापन कर्‍यो. जब श्रीकृष्णहू जा बाणमैं रामावतारमैं जोपुण्य कर्‍यो सो धर्‍यो. तब ताबाणकों आवतो देषि सुधन्वा बोल्यो हे गोविंद तेरे चरण सरणमैं रहों अरु जन्मजन्ममैं दास्य भावतैं मोकों दूरि न करो ऐसै कही अर्ध चंद्र बा-

एतें अर्जुनको तीसरोहू बाण काट्यो ताकों छिन्न देषि सर्व राजा अरु श्रीकृष्णहू हाहाकार करत भये तब ताछिन्नहू अर्जुनके बाणनें सुधन्वाको सिरकाट्यो जब वह सिर उडलहू अर्जुनके हृदयमें प्रहार करि श्रीकृष्णके चरणनमें पड्यो तब श्रीकृष्णहू तासिरकों हस्ततें उठाय गरुडकों दियो अरु गरुडहू तासिरकों प्रयागमें डारिवेकों लेचल्यो जब शिव मार्गमें आय गरुडसों बोले यह शिर कहां लेजायहै तब गरुड बोल्योहे शिव सुरथके शिरकों प्रयागमें डारिवेकों लेजाऊंहूं सो सुणि शिव मस्तक लेवेको गणनकों आग्यादीनी. जब मार्गमें गरुडसों और शिवके गणनसों जुद्ध भयो तहां गण भाजे तब तिनकों देषि नंदीगण आय फूत्कारसों गरुडकों उडायो. तब उडुतही गरुड प्रयागकों पहुंचि ताशिरकों तहांनाषि दियो. जब पडतेसिरकों नंदीगण ग्रहणकरि शिवकों आय समर्पण कर्यो तब ताकों शिवहू सुंड मालामें मध्य नायक कर्यो ऐसे दोउ पुत्रनकों युधमें मरेजाणि क्रोधतें युधकरिवेकों हंसध्वज आयो. तब श्रीकृष्ण राजापें जाय बोले हे हंसध्वज जो भवतव्य हो सो भयो तातें अब अश्व देके अर्जुनसों मित्रताकरो ऐसे श्रीकृष्णके वाक्यतें हंसध्वज अश्वकों अर्जुनके निवेदनकरि तापीछें अर्जुनको पांचदिन निजनगरीमें राष अश्वकी रक्षा करिवेकों आपहू तिनके संग चल्यो ऐसे अश्व अनेक जगे विचरत एक सरोवरमें जलपानकरिवेकों गयो जहां जलपान करतही घोडी भयो. तहांतें दुतिय तडागमें स्नानकरतही व्याघ्रतें अश्वही भयो. ऐसे भ्रमत स्त्री राजमें गयो. तहां प्रमीलानाम स्त्रीलक्षनारी सहित अर्जुनसों युद्ध करिवेकों आई तहां घोर जुद्ध भयो जब आकासवाणी भई हे अर्जुन युद्धमे स्त्रीहत्यारूप साहस मातिकरे. अरु जोजीवनकी इच्छाहै तो याकों बरो ऐसे सुणि अर्जुन तासों विवाह करी लक्षस्त्री सहित वाकों हस्तनापुर पठाई तहांतें अश्व देसनमें भ्रमत भीषण नाम राक्षसके पुर गयो तहां घोर जुद्ध करि राक्षसनकों जीति हस्ति अश्व धन रथ लेके चलत प्रागज्योतिष पुरकों गयो. तब तहांहूके राजा बज्रदंतकों तीनदिनमें जीत्यो तहांतें अश्व सिंधुदेसमें गयो जहां दुःसिला मरे पुत्रकों छोडि वाके बालक कों लेके आय अर्जुनसों बोली हे भ्राता मेरो पुत्रतेरो

नाम सुणतही मरयो यह तेरे भाणजेको पुत्रहै तातें अब याकों राज्यश्रीदा
नकरि तब अर्जुन दुःसलाके मुषतें भाणजेको मरण सुणी आपकीनिं
दाकरि वाबालककों राज्यदेय दुःसलाकों समाधान करि मणिपुर नगरप
हुंचे तहां बभ्रुवाहन राजकरत हो जहां सर्वजन सत्यवादी, स्त्रीपतिव्रता
अरु प्रजा श्री कृष्ण भक्त ऐसो मणिपुर नगर द्वितीय वैकुंठ समदेषि
अर्जुन हंसध्वजसों पूंछीहे राजन् यह नगर कोणको है सो कहो तब
हंसध्वज बोल्यो हे अर्जुन यह नगरको राजा बभ्रुवाहनहै ताकों मैंसु
वर्णरत्नके भरे ऐसे हजार सकट प्रतिवर्ष करद्यौं हौं अरु सब गुणयु-
क्त यह राजा नारायण तुल्यहै. अरु सुमति नामा धर्मात्मा मंत्रीहै. तातें
यासों युद्धकरि जीतिवो कठिनहै. ऐसे वार्ताकरतही अर्जुनके किरीटप
र मृत्यु सूचक गीध आय बैठ्यो ताकों देषि सर्वही त्रास पाये अरु ताही
अवकासमें बभ्रुवाहनके सेवक अश्वकों पकडि लेगये. तहांजाय स-
भामें सिंघासनपै बैठि बभ्रुवाहनकों दिषायो. तब बभ्रुवाहन वा अश्व-
के पत्रकों बांचि युधिष्ठिर अश्वमेधको अश्व अर्जुनताको रक्षक जाणि
सुमति मंत्रीसों पूंछ्यो हे सुमति मेरीमाता अपने पिताके मंदिरमें नृत्यक
रतही तब तालमें चूकी जाणि याकों श्राप दियो. हे पुत्रीतूं जलमें मकरि होय
रहेगी. अरु जब अर्जुनको चरण स्परस होयगो तबतूं निजरूप पावैगी.
अरु अर्जुनही तेरो भर्ता होयगो. सो वृत्तांत तैसेही भयो. तामें अर्जुनतें
में पुत्र भयो जब अर्जुन मोकों अरु मेरी माताकों छोडि युधिष्ठिरके पास
गयो. तापीछे मैं मेरे मातामहकों बडो राज्य पायो. पै पुत्र अर्जुनकोंहूं सोत्र
वहे सुमति मेरे पिताको अश्व येजोद्धा विना विचारेंही ल्याये. तातें अबक
हा कियें. कुसल होय सो कहो. जब सुमति बोल्यो हे राजन् यह कार्य वि
ना विचारेंही भयो. तातें अब बहु वित्त राज्य सहित अश्वकों अर्जुनकों अ
र्पणकरि प्रसंनकरो. अरु जैसे अर्जुन रक्षाकरेहै तैसेंही वर्षपर्यंत तुमकों
या अश्वकी रक्षाकरिवो जोग्यहै. ॥ इ० भा० अ० अ० ॥ ५ ॥ वैशंपायनउवाच ॥
ऐसे सुमतिकौ वचन सुणि बभ्रुवाहन सेना सहित अश्वकों आगेकरि अने
क प्रकारकी अद्भुत सामग्रीलेय अर्जुनपै जाय प्रणामकरि सनमुख ठाढो.

होय हाथ जोडि बोल्यो. हे तात मै तुह्मारो पुत्रहों चित्रांगदा मेरी जननी है अ
रु उलूपीने मोकों पाल्यौ है. बभ्रुवाहन मेरो नाम है. अरु मेरो आपको यह वृत्तां
त जाणे विना मेरे योद्धाननैं अश्वकौं ग्रहण कियो. तातें अब आप या अश्व
कौं ग्रहण करो. अरु यह राज्य अंगीकार करि मोकौं आग्याकरिये ऐसे स्र
णि प्रद्युम्नकौं आदि दे सबही वीर अर्जुनसौं बोले. यह प्रणाम करत ही तका
री पुत्रकों हृदयसौं लगायकै मिलो. यह अति तेजस्वी बुधिमान है. ऐसे स्र
णि भवतव्यताके बस होय अर्जुन ताके सिरमै लात मारि क्रोधतें बोल्यो हे मू
ढ ऐसो भयभीत तूं मेरो पुत्र नहीं चित्रांगदामें वैश्यतें तूं भयो है. अरु पांड
ववीर्ज तूं नहीं है. प्रथम अश्व कौन बलतें ग्रहण कियो अब मेरे बाणप्र
हार लागे विनाही यह कायरता कैसे आई अरु देषि पुत्र मेरो अभिमन्यु हो
जो युधमें द्रोणादिक वीरनकौं विमुषकरि चक्रव्यूह भेदि युधिष्ठिरकी रक्षाक
री. अरु तेरे बाणप्रहार हृदयमें लागे विना हे दुर्बुद्धि भयभीत कैसे भयो अ
रु गंधर्व राजकी पुत्री तेरी जननी घरघर नृत्यकरी ताके संग तूं मानकरि. ऐ
से स्रणि बभ्रुवाहन क्रोधतें भृकुटी चढायल्याई. वस्तुमात्र सब पाछी पठाय
युद्ध करिवेकौं रथपै सवार होय पितासौं बोल्यो. हे तात युद्धकों तयार हो बाण
नतें तुमकों मारौंगो. तेरो कोण रक्षक है ऐसे कहि युद्धमें अग्रेसर जो अ
नुसाल्व ताकौं बाणप्रहारनतें मूर्छित करि पृथ्वीमें पटक्यो ताको मूर्छित दे
षि प्रद्युम्न युध करिवेकौं आयो. तब ताहूकौं एक बाणनतें मूर्छित कियो ता
पीछे वृषकेतु नीलध्वज अरु पुत्र सहित यौवनाश्व सपुत्र हंसध्वज इनहू
कौं एक एक बाणनतें मूर्छित किये. और अनेक वीरनकौं बाणनतें छि
न्नभिन्न करि भजाये. तहां कोऊ वीर भाजते कटे हुवे गजके सरीरमें प्रवे
स कियो तबही. ताकों कोई पिसाच आय षैंचि वाकी आंषि निकासि हृदय
भक्षण कियो. अरु काहू वीरको कट्यो सिर नेत्रनसौं आपके कबंधकौं ना
चते देषत भयो. ऐसे बभ्रुवाहन अर्जुनकी सेनाकौं छिन्नभिन्न करि रथ हाथी
अश्व धन रत्न दासी दास ये सब आपके नगरमें पहुंचाये. ॥ इति॰ भा॰
अश्व॰ पर्वणि षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥ ॥ वैशंपायन उवाच ॥ ॥
बभ्रुवाहनके अरु अर्जुनके ऐसो जुध भयो जैसो रामचंद्रके अरु कुसके भ

यौ जब जनमेजय बोल्यौ हे मुनि रामचंद्र के अरु कुसके कौण कारणतें कैसें जुध भयौ सो कहो तब वैशंपायन बोले हे राजन् रामचंद्र रावण कुंभकर्ण इंद्र जिति लंकावासी राक्षसनकों मारि सीता सहित अजोध्यामें राजकरत हे. तहां सीताकों गर्भवती देषी बोले हे सीता तुह्मारी वांछा कहा हे. तब सीता बोली हे नाथ मेरी वांछा यह है बनमें जाय मुनिनकी स्त्रीनकों वस्त्र अलंकार देय उनकी सेवा करौं यह सुणि रामचंद्र तथास्तु कहि बाहिर आये तहां दूतके मुषतें रजककी करी सीताकी निंदा सुणिके बोले. हे लक्ष्मण या सीताकों वालमीकके आश्रम निकट छोडो जब लक्ष्मण रथमें बैठाय सीताकों वालमीकके आश्रम निकट छोडि रामचंद्रपें आये तहां रुदनकरती सीताकों देषि वाल्मीक निजाश्रममें लेगये. जहां सीताकों दोय पुत्र भये. जिनकों जात कर्म नामकर्ण वाल्मीक ही करि कुस लव दोउनके नाम धरे तापीछे रामचंद्र ब्रह्महत्याके भयतें अश्वमेध यज्ञकों प्रारंभ कियौ. तायग्यको अश्व पृथ्वी यात्रा करत वाल्मीक मुनिके आश्रम गयौ. जा अश्वकों लव कुस बांधि रामचंद्रकी सेनाकों मारि भजाई. तब रामचंद्र सेनासहित आये. तिनही कों कुस छिणमात्रहीमें जीते. तैसेही हे राजा जनमेजय बभ्रुवाहन हू अर्जुनकों जीत्यौ अरु औरहू बभ्रुवाहनके पराक्रम सुणो तापीछे युधकरते हंसध्वजके पुत्र सुवेगकों एक बाण प्रहारतें मूर्छितकरि और वीरनके सिर पक्का फललों पृथ्वीमें नाषे तासेनामें कर्णको पुत्र अरु अर्जुन ये दोयही बाकी रहे. औरमरे वीरनकों उलूपी औषधि बलतें राषत भई. जब अर्जुन वृषकेतसों बोल्यौ हे वृषकेत तूं मेरे पासरहे रहैगो तो मरैगो. तातें भीमके पास जाय मेरो मरण कहो. अरु यज्ञदीक्षित युधिष्ठिर यग्य समाप्त नही कर्यौ सो मेरे हियेमें सालै है. तब वृषकेत बोल्यो हे अर्जुन में मृत्युके भयतें तोकों छोडि जाऊं नहीं. अरु जो जाऊं तो मेरो पितामह सूर्य लज्जित होय. ऐसे बोलि पांच बाण बभ्रुवाहनके दिये तब बभ्रुवाहन वृषकेतकौ शिर काटि अर्जुनके पांवनमें पटक्यौ जब भगवन्नामकीर्तन करत ऐसो वृषकेतको शिर अर्जुन उठाय हस्तमें ले विलापकरत भयौ हे पुत्र मे तो बिना युधिष्ठिर पें जाय कहा कहौंगो. मेनें रे पिताकों मारि अरु तोकोंहू राज्यलो मेनें नराषो. ऐसे कहि उच्च स्वरसों रुदनकरत

भयो. हे श्रीकृष्ण तुम कहांगये. याकष्टमें मेरो परित्याग कैसे कियो. ऐसैबो
लि वृषकेतको सिर हृदयमें धरि मूर्छित होय पड्यो जब बभ्रुवाहन अर्जुन
के हृदयमें धनुषकोटिकों प्रहार करि बोल्यो हे पार्थ हम वैस्य है सोतोकौंअ
रु वृषकेतकों तोलिवेकों आये है जो न्यून अधिक होय सो देषो ऐसे सुणि
अर्जुन वृषकेतको सिर भूमिमें धरि धनुष धारि बोल्यो तें मेरे सर्ववीर मारेता
तें अब पर्वत भेदी मेरे बाणकों प्रहार सहो ऐसे बोलि बाणप्रहार कियो तब
बभ्रुवाहनता बाणकों काटि अर्जुनकों मूर्छित करि बोल्यो हे पार्थ द्रोणाचार्य
तें पाई धनुष विद्या तूं कैसे भूल्यो. अरु पतिव्रता मेरी जननीकों वृथादूषि
त करि ताके पातकसों विद्याहु भूल्यो. अरु तेरे स्मरणतें श्रीकृष्णहु आये
नहीं. ऐसे सुणि अर्जुन उठि एक बाण बभ्रुवाहनके हृदयमें मार्यो जब ब
भ्रुवाहन ज्वालारूप अर्ध चंद्राकार बाणनतें अर्जुनको शिर छेदन कियो
तब सर्ववीर हाहाकार करत भये. तहां चित्रांगदा आय पुत्रके मारे पतिकों
मर्यो देषी विलापकरत भई. हाकांत इहां आय सेवक जनसों संभाषणवि
ना पुत्रके आतिथ्यतें रूषित होय सोवेहे कहा. ऐसे विलापकरि सपत्नीउ
लूपीसों आलिंगन करि पृथ्वीमें लूठत भई जब बभ्रुवाहन माताकी यह
दसा देषि दुषतें मरिवेकों तयार भयो तब उलूपी संजीवनि मणिको स्मरण
कियो जब पाताल लोकसों मणिआई तामणिको लेय सिर कबंधसोंलगाय
अर्जुनके हृदयमें मणि धरि जिवायो. औरहु मरे वीरनकों मणितें जिवाये
जब अर्जुन लज्जित होय पृथ्वीकों देषत भयो. तब उलूपी हाथजोडि बोली
हे नाथ तुम धन्यहो. पुत्रतें पराजय पुन्य पुरुषही पावे है. जब तुम भीष्म
कों मारे. तब वसुनको श्राप भयोहो भीष्मकों मारिवेवालो निजपुत्रतें म
रैगो. अरु तेसेही. गंगाकोहु श्राप भयोहो तातें यहदसा भई और अन्यथा
हे रुद्रविजई तोकों कोणजीते अरु मेरो पिता मेरी प्रार्थनातें तुह्मारी करु
णाकरी संजीवक मणि पठाई तातें तुम सहित सर्ववीर जीये. ऐसे सुणि
अर्जुन दोउ भार्यासों पुत्रसों मिलि. प्रसंन्न होय पुत्रकों संगलेय अश्वसहि
त आगे चलिवेमें संकित होय श्रीकृष्णको स्मरण कियो. तहां श्रीकृ
ष्ण सहित भीम आयो. जब श्रीकृष्ण अनेक इतिहास करि अर्जुनकोस

माधान कर्यौ. तब बभ्रुवाहन श्रीकृष्णके भीमके चरणनमें प्रणाम करि अने-
करत्न मणिमाणिक्य भेटकरे जब श्रीकृष्णकी आज्ञातें भीमसेन चित्रांगदाउ
लूपीको धन, अद्भुतगज, अश्व रत्नादि सामग्री सहित हस्तनापुर पहुंचाययु
धिष्ठिर पास जाय सर्व वृत्तांत कह्यो. अरु कुंतीहू आपके चरणमें प्रणाम कर
ती चित्रांगदा उलूपीकों आशीर्वाद देय निज भवनमें राषी. ॥ इ० भा० अ० प०
सप्तमोऽध्याय ॥ ७ ॥ ॥ तापीछे श्रीकृष्ण सहित अर्जुन बभ्रुवाहनकों
संगलेय आगे चले. तहां मार्गमें ताम्रध्वज पिता मयुरध्वजके अश्वमेधके अ
श्वकी रक्षा करत मार्गमें अर्जुनके अश्वकूं आपके अश्वतें मिलीत देषि बहुल
ध्वज मंत्रीसों बोल्यो यह अश्व कौणको है. जब मंत्री पत्रबांच निवेदन कर्यो त
ब ताम्रध्वज अश्वकों ग्रहण करि युधकों तयार होय बोल्यो. हे बहुलध्वज म
हाराज, मयुरध्वज सप्तम अश्वमेध करे है. सो या अश्वतें अष्टम अश्वमेधहू
होगयो. ऐसे बोलि अश्वकों रत्नपुर पठायो तापीछे आप आय अर्जुनके सर्ववी
रनकों मूर्छित करे. तब अर्जुन श्रीकृष्णसों बोले हे श्रीकृष्ण यह कौण राजा
है जाके पुत्रने सर्वसेना जीति जब श्रीकृष्ण बोले हे अर्जुन यह रत्नपुरपति
मयूरध्वज ताको पुत्र ताम्रध्वज है अब याको साहस मैं तोकों दिषाऊंगो. ता
तें मैं तो वृद्ध ब्राह्मण वणो हो अरु तूं बालक बणि मेरे संग चलि ऐसे कहि श्री
कृष्ण अर्जुन सहित यग्य मंडपमें आय तहां स्त्री सहित दीक्षित राजासों बोले
हे राजेंद्र तेरे स्वास्ति हो. मैं सिष्य सहित आयो हों ताकों देषि जब मयूरध्वज
बोले हे. ब्राह्मण मैं उठो हों नमस्कार करों हों अरु तुमकों नमस्कार करे विना
ही आशीर्वाद मोकों आपहूतें अधिक है. तब ब्राह्मण बोल्यो हे राजन् कार्यक
रवेके समयमें ब्राह्मण नमस्कार पहलेहू आशीर्वाद देत है. ताते मोकों अर्थी
जाणो जब राजा बोल्यो हे ब्राह्मण तुह्मारो वांछित करोंगो. तब ब्राह्मण बोल्यो
हे राजन् मैं धर्मपुरसों तेरे नगरमें पुत्रके विवाह करिवेकों आवै हों सो मार्ग
में सिंघ मेरे पुत्रकों पकडि दंष्ट्रा नखसों फारिवे लग्यो. तब मैं वासों प्रार्थना करी
जब सिंघ बोल्यो हे ब्राह्मण मेरे ग्रसेकों कालहू छुडाय नहीं सकै तातें तू सिष्य
सहित घरजा और संतान पैदा करि तब मैं सिंघसों कही हे सिंघ पुत्रकों छोडि
मेरो भक्षण करि. जब सिंघ बोल्यो तेरी आयुष्य अधिक है हम आयुष्य हीनकों

मारे है तब मैं फेरि सिंघसों कही तुमकोंण उपायतें याकों छोडो . जब सिंघ बोल्यो सो सुणिये हे राजन् तेरे पास आयो हों पैसो कहतें मागतें मोकों लज्जाहोय है. तब राजा बोल्यो हे विप्रेंद्र मेरे देसमें क्षुद्र सिंघ हैही नहीं. अरु नर सिंह विना तेरे पुत्रकों कोण ग्रहण करै जब ब्राह्मण बोल्यो हे राजन् सिंघहो अथवा नरसिंघहो . जोजानें माग्योहै सो दिये . मेरो पुत्रबचैतब राजा बोल्यो हे ब्राह्मण सिंघकहामांग्योहै सोतुम कहो . जोतुम कहोगे सोही द्योंगो . जब ब्राह्मण बोल्यो हे राजन् सिंघकहि मयूरध्वजको छिन्न अर्धसरीर देतो तेरे पुत्रकों छोडों तबमें कही राजा आपको अर्धसरीर कैसे देयगो . जब सिंध बोल्यो दधीचिनें अर्थी कैसें दीये. तातें दाताकों कहा अदेयहै . तासों तूं राजासों जाचनाकरि पुत्रको जिवायोहो. तैसेही ब्रह्मज्ञ जाणि मैं तोकों कह्योहै . जब मयूरध्वजबोल्यो हे विप्र तुमयामंडपमें रहो मैं तुमकों अर्धसरीर द्योंगो . ऐसैकहि राजा पुत्रकों राज्य देवेकी आग्या करिबोल्यो हे ब्राह्मणहो मैया श्रीकृष्णरूप ब्राह्मणकों अर्ध सरीर दानदेय . पूजोंगो . सोतुम सर्वब्राह्मण देषो अरु करोत सहित षातीकों बुलाय दोय स्तंभरोपि तिनके बीच मेरे सरीरकों राषि छेदन करो . अरुजो मेरो हितुहै सो याकार्यकों रोकोमति ऐसें राजाको वचन सुणि सर्वहि व्याकुल भये . तब राजा अनेकदानदेय दोऊ स्तंभनके बीचि आयो . तहांषाती आप राजाके सिरपें करोत धरी. तब राज्या बोल्यो मेरे या अर्ध सरीरदान करिके गोविंद प्रसन्नहों . यहदेहब्राह्मणके अर्थ आयो . तातें मेरे बडो आनंद भयो . जहां राणिकुमुद्वती बोली हे राजेंद्र तुमब्राह्मणनकों अर्धदेह दान देवो कह्योहै . तातें मैं अर्धांगी हों सोमोकों देय सुषी रहो . ऐसें सुणि ब्राह्मण बोल्यो हे राजन् सिंघ दक्षिण अर्धसरीर मांग्योहै स्त्री वामांगीहै . ताकों कैसे ग्रहण करेगो . तब पुत्र ताम्रध्वजबोल्यो हे ब्राह्मण जोपुत्र सोपिता पितासोही पुत्र इनमें भेदहै नहीं तातें मोकोंलेबलि अरु सिंघ मेरे तरूण पुष्ट सरीरतें संतुष्ट होयगो . जब ब्राह्मण बोल्यो . हे राजन् करोतको एक भागतो राणी ग्रहण करो एक भाग पुत्र ग्रहण करो . ऐसें विदीर्ण किये दक्षिणार्ध सरीरकूं सिंघ अंगिकार करेगो . जब मयूरध्वजस्त्री पुत्रके हस्तमें करोत ग्रहण कराय आपके सरीरपें धर्यो ताकों देव ब्राह्मण, पुरजन देषि विस्मित भये जब राणि और पुत्र करोत पैंचिवे लगे . तब सर्वही-

हाहाकार करत भये. तिनकौं सब्द स्रुणि राजाके वाम नेत्रतें जल पड्यौ ताकौं देषि ब्राह्मण बोल्यो हे राजन् अश्रद्धाके दिये दानकौं विवेकी नहीं लेतहैं. तातें मैं पुत्रविनाही रहौंगो. अरु अंस्रुपात करते राजातें दानतो नल्यूंगो ऐसै कहि ब्राह्मण चल्यौ. जबराजा हसिकै बोल्यो हे ब्राह्मण मेरो भाव स्रुणिकै जावो दक्षिण अंगतो ब्राह्मणके निमित्त आयौ अरु वामांग वृथाजायगो. जातें वामनेत्रमें अंस्रु आयौ. दक्षिण अंगमें प्रसंन्न होयकै देतहौं ताकौ ल्यो. ऐसे स्रुणि श्रीकृष्ण निजरूप दिषाय राजासौं आलिंगन करि बोले हे राजेंद्र तूं धन्यहै. मेरे अनेक छुलतैंहू तूं धर्मतें नही छोड्यौ अरु या युधिष्ठिरके अश्वतैंहू तूंही यग्यकरि मैं प्रसन्नहौं तब मयुरध्वज बोल्यो हे ब्रह्मरूप गोविंद तुम वंस सहित मोकौं पावनकर्यो. अरु कोटि यग्यनतैंहू नही मिले एसे फलकौं पाय एक यग्यकौं कोणकरे ऐसै कहि श्रीकृष्ण अर्जुनकौं सन्मानकरि आपके अश्व सहित युधिष्ठिरके अश्वकी रक्षाकौं आपहू संगभयो. ॥इति· भा० अ० प० अष्टमोऽध्यायः॥ ८ ॥ ॥ वैशंपायनउवाच ॥ ॥ तहांतें चालिकै दोउ अश्ववीरवर्मांके सारस्वत पुर पहुंचे जहां राजाकोजामाता यमराज प्रजा सहित राजाकी रक्षा करतहो तावीर वर्मानें दोउ अश्वकौं ग्रहणकरे. जब अर्जुनके सर्ववीर युद्ध करते हैं तिनकौं यमराजजीते. तब अर्जुन श्रीकृष्णसौं बोल्यो हे नाथ मेरीसर्व सेनाकौं मारि गर्जनाकरेहै. जब श्रीकृष्णबोले हे अर्जुन यहराजाकोजामाता यमराजहैं तब अर्जुनबोल्यो हे श्रीकृष्ण याराजाकी पुत्री यमराज कैसै वर्यो जब श्रीकृष्णबोले हे पार्थ वीर वर्माकी मालनी नाम पुत्रीही जब राजावासौं पूंछी तू कोणकौं वरैगी. तब कन्याबोली हेतात सर्वप्राणी मरिकै जाके वस होय ता देवकौं वरौंगी. ऐसै स्रुणि राजा यमसूक्तकौं ब्राह्मण द्वारा पाठकराय यमकी आराधना करावत भयो तब नारदमुनि यमसौं जायबोले हे यमराज, वीरवर्माराजाकी पुत्री तुमकौं वर्यो चाहैहै तापै कृपा करो ऐसे स्रुणि यमराज मालनीकेवरवेकौं रोग सेनाके अष्टोत्तर नायकनसौं बोल्यो हे रोगनायकहो तुम मेरे संगचलो तब सब रोगनको नायक क्षय रोग बोल्यो हे यमराज मेरो समागम वा देसमें कैसै होय उहांको राजा प्रजा सदाविष्नु भक्तहैं. जब यमराज बोल्यो आपां

तौ उहां सुषवासकौं चलैहै उनकौ पीडा नहीकरैगे. और उनके सत्रुकौं पीडाक रैगे. ऐसै उनसबनकौं सिक्षाकरी. सेनासहित सारस्वत पुरमें आय मालनी नाम राज पुत्रीकौंवरी. ऐसै धमराज या राजाकौ जांमातहै ऐसै सुणि फेरि अ र्जुनके अरुवीर वर्मके घोर युध भयौ जब वीरवर्मा सर्व वीरनकौं मूर्छितकरि श्रीकृष्ण अर्जुन सहित रथकौं घीसि निजपुरमै लेचल्यौ तब श्रीकृष्णबोलेहे वीरवर्मा मै तेरे पराक्रमतैं प्रसन्न भयौ. ऐसे सुणि वीरवर्मा बोल्यो हे अर्जुनच राचर सबनकौं भोविना जीतिसकैहै परंतु मै श्रीकृष्णकी प्रसन्नता चाहतहौं अब मै श्रीकृष्णको दासहौं ऐसैकहि धनुषकौ त्यागकरि श्रीकृष्णके चरण नमै प्रणाम करि रथ गज अश्व सहित असंष्यधन अर्पणकरि आदरपूर्व क पांचरात्रि नगरमैं राषि अश्वकौं छोडि आपहू सेवानिमित्त संगचल्यौ तापीछै उहांतैं चालि दोउ अश्व कुंतल पुरगये. उहां चंद्रहास्य राजा राजकरैहो त- हां ताके नगरमैं अश्वकौं गयेजाणि श्रीकृष्ण अर्जुन सहित सकलवीर चकि तभये. तहां नारद मुनि आय बोलेहे अर्जुन तुह्मारे दोउ अश्व चंद्रहास्यके नगरमै गयेहै सोतुम युद्ध कियौ चाहौतो तुह्मारे सर्व योद्धावाकी षोडसांसकला कौं नहीं पावैगे. तब अर्जुन पूंछी हे मुनि चंद्रहांसकौ ऐसौ प्रभाव कैसे भयौ जब नारद बोले केरल देसको राजा सुधार्मिक नाम भयौ सो युद्धमै मरयौज ब वाकी रानी वाकी संग सती भई तब राजाकी धाय वाके पुत्रकौ मात्रहीनजा णि कुंतल पुरलेजाय पालना कियौ. जबवह बालक तीनवर्षको भयौ धाइहू मृत्युकौं प्राप्त भई तबकोई पुरवासीनैं धर्मतैं बालककौं पालन कियौ जबव- ह बालक पांच बरसको भयौ तब पुरवासी बालकनके संग क्रीडा करत भयौ. ताकौं कोइनारीतौ भोजन करावै. कोई नारी वस्त्र पहरावै. कोई आभूषण पह रावै ऐसै रहतै कोई समै धृष्टबुद्धि नाम मंत्रीके घरगयौ. ताकेघर मुनि भोज नकौं आयेहै. तिनकौं बालकनैं प्रणाम कियौ. तब मुनि आशीर्वाद देत भये. तापीछै बालकसहित वाके मुनि भोजनकरि धृष्टबुद्धि सौं पूंछ्यौ यहबालक कौणकौहै. जब धृष्टबुद्धि बोल्यौ हे मुनि यानगरमैं ऐसै अनाथ बालक अनेक है. मै राज काजमैं रतहौं तातैं याकौं नहीं जाणौ तब मुनि बोले हे धृष्टबुद्धि यह मनोहर सुभ लक्षण युक्त बालक राजकरिवे लायक है तातैं याकौं यत्नतैं पा-

